दो शब्द

'भविष्य पुराण' के इस द्वितीय खण्ड मे अधिकाश उन मुख्य घटनाओ का वर्णन मिलता है जो पिछले एक हजार वर्ष मे हमारे देश मे घटित हुई हैं। उनमें पुराणकार ने प्रधान स्थान आल्हा-ऊदल और पृथ्वीराज के युद्धो को दिया है। यद्यपि आजकल भारतवर्ष के कई प्रदेशो मे 'आल्हा' का काफी प्रचार है, पर ढोलक पर गाने वालो ने धीरे-धीरे उसमे परिवर्तन करके एक निराली ही चीज बना दी है। तो भी उसकी मूल कथा 'भविष्य पुराण' के वर्णन से अधिकाश मे मिलती-जुलती ही है।

'भविष्य पुराण' मे इस कथा को इतना अधिक महत्त्व देने से हम यह अनुभव करते हैं कि वास्तव मे आल्हा-ऊदल तथा पृथ्वीराज का सग्राम भारतवर्ष का भाग्य-विधायक था और उसे केवल युद्ध की एक कहानी या लोक-काव्य की तरह पढ लेना पर्याप्त नही। इसमे भारतीय इतिहास का एक महत्त्वपूर्ण अध्याय सन्निहित है और उससे हमको एक महत्त्वपूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सकती है।

एक अध्याय म "कबीर, नरसी, पीपा और नानक" के पूर्व जन्मो का वर्णन देकर उनको प्राचीन युगो के प्रसिद्ध व्यक्तियो से सबन्धित सिद्ध किया है। किसी व्यक्ति के प्राचीन समय मे होने वाले विभिन्न जन्मो का वर्णन तो सच्चे योगी ही जानने मे समर्थ हो सकते है, पर हम इतना कह सकते हैं कि जिस प्रकार 'आल्हा-ऊदल' के सग्राम भारतवर्ष की राजनैतिक परिस्थिति मे परिवर्तन उत्पन्न करने वाले थे, उसी प्रकार कबीर और नानक के प्रचार-कार्य ने भारतवर्ष के सास्कृतिक इतिहास को एक नया मोड दिया। इससे देश मे 'सत-मत' का प्रसार

हुआ जिसके परिणाम स्वरूप प्राचीन ढग के कामनापरक कर्मकाण्डो मे कमी आई और ब्राह्मणो का प्रभाव एक बडे वर्ग पर से हट गया। नरसी और पीपा जी ने विशेष रूप से गुजरात मे भक्तिमार्ग को फैलाया और इसके फल स्वरूप भी कर्मकाण्ड की प्रबलता मे अन्तर पडा।

शकराचार्य, रामानुज और चैतन्य भी भारतीय धार्मिक-जगत की महान विभूतियाँ हैं और हम कह सकते हैं कि वर्तमान समय मे भारतवर्ष के अधिकाश निवासियो मे जो धार्मिक प्रवृत्तियाँ दिखाई पडती हैं वे इन्ही तीनो की देन है। 'भविष्य पुराण' मे इनका जो वर्णन दिया गया है वह पौराणिक ढग का रहस्यमय होने पर भी इनके महत्व को दर्शाने वाला है। शकराचार्य और रामानुज दोनो को भगवान शकर के अश से समुत्पन्न बतलाया है, और दोनो म शास्त्रार्थ होने का वर्णन भी किया है।

चैतन्य महाप्रभु 'यज्ञ भगवान' के अश से थे और उनका आविर्भाव म्लेच्छो द्वारा की जाने वाली धर्म हानि का निवारण करने के निमित्त हुआ था। चैतन्य-चरित्र म जगन्नाथ जी का वर्णन बडा अद्भुत है और उनको भगवान का स्वरूप मानते हुय भी बौद्ध धर्म वालो से मिला जुला दिखाया गया है। पुराणकार के मतानुसार इसी कारण जगन्नाथ जी मे सब वर्णों के मनुष्य वर्ण-भेद का विचार त्याग कर एक साथ खान पान करते हैं। वहाँ वैदिक कर्मों का भी प्रचार नही है। यह सब वहाँ पर किसी समय बौद्ध लोगो की अत्यन्त प्रबलता थी, इस लिये 'भविष्यपुराण' के मतानुसार उनकी सत्ता को मिटाने के उद्देश्य से 'भगवान' ने भी वहाँ वैसा ही भेष और आचार विचार ग्रहण किया है, जो उस देश के निवासियो को प्रभावित करके भारतीय धर्म के भीतर रख सके।

इसमे सन्देह नही कि शकराचार्य, रामानुज, चैतन्य जैसी विभूतियो, जिन्होने उस पैदल यात्रा अथवा बैल गाडी के युग मे समस्त देश की

आत्मा को हिला कर रख दिया, सामान्य श्रेणी की नहीं हो सकती। वे ईश्वर की विशेष दैवी शक्ति से ही सयुक्त होती हैं। भक्तिमार्ग वाले उनको 'अशावतार' के रूप मे मानत हैं और दार्शनिक विचार वाले 'महामानव'—'युग पुरुष' आदि के नाम से उनका स्मरण करते हैं। इस मे तनिक भी सन्देह नही कि भारतवर्ष पर विधर्मियो का जो भयंकर राजनैतिक और सास्कृतिक आक्रमण हुआ उनसे यहाँ के धर्म और सम्कृति की रक्षा इन "दैवी अवतारो" ने ही की। उन्ही के प्रभाव से फिर उत्तर भारत मे रामानन्द, कबीर, नानक, दादूदयाल आदि तथा महाराष्ट्र मे नामदेव, एकनाथ, तुकाराम, रामदास आदि सन्तो की परम्परा आरभ होगई। कई वैष्णव आचार्य भी कर्म क्षेत्र मे आगे बढे। इन सब न नि शस्त्र होते हुये भी केवल अपने आत्मबल और बुद्धिबल से मुसलमान बादशाहो की कट्टरता और अत्याचारो तथा उनके विद्वानो के बौद्धिक आक्षेपो का इस प्रकार मुकाबला किया कि इस्लाम का महान शक्तिशाली विजय रथ, जिसने दो चार सौ वर्ष के भीतर ही पूव मे ईरान, अफगानिस्तान, तुर्किस्तान, मगोलिया आदि को पूर्ण रूप से अपना अनुयायी बना लिया और पश्चिम मे मिश्र से लेकर स्पेन तक अपने धर्म का झण्डा गाढ दिया, वह भारतवर्ष मे आकर असफल हो गया। उसने इधर-उधर लूटमार और कुछ राज्यो पर सैनिक विजय अवश्य प्राप्त करली, पर वह भारतीय धर्म को न दबा सका वरन् धीरे धीरे स्वय उससे प्रभावित हो गया। इसी पराजय' को याद करके मुसलमानो के सुप्रसिद्ध जातीय कवि हाली' ने लिखा है कि ' दीने हिलाली' का जो महान शक्तिशाली बेडा सातो समन्दरो को पार कर आया, वह गगा के मुहाने मे आकर डूब गया। जिन महामानवो ने अपनी आत्मशक्ति से ससार मे इतना बडा चमत्कार कर दिखाया उनको "लोकोत्तर दैवी शक्ति" मान कर कौन नमस्कार नही करेगा।

इस प्रकार वर्तमान युग का वर्णन करत-करते पुराणकार ने भारत म अगरेजो के आगमन और कलकत्ता म उनकी राजधानी स्थापित होने

तक का उल्लेख कर दिया है। इसके बाद उन्होने यह भी लिख दिया है कि अगरेजो के पश्चात् यहाँ तिब्बत की तरफ से आने वाले चीन वालो का प्रभाव बढ़ेगा (पृष्ठ २८२)। आज परिस्थितियो के फल स्वरूप ऐसी स्थिति पैदा होती जाती है और देश के अनेक भागो मे चीन के पक्षपातियो का जोर बढता जाता है। इन सब दृष्टियो से 'भविष्य पुराण' का महत्व स्वीकार करना ही पडता है, चाहे वह कभी और कैसे भी लिखा गया हो। पाठक इस पुराण का अध्यन करके अनेक महत्वपूर्ण तथ्यो से अवगत हो सकेंगे इसमे सन्देह नही।

—प्रकाशक

विषय-सूची

॥ ॐ ॥

भविष्य पुराण

(द्वितीय खण्ड)

॥ पृथ्वीराज द्वारा गुर्जर राज्य-ग्रहण ॥

कस्मिन्मास्यभवद्युद्ध तयो कतिदिनानि च ।
तत्पश्चात्स्वपुरी प्राप्य तदा किमभवन्मुने ॥१
पौषमास्यभवद्युद्ध तयो शतदिनानि च ।
ज्येष्ठे मासि गृह प्राप्ता दध्मुर्वाद्यान्यनेकश ॥२
श्रुत्वा परिमलो राजा स्वसुताञ्जयिनो बलीन् ।
ददौ दानानि विप्रेभ्य सुख जात गृहे गृहे ॥३
इति श्रुत्वा महीराजो वलखानि महाबलम् ।
तत्रागत्य नमस्कृत्य वचन प्राह नम्रधी ॥४
अर्द्ध कोटिमित द्रव्य मत्त प्राप्त सुखी भव ।
माहिष्मत्याश्च राष्ट्र मे देहि वीर नमोस्तु ते ॥५
वर्षे वर्षे च तद्द्रव्य गृहाण बलवन्प्रभो ।
इति श्रुत्वा तथा मत्वा वलखानिर्गृह ययौ ॥६
वयस्त्रयोदशाब्दे च कृष्णाशे बलवत्तरे ।
यथा जाता हरेर्लीला भृगुश्रेष्ठ तथा शृणु ॥७

इस अध्याय म पृथ्वीराज के द्वारा करके विनिमय से बलखानि से गुर्जर राज्य के ग्रहण करने के वृत्तान्त का वर्णन किया जाता है।

राका चन्द्रे तु सम्प्राप्ते राहुग्रस्ते तमोमये ।
काश्या समागता भूपा नानादेश्या. कुलैः सह ॥१४

भाद्रपद मास की त्रयोदशी तिथि के दिन आह्लाद अपने छोटे ाई के सहित हाथी-रथ और अश्वो से सकुल धन लेकर गया के लिये ाया था ॥८॥ कृष्णाश विन्दुल पर आरुढ हुआ—वत्सज ने हरिणी पर ामारोहण किया—देव ने पपीहक पर सवारी की और सुखखानि रालक पर समारूढ हुआ था ॥९॥ ये चारो दो दिन के अन्त मे गया के क्षेत्र मे पहुँच गये थे । पूर्णिमा के अन्त मे पुरस्कृत करके पोडशश्राद्ध करने लगे ॥१०॥ सौ-सौ हाथियो को—समलकृत रथो को—सहस्र अश्वो को जोकि हेम की मालाओ से सुभूपित थे—बहुत सी धेनु—सुवर्ण-रत्न-वस्त्र-जो अनेक प्रकार के थे, इन सब का वहाँ दान किया था । सुफल वाले होकर उन्होंने स्वर्ग के लिये मन मे विचार किया था ॥११-१२॥ लाक्षावर्त्ति नाम धारिणी जो वेश्या थी वह बदरिकाश्रम को चली गई थी । उसने अपने प्राणो का वहा पर ही परित्याग कर दिया था और फिर वह अप्सरात्व को प्राप्त होगई थी ॥१३॥ चन्द्रमा के राका तिथि मे राहु द्वारा ग्रस्त हो जाने पर तमोमय समय मे वे अनेक देशो के राजा लोग अपने कुलो के सहित काशी मे आगये थे ॥१४॥

हिमालयगिरौ रम्ये नानाधातुविचित्रिते ।
तत्र शार्दूलवशीयोनेत्रसिंहो महीपति ॥१५
रत्नभानौ हृते शूरे नेत्र सिंहो भयातुर ।
नवतु गे समासाद्य तोपयामास वासवम् ॥१६
द्वादशाब्दान्तरे देवो ददौ ढक्कामृत मुदा ।
पार्वत्या निर्मित यत्तु वासवाय स्वसेविने ॥१७
ददौ ढक्कामृत राज्ञे पुनः प्राह शुभ वच ।
अस्य शब्देन भूपाल त्व सैन्य जीवयिष्यसि ॥१८
क्षय शीघ्र गमिष्यति शत्रवस्ते महाभटा. ।
प्राप्ते ढक्कामृते तस्मिन्नेत्रसिंहो महाबलः ॥१९

ऋषियो ने कहा—उन दोनो का किस मास मे युद्ध हुआ था और कितने दिन तक हुआ था । उसके पीछे अपनी पुरी मे प्राप्त होकर फिर उस समय मे क्या हुआ था ? हे मुने ! यह बतलाइये ॥१॥ सूतजी ने कहा–उन दोनो का युद्ध पौष मास मे हुआ था और वह सौ दिनरात बराबर होता रहा था । ज्येष्ठ मास मे वे घर मे पहुचें थे और वहा अनेक प्रकार के वाद्य बजाये थे ॥२॥ राजा परिमल ने अपने बलवान् पुत्रो को जय वाले श्रवण करके उसने ब्राह्मणो को दान दिया था और उस समय मे घर-घर मे बडा सुख उत्पन्न होगया था ॥३॥ यह सुन कर महीराज महान् बलवान् बलखानि के यहा आया और उसको नमस्कार करके नम्रबुद्धि वाले उसने यह वचन कहा—आधा करोड धन आप मुझ से प्राप्त करके सुख होजाइये । हे वीर ! माहिष्मती का राष्ट्र मुझे दे दो । मैं आपको नमस्कार करता हूँ ॥४ ५॥ हे प्रभो ! आप वर्ष वर्ष मे वह द्रव्य ग्रहण करें । यह सुन कर और उसको उसी प्रकार से मान करके बलखानि गृह मे चला गया था ॥६॥ तेरह वर्ष की आयु मे अधिक बलवान् कृष्णाश के होने पर हे भृगु श्रेष्ठ ! हरि की जिस प्रकार से लीला हुई थी उसका उस प्रकार से अब श्रवण करो ॥७॥

भाद्रे शुक्ले त्रयोदश्या चाह्लाद सानुजो ययौ ।
गयार्थे धनमादाय हस्त्यश्वरथसङ्कुलम् ॥८
कृष्णाशो विन्दुलारूढो वत्सजो हरिणीस्थित ।
देव पपीहकारूढ सुखखानि करालके ॥९
चत्वारो द्विदिनान्ते च गयाक्षेत्र समाययु ।
पूर्णिमाते पुरस्कृत्य षोडशश्राद्धकारिण ॥१०
शत शत गजाश्चैव भूषिताश्च रथास्तथा ।
ददुर्हयान्सहस्र च हेममालाविभूषितान् ॥११
धेनूर्हिरण्यरत्नानि वासासि विविधानि च ।
दत्त्वा त सुफलीभूय स्वर्गे हाय ददुर्मन ॥१२
लक्षावर्तिस्तु या वेश्या ययौ बदरिकाश्रमम् ।
प्राणास्तत्र परित्यज्य साप्सरस्त्वमुपागता ॥१३

राका चद्रे तु सप्राप्ते राहुग्रस्ते तमोमये ।
काश्या समागता भूपा नानादेश्याः कुलैः सह ॥१४

भाद्रपद मास की त्रयोदशी तिथि के दिन आह्लाद अपने छोटे ाई के सहित हाथी-रथ और अश्वो से सकुल धन लेकर गया के लिये या था ॥८॥ कृष्णाश विन्दुल पर आरूढ़ हुआ—वत्सज ने हरिणी पर मारोहण किया—देव ने पपीहक पर सवारी की और सुखखानि ालक पर समारूढ हुआ था ॥६॥ ये चारो दो दिन के अन्त मे गया : क्षेत्र मे पहुँच गये थे। पूर्णिमा के अन्त मे पुरस्कृत करके पोडशश्राद्ध रने लगे ॥१०॥ सौ-सौ हाथियो को—समलकृत रथो को—सहस्र ाश्वो को जोकि हेम की मालाओ से सुभूपित थे—बहुत सी धेनु—सुवर्ण-त्न-वस्त्र-जो अनेक प्रकार के थे, इन सब का वहाँ दान किया था। ुफल वाले होकर उन्होने स्वर्ग के लिये मन मे विचार किया था ।११-१२॥ लाक्षावर्त्ति नाम धारिणी जो वेश्या थी वह बदरिकाश्रम ो चली गई थी। उसने अपने प्राणो का वहा पर ही परित्याग कर दिया था और फिर वह अप्सरात्व को प्राप्त होगई थी ॥१३॥ चन्द्रमा राका तिथि मे राहु द्वारा ग्रस्त हो जाने पर तमोमय समय मे वे अनेक ेशो के राजा लोग अपने कुलो के सहित काशी मे आगये थे ॥१४॥

हिमालयगिरौ रम्ये नानाधातुविचित्रिते ।
तत्र शार्दूलवशीयोनेत्रसिंहो महीपति ॥१५
रत्नभानौ हते शूरे नेत्र सिंहो भयातुरः ।
नवतुंगे समासाद्य तोपयामास वासवम् ॥१६
द्वादशाब्दान्तरे देवो ददौ ढक्कामृत मुदा ।
पार्वत्या निर्मित यत्तु वासवाय स्वसेविने ॥१७
ददौ ढक्कामृत राज्ञे पुनः प्राह शुभ वच. ।
अस्य शब्देन भूपाल त्व सैन्य जीवयिष्यसि ॥१८
क्षय शीघ्रं गमिष्यति शत्रवस्ते महाभटा. ।
प्राप्ते ढक्कामृत तस्मिन्नेत्रसिंहो महाबलः ॥१९

नगर कारयामास तत्र सर्वजनैर्युतम् ।
योजनान्त चतुर्द्वार दुराधर्षं परं सदा ।।२०
नेत्रसिहगढ नाम्ना विख्यात भारत भुवि ।
काश्मीरान्ते कृत राज्ये तेन शृगसम तत ।।२१

हिमालय पर्वत मे जोकि परम रमणीक और अनेक प्रकार की धातुओ से चित्रित है वहाँ पर शार्दूल वश मे होने वाला नेत्रसिह नाम का राजा था ।।१५।। रत्नभानु शूरवीर के ह्रास हो जाने पर नेत्रसिंह भय से आतुर होगया था । वह नवतुङ्ग स्थान मे जाकर वहा उसने इन्द्र को सन्तुष्ट किया था ।।१६।। बारह वर्ष के अन्त मे उस देव ने प्रसन्नता से ढक्कामृत दिया था जो कि पार्वती ने अपनी सेवा करने वाले वासव (इन्द्र) के लिए निर्मित किया था ।।१७।। इन्द्र ने राजा को वह ढक्कामृत देकर फिर यह शुभ वचन कहा—हे भूपाल ! इसमे यह विशेषता है कि इसके वादन करने पर इस के शब्द से तुम मृत सेना को जीवित कर लोगे ।।१८।। महान्भट भी तेरे यदि कोई शत्रु होगे तो वे शीघ्र ही क्षय को प्राप्त हो जायगे । महान् बलवान् नेत्रसिह ने उस ढक्कामृत को प्राप्त करके वहा पर समस्त जनो से युक्त एक नगर निर्माण कराया था जो एक योजन के अन्त तक विस्तार वाला था, जिसमे चार बडे द्वार थ और सदा शत्रुओ को वह दुराधर्ष था ।।१६
२०।। भारत मे इस पृथ्वी पर वह नेत्रसिह गढ—इस नाम से प्रसिद्ध होगया था । उसने फिर शृग समान काश्मीर के अन्त मे राज्य किया था ।।२१।।

पालित नेत्रसिहेन तत्पुर पुनवन्मुने ।
नेत्रपाल इति ख्यातो ग्रामोऽसौ दुगम परं ।।२२
सोऽपि राजा समायातो नेत्रसिहो महाबल ।
कन्या स्वणवती तस्य रेवत्यशसमन्विता ।
कामाक्ष्या वरदानेन सर्वमायाविशारदा ।।२३
दृष्ट्वा ता सुन्दरी कन्या बाले दुसहृशाननाम् ।
मूर्च्छिताश्चाभवन्भूपा रूपयौवनमोहिता ।।२४

दृष्ट्वा ता च तथाह्लादः सर्वरत्नविभूषिताम् ।
षोडशाब्दवयोयुक्ता कामिनी रतिरूपिणीम् ।
मूर्च्छितश्चापतद्भूमौ सा त दृष्ट्वा मुमोह वै ॥२५
दोलामारुह्य तत्सन्यौ नृपान्तिकमुपाययु ।
आह्लादस्तु समुत्थाय महामोहत्वमागतः ॥२६
दृष्ट्वा तथाविध वधु कृष्णाशः प्राह दुखितः ।
किमयं मोहमायातो भवांस्तत्त्वविशारदः ॥२७
रजो रागात्मक विद्धि प्रमाद मोहजं तथा ।
ज्ञानासिना शिरस्तस्य छिंधि त्वमजितः सदा ॥२८

इति श्रुत्वा वचो भ्रातुस्त्यक्त्वा मोह् ययौ गृहम् ।
भोजयित्वा द्विजश्रेष्ठान्सहस्र वेदतत्परान् ॥२९
दुर्गामाराधयामास जप्त्वा मध्यचरित्रकम् ।
मासान्ते च तदा देवी दत्त्वाभीष्ट हृदि स्थितम् ॥३०
मोहयामास ता कन्या विवाहार्थमनिन्दिता ।
स्वप्ने ददर्श सा बाला रामांश देवकीसुतम् ॥३१
प्रातर्बुद्धा तु सचिंत्य महामोहमुपाययौ ।
तदा ध्यात्वा च कामाक्षी सर्वाभीष्टप्रदायिनीम् ॥३२
पौषमासे तु सप्राप्ते शुककठे सुपत्रिकाम् ।
बद्धा त प्रेषयामास शुक पत्रस्थित प्रियम् ॥३३
स गत्वा पुष्पविपिन महावतिपुरीस्थितम् ।
नरशब्देन वचन कृष्णाशाय शुकोऽब्रवीत् ॥३४
वीर तेऽस्वरजो बधुर्नाम्नाह्लादो महाबल ।
तस्मै हि प्रेषिता पत्री स्वर्णवत्या हितप्रदा ॥३५
ता ज्ञात्वा च पुनस्तस्या उत्तर देहि मत्प्रियम् ।
अथ वा पत्रमालिख्य तत्त्व मे कुरु कठके ॥३६

अपने भाई कृष्णाश के यह वचन श्रवण करके, उसने उस मोह का त्याग कर दिया और फिर गृह को चला गया था । वेदो मे तत्पर श्रेष्ठ एक सहस्र ब्राह्मणो को भोजन कराकर मध्यम चरित्र का जप करके उसने दुर्गा की आराधना की थी । एक मास के अन्त मे उस समय देवी ने जो हृदय म स्थित अभीष्ट था उसे देकर उस कन्या को देवी ने जोकि अनिन्दित थी विवाह करने के लिये मोहित कर दिया था । उस बाला ने स्वप्न मे रामाश देवकी के पुत्र को देखा था ॥२९-३१॥ प्रातः काल मे जाग कर चिन्तन किया तो बडा भारी मोह होगया था । तब समस्त अभीष्टो के प्रदान करने वाली कामाक्षी देवी का ध्यान किया और पौष मास क प्राप्त होने पर एक तोता के कण्ठ म पत्रिका को बाधकर पत्र स्थित प्रिय शुक को भेजा था ॥३२-३३॥ वह महावती पुरी मे स्थित जो एक पुष्प विपिन था वहा पहुचा और मनुष्य की

बातों से वृत्तान्त के लिये शुक ने कहा बोले ॥३४॥ उस शुक ने कहा—हे वीर ! तुम्हारे छोटे भाई आह्लाद ने जोकि महान् बलवान् है स्वर्णवती के हित प्रदान करने वाली पत्रिका भेजी है । सो अब आप समाचार फिर उसका उत्तर मेरे प्रिय के लिए मुझे दे दो । अपना एक पत्र लिख कर उसे आप मेरे गले में बाँधो ॥३५-३६॥

इति श्रुत्वोदयो वीरो गृहीत्वा पत्रमुत्तमम् ।
ज्ञातवान्स वृत्तांतमाह्लादाय पुनर्ददौ ॥३७
जम्बुकश्च नृपो वीरो रुद्रदत्तवरो बली ।
अजेयोऽन्यनृपैर्वीर त्वया युधि निपातितः ॥३८
तथाविधं मत्पितरमिन्द्रदत्तवरं रिपुम् ।
तमेवं जहि संग्रामे मम प्राणिग्रहं कुरु ॥३९
इति ज्ञात्वा स आह्लादस्तामाश्वास्य हृदि स्थिताम् ।
शुककंठे बबधाशु लिखित्वा पत्रमुत्तमम् ॥४०
स शुकः पन्नगः पूर्वं पुंडरीकेन शापितः ।
श्वेतयशस्य कार्यं च कृत्वा मोक्षत्वमागतः ॥४१
मृते तस्मिञ्छुके रम्ये देवी स्वर्णवती तदा ।
दाहयित्वा ददौदानं विप्रेभ्यस्तस्य तृप्तये ॥४२

यह सुन कर उदयवीर ने उस उत्तम पत्र को ग्रहण करके उसमें जो वृत्तान्त था उसे जान लिया और आह्लाद के लिये फिर देदिया था ॥३७॥ जम्बुक राजा वीर था और बलवान् तथा रुद्र का दत्त वरदानी था जोकि अन्य नृपों के द्वारा अजेय था, हे वीर ! उसे तुम ने युद्ध में गिरा दिया था ॥३८॥ उसी प्रकार के मेरे पिता को जो इन्द्र का दत्त वरदानी एवं रिपु है । उसे संग्राम में इसी प्रकार से मारकर मेरा पाणिग्रहण करो ॥३९॥ यह जानकर उस आह्लाद ने हृदय में स्थित उसको आश्वासन दिया था । और एक उत्तम पत्र लिखकर शीघ्र ही शुक के कण्ठ में बाँध दिया ॥४०॥ वह शुक पहिले पन्नग था जोकि पुण्डरीक के द्वारा शापित था । उसने श्वेतयश का कार्य करके मोक्षत्व प्राप्त किया था ॥४१॥ उस रम्य शुक के मर जाने पर तब देवी स्वर्ण-

वती ने उसका दाह कराकर उसकी तृप्ति के लिए ब्राह्मणों को दान दिया था ॥४२॥

माघमासि च सप्राप्ते पचम्या कृष्णपक्षके ।
आह्लाद सप्तलक्षैश्च सैन्यै सार्द्धं ययौ मुदा ॥४३
तालनाद्याश्च ते शूरा स्वस्व वाहनमाश्रिता ।
आह्लाद रक्षयन्तस्ते ययु पचदशाहकम् ॥४४
वगदेश समुल्लघ्य शीघ्र प्राप्ता हिमालयम् ।
रूपण पत्रकर्त्तार बलखानिरुवाच तम् ॥४५
गच्छ त्व वीर कवची करालाश्व समास्थित ।
पचशस्त्रसमायुक्तो राजान शीघ्रमावह ॥४६
युद्धचिह्न तनौ कृत्वा मामागच्छ त्वरान्वित ।
तथा मत्वा शिखण्ड्यशो ययौ शीघ्र स रूपण ॥४७
स ददर्श सभा राज्ञो बहुशूरसमन्विताम् ।
पार्वतीयैर्नृपै सार्द्धं सहस्रैर्बलवत्तरै ॥४८
स उवाच नृपश्रेष्ठ नेत्रसिह महाबलम् ।
त्वत्सुताया विवाहाय बलखानिमहाबल ।
सप्तलक्षबलैर्गुप्त सप्राप्तस्तव राष्ट्रक ॥४९

माघ मास के आने पर कृष्ण पक्ष की पचमी में आह्लाद सात लाख सेना के साथ बड़े ही आनन्द से गया था ॥४३॥ और तालन आदि जो शूर थे वे भी अपने२ वाहनों पर सवार होगये थे। वे सब आह्लाद की रक्षा करते हुए पन्द्रह दिन में गये थे ॥४४॥ वगदेश को लांघकर शीघ्र ही हिमालय में पहुंच गये थे। उस पत्र कर्त्ता रूपण से बलखानि ने कहा ॥४५॥ हे वीर ! तू कवच धारी कराल अश्व पर समारूढ़ होकर जा और पंच शस्त्र समायुक्त होकर राजा को शीघ्र बुलाना ॥४६॥ शरीर में युद्ध का चिह्न करके शीघ्रता से युक्त होकर मेरे पास आजा। ऐसा ही मानकर वह शिखण्डी का अंश रूपण शीघ्र चला गया था ॥४७॥ उसने बहुत से शूर वीरों से युक्त राजा की सभा को वहाँ देखा था। वहाँ राजा पर्वतीयों से अधिक बलवान

सहस्रों राजाओं के साथ सभा में स्थित था ॥४८॥ वह वहाँ पहुँचकर महाबलवान् नेत्रसिंह राजा से बोला—तुम्हारी पुत्री के साथ विवाह करने के लिये महान् बलशालि साथ भारी सेना के सहित तुम्हारे राज्य में आगया है ॥४९॥

तस्मात्त्व स्वसुतां शीघ्रमाह्लादाय समर्पय ।
शुल्कं मे देहि नृपते युद्धरूप सुदारुणम् ॥५०
इति श्रुत्वा वचस्तस्य स राजा क्रोधमूर्छितः ।
पट्टनाधिपमाज्ञाय भूप पूर्णबलं रुषा ।
अररम कपाट च तस्य बधनहेतवे ॥५१
पाशहस्ताञ्छूरशतं पट्टनाधिपरक्षिताम् ।
दृष्ट्वा स रूपणो वीरः खड्गयुद्धमचीकरत् ॥५२
हत्वा तन्मुकुट राज्ञो गृहीत्वाकाशगो बली ।
बलखानि तु सम्प्राप्य चिह्नं तस्मै न्यवेदयत् ॥५३
इति श्रुत्वा प्रसन्नात्मा सप्त लक्षदलैर्युतः ।
अग्घनगरी सर्वा नेत्रसिंहेन रक्षिताम् ॥५४
नेत्रसिंहस्तु बलवान्पार्वतीयैर्नृपैः सह ।
हिमतुंगतलं प्राप्य युद्धार्थी तान्समाह्वयत् ॥५५
सहस्र च गजास्तस्य हया लक्षं महाबलाः ।
सहस्रं च नृपाः शूराश्चतुर्लक्ष पदातिभिः ॥५६

इसलिए तुम बहुत ही शीघ्र अपनी सुता को आहलाद के लिये समर्पित करदो । हे नृपते ! युद्ध रूप सुदारुण शुल्क मुझे दे दो ॥५०॥ इस प्रकार के उसके वचन को श्रवण कर राजा क्रोध से मूर्च्छित होगया और पट्टन के अधिप राजा को जो कि पूर्ण बल वाला था क्रोध से आज्ञा दी कि उसके बन्धन के लिये किवाड बन्द करदो ॥५१॥ हाथ में पाश लेने वाले पट्टनाधिप के द्वारा रक्षित एक सौ शूरों को देखकर उस रूपण वीर ने खग से युद्ध किया था ५२॥ राजा के उस मुकुट का हनन करके और ग्रहण करके वह बली आकाश गामी होकर बलखानि के पास पहुँच गया और वह चिन्ह उसे दे दिया था ॥५३॥ यह सुनकर

परम प्रसन्न चित्त उसने सात लाख दल से युक्त होकर नेत्रसिंह के द्वारा सुरक्षित समस्त नगरी को घेर लिया था ।।५४।। नेत्रसिंह भी बलवान् था उसने पर्वतीय नृपों के साथ हिमतुंगतल में जाकर युद्धार्थी होते हुए उनको बुलाया था ।।५५।। एक सहस्र उसके हाथी थे एक लक्ष महाबली अश्व–एक सहस्र नृप जो बड़े शूर थे और चार लाख पदाति थे। इनके साथ वह आया था ।।५६।।

योगसिंहो गजैः सार्द्धं बलखानिं समाह्वयत ।
भोगसिंहो हयैः सार्द्धं कृष्णांशं च समाह्वयत् ।।५७
विजयो नृपपुत्रश्च सर्वभूपतिभिः सह ।
देवसिंहस्तथा म्लेच्छै रूपणं च समाह्वयत ।।५८
तयोश्चासीन्महद्युद्धं सेनयोस्तत्र दारुणम् ।
निर्भयाश्चैव ते शूराः पार्वतीयाः समंततः ।
जघ्नुस्ते शात्रवीं सेनां द्विलक्षां वीरपालिताम् ।।५९
प्रभग्नं स्वबलं दृष्ट्वा चत्वारो मदमत्तकाः ।
दिव्यानश्वान्समारुह्य चक्रुः शत्रोर्महावधम् ।
पुनरुज्जीवितं सर्वं ढक्कामृतरवाद्बलम् ।।६०
युद्धाय संमुखं प्राप भृगुश्रेष्ठ पुनः पुनः ।
अहोरात्रं रणश्चासीत्तेषां तत्रैव दारुणः ।।६१
एवं सप्താह्नि संजाते युद्धे भीरुभयंकरे ।
उपायैर्बहुभिर्वीराश्चक्रुश्चैव रणं बहुम् ।।६२
पुनस्ते जीवमापन्ना जघ्नुस्तान्रिपुसैन्यपान् ।
तालनाद्यास्तु ते शूरा दुःखितास्तत्र चाभवन् ।
निराशां विजये प्राप्य कृष्णांशं शरणं ययुः ।।६३

योगसिंह ने हाथियों के साथ बलखानि को बुलाया था । भोगसिंह ने अश्वों के साथ होकर कृष्णांश को टेर दी थी । विजय और नृप के पुत्र समस्त भूपतियों के साथ थे । देव सिंह ने म्लेच्छों के साथ होकर रूपण को युद्ध के लिए ललकार दी थी ।।५८।। उन दोनों की सेनाओं का वहां बड़ा ही दारुण युद्ध हुआ था । वे पर्वतीय शूर सभी ओर से

बड़े निर्भय थे । उन्होने शत्रु की वीर पालित दो लाख सेना का हनन किया था । अपने बल को प्रभग्न देखकर चारो मदमत्तक अपने दिव्य अश्वो पर समारूढ होकर शत्रु का महावध करने लगे थे । किन्तु वे ढक्कामृत की ध्वनि से पुन जीवित हो जाते थे ॥५६-६०॥ हे भृगुश्रेष्ठ ! उसका बल बार-बार युद्ध करने के लिये समुख हो जाता था । इस तरह उनका एक अहोरात्र वहा पर ही बडा दारुण युद्ध हुआ था ॥६१॥ इस तरह सात दिन भीरुओ को महान् भयकर युद्ध के होने पर वीरो ने बहुत से उपायो के द्वारा बहुत कुछ युद्ध किया था ॥६२॥ जिन शत्रु के सैन्यपो को वे मार देते थे वे फिर जीवित हो जाया करते थे । वहा पर तालन आदि जो महाशूर थे वे बहुत ही अधिक दु खित होगये थे । उस युद्ध मे विजय की सवथा निराशा देखकर सब कृष्णाश की शरण मे गये थे ॥६३॥

तानाश्वास्य स कृष्णाशस्तत्र दिव्यहये स्थित ।
नभोमार्गेण बलवान्स्वर्णवत्यतिक ययौ ॥६४
हर्म्योपरि स्थिता देवी सर्वशोभासमन्विताम् ।
नत्वोवाच वच श्लक्ष्ण किंकरोहमिहोदय ।
शरण्या त्वामुपागच्छ कामाक्षीमिव भामिनि ॥६५
वृत्तान्त कथयामास यथासीच्च महारण ।
श्रमेण कर्शिता वीरा निराशा जीवनेऽगमन् ॥६६
साह चोदयसिह त्व कामाक्ष्या मदिर व्रज ।
अह च स्वालिभि सार्धं नवम्या पूजने रता ॥६७
ढक्कामृतस्य वाद्येन पूजये सर्वकामदाम् ।
इति श्रुत्वा स बलवान्स्वसैन्य प्रति चागमत् ॥६८
अर्धशेषा रणात्सेना पराजाप्य च दुद्रुवु ।
पट्टनाप्यपुरे प्राप्ता जय प्राप्य महाबला ॥६९
पराजिते रिपौ तस्मिन्नेनर्नसिहसुतै सह ।
गृहमागत्य बल्वान्विप्रेभ्यो गोधन ददौ ॥७०

उस कृष्णाश ने उन सबको आश्वासन देकर वह अपने दिव्य अश्व पर समास्थित हुए और नभो मार्ग से वह बलवान् स्वर्णवती के समीप मे गया था ।।६४।। अपने महल के ऊपर स्थित सब प्रकार की शोभा से समन्वित उस देवी को प्रणाम करके यहाँ मैं उदय नामक किंकर हूँ यह परम श्लक्ष्ण वचन उस देवी से कहे थे । हे भामिनि ! कामाक्षी देवी की भांति शरण्या आपके पास आया हू । उसने समस्त वृत्तान्त वह सुनाया था जिस तरह वह महायुद्ध हो रहा था । श्रम से कर्शित हुए वीर अपने जीवन मे निराश होगये हैं ।।६५-६६।। उस देवी ने कहा हे उदयसिंह ! तुम कामाक्षी देवी के मन्दिर मे चले जाओ और मैं भी अपनी सहेलियों के साथ नवमी तिथि के दिन देवी के पूजन मे रत होकर डक्कामृत के वाद्य से समस्त कामनाओं को प्रदान करने वाली कामाक्षी का पूजन करती हूँ । यह सुनकर वह बलवान् अपनी सेना मे आगया था ।।६७-६८।। रण से अर्ध शेष सेना को पराजित करके वे भाग गये और पट्टनाढ्यपुर मे महाबलवान् जय प्राप्त करके पहुँच गये थे ।।६९।। नेत्रसिंह के पुत्रों के साथ रिपु के पराजित हो जाने पर बलवान् ने घर मे आकर ब्राह्मणों को गौ और धन का दान दिया था ।।७०।।

नवम्या पितर प्राह देवी स्वर्णवती तदा ।
कामाक्षीसेवनेनाशु कुरु यागोत्सव मम ।
यत्प्रसादाच्च विजयी दुर्जयेभ्योऽभवद्भवान् ।।७१
इति श्रुत्वा पिता प्राह स्वप्नो दृष्टस्तथा मया ।
पूजनान्मगल राज्ञा नो चेद्विघ्नो हि शोभने ।।७२
पितोश्चैव निशायां तु सा सुता पितुराज्ञया ।
डक्कामृतस्य वाद्येन कामाक्षीमदिर ययौ ।।७३
कृष्णांशो मानवानस्य वधूभूत्वा समागता ।
डक्कामृत च नारीभ्यो गृहीत्वा त्वरितो ययौ ।।७४

तानागतान्स बलवान्दृष्ट्वा खड्गं गृहीतवान् ।
पचपचाशत: शूराननयद्यमसादनम् ॥७६
कृष्णाशस्त्वरितो गत्वा रूपणो यत्र तिष्ठति ।
ढक्कामृत च सप्राप्य हयारूढो ययौ सभाम् ॥७७
हृते ढक्कामृते दिव्ये नेत्रसिंहो भयातुर ।
ऐन्द्र यज्ञ तथा कृत्वा हवनाय परोऽभवत् ॥७८

नवमी तिथि मे उस समय स्वर्णवती ने पिता से कहा था कि कामाक्षी के सेवन के द्वारा शीघ्र मेरा यागोत्सव करिये । जिसके प्रसाद से आप दुर्जयो से विजयी हुए हैं ॥७१॥ यह सुन कर पिता ने कहा कि आज मैंने इस प्रकार का स्वप्न देखा है कि पूजन से राजाओ का मगल होता है और किसी भी शोभनकार्य मे विघ्न नही होता है,यदि ऐसा नही किया जाता है तो अवश्य ही विघ्न होता है ॥७२॥ इस प्रकार से पिता के द्वारा कही गई उस सुता ने रात्रि मे पिता की आज्ञा से ढक्कामृत के वाद्य के साथ कामाक्षी के मन्दिर मे गमन किया था ॥७३॥ वहाँ कृष्णाश मालाकार की वधू होकर आगया था । वह ढक्कामृत वाद्य को स्त्रियो से लेकर तुरन्त ही चला गया था ॥७४॥ इसी अन्तर मे वाहनो से सयुत साठ वीर ढक्का के लिए शीघ्र गये थे जोकि समस्त शस्त्रो से समुद्यत थे ॥७५॥ उनको आते हुए देख कर उस बलवान् ने खग ग्रहण कर लिया था । पचपन शूरो को उसने यमराज के घर पहुँचा दिया था ॥७६॥ कृष्णाश शीघ्रवह्} गया जहाँ रूपण स्थित था और उस ढक्कामृत को प्राप्त करके हया रूढ होकर सभा मे गया ॥७७॥ उस दिव्य ढक्कामृत के हृत होने पर नेत्रसिह भय से आतुर होगया और उसने ऐन्द्र यज्ञ किया तथा हवन करने के लिए तत्पर होगया था ॥७८॥

प्रभाते समनुप्राप्ते ते वीरा स्वबलै. सह ।
तरसा प्रययु सर्वे गजोष्ट्रहयसस्थिता. ।
दिनान्ते प्राप्तवतश्च यत्राभूत्समहारण ॥७९
कृष्णाश पूजयित्वा त दध्मौ ढक्कामृत बली ।
तच्छब्दे न मृता वीरा पुनरुज्जीवितास्तदा ॥८०

राजन्नय स बलवानाह्लाद सानुजै सह ।
मत्पक्तौ न स्थितो वीर कुले हीनत्वमागत ।।८८
आर्याभीरी स्मृता तेपा कि त्वया विदित न हि ।
यदि देया त्वया कन्या तर्हि त्व हीनता व्रज ।।८६
अतस्त्व वचन चेद कुलयोग्य शृणुष्व भो ।
चतुरो बालकान्नीचास्तालनेन समन्वितान् ।।६०
वञ्चयित्वा विवाहार्थे शिरास्येषा समाहर ।
मडपाते मख कृत्वा चामुण्डायै समर्पय ।।६१

यह कह कर स्वय देव ने उमा का परम प्रिय ढक्कामृत का हरण करके वह्नि मे समाक्षिप्त करके दुर्गा को सन्निवेदित कर दिया था।।८५।। उस सुरो के स्वामी के चले जाने पर उस राजा ने ब्राह्मणो के साथ मेल करने के लिये वहा महीपति की ओर गमन किया था ।।८६।। उस तरह आये हुए राजा को देखकर कृष्णाश और महीपति ने आह्लाद से कहा—सब बलो के साथ सदा मान करने के योग्य है ।।८७।। हे राजन् ! यह परम बलवान् आह्लाद अपने अनुजो के साथ कुल मे हीनता को प्राप्त होकर मेरी पक्ति म स्थित नही है ।।८८।। उनको आर्या आभीरी स्मृत है क्या यह आपको विदित नही है ? यदि आपको कन्या देनी है तो तुम भी हीनता को प्राप्त हो जाओ ।।८६।। इसलिये तुम इस वचन के योग्य हो, सुनिये चारो नीच बालको को तालन के साथ वञ्चित करके विवाह के लिये इनके शिरो को समाहृत करो और मण्डप के अन्त मे मख करके उन्हे चामुण्डा के लिये समर्पित कर दो ।।६० ६१।।

त्वत्कन्यया समाहूता वीरा वै रेवती हि सा ।
पश्चात्कन्या स्वय हत्वा कुलकल्याणमावह ।।६२
नो चेद्भूवा क्षय यायात्सकुलो जबुको यथा ।
इत्युक्त्वा स ययौ सार्द्ध यत्राह्लादस्य बाधव ।।६३
इति श्रुत्वा स शल्याश सुयोधनमुखेरितम् ।
तथेत्युक्त्वोत्सव कृत्वा मडपाते विधानत ।

आह्लादस्य समीप स गत्वैद्वतचनाय हि ।
तमाह दडवत्पादौ गृहीत्वा नृपतिस्स्वयम् ॥९४
भवन्तोशावताराश्च मया ज्ञाताः सुरोत्तमात् ।
निरस्त्रान्पश्च युष्माश्च पूजयित्वा यथाविधि ।
रामाशाय स्वकन्या चदास्यामि कुलरीतित. ॥९५
इत्याह्लाद समादिश्य स नृपश्छलमाश्रित ।
दुर्गोत्सवे ययौ गेह तद्वधाय समुद्यत ॥९६
सहस्र मडपे भूपान्सस्थाप्य स्वबले सह ।
तालनाद्याश्च पट् शूरान्मडपाते समाह्वयत् ॥९७
विवाहप्रथमावर्ते योगसिहोऽसिमुत्तमम् ।
वरमाहत्य शिरसि जगर्ज बलवान्रुषा ॥९८

तुम्हारी कन्या के द्वारा वीर समाहूत हैं वह कन्या रेवती है । इसके पीछे स्वय कन्या का हनन करके अपने कुल के कल्याण को प्राप्त करो ॥९२॥ नही तो आप राजा जम्बुक की भाँति सकुल क्षय को प्राप्त हो जायेंगे । इतना कह कर जहाँ आह्लाद के बान्धव थे वहाँ साथ चला गया था ॥९३॥ ऐसा ही होगा—यह कह कर वह शल्याश सुयोधन के मुख से कथित को सुन कर मण्डपान्त मे उत्सव करके वचन करने के लिये आह्लाद के समीप मे गया और राजा ने स्वय उसके चरणों मे दण्ड की भाँति पड कर उसके चरण ग्रहण करके कहा—॥९४॥ आप सब अंशावतार हैं, यह मैंने सुरोत्तम से ज्ञान प्राप्त कर लिया है । इसलिये अब आप सबकी, जबकि आप निरस्त्र हो जावें, यथाविधि पूजा करके मैं अपनी कुल की रीति से रामाश के लिये अपनी कन्या का दान करूँगा ॥९५॥ वह राजा छल का आश्रय लेकर इस तरह आह्लाद को समादेश करके दुर्गा के उत्सव मे उसके वध के लिये समुद्यत होकर गृह को चला गया था ॥९६॥ अपने बलो के साथ एक सहस्र भूपो को मण्डप मे बिठा कर तालन आदि को वहाँ बुलाया था ॥९७॥ विवाह प्रथमावर्त्त मे योगसिंह ने अपना उत्तम खड्ग ले कर वर के माथे में प्रहारकर क्रोध से बलवान् ने गर्जन किया था ॥९८॥

तमाह तालनो धीमान्न योग्य भवता कृतम् ।
श्रुत्वाह नेत्रसिंहस्त कुलरीतिरियं बलिन् ।
निरायुधै. परै. सार्द्धं शस्त्रिणा सगरो हि नः ॥९९
इति श्रुत्वा योगसिंह कृष्णांशस्त समारुधत् ।
भोगसिंह तथाकृष्य बलखानिर्गृहीतवान् ॥१००
विजय तृतीयावर्ते सुखखानिर्न्यरुद्ध वै ।
चतुर्थावर्तके शत्रुं नृप पूर्णबल शठम् ।
रूपणस्त गृहीत्वाशु युयुधे तद्बलै सह ॥१०१
पचमे बहुराजान तालनश्च समारुधत् ।
षष्ठावर्त्ते नेत्रसिंह तथाह्लादो गृहीतवान् ॥१०२
सप्राप्ते तुमले युद्धे बहुशूरा: क्षय गता ।
निरायुधा. षड् बलिनः सक्षम्य व्रणमुत्तमम् ।
निरायुधास्त्रिपूर्स्वान्स्वाश्चक्रु. शक्तिप्रपूजका: ॥१०३
एतस्मिन्नन्तरे देवः कालदर्शी समागतः ।
नभोमार्गेण तानश्वास्तेभ्य आगत्य सददौ ॥१०४
बिन्दुल चैव कृष्णांशो देवस्तत्र मनोरथम् ।
रूपणश्च करालाश्व चाह्लादस्तु पपीहकम् ॥१०५
हरिणी बलखानिश्च तद्भ्राता हरिनागरम् ।
सिंहिनी तालन शूर समारुह्य रणोद्यतः ॥१०६

उस समय धीमान तालन ने उससे कहा—आपने यह कार्य नही किया है। यह सुन कर नेत्रसिंह ने उससे कहा—हे बलिन् ! यह तो हमारे कुल की रीति है कि निरायुध वरो के साथ शस्त्रधारियो का हमारा युद्ध होता है ॥९९॥ यह श्रवण कर कृष्णांश ने उस योग सिंह को समारुद्ध किया था और उसी प्रकार से बलखानि ने भोगसिंह को खींच कर ग्रहण कर लिया था ॥१००॥ तृतीयावर्त्त मे सुखखानि ने निरुद्ध कर लिया था और चौथे आवर्त्त मे पूर्ण बल वाले शत्रु शठ नृप को रूपण ने ग्रहण कर उसके बल के साथ शीघ्र ही समारुद्ध कर लिया था। पाँचवें आवर्त्त म बहुराजा को तालन ने समारुद्ध कर लिया था।

षष्ठ आवर्त्त मे नेत्रसिंह को आह्लाद ने ग्रहण कर लिया था ।।१०१-१०२।। उस समय तुमुल सग्राम के सम्प्राप्त होने पर बहुत से शूर क्षय को प्राप्त हो गये थे। बिना आयुध वाले इन छँ बलियो ने उत्तम व्रण को सहन कर शक्ति के प्रपूजको ने अपने-अपने शत्रुओ को बिना आयुधो वाला कर दिया था ।।१०३।। इसी अन्तर मे काल का दर्शी देव वहाँ आ गया था। नभो भाग से आ कर उनके लिये उन अश्वो को दे दिया था ।।१०४।। कृष्णाश ने बिन्दुल को देव ने मनोरथ नाम वाले को, रूपण ने करालाश्व को और आह्लाद ने पपीहक को प्राप्त किया था ।।१०५।। बलखानि ने हरिणि को और उसके भाई ने हरिनागर को, तालन ने सिंहनी को प्राप्त किया था। ये शूर समारूढ हो कर रण के लिये उद्यत हो गये थे ।।१०६।।

रात्रौ तन्नृपते सेना हत्वा बद्ध्वा च तत्पतिम् ।
दोला गेहाच्च निष्काश्य सप्तभ्रमरकारिताम् ।।१०७
स्वसैन्य ते समाजग्मुर्निर्भया बलवत्तरा ।
तान्सर्वान्नेत्रसिंहादीन्दृष्ट्वा पाहीति जल्पित ।।१०८
निगडैरेकत कृत्वा पञ्च भूपान्हि वचकान् ।
कारागारे महाघोरे तत्र तान्सन्यवासयन् ।।१०९
नेत्रसिंहो वरो भ्राता सुन्दरारण्यभूमिप ।
हेतु ज्ञात्वाययौ शीघ्र मायावी लक्षसैन्यक ।।११०
तत्रागत्य हरानन्दो नाम्ना तनयुघद्बली ।
नेत्रसिंहस्य सैन्य च चतुर्लक्ष तदागमत् ।।१११
पञ्चलक्षै रणो घोर सप्तलक्षयुतैरभूत् ।
पञ्चाहोरात्रमात्र च तयोश्चासीत्स सकुल ।
अर्द्धसैन्य रिपोस्तत्र हतशेषमदुद्रुवत् ।।११२
विस्मित स हरानन्दो रुद्रमायाविशारद ।
बलाधिवययुताञ्ज्ञात्वा शिवध्यानपरोऽभवत् ।।११३
रचित्वा शावरी माया नानारूपविधारिणीम् ।
पाषाणभूता सबला कृत्वा भूपासमाययौ ।।११४

रात्रि मे उस नृपति की सेना का हनन करके और उसके पति को बाँध करके तथा दोला को घर से निकलवा करके जोकि सात भाँवरकारि तथा वे बलवान् निर्भय हो कर अपनी सेना मे आ गये थे । उन सब नेत्रसिहादि को देख कर 'रक्षा करो'—इस प्रकार से कहा गया था ॥१०७-१०८॥ इन पाँचो वचक भूपो को निगडो से एकत्रित करके महान् घोर कारागार मे वहाँ पर उन्हे रख दिया था ॥१०९॥ नेत्रसिह वर भ्राता, जो सुन्दर अरण्य भूमि का स्वामी था, इसका हेतु जान कर वहाँ वह मायावी एक लाख सेना लेकर शीघ्र ही आ गया था ॥११०॥ वहाँ आकर बलवान् हरानन्द नाम वाले ने उनसे युद्ध किया था और नेत्रसिह की चार लाख सेना उस समय वहाँ आ गई थी ॥१११॥ सात लाख सयुक्तो के साथ पाँच लाख सेना के साथ घोर युद्ध हुआ था । पाँच अहोरात्र पर्यन्त उन दोनो का बडा ही सकुल वहाँ हुआ था । वहाँ पर रिपु की आधी सेना, जो हतशेष थी, वहाँ से भाग खडी हुई थी ॥११२॥ रुद्रमाया का विशारद वह हरानन्द बडा ही विस्मित हुआ था । अधिक बल से युक्तो को जान कर वह शिव के ध्यान मे तत्पर हो गया था ॥११३॥ वहाँ नाना रूपो के विधारण करने वाली शावरी माया की रचना करके उन सब भूपो को पाषाण भूत बना कर वहाँ आ गया था ॥११४॥

ससुत भ्रातर ज्येष्ठ नृप पूर्णबल तत ।
मोचयित्वा ययौ गेह कृतकृत्यो महाबली ॥११५
आह्लाद निगडैर्बद्धा मायया जडता गतम् ।
नेत्रसिह स बलवान्ययौ स्व दुर्गमुद्यत ।
त प्रशस्यानुज वीरो विप्रेभ्यश्चददौ धनम् ॥११६
तदा स्वर्णवती सेना बद्ध ज्ञात्वा पति निजम् ।
कृष्णाशाद्यान्मोहिताश्च शभुमायावशानुगान् ॥११७
रुरोदोच्चैस्तदा देवी ध्यायती कामरूपिणीम् ।
तदा तुष्टा जगद्धात्री मूर्च्छितास्तानबोधयत् ॥११८

ते सर्वे चेतना प्राप्ताः प्राहुः स्वर्णवती मुदा।
क्वास्थितो बधुराह्लादो देवि त्व कारण वद ॥११९
यथा बद्धः स्वय स्वामी कथयामास सा तथा।
अह शुकी भवाम्यद्य भवान्बिदुलसस्थितः ॥१२०

इसके पश्चात् उसने पुत्र के सहित राजा को, ज्येष्ठ भाई को और पूर्ण बल को छुड़वा कर महाबली कृतकृत्य होकर अपने घर को चला गया था ॥११५॥ माया से जड़ता को प्राप्त हो जाने वाले आह्लाद को निगडो से बाँध कर वह बलवान् नेत्रसिंह उद्यत हो कर अपने दुर्ग को चला गया था। उस वीर ने अपने छोटे भाई की बहुत प्रशसा की और विप्रो को धन का दान दिया था ॥११६॥ तब वह दीन स्वर्णवती अपने पति को बद्ध जान कर तथा कृष्णांशादि सबको शम्भु-माया के वशानुग एव मोहित जान कर कामरूपिणी देवी का ध्यान करती हुई बहुत ऊँचे स्वर से वह रोने लगी। उस समय वह जगत् की धात्री देवी प्रसन्न हो गई थी और उसने उन सब मूर्छितो को बोधित कर देने की कृपा की थी ॥११८॥ वे सब चेतना को प्राप्त होकर बड़ी प्रसन्नता से स्वर्णवती से बोले—बन्धु आह्लाद कहाँ आस्थित है? हे देवि! तू इसका कारण बतला दे ॥११९॥ जिस प्रकार से उसका स्वामी स्वय बद्ध हो गया था, उसने वह सभी वृत्तान्त कह दिया था। मैं आज शुकी होती हूँ, आप बिन्दुल पर सस्थित हो जाइये ॥१२०॥

इत्युक्त्वा सा शुकी भूत्वा कृष्णांशेन समन्विता।
यत्रास्ते तत्पतिर्बद्धस्तत्र सा कामिनी ययौ ॥१२१
कृष्णांशोऽपि ह्यारूढो नभोमार्गेण चाप्तवान्।
अभीरी मूर्तिमासाद्य स्वामिनं प्रति सा ययौ ॥१२२
आश्वास्य त यथायोग्य कृष्णांश प्रत्यवर्णयत्।
कृष्णांशस्तत्र बलवान्हत्वा दुर्ग निवासिन ॥१२३
रक्षवान्ष्टतसाहस्रान्हत्वा भ्रातरमाययौ।
पौर्णिमा मधुयुक्ता च ज्ञात्वा सर्वे स्वरान्विता. ॥१२४

अयोध्या शीघ्रमागम्य स्नात्वा वै सरयू नदीम् ।
होलिकादाहसमये शीघ्र वेण्या समागता. ।।१२५

स्नानध्यानादिका निष्ठाः कृत्वा गेहमुपाययु. ।
सागरस्य तट प्राप्य कृत्वा ते च महोत्सवम् ।
चैत्रस्य कृष्णपञ्चम्या स्वगेह पुनराययु ।।१२६

दूता उष्ट्रसमारूढास्तत्क्षेमकरणोत्सुकाः ।
वैशाखे शुक्लपचम्या स्वगेह पुनराययु ।।१२७

मलना भूपतिश्चैव गेहे गेहे महोत्सवम् ।
कारयित्वा विधानेन ब्राह्मणेभ्यो ददौ धनम् ।।१२८

यह कह कर वह शुकी हो गई और कृष्णांश से समन्वित होकर जहाँ उसका पति बद्ध था वहाँ वह कामिनी चली गई थी ।।१२१।। कृष्णांश भी हय पर आरूढ होकर आकाश मार्ग से वहाँ प्राप्त हो गया। यह आभीरी मूर्ति को प्राप्त कर स्वामी के पास चली गई थी ।।१२२।। उसका यथोचित रूप से आश्वासन करके कृष्णाश के प्रति वर्णन किया था, बलवान् कृष्णाश ने वहाँ पर दुर्ग के निवास करने वाले सौ सहस्र रक्षको का हनन करके भाई को ले आया था। मधुयुक्ता पूर्णिमा को जान कर सब त्वरान्वित होकर शीघ्र अयोध्या मे आ गये और वहाँ सरयू नदी मे स्नान किया था। फिर होलिका के दाह के समय मे शीघ्र वेणी मे आ पहुँचे थे ।।१२३-१२५।। वहाँ भी स्नान, ध्यान आदि समस्त निष्ठाओ को पूर्ण कर अपने घर मे प्राप्त हो गये थे। सागर के तट पर जाकर उन्होंने एक महोत्सव किया था। चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की पचमी में पुन. वे अपने गृह को प्राप्त हो गये थे ।।१२६।। दूत ऊँटो पर बैठे हुए उनके क्षेमकरण के लिये बहुत उत्सुक थे। वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की पचमी मे पुन अपने घर म आ गये थे ।।१२७।। मलना और भूपति के यहाँ तथा घर-घर मे बडा महोत्सव हुआ था। इस तरह महान् उत्सव सम्पन्न करा कर ब्राह्मणो को धन का दान दिया था ।।१२८।।

।। जयंतावतारवृत्तांतवर्णन ।।

चतुर्दशाब्दे कृष्णांशे यथा जातं तथा शृणु ।
जयन्तः शक्रपुत्रश्च जानकीशापमोहितः ।
कलौ जन्मत्वमापन्नः स्वर्णवत्युदरेऽवसत् ।।१
चैत्रशुक्ल नवम्यां च मध्याह्ने गुरुवासरे ।
स जातश्चन्द्रवदनो राजलक्षणलक्षितः ।।२
जाते तस्मिन्सुतश्रेष्ठे देवाः सर्षिगणास्तदा ।
इन्दुलोयं महीं जातो जयन्तो वासवात्मजः ।
इत्यूचुर्वचनं तस्मादिन्दुलो नाम चाभवत् ।।३
आह्लादो जातकर्मादीन्कारयित्वा शिशोर्मुदा ।
ब्राह्मणेभ्यो ददौ स्वर्णधेनुवृन्दं हयान्गजान् ।।४
इन्दुले तनये जाते द्विमासांते महीतले ।
योगसिंहस्तदागत्य स्वर्णवत्यै ददौ धनम् ।।५
नेत्रसिंह सुतं दृष्ट्वा मलनास्नेहसंयुता ।
पप्रच्छ कुशलप्रश्नं भोजयित्वा विधानतः ।।६
शतवृन्दाश्च नर्तक्यो नानारागेण संयुताः ।
तत्रागत्यैव ननृतुर्यत्र भूपसुतः स्थितः ।।७

इस अध्याय मे जयन्त के अवतार के वृत्तान्त का वर्णन तथा उस की इन्दुल नाम से ख्यातिका और इन्दुल के चरण का वर्णन किया जाता है। सूतजी ने कहा—जब कृष्णांश की अवस्था का चौदहवाँ वर्ष हुआ था उस समय जो जिस प्रकार से हुआ था उसका अब श्रवण करो। जयन्त इन्द्र का पुत्र था और वह जानकीजी के शाप से मोहित होगया था। इसी से उसने कलियुग में जन्म ग्रहण किया था और वह स्वर्णवती के उदर में आकर वस गया था अर्थात् गर्भ में आगया था ।।१।। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि और गुरुवार के दिन मध्याह्न में वह चन्द्रमा के समान मुख वाला समुत्पन्न हुआ था जोकि राजा के समस्त लक्षणों से लक्षित था ।।२।। उस श्रेष्ठ सुत के समुत्पन्न होने पर

उस समय मे ऋषिगणो के सहित देवगण ने यह इन्द्र का पुत्र जयन्त इदुल इस नाम से यहाँ भूमि पर उत्पन्न हुआ है ऐसा कहा था इसी से उसका इन्दुल नाम होगया था ।।३।। आह्लाद ने वडी प्रसन्नता के साथ उसका जातकर्म आदि सस्कार कराकर ब्राह्मणो को स्वर्ण,धेनु अश्व और हाथियो का दान दिया था ।।४।। इन्दुल पुत्र के उत्पन्न होने पर इस महीतल म दो मास के अन्त मे योगसिंह ने वहा आकर स्वर्णवती को धन दिया था ।।५।। नेत्रसिंह के पुत्र को देखकर मलना स्नेह से परिपूर्ण होगई थी और उसे विधान पूर्वक भोजन कराकर उससे कुशल पूछा ।।६।(एक सौ नर्त्तकियो के समूह ने नाना प्रकार के रागो से युक्त होकर वहा आकर नृत्य किया था जहा पर वह राजा का पुत्र स्थित था ।।७।।)

सप्तरात्रमुपित्वा स योगसिंहो ययौ गृहम् ।
पण्मासे च सुते जाते देवेन्द्र स्नेहकातर ।।८
पुत्रस्नेहेन त पुत्र स जहार स्वमायया ।
सहृत्य वालक श्रेष्ठमिन्द्राण्यै च समर्पयत् ।।९
स्नेहप्लुता शची देवी स्वस्तनौ तमपाययत् ।
देव्या दुग्ध स वै पीत्वा पोडशाब्दासमोभवत् ।।१०
इन्दु पीयूपभवनं गृह्णाति वपुषा स्वयम् ।
अत स इन्दुलो नाम जयन्तश्च प्रकीर्तित ।
स वाल स्वपितुर्विद्या पठित्वा श्रेष्ठतामगात् ।।११
विनष्टे वालके तस्मिन्देवी स्वर्णवती तदा ।
रुरोदोच्चैस्तदा दीना हा पुत्र क्व गतोऽसि भो ।।१२
ज्ञात्वाह्लाद तया भूत दशग्रामे तथाविधे ।
रोद्र कालाहलो जातो रुदना च नृणा मुने ।।१३
आह्लाद स्वकुर्न सार्द्धं निराहारो यतेंद्रिय ।
शारदा शरण प्राप्यस्त्रिरात्र तत्र चावसत् ।।१४

सात रात्रि पर्यन्त योगसिंह वहा पर निवास करके अपने घर को चला गया था । जब छै मास का पुत्र होगया तो देवेन्द्र स्नेह से कातर होगया था और अपने पुत्र के स्नेह के कारण माया

कर के उसने उस इन्दल का हरण कर लिया था। उस श्रेष्ठ बालक को सहृत करके वहा इन्द्राणी के लिये समर्पित कर दिया था ।।८-९।। स्नेह से लुप्त होकर शची ने उसे अपने स्तनो को पिला दिया था। देवी शची के दुग्ध को पीकर वह बालक सोलह वर्ष के बालक के समान परिपुष्ट हो गया था।१०।वह स्वय वपु के द्वारा पीयूष के भवन इन्दु को ग्रहण करता है इसलिए जयन्त इन्दुल इस नाम से कहा गया है। वह बालक पिता की विद्या पढकर श्रेष्ठता को प्राप्त हो गया था ।।११।। उस बालक के विनष्ट हो जाने पर उस समय देवी स्वर्णवती अत्यन्त दीन होकर उच्च स्वर से रो उठी थी—हा पुत्र ! तू कहा चला गया है ? ।।१२।। उस प्रकार के दशग्राम मे ऐसा होगया—यह जान कर आह्लाद भी रोने लगा। इस तरह रोने वाले मनुष्यों का वहा पर अत्यन्त रौद्ररूप वाला हे मुने ! कोलाहल उत्पन्न होगया था ।।१३।। आह्लाद अपने कुल के लोगों के साथ निराहार होकर यतेन्द्रिय होगया था और वह शारदा देवी के शरण मे गया तथा तीन रात्रि तक वहाँ पर ही निवास किया था ।।१४।।

तदा तुष्टा स्वय देवी वागुवाचाशरीरिणी ।
हे पुत्र स्वकुलैः सार्द्धं मा शुचस्त्व सुत प्रति ।।१५
इन्द्रपुत्रो जयन्तश्च स्वर्गलोकमुपागत ।
दिव्यविद्यां पठित्वा स त्रिवर्षान्ते गमिष्यति ।।१६
यावत्त्व भूतलेऽवात्सीस्तावत्स भूतले वसेत् ।
तत्पश्चात्स्वर्गतिं प्राप्य जयन्तो हि भविष्यति ।।१७
इत्युक्ते वचने देव्या निश्शोकास्ते तदाभवन् ।
दशग्रामपुर प्राप्य समूपुर्ज्ञान तत्परा ।।१८

तब देवी शारदा प्रसन्न हुई और बिना शरीर वाली वाणी ने कहा—हे पुत्र ! तू अपने कुल वालों के साथ सुत के लिये शोक मत कर ।।१५।। यह इन्द्र का पुत्र जयन्त था जो इस समय मे स्वर्गलोक मे प्राप्त होगया है। वहा वह दिव्य विद्या को पढकर तीन वर्ष के अन्त मे आयगा ।।१६।। इसके पश्चात् जब तक तू इस भूतल म रहेगा तभी तक वह

भी भूतल मे वास करेगा। इसके अनन्तर वह स्वर्गति प्राप्त कर पुन जयन्त के रूप मे इन्द्र का पुत्र हो जायगा ॥१७॥ शारदा देवी के द्वारा कहे गये इन वचनों का श्रवण कर वे सब फिर शोक से रहित होगये थे। फिर दशग्रामपुर मे जाकर सब ज्ञान मे तत्पर होकर रहने लगे थे ॥१८॥

॥ चण्डिकादेवीवाक्यवर्णन ॥

इन्दुले स्वर्गसप्राप्ते ते वीरा शोककातरा ।
शारदा पूजयामासु सर्वलोकनिवासिनीम् ॥१
जप्त्वा सप्तशती स्तोत्र त्रिसन्ध्य प्रेमभक्तित ।
ध्यानेनानन्दमापन्नास्तदा सप्तशतेहनि ॥२
सामन्तद्विजपुत्रश्च चामुण्डो नाम विश्रुत ।
सोऽष्टवर्षवया भूत्वा पूजयामास चण्डिकाम् ॥३
द्वादशाब्दे ततो जाते त्रिचरित्रस्य पाठत ।
परीक्षार्थं तु भक्ताना साक्षान्मूर्तित्वमागता ॥४
कुण्डकेय च भो भक्ता पूरयामि च तामहम् ।
यूय तु मनसोपायैः कुरुध्व पूरणे मतिम् ॥५
सुखखानिस्तु वलवानमधुपुष्पैस्तथा फलै ।
कुण्डिका पूरयामास न पूर्णत्वमुपागता ।
वलखानिस्तथा मासैर्मूलशर्मा तु रत्नकै ॥६

इस अध्याय में चण्डिका देवी के वाक्यों का वर्णन किया जाता है। सूतजी ने कहा—इन्दुल के स्वर्ग मे चले जाने पर वे समस्त वीर शोक मे कातर होकर शारदा भगवती देवी की जोकि समस्त लोकों में ही निवास करने वाली है, पूजा करने लगे थे ॥१॥ तीनो सन्ध्यों म प्रेम और भक्ति के भाव स युत होकर सप्तशती स्तोत्र का जप करके ध्यान से वे आनन्द को प्राप्त होगये थे तब सप्तशत दिन में सामन्त द्विज का पुत्र चामुण्ड—इस नाम से विश्रुत था वह आठ वर्ष की अवस्था वाला होकर चण्डिका का पूजन करता था ॥२-३॥ जब

बारह वर्ष की अवस्था होगई तो तीनों चरित्रों के पाठ से भक्तों की परीक्षा के साक्षात् मूर्त्तित्व को प्राप्त होगई थी ।।४।। यह कुण्डिका है । हे भक्तगण ! मैं उसको पूरित करती हूँ । तुम लोग भी मनसोपायों के द्वारा इसके पूरण करने में मति करो ।।५।। बलवान् सुखखानि ने मधुपुष्पों से और फलों से इसको पूरित किया था किन्तु यह पूर्णत्व को प्राप्त नहीं हुई थी । बलखानि ने मांस से और मूल शर्मा ने रक्त से पूरित किया था तो भी यह पूर्णत्व को प्राप्त नही हुई थी ।।६।।

देवकी च तदा हव्यैश्चन्दनादिभिरर्चनैः ।
कुंडिकां पूरयामास न पूर्णत्वमुपगता ।।७
आह्लादश्चैव सर्वांगैरुदयः शिरसा स्वयम् ।
कुंडिकां पूरयामास तदा पूर्णत्वमागता ।।८
उवाच वचनं देवी स्वभक्तान्भक्तवत्सला ।
सुखखाने भवान्वीरो भविष्यति सुरप्रियः ।।९
बलखानिमहावीरो दीर्घे काले स मृत्युभाक् ।
मूलशर्मा तु बलवान्रक्तबीजो भविष्यति ।।१०
देवकी च भवेद्देवी चिरकालं स्वलोकगा ।
आह्लादश्चैव कृष्णांशस्तयोर्मध्ये द्वयं वरम् ।
एकस्तुदे ववरंप्रोक्तोवलाधिक्यो द्वितीयकः ।।११
निष्कामोऽयं देवसिंहो मृतो मोक्षत्वमाप्नुयात् ।
इत्युक्त्वान्तर्दधे माता ते सर्वे तृप्तिमागताः ।।१२

देवकी ने उस समय हव्यों से—चन्दन आदि अर्चन की वस्तुओं से इस कुण्डिका को पूरित किया था किन्तु तब भी यह पूर्ण नहीं हुई थी।।७।। और आह्लाद ने अपने समस्त अंगों से और उदयसिंह ने स्वयं शिर से कुण्डिका को पूर्ण किया था और उस समय में यह पूर्णत्व को प्राप्त होगई थी ।।८।। अपने भक्तों पर प्यार करने वाली देवी ने भक्तों से कहा—हे सुखखानि ! आप सुरों के प्रिय वीर होंगे ।।९।। महान्वीर बलखानि दीर्घ समय में मृत्यु को प्राप्त होने वाला होगा । मूलशर्मा बलवान् रक्त बीज होगा ।।१०।। देवकी देवी होगी और चिरकाल तक

अपने लोक में गमन करने वाली होगी । आल्हाद और कृष्णाश उन दोनो के मध्य में दोनो ही श्रेष्ठ हैं । इनमे एक तो देव के समान कहा गया है और दूसरा बलाधिक्य वाला था ।।११।। यह देवसिंह निष्काम था जो मृत होकर मोक्षत्व को प्राप्त हो गया था । यह कह कर वह माता अन्तर्धान होगई और वे सब तृप्ति को प्राप्त होगमे थे ।।१२।।

।। बलखानिविवाहवृत्तान्तवर्णन ।।

प्राप्ते सप्तदशाब्दे च कृष्णाशे तत्र चाभवत् ।
शृणु त्व मुनिशार्दूल दृष्ट यद्योगदर्शनात् ।।१
रत्नभानौ मृते राज्ञि मरुधन्वमहीपति ।
गजसेन स्तदा विप्र पृथ्वीराजभयातुर ।।२
आराध्य पावक देव यज्ञध्यानव्रतार्चनै ।
द्वादशाब्द सदाचार प्रेमभक्त्या ह्यतोपयत् ।।३
तदा प्रसन्नो भगवान्पावकीय हय शुभम् ।
ददौ तस्मै सुतौ चोभौ कन्या च गजमुक्तिकाम् ।।४
पावकास्ते हि चत्वार. समुद्भूता महीतले ।
अग्निवर्णा महावीरा सर्वलक्षणलक्षिता ।।५
अष्टादशवयोभूता: सर्वे ते मुनिपु गव ।
जातमात्रा देवसमा सर्वविद्याविशारदा. ।।६
अष्टादशाब्दवयसा सा कन्या वरवर्णिनी ।
दुर्गायाश्च वर प्राप्ता धर्मांशस्त्वा वरिष्यति ।।७

इस अध्याय मे कृष्णाश की सत्रह वर्ष की अवस्था मे बलखानि के विवाह के वृत्तान्त का वर्णन किया जाता है । श्री सूतजी ने कहा—कृष्णाश की सत्रह वर्ष की अवस्था प्राप्त हो जाने पर वहा पर जो कुछ भी हुआ था उसका अब श्रवण करो । हे मुनि शार्दूल ! जो योग दर्शन से देखा था ।।१।। रत्नभानु राजा के मृत हो जाने पर मरुधन्व का राजा गजसेन उस समय हुआ था । हे विप्र ! वह पृथ्वीराज के भय से बहुत

आतुर रहता था ॥२॥ उसने पावक (अग्नि) देव की यज्ञ-ध्यान व्रत और अर्चनो के द्वारा आराधना की थी और बारह वर्ष पर्यन्त सदाचार से युक्त रह कर प्रेम एव भक्ति के भाव से उस देव को प्रसन्न कर लिया था ॥३॥ उस समय पावक भगवान् ने उस पर प्रसन्न होकर एक पावकीय शुभ अश्व उसको दिया था तथा दो पुत्र और एक गज मुक्तिका कन्या दी थी ॥४॥ वे चारो ही पावक थे जोकि इस महीतल मे समुत्पन्न हुए थे । ये अग्नि के समान वर्ण वाले—महान् वीर और समस्त शुभ लक्षणो से लक्षित थे ॥५॥ हे मुनि श्रेष्ठ ! ये सब अठारह वर्ष की अवस्था वाले थे और उत्पन्न होते ही देवता सदृश एव समस्त विद्याओ के महापण्डित थे ॥६॥ वह वर वर्णिनी कन्या अठारह वर्ष की अवस्था वाली थी । उसने दुर्गा देवी से यह वरदान प्राप्त कर लिया था कि धर्मांश तेरा वरण करेगा ॥७॥

शार्दूलवशी स नृप कृतवान्वै स्वयवरम् ।
नानादेश्या नृपा प्राप्ता सुताया रूपमोहिता ॥८
मार्गशीर्षे सिते पक्षे चाष्टम्या चद्रवासरे ।
तस्या स्वयवरश्चासीत्सानृपान्प्रति चाययौ ॥९
विद्युद्वर्णं मुख तस्याश्चचलायास्तथागतम् ।
दृष्ट्वा मुमोह धर्मांशो बलखानिर्महीपति ॥१०
सापि दृष्ट्वा च त वीर मुमोह गजमुक्तिका ।
चुद्धा तस्मै ददौ माला वैजयती शुभानना ॥११
तारकाद्याश्च भूपाला सर्वशस्त्रास्त्रसयुता ।
ररुधु सर्वतो वीर ते बलात्कन्याकाक्षिणः ॥१२
तथाविधान्नृपान्दृष्ट्वा भूपान्पचशतान्बली ।
स शीघ्र खड्गमुत्सृज्य शतभूपशिरांस्यहन् ॥१३
सर्वतो वध्यमान त बलखानि स तारक ।
तद्भुजाभ्या ददौ खड्ग स तदग्रे द्विधाभवत् ॥१४

शार्दूल वश मे होने वाले उस राजा ने स्वयवर किया था । उस समय उस सुता के रूपलावण्य से मोहित होकर अनेक देशो के राजा

वहा प्राप्त हुए थे ।।८।। मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष मे अष्टमी तिथि मे चन्द्रवार के दिन उस कन्या का स्वयम्वर हुआ था और वह समस्त राजाओ की ओर वरण करने के लिये वहा आई थी ।।९।। उस चंचला का मुख विद्युत के वर्ण के समान था । उस का आगमन देख कर ही धर्मांश महीपति बलखानि मोहित होगया था ।।१०।। उस गजमुक्ता ने भी बलखानि को देखा और उस वीर पर वह भी मोहित होगई थी । उस शुभानना ने उसे समझ कर वैजयन्ती माला जोकि वरण करने के लिए वहा वह लेकर आई थी उसके गले मे डालदी थी।।११।।तारक आदि जो भूपाल वहा थे जोकि समस्त शस्त्र और अस्त्रो से सयुक्त थे उन्होने उस वीर को सभी ओर से रोक लिया था क्योकि वे सब बलपूर्वक उस कन्या को लेने की इच्छा वाले होरहे थे ।।१२।। उस बली ने जब देखा कि ये पाँच सौ राजा मुझ से इस गजमुक्ति को बलात् छीन लेने के इच्छुक हो रहे हैं तो उसने शीघ्र ही अपना खग निकालकर एक सौ राजाओ के मस्तक काट डाले थे ।।१३।। सब ओर से वध्यमान उस बलखानि को उस तारक ने उसकी भुजाओ मे खग देदिया था और वह उसके अ ग मे दो होगया था ।।१४।।

महीराजसुतो ज्येष्ठो दृष्ट्वा खड्गं तथा गतम् ।
अपोवाह रणाच्छूरस्तत्पश्चात्ते नृपा ययुः ।।१५
पराजिते नृपबले बलखानिर्महाबल ।
ता कन्या शिविकारूढा स्वगेह सोऽनयद्बली ।।१६
ता गच्छती सुता दृष्ट्वा गजसेनो महीपति. ।
महीपत्याज्ञया प्राप्तो ज्ञात्वा त क्षत्रियाधमम् ।।१७
जवुकघ्न महावीरं मायया तममोहयत् ।
जाते निद्रातुरे वीरे दुर्गायाः शापमोहिते ।।१८
निगडैस्त बबधाशु दृढैर्लोहमयै रुषा ।
लोहदुर्गं च संप्राप्य ग्रामस्पं महीपतिः ।।१९
चाडालाश्च समाहूय कठिनास्तत्रवासिनः ।
वधायाज्ञापयामास तस्य दंडैरनेकदाः ।।२०

ते रौद्रास्तं समाबध्य ताडयामासुरूर्जिताः ।
तत्ताडनात्तदा निद्रा तत्रैव विलयं गता ॥२१

महीराज के पुत्र ने जोकि ज्येष्ठ था उस प्रकार से गये हुए खंग को देखकर रण से वह शूर अपोवाहित होगया था और इसके पश्चात् वे राजा भी चले गये थे ॥१५॥ समस्त नृपों के बल के पराजित हो जाने पर महान् बलवान् बलखानि ने उस कन्या को शिविका में आरूढ़ कराकर अपने घर में ले गया था ॥१६॥ उस कन्या को जाती हुई देख कर महीपति गजसेन महीपति की आज्ञा से उसे क्षत्रियों में अधम जान कर वहा आया था ॥१७॥ जम्बुक के मारने वाले उस महावीर को माया से मोहित कर दिया था। दुर्गा के शाप से मोहित उस वीर के निद्रा से आतुर हो जाने पर क्रोध से लोहे की निगड़ों से उसे शीघ्र ही बाँध दिया था। महीपति ने ग्रामरूप लोहदुर्ग को उसे पहुंचा दिया था ॥१८-१९॥ और वहा पर रहने वाले कठिन चाण्डालों को बुलाकर अनेक प्रकार के दण्डों के साथ उसके वध करने की आज्ञा देदी थी ॥२०॥ उन महारौद्र ऊर्जितों ने उसे अच्छी तरह से बाँधकर पीटना शुरु कर दिया था। उनके उस ताड़न करने से उस समय वह निद्राविलीन होगई थी ॥२१॥

दृष्ट्वा ततस्तु चंडालान्बलखानिरताडयत् ।
तलमुष्टिप्रहारेण चांडाला मरणं गताः ॥२२
मृते पंचशते रौद्रे तच्छेषा दुद्रुवुर्भयात् ।
कपाटं सुदृढं कृत्वा नृपांतिकमुपाययुः ॥२३
स नृपः कारणं ज्ञात्वा हस्तबद्धो महाबली ।
उवाच तत्र गत्वासौ वचनं कार्यतत्परः ॥२४
भवान्महाबलो वीर चांडालैर्बंधनं गतः ।
दस्युभिर्लुंठितस्तत्र निद्रावश्यो वनं गतः ॥२५
मत्सुता भवने प्राप्ता दिष्ट्या त्वं जीवित गतः ।
उद्वाह्य मत्सुतां शीघ्रं स्वगेहं यातुमर्हसि ।
इति श्रुत्वा प्रियं वाक्यं तं प्रशस्य तथाकरोत् ॥२६

मडपे वेदकर्माणि विवाहार्थं चकार स ।
जाताया मडपार्चाया पत्रमाह्लादहेतवे ॥२७
तदाज्ञया लिखित्वासौ गजसेनोऽग्निसेवक ।
उष्ट्रारूढ समाहूय शीघ्र पत्रमचोदयत् ॥२८

इसके पश्चात् बलखानि ने उन चाण्डालो को देख कर उन्हे पीटा था । मुष्टि के तल प्रहारो से ही वे चाण्डाल मर गये थे ॥२२॥ पाँच सौ रौद्रो के मरने पर जो शेष रह गये वे सब भय से भाग गये थे, किवाडो को दृढ बन्द करके राजा के पास पहुच गये थे ॥२३॥ उस राजा ने कारण को जान कर उस महान् बली ने हस्त बद्ध होकर काय मे तत्पर वहाँ जाकर यह वचन बोला—हे वीर ! आप महान् बल वाले हैं चाण्डालो के द्वारा बन्धन को प्राप्त हुए थे दस्युओ के द्वारा लूटे भी गये थे और निद्रावश्य होकर वन मे गये थे । मेरी पुत्री तो भवन मे प्राप्त हो गई, बडी प्रसन्नता की बात है कि आप जीवित हैं । अब आप मेरी पुत्री से शीघ्र विवाह करके अपने घर मे जाने के योग्य होते हैं । इस प्रकार के इन परम प्रिय वचनो को सुन कर उसकी प्रशसा कर वैसा ही किया था ॥२४ २६॥ उसने एक मण्डप का निर्माण करा के उसमे विधिवत् विवाह के समस्त कर्म किये थे । मण्डप की अर्चा हो जाने पर आह्लाद के लिये उसकी आज्ञा से एक पत्र लिख कर इस अग्नि के सेवक गजसेन ने एक उष्ट्रारूढ को बुला कर शीघ्र ही उस पत्र को प्रेरित कर दिया था ॥२७ २८॥

बलखानेर्विवाहोऽत्र भवासै यसमन्वित ।
सप्राप्य योग्यद्रव्याणि भुक्त्वा त्व तृप्तिमावह ॥२९
इत्युक्ते निशि जाताया बलखानिमहाबल ।
भोजन कृतवास्तत्र विषजुष्ट नृपार्पितम् ॥३०
गरल तेन सभुक्त न ममार वराच्छुभात् ।
तत काले च सप्राप्ते दृष्टवा मोहत्वमागतम् ।
पनबध निगडैस्ताडयामास वेतस ॥३१

विपदोपमसृक्द्वारान्निस्सृतं सर्वदेहतः ।
तदा बुबोधबलवान्भूपतिं प्राह नम्रधीः ॥३२
राजन्किमीदृशं जातं त्वत्सैन्यं ताडने रतम् ।
स आह भो महावीर मत्कुले रीतिरीदृशी ।
यातनां प्रथमं प्राप्य तदनूद्वाहितो भवेत् ॥३३
इत्युक्ते सति भूपाले गजमुक्ता समागता ।
पितरं प्राह वचनं कोऽयं तत्ताडने गतः ॥३४
नृपः प्राह सुते शीघ्रं याहि त्वं निजमंदिरे ।
कृपिकरोयमायातो द्रव्यार्थं ताडने गतः ॥३५

यह बलखानि का विवाह है अतः आप सैन्य से युक्त होकर यहाँ प्राप्त होवें और द्रव्यों का उपभोग करके आप तृप्ति को प्राप्त करें ॥२६॥ इस प्रकार कहने पर रात्रि हो जाने पर बलखानि ने भोजन वहाँ किया था जो राजा के द्वारा समर्पित किया गया था और विष से जुष्ट था ॥३०॥ उसने गरल को भी खा लिया था किन्तु शुभ वर के होने के कारण से वह मरा नही था । इसके पश्चात् काल के आने पर मोहत्व को प्राप्त हुए उसको देख कर पुनः निगड़ों से उसे बाँध लिया था और बेतों से पीटा था ॥३१॥ वह जो खिलाये हुए विष का दोष था वह रक्त के द्वारा समस्त शरीर से निकल गया था। तब वह बलवान् ज्ञान वाला हो गया और नम्र बुद्धि वाला होकर राजा से बोला ॥३२॥ हे राजन् ! यह इस तरह कैसे हुआ कि तुम्हारे सैनिक मुझे ताड़न करने में रत हो रहे थे ? उसने कहा—हे महावीर ! मेरे कुल में इसी तरह की रीति होती है । पहिले पूर्ण यातना प्राप्त करके ही पीछे उद्वाहित हुआ करता है ॥३३॥ भूपाल के इस प्रकार से कहने पर वहाँ गजमुक्ता आ गई थी और वह अपने पिता से बोली—यह कौन था, जो उसके ताड़न करने में गया था ? राजा ने कहा—हे सुते ! तुम शीघ्र अपने मन्दिर में जाओ । यह कृपिकर आया था जो कि द्रव्य के लिये ताड़न मे गया था ॥३५॥

इति श्रुत्वा वचो घोर बलखानिर्महाबलः ।
छित्वा तद्व घन घोर खड्गहस्तः समाययौ ॥३६
शूरान्पचशत त च रुद्ध्वा शस्त्रै. समतत. ।
प्रजघ्नतस्तु तान्सर्वान्बलखानिर्व्यनाशयत् ॥३७
गजसेन सुतो ज्येष्ठ सूर्यद्युतिरुपागतः ।
बद्ध्वा पुनस्त बलिन गर्तमध्ये समाक्षिपत् ॥३८
तथा गत पति दृष्ट्वा गजमुक्ता सुदु.खिता ।
निशि तत्र गता देवी दत्त्वा द्रव्य तु रक्षकान् ॥३९
पति निष्काश्य रुदती व्यजन पतये ददौ ।
रात्रौरात्रौ तथा प्राप्ता व्यतीत पक्षमानकम् ॥४०
एतस्मिन्न तरे वीरश्चाह्लाद सप्तलक्षकै. ।
सैन्यै सहाययौ शीघ्र श्रुत्वा तत्रैव कारणम् ॥४१
बलखानिर्गतो गर्ते रुरोध नगरी तदा ।
गजै षोडशाहस्त्रैर्गजसेनो रण ययौ ॥४२

इस प्रकार के घोर वचन को महाबली बलखानि ने सुना और उसके उस घोर बन्धन को काट कर वह हाथ मे खड्ग ले कर वहाँ आ गया था ॥३६॥ फिर पाँच सौ शूरो ने उसे अवरुद्ध किया जो कि चारो ओर से शस्त्रो से युक्त थे तब बलखानि ने उन्हे मारते हुए सबको विनष्ट कर दिया था ॥३७॥ गजसेना का ज्येष्ठ पुत्र सूर्यद्युति आ गया था। उस बली को बाँध कर फिर एक गर्त्त के मध्य मे डाल दिया था ॥३८॥ उस प्रकार की दशा मे रहने वाले अपने पति को देख कर गजमुक्ता अत्यन्त दु खित हुई थी। वह देवी रात्रि मे वहाँ पहुँची और रक्षको को द्रव्य देकर रोती हुई उसने अपने पति को निकाल कर उसे एक व्यजन दिया था। इस तरह वह रात-रात मे वहाँ प्राप्त हो जाया करती थी। उसे इस प्रकार से एक पक्ष व्यतीत हो गया था ॥३९-४०॥ इस बीच मे आह्लाद सात लाख सेना के साथ वहाँ उस कारण को सुन कर शीघ्र आगया था ॥४१॥ उसने यह सुनाकि बलखानि गर्त्त मे पड़ा है

तो उस नगरी को उसी समय घेर लिया था। सोलह सहस्र गजों की सेना को लेकर गजसेन युद्ध करने गया था ॥४२॥

त्रिलक्षैश्च हयैः सार्द्धं सूर्यद्युतिरुपाययौ ।
कांतामलस्तदा प्राप्तस्त्रिलक्षैश्च पदातिभिः ॥४३
तयोश्चासीन्महद्युद्धमहोरात्रं हि सैन्ययोः ।
रक्षिते तालनाद्ये च गजसेनाद्यके तदा ॥४४
द्वितीयेऽह्नि समायाते गजसेनो महाबलः ।
प्रभग्नं स्वबलं दृष्ट्वा पावकीऽयं समारुहत् ।
दाहयामास तत्सैन्यं तालनाद्यैश्च पालितम् ॥४५
भस्मीभूतं बलं दृष्ट्वा तालनः शत्रुसम्मुखे ।
गत्वा भल्लेन भूपालं ताडयामास वेगतः ॥४६
मूर्छितं नृपमाज्ञाय सूर्यद्युतिरुपाययौ ।
पावकीयं समारुह्य दाहयामास तालनम् ॥४७
एतस्मिन्नंतरे शूरौ देवौ चाह्लादकृष्णकौ ।
बबन्धतू रुपाविष्टौ सूर्यद्युतिमरिंदमम् ॥४८
सुबद्धं भ्रातरं ज्ञात्वा हयं कांतामलोऽरुहत् ।
देवसिंहं च संमोह्यकृष्णांशं प्रति सोऽगमत् ।
गृहीत्वा त स कृष्णांशं तस्य तेजः समाहरत् ॥४९

व दोनो कुवलयापीडा हाथी मर ही गये थे। इसे देखकर राजा बहुत अधिक भय स आतुर होगया था। तब तो राजा ने परम प्रसन्न होकर उन दोनों के लिय राजगृह नामक ग्राम दे दिया था। ॥३६॥ आश्विनमासके शुक्ल पक्ष क सम्प्राप्त होनेपर लक्षण नाम धारी बलवान् ने राजा की आज्ञा से उनको साथ लेकर दिग्विजय करने के लिये शीघ्र प्रस्थान किया था ॥३७॥ सात लाख सेना के साथ और तालन आदि स सयुत होकर वे वाराणसी पुरी म पहुँचे और वहाँ जाकर समस्त पुरी को अवरुद्ध कर लिया अर्थात् घर लिया था ॥३८॥ वहाँ पर रुद्र वमा नाम वाला राजा था जो कि गौड वश के यश के करन वाला था । वह पचास हजार अपनी सना क साथ युद्ध करने क लिय प्राप्त हुआ था। ॥३९॥ उसको एक ही प्रहर म उन्होने जीत कर सोलह वष का कर एक करोड़ मुद्रा के रूप मे प्राप्त करके राजा

जयचन्द्र के अर्पण कर दिया था। ॥४०॥ और पाँच करोड़ मुद्रा फिर राजा से गई थीं। इसके अनन्तर अङ्ग देश के स्वामी परम श्रेष्ठ मायावर्मा भूप को जोकि दश सहस्र सेना से युक्त था, जीतकर उससे बीस वर्ष का कर एक करोड मुद्राएँ प्राप्त की थीं और वे सब भी अपने राजा के लिये लाकर समर्पित करदी थी ॥४२-४३॥

वंगदेशपति वीरो लक्षणो वै युतश्च तैः।
लक्षसैन्ययुतं भूपं कालीवर्माणमुत्तमम्।
अहोरात्रेण तं जित्वा महायुद्धेन लक्षणः ॥४४
विंशत्यब्दकरं प्राप्य कोटिं स्वर्णमयं तदा।
प्रेषयामास भूपाय जयचंद्राय वै मुदा ॥४५
उष्ट्रदेशं ययौ वीरः पालितं तैर्महःबलैः।
धोयीकविस्तत्रनृपो लक्षसैन्यसमन्वितः ॥४६
जगन्नाथाज्ञया प्राप्तस्तैश्च सार्द्धं रणोन्मुखे।
तयोश्चासीन्महद्युद्धं तुमुलं रोमहर्षणम्।
अहोरात्रप्रमाणेन कृष्णांशेन जितो नृपः ॥४७
विंशत्यब्दकरं सर्वं कोटिस्वर्णसमन्वितम्।
संप्राप्य प्रेषयामास कान्यकुब्जाधिपाय वै ॥४८
पुंड्रदेशं ययौ वीरो लक्षणो बलवत्तरः।
नृपं नागपतिं नाम पंचायुतबलैर्युतम्।
दिनमात्रेण तं जित्वा कोटिमुद्रा गृहीतवान् ॥४९

फिर वीर लक्षण उन सबके साथ वङ्ग देश के पति राजा काली वर्मा के पास पहुँच गये जोकि एक उत्तम भूप था और एक लाख सेना से समन्वित था। लक्षण ने उसके साथ महा युद्ध किया था और एक अहोरात्र में उसको जीत लिया था ॥४४॥ उस समय वहाँ से भी बीस वर्ष का इकट्ठा कर जोकि एक करोड़ स्वर्ण मुद्राएँ थी प्राप्त करलीं और बड़ी प्रसन्नता से वे सभी राजा जयचन्द्र के पास भेज दी गई थीं ॥४५॥ फिर वह वीर उष्ट्र देश अर्थात् आन्ध्र या उत्कल देश में गया था जोकि महान् बलवानो के द्वारा सुरक्षित था। वहाँ पर धोयी कवि

नाम धारी भूप था और वह एक लाख सेना से समन्वित था ।।४६।। वह जगनाथ स्वामी की आज्ञा से उन सबके साथ युद्ध मे सम्मुख प्राप्त हुआ था । उन दोनो का बडा भयानक तुमुल युद्ध हुआ था जोकि अत्यन्त रोमाञ्चकारी था । उस राजा को भी कृष्णाश ने सिर्फ एक ही अहोरात्र मे जीत लिया था ।।४७।। उससे भी बीस वर्ष का एक करोड स्वर्ण समन्वित धन प्राप्त किया था उसे भी कान्यकुब्ज देश के स्वामी राजा जयचन्द्र के लिये प्रेषित कर दिया था ।।४८।। फिर अधिक बलवान् लक्षण वीर पुण्ड्र देश म पहुँचा था । वहाँ पर नागपति नाम वाला राजा था जोकि पचास हजार सेना की शक्ति से समन्वित था । उसे एक ही दिन मे पराजित करके एक करोड का कर उससे भी ग्रहण किया था ।।४९।।

महेंद्रगिरिमागत्य नत्वा त भार्गव मुनिम् ।
ततो निवृत्य ते सर्वे नेत्रपालपुर ययु ।।५०
योगसिंहस्तदागत्य कृष्णाश प्रति भार्गव ।
कोटिमुद्रा ददौ तस्मै मत्सरानम्वामयत् ।।५१
वीरसिंहपुर जग्मुस्ते वीरा मदवत्तरा ।
रुरुर्नगरी सर्वा हिमतु गोपरि स्थिताम् ।
पालिता गोरखाख्येन योगिना भक्तकारणात् ।।५२
भूपानुज प्रवीरश्च सैन्यायुतसमन्वित ।
चकार दारुण युद्ध लक्षणस्यैव सेनया ।।५३
प्रत्यह बलवाञ्छूरो हत्वा शूरमहस्रकम् ।
सायकाले गृह प्राप्य योगिन तमपूजयत् ।।५४
पूजनात्स प्रसन्नात्मा सैन्यमुज्जीव्य भूपते ।
दत्त्वा गजबल तेभ्य पुनर्योग करोति वै ।।५५
सार्द्धमासा गतस्तत्र युद्धता बलशालिनाम् ।
तदा ते तु निरुत्साहा देवसिंह तमब्रुवन् ।।५६
विजयो न स्य भूप ब्रूहि नस्तत्त्वमग्रत ।
इति श्रुत्वा स होवाच शृणु कृष्णाद मे वच ।।५७

योगिन गोरख नाम पराजित्य स्वनृत्यत ।
पुनर्युद्ध कुरु त्व वै ततो जय मवाप्स्यसि ॥५८

इसके अनन्तर वे सब महेन्द्र गिरिपर आगये थे। वहां उन्होंने भार्गव मुनि को प्रणाम किया था और वहा से लौटकर वे सब नेत्रपाल के पुर को चले गये थ ॥५०॥ हे भार्गव ! उस समय योग सिंहने आकर कृष्णाश को एक करोड मुद्राएँ दी थी और सात रात्रि तक वहा उनका निवास भी कराया था ॥५१॥ इसके पश्चात् अधिक मद से पूर्ण वे सब वीर वीरसिंह पुर को चल गये थे ।वहा हिमतुङ्ग पर स्थित समस्त नगरी को उन्होने घेर लिया था जोकि गोरखाख्य योगी के द्वारा सुरक्षित थी और उसका कारण भक्त का होना ही था ॥५२॥ वहाँ के राजा का छोटा भाई प्रवीर था जो दश सहस्त्र सना से समन्वित था। उसन लक्षण की ही सेना के साथ बहुत ही दारुण युद्ध किया। उस बलवान शूर न प्रतिदिन एक सहस्र शूरो का हनन किया। वह मायक न म घर पर आकर उस योगी की पूजा करता ॥५३ ५४॥ उस पूजन करने से वह परम प्रसन्न होकर राजा की मृत सना को पुन उज्जीवित कर देता और उन्हें एक हाथी का बल भी प्रदान करता। इस तरह वह पुनर्योग किया करता ॥५५॥ इस तरह वहा बलशालियो को युद्ध करते हुए डेढ मास का समय व्यतीत हो गया था। तब तो वे अन्त न निरुत्साह होकर दर्वसिंह से कहने लगे ॥५६॥ हे भूप ! आप ही बतलाइये और तत्व से समझाइये कि इस युद्ध मे हमारा विजय कैसे हो सकता है। इसको सुन कर उसन कहा—हे कृष्णाश ! हमारी बात सुनो, तुम अपने नृत्य की कला से योगी गोरख को पराजित करो और फिर युद्ध करो तब तो तुम जय प्राप्त कर सकोगे ॥५७-५८॥

इत्युक्तास्ते हि कृष्णाद्या कृत्वा योगमय वपु ।
स्थापयित्वा रणे सेना पालिता लक्षणेन वै ॥५९
प्राप्ता रात्रै ययुस्ते वै मदिर तस्य योगिन ।
कृष्णाशो नर्तकश्चासीद्वै पुराद्यविशारद ॥६०

देवसिंहो मृदगाढ्यो वीणाधारी च तालन ।
कास्यधारो तदाह्लादो जनी गीता सनातनीम् ॥६१
तदर्थं हृदये कृत्वा गोरखस्सवयोगवान् ।
वर वृणुत तानाह ते तच्छ्रुत्वाऽब्रुवन्वच ॥६२
नमस्यामो वय तुभ्य यदि देयो वरस्त्वया ।
देहि सजीविनी विद्यामाह्लादाय महात्मने ॥६३

इस प्रकार से वे सब कृष्णाश आदि कहे गये थे और इस कहने के पश्चात् उन सबने योगमय वपु धारण किया था। युद्ध स्थल मे सेना को स्थापित कर दिया जो कि लक्षण के द्वारा पूर्णत रक्षित की गई ॥५६॥ प्रात काल मे वे सब उस योगी के मन्दिर मे गये। कृष्णाश नृत्य करने वाला था तथा वह वेणु वाद्य का विशारद भी था अर्थात् वशी वहुत ही अच्छी वजाने वाला था ॥६०॥ देवसिंह मृदङ्ग से युक्त और तालन वीणा के धारण करने वाला था। आह्लाद कौस्य वजाने वाला था और उसने सनातनी गीता का गान किया था ॥६१॥ सब प्रकार के योग का ज्ञाता जो गोरख योगी था, वह उस सनातनी गीता के अर्थ को अपने हृदय मे समझता जाता था। वह परम प्रसन्न हो गया और उनसे बोला—वरदान माँग लो। यह उसका वचन सुन कर उन्होने कहा—हम सब आपको नमस्कार करते हैं। यदि आप प्रसन्न होकर हमको वरदान देना चाहते हैं तो इस महान् आत्मा वाले आह्लाद के लिये सञ्जीवनी विद्या प्रदान कर दीजिये ॥६२ ६३॥

इति श्रुत्वा हृदि ध्यात्वा तानुवाच प्रसन्नधी ।
विद्या सजीविनी तुभ्य वर्षमात्र भविष्यति ।
तत्पश्चान्निष्फलीभूयागमिष्यति मदतिकम् ॥६४
अद्यप्रभृति भो वीर मया त्यक्तमिद जगत् ।
यत्र भर्तृहरि शिष्यस्तत्र गत्वा शये ह्यहम् ॥६५
इत्युक्त्वा सहिता यागी जग्मुस्ते रणमूर्द्धनि ।
जित्वा प्रवीरसिंह च वीरसिंह तथैव च ॥६६

हत्वा तस्यायुत सैं य लुण्ठयित्वा च तद्गृहम् ।
कृत्वा दासमय भूप लक्षण प्रययौ मुदा ॥६७
कोशल देशमागत्य जित्वा तस्य महीपतिम् ।
सैन्यायुत सूयधर करयोग्यमचीकरत् ॥६८
पोडशाब्दकर प्राप्य मुद्राकोट्ययुत मुदा ।
नैमिपारण्यमागम्य तत्रोपु स्नानतत्परा ॥६९
होलिकाया दिने रम्ये लक्षणो बलवत्तर ।
दत्वा दानानि विप्रेभ्यो महोत्सवमकारयत् ॥७०

यह श्रवण करके और हृदय म ध्यान करके वह प्रसन्न बुद्धि वाला गोरख उनसे बोला—यह सजीवनी विद्या तुमको एक वष भर को होगी इसके पश्चात् यह निष्फल हो जायगी और फिर यह मेरे पास ही लौट कर आ जायगी ॥६४॥ हे वीर ! आज स मैंने इस जगत् का त्याग कर दिया है । अब जहाँ पर मरा शिष्य भर्तृहरि है वहाँ जाकर मैं शयन करूँगा ॥६५॥ इतना उन सबसे कह कर वह योगी अन्तर्धान हो गया और व सब रण स्थल म आ पहुचे थे । फिर उन्होंने प्रवीरसिंह और वीरसिंह को जीतकर उसकी दस हजार सेना का वध कर दिया और उसक सम्पूण घर को लूट लिया । उस राजाको अपना पूण दास बना कर लक्षण वहाँ स बडा प्रसन्नता के साथ रवाना हो गया ॥६६ ६७॥ फिर इसक पश्चात् कोशल नामक देश म गया और वहाँ के महीपति को जीतकर एक अयुत सना से युक्त सूयधर को कर देन क योग्य बना दिया । ॥६८॥ वहाँ स सोलह वष का इकट्ठा कर दस सहस्र मुद्रा प्रसन्नता स प्राप्त की । फिर नैमिषारण्य म आकर वहाँ स्नान म तत्पर होकर निवास करन लग गये ॥६९॥ होला क सुन्दर दिन म बलवान् लक्षण न महोत्सव कराया और ब्राह्मणों को बहुत स दान दिये थ ॥७०॥

तदा वय च मुनय समाधिस्ताश्च भूपति ।
यदा स लक्षण प्राप्ता नमिपारण्यमुत्तमम् ॥७१
स्नात्वा सर्वाणि तीर्थानि मनप्य द्विजदवना ।
पा मनुब्जपुर जग्मुश्चचन्द्रगाटमीदिर ॥७२

इति ते कथित विप्र यथा दिग्विजयोभवत् ।
श्रृणु विप्र कथा रम्या बलखानिर्यथा मृत ॥७३
मार्गकृष्णस्य सप्तम्या भूमिराजो महाबल ।
महीपतेश्च वाक्येन सामत प्राह निर्भय ॥७४
मया श्रुतस्ते तनय शारदावरदर्पित ।
रक्तबीजत्वमापन्नस्त मे देहि कृपा कुरु ॥७५
इत्युक्तस्स तु सामन्तस्तेन राज्ञेव सत्कृत ।
चामु ड नाम तनय समाहूयाब्रवीदिदम् ॥७६
पुन त्व नृपते कार्यं सदा कुरु रणप्रिय ।
इति श्रुत्वा पितुर्वाक्य स वै राजानमब्रवीत् ॥७७
देह्याज्ञा भूपते मह्य शीघ्र जयमवाप्स्यसि ।
इति श्रुत्वा स होवाच बलखानिमहाबल ॥७८
मच्छिरीपवन छित्वा गृहीत्वा राष्टमुत्तमम् ।
सुस्थितो निर्भयो गेहे बहुशाली यतेंद्रिय ॥७९

उस समय मे हम सब और मुनिगण सब समाधि मे स्थित हो गये, जिस समय राजा लक्षण उस उत्तम नैमिषारण्य मे प्राप्त हुआ था ॥७१॥ वहाँ पर समस्त तीर्थो मे स्नान करके और द्विजों तथा देवो का सम्यक् प्रकार से तृप्त करके चैत्र माम की अष्टमी तिथि मे फिर वापिस कान्यकुब्ज देश को चले गये ॥७२॥ हे विप्र ! यह समस्त वृत्तात हमने तुमको सुना दिया है जैसे कि वह दिग्विजय हुआ था । हे विप्र ! अब तुम एक परम सुन्दर कथा का श्रवण करो, जिसम यह बताया जायगा कि बलखानि की मृत्यु किस प्रकार से हुई ॥७३॥ मार्गशीर्ष मास की कृष्ण पक्ष की सप्तमी म महान् बलवान् भूमिराज महीपति के वाक्य स निर्भय होकर सामन्त से बोला ॥७४॥ मैंने सुना है कि आपका पुत्र शारदा देवी के वरदान पाने स बडा घमण्डी है और रक्त-बीजत्व को प्राप्त हो गया है, आप उसको मुझे दे दो ऐसी कृपा अवश्य ही करिए ॥७५॥ इस प्रकार से कहा गया वह साम त उसके द्वारा राजा की ही भाति सत्कार किया गया । चामुण्ड नाम का जो पुत्र था, उसे बुना

कर उससे यह बोला—॥७६॥ हे पुत्र ! तू नृपति का कार्य सर्वदा निडर होकर कर, क्योंकि तू तो बहुत रणप्रिय वीर है। इस प्रकार के पिता के वाक्य सुन कर वह राजा से बोला ॥७७॥ हे भूपते ! आप मुझे आज्ञा प्रदान करें तो बहुत ही शीघ्र जय को प्राप्त हो जायेंगे। यह सुनकर वह बोला कि बलखानि महान् बलवान् है। उसने मेरा शिरीष वन काट कर और उत्तम राष्ट्र ग्रहण करके वह बहुशाली एवं यतेन्द्रिय घर मे निभय होकर सुस्थित हो रहा है ॥७८ ७६॥

यदि त्व बलखानि च जित्वा मे ह्यर्पयिष्यसि ।
हत्वा वा तस्य सकल राष्ट्र त्वयि भविष्यति ॥८०
इत्युक्त्वा रक्तबीज त समाहूय स्वक बलम् ।
सप्तलक्ष ददौ तस्मै स तत्प्राप्य मुदा ययौ ॥८१
उषित्वा त्रिदिन मार्गे शिरीषाख्यमुपागत ।
रुरोध नगरी सर्वां बलखानेर्महात्मन ॥८२
चामु डागमन श्रुत्वा बलखानिमहाबल ।
पूजयित्वा महामाया दत्त्वा दानान्यनेकश ।
लक्षसैन्येन सहित प्रययौ नगराद्बहि ॥८३
तस्यानुजो महावीरस्सुखखानिबलै सह ।
हरिणी ता समारुह्य शत्रुसैन्यमचिक्षिपत् ॥८४

यदि तुम उस महाबली बलखानि को जीत कर मुझे सौंप देगा अथवा उसे मार देगा तो उसका समस्त राष्ट्र तेरा ही हो जायगा अर्थात् तुझे दे दिया जायगा। उस रक्तबीज से यह कह कर अपनी सात लाख सेना उसको दे दी थी। वह भी उस सेना को प्राप्त करके प्रसन्नता से चल दिया था ॥८० ८१॥ वह तीन दिन तक मार्ग में पडाव डाल कर शिरीषाख्यपुर म पहुँच गया। उसने फिर महात्मा बलखानि की जो पुरी थी, उसका सब ओर से घेरा डाल दिया था ॥८२॥ चामुण्ड का आगमन सुन कर महान् बल वाले बलखानि ने महामाया देवी का पूजन किया और अनेक प्रकार के दान विप्रों को दिये थे। फिर वह एक लाख सेना लेकर नगर से बाहिर आया था ॥८३॥ उस बलखानि का छोटा

भाई सुखखानि था, वह भी एक महान् वीर था। वह सेना के साथ हरिणी पर समारूढ होकर वहां पहुँचा और शत्रु की सेना पर टूट पडा ॥८४॥

बलखानि कपोतस्थो नाशयित्वा रिपोर्बलम् ।
लक्षसैन्य मुदा युक्तश्चामु ड प्रति चागमत् ॥८५
तयोश्चासीन्महद्युद्ध स्वस्वसैन्यक्षयकरम् ।
अहोरात्रप्रमाणेन निहता क्षत्रिया रणे ॥८६
प्रात काले तु सप्राप्ते कृत्वा स्नानादिका क्रिया ।
जग्मतुस्तौ रणे वीरौ धनुर्बाणविशारदौ ॥८७
रथस्थो वलखानिश्च चामुण्डो गजपृष्ठग ।
चक्रतुस्तुमुल घोर नरविस्मयकारकम् ॥८८
बाणैर्बाणाश्च सछिद्य देवीभक्तौ च तौ मुदा ।
अन्योन्य वाहने हत्वा भूतलत्वमुपागतौ ।
खड्गचर्मधरौ वीरौ युयुधाते परस्परम् ॥८९
यावन्तो रक्तबीजाङ्गात्सजाता रक्तबिंदव ।
तावन्त पुरुषा जाता रक्तबीजपराक्रमा ॥९०
तैश्च वीरैर्मदोन्मत्तैर्बलखानिस्समतत ।
सरुद्धोऽभूद्भृगुश्रेष्ठ शारदा शरण ययौ ॥९१

बलखानि कपोत नामक वाहन पर समास्थित था। उसने शत्रु की सेना का नाश किया, जो कि एक लाख थी। फिर प्रसन्नता से वह चामुण्ड की ओर आया ॥८५॥ उन दोनो का महान् युद्ध हुआ, जो अपनी अपनी सेनाओ के क्षय का करने वाला था। वह युद्ध एक अहोरात्र पर्यन्त हुआ और उस रण में क्षत्रिय बहुत से मारे गये थे ॥८६॥ प्रात काल के सम्प्राप्त होने पर स्नान आदि की क्रिया समाप्त करके धनुर्बाण के चलाने की विद्या के परम पण्डित वे दोनो वीर युद्धस्थल में गये थे ॥८७॥ बलखानि तो अपने एक रथ में बैठा हुआ था और चामुण्ड हाथी की पीठ पर समारूढ था। उन दोनो ने फिर ऐसा घोर तुमुल युद्ध किया कि वह मनुष्यो को एकदम विस्मय में डाल देने वाला था ॥८८॥ ये दोनो ही देवी के परम भक्त थे। उनने बाणों से बाणो को काट कर

बडे ही आनन्द से एक दूसरे के वाहनो को मार डाला और फिर वे इस भूमि पर उतर आये थे। दोनो ही वीर खड्ग और चर्म (ढाल) के धारण करने वाले थे और दोनो आपस मे युद्ध कर रहे थे।।८६।। रक्तबीज के अ ग से जितनी ही रक्त की बूंदे निकली थी, उतने पुरुष वही उत्पन्न हो गये थे जो कि रक्तबीज के तुल्य ही पराक्रम वाले थे ।।६०।। उन मद से उन्मत्त वीरो ने बलखानि को चारो ओर से सरुद्ध कर लिया। हे भृगु-श्रेष्ठ ! तब वह बलखानि शारदा देवी की शरण म गया था ।।६१।।

एतस्मिन्नतरे वीर सुखखानिस्ततोऽनुज ।
आग्नेय शरमादाय रक्तबीजानदाहयत् ।।६२
पुरा तु सुखखानिश्च हव्यैर्देव च पावकम् ।
पचाब्दान्पूजयामास तदा तुष्टस्वय प्रभु ।।६३
पावकीय शर रम्य शत्रुसहारकारकम् ।
ददौ तस्मै प्रसन्नात्मा तेनासावभवज्जयी ।।६४
बलखानिस्तु बलवानदृष्ट्वा शत्रुविनाशनम् ।
पराजित च चामुण्ड बद्ध्वा गेहमुपागतम् ।।६५
कृत्वा नारीमय वेष स भीतो ब्रह्महत्यया ।
दोलामारोप्य बलवान्प्रेषयामास मान्वे ।।६६
हतशेष पचलक्ष सैन्य गत्वा च देहलीम् ।
वृत्तान्त कथयामास यथा जातो महारण ।।६७
नारीवेष च चामुण्ड स दृष्ट्वा पृथिवीपति ।
क्रोधाविष्टश्च बलवान्महीपतिमुवाच ह ।।६८

इस बीच मे वीर सुखखानि ने जो कि बलखानि का छोटा भाई था, आग्नेय अस्त्र ग्रहण किया और जो भी रक्तबीज वहाँ पर थे उनको उससे जला दिया था ।।६२।। पहिले सुखखानि ने द्रव्यो के द्वारा पावक देव की पाँच वर्ष पर्यन्त पूजा की, तब वह देव प्रभु स्वय प्रसन्न हुए थे ।।६३।। उनने परम प्रसन्न होकर एक अत्यन्त सुन्दर पावकीय शर उसको प्रदान किया, जो कि शत्रुओ का सहार करने वाला था, उससे ही यह जयी हो गया ।।६४।। बलवान् बलखानि ने शत्रु के विनाश को देखकर घर म प्राप्त पराजित चामुण्ड को बाँध कर उसका नारीमय

वेप करक, ब्रह्महत्या से भीत होकर उसको एक दोला में बिठा कर बलवान् ने शत्रु के पास ही भेज दिया ॥९५-९६॥ मरने से बची हुई सेना के सैनिको न देहली समस्त वृत्तात कह सुनाया, जिस तरह से वह युद्ध वहा पर हुआ था ॥९७॥ पृथ्वीपति ने नारी के वेप वाले चामुण्ड को देख कर वह बहुत ही क्रोध म आविष्ट हो गया । फिर वह महीपति से बोला ॥९८॥

कथ जयो मे भविता सुखखानौ च जीविते ।
श्रुत्वा महीपति प्राह च्छद्मना कार्यमाकुरु ॥९९
ब्राह्मी माता तयोर्ज्ञेया शुद्धा सैव पतिव्रता ।
दूतीभि कारण ज्ञात्वा पुनर्युद्ध कुरुष्व भो ॥१००
इति श्रुत्वा महीराजो दूतीस्ताश्छलकोविदा ।
आहूय प्रेपयामास बलखानिगृह प्रति ॥१०१
ब्राह्मण्यस्तास्तदा भूत्वा बलखानिगृह ययु ।
ससुता ता व्रशस्याशु पप्रच्छुर्विनयान्विता ॥१०२
तव पुत्रौ महावीरौ दिष्टया श क्षयकरौ ।
तयोर्मृत्यु कथ भूयाज्जीवता शरदा शतम् ॥१०३
तदा ब्राह्मी वच प्राह पावकीय शर. शुभ ।
सुखखानेर्जीवकरो बलखाने पदाह्वक ॥१०४
इति ज्ञात्वा तु ता दूत्य प्रययुर्देहली प्रति ।
कथयित्वा नृपस्याग्रे धन प्राप्य गृह ययु ॥१०५
महीराजस्तु तच्छ्रुत्वा महादेवमुमापतिम् ।
पार्थिवे पूजन चक्रे सहस्रदिवसान्मुदा ॥१०६

सुखखानि जब तक जीवित है मेरा जय कैसे हो सकता है । महीपति ने यह सुन कर कहा—छल से काय करना चाहिये ॥९९॥ उन दोनों की माता ब्राह्मी है जो परम शुद्ध पतिव्रता जाननी चाहिए । दूतियो के द्वारा कारण को जान कर फिर युद्ध करो ॥१००॥ यह सुन कर महीराज न उन दूतियों को जो कि छल के काय करन म बहुत ही प्रवीण थीं बुलाया और उन्हे बलखानि के घर की ओर के प्रेषित कर

दिया ।।१०१।। वे उस समय ब्राह्मणी बन कर ही बलखानि के घर में गयी। उन्होंने सुता के साथ उसकी प्रशंसा करके विनय से युक्त होकर पूछा था ।।१०२।। आपके दोनों पुत्र महान् वीर हैं, जो कि शत्रुओं का क्षय करने वाले हैं, यह बड़ी प्रसन्नता की बात है। सैंकड़ों वर्ष तक जीवित रहते हुए उन दोनों की मृत्यु फिर किस तरह होगी? ।।१०३।। तब उस ब्राह्मी ने यह वचन कहा—पावकीय बड़ा ही शुभ शर है, जो कि सुखखानि के जीवन का करने या रखने वाला है और बलखानि का पदाह्लक है ।।१०४।। इस प्रकार से यह सब बातें जान कर वे दूतियाँ देहली के प्रति वापिस चल दी। उन्होंने नृप के समक्ष में सब कह दिया और बहुत-सा धन प्राप्त करके वे अपने घरों में चली गई थी ।।१०५।। महीराज ने यह सुन कर उमा के पति महादेव का पार्थिवों के द्वारा एक सहस्र दिन तक प्रसन्नता से पूजन किया था अर्थात् शिव का पार्थिव पूजन किया था ।।१०६।।

।। महावती का युद्ध वर्णन ।।

श्रावणे मासि संप्राप्ते देहलीं च महीपतिः।
नागोत्सवाय प्रययौ सदैव कलहप्रियः ।।१
दृष्ट्वा नागोत्सवं तत्र गीतनृत्यसमन्वितम्।
महीराज्यं नमस्कृत्य वचन प्राह नम्रधीः ।।२

राजन्महावतीग्रामे कीर्तिसागरमध्यगे।
वामनोत्सवमत्यं तं यवव्रीहिसमन्वितः।
पश्य त्वं तत्र गत्वा च ममैव वचनं कुरु ।।३

इति श्रुत्वा महीराजो धुंधुकारेण संयुतः।
सप्तलक्षबलैर्युक्तश्चामुण्डेन समन्वितः।
प्राप्तः शिरीषविपिने तत्र वासमकारयत् ।।४

महीपतिस्तु नृपतिं नत्वा वै चन्द्रवंशिनम्।
उवाच वचनं दुःखी धूर्तो मायाविशारदः ।।५

राजन्प्राप्तो महीराजो युद्धार्थी त्वामुपस्थित ।
चन्द्रावली च तनया ब्रह्मानद तवात्मजम् ।
दिव्यलिंग स सपूज्य बलात्कारादगृहीष्यति ॥६
तस्मात्त्व स्वबलै सार्द्ध मया सह महामते ।
छद्मना त पराजित्य नगरेऽस्मिन्सुखी भव ॥७

इस अध्याय म महावती पुरी म युद्ध के वृत्तात का वर्णन किया जाता है । सूतजी ने कहा—श्रावण मास के प्राप्त हो जाने पर सदा ही कलह से प्यार करने वाला महीपति नागोत्सव के देखने के लिये देहली चला गया था ॥१॥ वहाँ पर नागोत्सव को देख कर जो कि गीत और नृत्य से युक्त सम्पन्न हुआ, फिर उस महीपति ने महीराज को नमस्कार करके नम्रता के साथ यह वचन कहा था ॥२॥ हे राजन् कीर्त्तिसागर के मध्य मे रहने वाले महोवती ग्राम मे जो वामनोत्सव होता है वह अत्यन्त ही अच्छा है । यवव्रीहि समन्वित होकर आप वहाँ जाकर उसे देखें । यह मेरा वचन आप अवश्य ही करें ॥३॥ यह सुन कर महाराज धुंधुकार से युक्त होकर सात लाख सेना लेकर और चामुण्ड से समन्वित होकर शिरीष वन मे प्राप्त हो गया था । वहाँ पर उसने निवास कराया था ॥४॥ वहाँ पर भी महीपति पहुँच गया और चन्द्रवशी राजा को प्रणाम करके उसने उससे कहा—जो बहुत ही दुखी, धूर्त्त और माया का पण्डित था ॥५॥ हे राजन् ! महीराज युद्ध करने की इच्छा लेकर यहाँ तुम्हारे पास आ गया है । यह अब आपकी चन्द्रावली कन्या को तथा आपके पुत्र ब्रह्मानन्द को दिव्य लिंग की पूजा करके बलात्कार पूवक छीन कर ले जायगा ॥६॥ इसलिए हे महामते ! आप अपनी सेना के साथ मेरे सहयोग के द्वारा छल से उसे पराजित कर दो और फिर अपने इस नगर मे परम सुख के साथ निवास करियेगा ॥७॥

इति श्रुत्वा दैववशो राजा परिमलो बली ।
चतुर्लक्षबलैस्सार्द्ध निशीथे च समागत ॥८

शयितान्क्षत्रियाञ्छूरान्हत्वा पचसहस्रकान् ।
शतघ्नी रोपणी चक्र बहुशूरविनाशिनीम् ॥९

तदोत्थाय महीराज कटिमाबध्य सभ्रमात् ।
वैरिण परम मत्वा महद्युद्धमचीकरत् ॥१०

युद्धच त्यो सेनयोस्तत्र मलना पुत्र गृद्धिनी ।
शारदामादराद्गत्वा पूजयामास भक्तित ॥११

देविदेवि महादेवि सवदु खविनाशिनि ।
हर मे सकला बाधा कृष्णाश बोधयाशु च ॥१२

जप्त्वायुतमिम मन्त्र हुत्वा तर्पणमाजने ।
कृत्वा सुष्वाप तद्देशमस्तदा तुष्टा स्वय शिवा ॥१३

मलने महती बाधा क्षय यास्यति मा शुच ॥१४

यह सुनकर देव के वशीभूत बली परिमल राजा अपनी चार लाख सेना के साथ आधी रात में वहा आगया ।।८।। वहा सोते हुए पाच सहस्र क्षत्रियो को मार दिया था। फिर बहुत से शत्रुओ का विनाश करने वाली शतघ्नी को रोपणी किया अर्थात् तोप चलाई। तब महीराज ने सम्भ्रम से उठकर कटि को बाधकर उसे परम वैरी मान कर उस से महान युद्ध किया था ।।९ १०।। वहा पर दोनो सेनाओ के युद्ध करने पर मलना बिचारी पुत्र की दुखिया ने शारदा के पास जाकर बड ही आन्द से और भक्ति के भाव से उसका पूजन किया ।।११।। हे देवि ! हे महादेवि ! तू सबके दु खो का विनाश करने वाला है। इस समय मेरी सम्पूण बाधा का हरण करो और शीघ्र ही कृष्णाश को यह बात जतलादे ।।१२।। उसने इस मन्त्र को दस हजार बार जप करके फिर हवन किया और यथाविधि तपण तथा माजन भी किया। वहा उस रात्रि म वही पर सो गई। तब शिवा प्रसन्न हुई और स्वय आकर कहा—हे मलन ! तेरी महती बाधा क्षय को प्राप्त हो जायगी तू इसकी चिता मत करे ।।१३ १४।।

इत्युक्त्वा शारदा देवी कृष्णांश प्रति चागमत् ।
पुत्र ते जननी भूमिमहीराजेन पीडिता ।
क्षय यास्यति शीघ्र च तस्मात्त्व ता समुद्धर ।।१५
इति श्रुत्वा वचो देव्यास्स वीरा विस्मयान्वित ।
देवकी प्रति सप्राप्त कथयामास कारणम् ।।१६
सा तु श्रुत्वा वचो घोर स्वणवत्या समन्विता ।
रुरोद भृशमुद्विग्ना विलप्य बहुधा सती ।।१७
कृष्णाशस्तु तदा दु खी देवसिंहमुवाच ह ।
किं कतव्य मया वीर देह्याज्ञा दारुणे भये ।।१८
तच्छ्रुत्वा तन सहितो लक्षणेन समन्वित ।
ययौ दिग्विजयार्थेन व्याजेन च महावतीम् ।।१९
तालनो भीमसेनाश्च सेनापतिरुदारधी ।
सप्तलक्षबलैस्सार्द्धं विनाह्लादेन सययौ ।।२०
कल्पक्षेन मुपागम्य योगिनस्ते तदाभवन् ।
सेना निवेशयामास विपिन तत्र दारुणे ।।२१

मनना से इतना कहकर वह शारदा देवी कृष्णाश के प्रति गई वह उसने कृष्णाश से कहा—हे पुत्र ! तेरी जननी भूमि इस समय और महीराज के द्वारा सताई हुई है। वह शीघ्र ही क्षय को प्राप्त हो जायगी। इसलिये तू शीघ्र ही उसका उद्धार कर ।।१५।। देवी के इस तरह के वचनों को सुन कर वह वीर अत्यंत ही विस्मित हो गया और देवकी के पास जाकर समस्त कारण उसने कह सुनाया ।।१६।। उसने इन घोर वचन को सुनकर स्वणवती से समन्वित होकर अत्यन्त उद्विग्न होती हुई रुदन करने लगी और सती ने बहुत सा विलाप करके बडी ही पीडा प्राप्त की थी ।।१७।। कृष्णाश भी उस समय बहुत दुखित हुआ और देवसिंह से बोला—हे वीर ! मुझे इस समय क्या करना चाहिए। बडा ही दारुण भय उपस्थित है इस विषय में मुझे आप ही आज्ञा दें। १८।। यह सुनकर उसके साथ और लक्षण से समन्वित होकर दिग्विजय के करने के बहाने से वह महावती को गया ।।१९।।

भीम सेनाश तालन जो कि अत्यन्त उदार बुद्धि वाला सेनापति था सात लाख सेना के साथ आह्लाद के बिना वहा गया ॥२०॥ कल्प क्षेत्र मे पहुच कर उस समय वे योगी हो गये थे अर्थात् योगियो का वेष धारण कर लिया। वहा उस दारुण विपिन मे जो सेना थी उसम निवेश किया ॥२१॥

कृष्णाशस्तालनो देवो लक्षणो बलवत्तर ।
गृहीत्वा लास्यवस्तूनि युद्धभूमिमुपागमन् ॥२२
सप्ताह च तयोर्युद्ध जात मृत्युविवर्द्धनम् ।
सप्तमेऽहनि ते वीरास्सम्प्राप्ता रणमूर्द्धनि ॥२३
तस्मिन्दिने महाभाग मह ुद्धमवतत ॥२४
दृष्ट्वा पराजित सैन्य राजा परिमलो बली ।
रथस्थश्चापमादाय महीराजमुपाययौ ॥२५
यादवश्च गजारूढस्तदा चद्रावलीपति ।
धु धुकार समाहूय धनुयु द्धमचीकरत् ॥२६
हरिनागरमारुह्य ब्रह्मानदो महाबल ।
तारक शत्रुमाहूय धनुर्युद्ध चकार ह ॥२७
मदन राजपुत्र च रणजिद्गजसस्थित ।
स्वशरैस्ताडयामास सत्सुत च जघान ह ॥२८

कृष्णाश तालन देवसिह और बलवान लक्षण इन सबने लास्य की वस्तुए ग्रहण कर युद्ध भूमि मे फिर ये सब पहुच गये थे ॥२२॥ सातदिन तक उन दोनो का मौतो का बढाने वाला महान् युद्ध हुआ था। सातवे दिन मे वे वीर रण के माथ पर सम्प्राप्त हो गये थ ॥२३॥ हे महाभाग ! उसदिन मे महान् युद्ध हुआ ॥२४॥ राजा परिमल सैन्य को पराजित देखकर रथ मे स्थित हो कर धनुष लेकर महीराज के समीप में प्राप्त होगया ।॥२५॥ उस समय चन्द्रावली का पति यादव हाथी पर आरूढ था। धुधुकार को बुलाकर धनुयुद्ध किया था ॥२६॥ महान् बलवान ब्रह्मानन्द ने हरि नागर पर स्थित होकर तारक शत्रु को बुला कर उनसे धनुयुद्ध किया था ॥२७॥ गजपर सस्थित रणजित

ने मर्दन राजपुत्र को बुला कर उसके साथ धनुर्युद्ध किया। उसने अपने शरो के द्वारा प्रहार किये और उसके पुत्र का हनन कर दिया ॥२८॥

रूपणो वै सरदन हयारूढो जगाम ह ।
आभीरीतनयो जातो मदनो नाम वै बली ।
नृहर राजपुत्र च शखाशश्च जगाम ह ॥२९
तेषु सग्राममेतेषु चामुण्डोऽयुतसैन्यप ।
महीपतेश्च वचन मत्वा नगरमाययौ ॥३०
ददर्श नगरी रम्या चतुर्वर्णसमन्विताम् ।
धनधान्ययुता वीरो देवीभक्तिपरायण ॥३१
महीपतिस्तु वै धूर्तो दुर्गद्वारि समागत ।
चामुण्डेन युत पापी राजगेहमुपाययौ ॥३२
मलना भ्रातर दृष्ट्वा वचन प्राह दु खिता ।
भाद्रकृष्णाष्टमी चाद्य यवव्रीहि गृहे स्थितम् ॥३३
न प्राप्त जलसस्थाने सुपुण्ये कीर्तिसागरे ।
महीराजो महापापी वामनोत्सवमागत ॥३४
विनाह्लाद च कृष्णाश महद्दु खमुपागतम् ।
इत्युक्तस्स विहस्याह ब्राह्मणोऽय महाबली ।
कान्यकुब्जात्समायात कृष्णाशेन प्रयोजित ॥३५

रूपण हय पर आरूढ होकर सरदन पर गया। आभीरी का तनय, मदन नाम वाला बली उत्पन्न हुआ। राजपुत्र नृहर के समीप युद्ध करने के लिये शखाश गया ॥२९॥ इन सबके सग्राम में व्यग्र रहने पर एक अयुत सेना का स्वामी चामुण्ड महीपति के वचन मानकर नगर म आगया था ॥३०॥ उसने चारो वर्णों के लोगो से समन्वित रम्य नगरी को देखा था जो कि धन धान्य से परिपूर्ण थी। वहा देवी भक्ति मे परायण वीर था ॥३१॥ धूर्त महीपति तो दुर्ग के द्वार पर आगया था और चामुण्डा से युक्त वह पापी राज गृह म आ गया था ॥३२॥ मलना ने जब भाई को देखा तो वह

अत्यन्त दुःखित होकर उसने बोली—आज भाद्रपद की कृष्णाष्टमी है और यज्ञ यहाँ ही गृह में किया है ॥३३॥ गुरु ने जो धन का सम्मान किया सागर है, उसमें यह प्राप्त नहीं हुआ। महान् पापी महीराज कामोन्मत्त में आ गया है ॥३४॥ ब्राह्मण और कृष्णांश के बिना यह महान् दुःख उपस्थित हो गया है। इस प्रकार से कहे जाने वाला यह हँसकर बोला—यह ब्राह्मण महान् बलवान् है और गायकुल में आया है जिसे कृष्णांश ने ही भेजा है ॥३५॥

देवीदत्तश्च नाम्नाऽयं स ते कार्यं करिष्यति ।
श्रुत्वा चन्द्रावली देवी सर्वभूषणसंयुता ॥३६
कामाग्निपीडितं विप्रं चामुण्डं सा ददर्श ह ।
मातरं प्रति चागम्य वचनं प्राह निर्भरम् ॥३७
धूर्तोऽयं ब्राह्मणो मातर्निश्चयं मां हरिष्यति ।
कोऽयं वीरो न जानामि कथं यामि पतिव्रता ॥३८
इति श्रुत्वा वचस्तस्या लज्जितस्स महीपतिः ।
चामुण्डेन युतः प्राप्तो यत्राभूत्स महारणः ॥३९
एतस्मिन्नन्तरे ते वै ब्रह्माद्यास्तैः पराजिताः ।
त्यक्त्वा युद्धं गृहं प्राप्ताः खिलक्षबलसंयुताः ॥४०
कपाटं सुदृढं कृत्वा महाचितामुपाययुः ।
महीराजस्तु बलवान्महीपत्यनुमोदितः ॥४१
प्रमदावनमागत्य षष्टिलक्षबलान्वितः ।
जुगोप तत्र बलवान्माननोत्सवहेतवे ॥४२

इसका नाम देवीदत्त है और यह तेरा कार्य कर देगा। चन्द्रावली देवी ने यह सुन कर समस्त भूषणों से वह संयुक्त हो गई थी ॥३६॥ उसने देखा कि वह विप्र चामुण्ड कामाग्नि से पीडित हो रहा है। उसने अपनी माता से कहा कि यह ब्राह्मण तो बहुत बड़ा धूर्त्त है और निश्चय ही यह मेरा हरण कर लेगा। यह वास्तव में कौन वीर है, यह भी मैं नहीं जानती हूँ। मैं पतिव्रता नारी इसके साथ कैसे जा सकती हूँ ॥३८॥ उसके इस वचन को सुन कर महीपति अत्यन्त लज्जित

हो गया था और वह चामुण्ड के साथ वहाँ पर आ गया था जहाँ पर यह महारण हुआ था ॥३६॥ इसी बीच मे उनके द्वारा पराजित ब्रह्मादि युद्ध को छोड कर तीन लाख सेना से सयुत घर मे प्राप्त हो गये थे ॥४०॥ किवाडो को खूब दृढता से बन्द करके वे सब महाचिन्ता को प्राप्त हुए थे। महीपति के द्वारा अनुमोदन प्राप्त कर बलवान् महीराज प्रमदावन मे आकर साठ लाख सेना से युक्त होकर वहाँ मानोत्सव हेतु के लिए रक्षा करता था ॥४१-४२॥

तालनाद्याश्च चत्वार. शिरीषाख्यपुर ययु ।
स्थलीभूत च त ग्राम दृष्ट्वा ते विस्मयान्विता. ।
प्रययुस्ते सुखभ्रष्टा ददृशुर्हिमद मुनिम् ॥४३
प्रणम्योचु शुचाविष्टा बलखानिर्मुने बली ।
क्व गत: समरश्लाघी स च कुनागरैर्युत ॥४४
श्रुत्वाह हिमदो योगी महीराजेन नाशित: ।
छद्मना बलखानिश्च तस्येय सुन्दरी चिता ॥४५
इति श्रुत्वा वचो घोर कृष्णाश: शोकतत्पर: ॥४६
विललाप भृश तत्र हा बन्धो धर्मजाशव ।
त्वदृते भूतले वासो ममानीव भयकर' ॥४७
दर्शन देहि मे क्षिप्रं नो चेत्प्राणास्त्यजाम्यहम् ॥४८
इत्युक्त' स तु तद्भ्राता बलखानि. पिशाचग' ।
सपत्नीकस्समायातो रोदन कृतवान्बहु ।
कथयित्वा सर्ववृत्तान्त यथाजान स्ववैशसम् ॥४९

तालन आदि जो चार थे वे सब शिरीषाख्यपुर को चले गये थे। उस ग्राम को स्थलीभूत देख कर वे बहुत ही अधिक विस्मय को प्राप्त हुए थे। वे सब सुख से भ्रष्ट होकर चले गये थे और उन्होंने हिमद मुनि का दर्शन किया ॥४३॥ शोक से आविष्ट वे प्रणाम करके बोले— हे मुने! वली बलखानि, जो समरश्लाघी था, कहाँ चला गया है? क्योंकि वह कुनागरों से युक्त था ॥४४॥ यह सुन कर हिमद योगी ने कहा, बलखानि को तो महाराज ने छल से नाशित कर दिया है और

उसकी सुदरी चिता है ॥४५॥ इस प्रकार के उसके अतिघोर वचन श्रवण कर कृष्णाश शोक से तत्पर होगया था ॥४६॥ कृष्णाश वहा बहुत अधिक विलाप करने लगा–हावन्धो ! हे धर्म नाशक ! तुम्हारे बिना तो अब इस भूतल म मेरा वास अत्यन्त ही भयकर होगया है ॥४७॥ आप मुझे शीघ्र ही दर्शन दो अन्यथा मैं भी अपने प्राणा को त्याग देता हूँ ॥४८॥ ऐसा कहा गया वह उसका भाई वलखानि पिशाच क रूप वाला पत्नी के सहित वहा आगया और उसने बहुत रुदन किया था। उसने अपना समस्त वृत्तान्त वह सुनाया था जिस तरह वह अपन वैशस को प्राप्त हुआ था ॥४९॥

दिव्य विमानमारुह्य गतो नाक मनोरमम् ।
युधिष्ठिर तस्य कला वलाखानर्लय गता ॥५०
तदा दु खीहकृष्णाश कृत्वा भ्रातुस्तिलाजलिम् ।
महावती समागत्य राजगहमुपाययौ ॥५१
वणुवादर कृष्णाशो ननर्त जनमोहन ।
वीणाप्रवाद्य च जगौ तालनो यागिरूपधृक् ॥५२
मृदगध्वनिना देवो लक्षण वास्यवाद्यक ।
गुम्बर न जगौ तत्र श्रुत्वा राजा विमोहित ॥५३
तदा तु मलना राणी दृष्ट्वा तद्वागतो गवम् ।
रुदित्वा वचन प्राह क गता म प्रियकर ॥५४
कृष्णाना च पुनस्त्विस्त्यक्त्वा मा मन्दभागिनाम् ।
त्वया विरहिता दशो महाराजेन सु ठित ॥५५
दशुर्ता मलना दृष्ट्वा कृष्णांश सोऽब्रवीत ।

तिलाञ्जलि दी थी। और फिर महावती मे पहुँच कर राजगृह मे प्राप्त हुआ था ॥५१॥ वहाँ कृष्णाश वेणु के शब्द के साथ नाचने लगा था जोकि समस्त जगत् का मोहन करने वाला था। वेणु प्रवाद्य को तालन ने गाया था जोकि एक योगी के रूप को धारण किये था ॥५२॥ मृदङ्ग की ध्वनि से देवसिंह तत्पर था और लक्षण कास्य वाद्य को बजा रहा था। इस तरह से वहा सुस्वर से गान किया था कि उसे सुन कर राजा विमोहित हो गया था ॥५३॥ उस समय रानी मलना उस वामनोत्सव को देखकर रोदन करके यह वचन बोली—मेरा प्रियकर कहा चलागया है। वह कृष्णाश अपने भाई के सहित मुझ मन्द भागिनी का त्याग कर कहा चला गया है? हे पुत्र! आज तेरे द्वारा विरहित यह देश महीराज के द्वारा लूट लिया गया ॥५४ ५५॥ इस प्रकार से कहने वाली मलना को देख कर कृष्णाश स्नेह से अत्यन्तकातर हो उठा और नम्रात्मा होकर यह वचन बोला—हे देवि! तू वचन वरदे ॥५६॥ हे राज्ञि! यद्यपि हम सब योगी लोग हैं किन्तु सभी युद्ध की विद्या के महा पण्डित हैं। तरे इस समस्त कार्य का करके ही हम नैमिषारण्य को जायेग ॥५७॥

ये यवग्रीहयश्रं व तव सद्मनि सस्थिता ।
गृहीत्वा योपितम्सर्वा गच्छ तु सागरान्तिकम् ।
वय तु योगसैन्येन तव रक्षा च कुर्महे ॥५८
इति श्रुत्वा वचस्तस्य तत्सुता च पतिव्रता ।
मातर वचन प्राह कृष्णाशोऽय न नर्तक ॥५९
पुण्डरीकनिभे नत्रे श्यामाग तस्य सुन्दरम् ।
कृष्णाशेन विना मात को रक्षार्थं क्षमो भुवि ।
दुजयश्च महीराज कृष्णाशेन विनिर्जित ॥६०
इति तद्वचन श्रुत्वा मलना प्रेमविह्वला ।
यवग्रीहयो निष्कास्य यापिता स्यापिता वरे ॥६१
जगुस्ता यापिनस्सर्वा कृष्णाशचरित शुभम् ।
लक्षण शीघ्रमागम्य योनियपान्स्वसैनिका ।

सज्जीकृत्य स्थितस्तत्र तालनाद्यै सुरक्षित ॥६२
कीर्तिसागरमागम्य ते वीरा बलदर्पिता ।
रुरुधु सर्वतो नारीर्दोलायुतमितस्थिता ॥६३

जो ये यव व्रीहि तेरे घर मे सस्थित हैं उन्हें समस्त स्त्रिया लेकर सागर के ममीप म जावें। हम योग की सेना से तुम्हारी रक्षा करते हैं ॥५८॥ इस तरह वे उसके वचन को सुन कर पतिव्रता उसकी पुत्री अपनी माता से बोली—यह कृष्णाश ही है नाचने वाला नर्तक नही है। ॥५९॥ इसके पुण्डरीक के सदृश नेत्र है और श्याम अग है। जोकि अत्य त सुन्दर दिखाई दे रहा है। हे माता! कृष्णाश के बिना इस भूमण्डल म कौन है जो रक्षा करने के काय मे समर्थ हो सके। कृष्णाश के द्वारा विनिर्जित महीराज दुजय है ॥६०॥ उसके इस वचन को सुन कर मलना प्रेम स विह्वल होगई थी। उसन यवव्रीहि निकाल कर योषितो के हाथो म स्थापित कर दिया था ॥६१॥ उन समस्त स्त्रियो ने कृष्णाश के शुभ चरित का गान करने लगी थी लक्षण न शीघ्र आकर योनिवेष वाले सैनिको को तैयार करके तालन आदि के द्वारा सुरक्षित होता हुआ वहा पर स्थित हो गया था। वे समस्त वीर बलसेदर्पित होकर कीर्ति सागर पर आकर स्थित हो गय और उन्होने दोलायुत मित स्थित हाकर नारियो को सब ओर स अवरुद्ध कर लिया था ॥६३॥

महीपतिस्तुन्दुल्हा ज्ञात्वा कृष्णाशमागतम् ।
चन्द्रवशिनमागम्य सपुत्रश्च ररोद ह ॥६४
योगभिस्तैर्महाराज लु ठिता सर्वयोषित ।
मलना सहृता तत्र तथा चन्द्रावली सुता ॥६५
महीराजस्य त सैन्या योगिवपा स्समागता ।
तारकाय सुता प्रादा महीराजाय मत्स्वगाम् ॥६६
इति श्रुत्वा वचो घोर ब्रह्मानन्दो महाबल ।
लक्षलक्षयाविनस्तत्र ययौ गोपनमविन ॥६७
महीराजमुपलहीं मे या मुरम नरगज ।
रक्षिन रामगरा तथा रणजिता ययौ ॥६८

तयोश्चासीन्महद्युद्ध सेनयोरुभयोर्भुवि ।
तालनो योगिवेषश्च ब्रह्मानदमुपाययौ ॥६८
लक्षणश्चाभय शूर देवसिहो महीपतिम् ।
जित्वा बद्ध्वा च मुदितौ कामसेनस्समागत: ॥७०

कुल के हनन करने वाले महीपति ने यह जान कर कि कृष्णाश आगया है चन्द्रवशी के पास आकर वह पुत्र के सहित रोने लगा था ।६४॥ हे महाराज ! उन योगियो ने समस्त स्त्रियो को लूट लिया है । उनमे मलना और उसकी पुत्री चन्द्रावली भी सहृत होगई हैं ॥६५॥ वे सब महीराज के ही सैनिक हैं जो योगियो के वेष मे आये हुए हैं । तारक के लिये तो सुता को दे दिया है और मेरी बहिन को महीराज के लिये दे दिया ॥६६॥ इस प्रकार के घोर वचन सुन कर महान् बल-वान् ब्रह्मानन्द एक लाख सेना से समन्वित होकर वहाँ पर क्रोध मे पूर्णतया भरकर गया था ॥६७॥ महीराज तो कलही था ही एक अयुत सैन्य से कामसेन के द्वारा रक्षित और रणजित् गया था । भूमि पर उन दोनो सेनाओ मे उन दोनो का महान् युद्ध हुआ था । योगी के वेष वाला तालन ब्रह्मानन्द पर युद्ध करने के लिए आगया था ॥६८-६६॥ लक्षण अभय शूर से और देवसिह महीपति से युद्ध करके उन्हे जीत कर तथा बाँधकर आनन्दित हुए थे । फिर कामसेन आगया था ॥७०॥

लक्षण: कामसेन च देवो रणजित तदा ।
बद्धा तत्र स्थितौ वीरौ शत्रुसैन्यक्षयकरौ ॥७१
एतस्मिन्नतरे ब्रह्मा बद्धा वै तालन बली ।
लक्षणान्तमुपागम्य धनुर्युद्धमचीकरत् ॥७२
लक्षण छिन्नधन्वान पुनर्बद्धा महाबल. ।
देवसिहमुपागम्य मूर्छित त चकार ह ॥७३
हाहाभूते योगि सैन्ये प्रद्रुते सर्वतो दिशम् ।
कृष्णाशो योषितस्सर्वा वचन प्राह नम्रधी. ॥७४
ब्रह्मानन्दोऽयमायातो मम सैन्य क्षयकर ।
तस्माद्यूय मया सार्द्ध गच्छताशु च त प्रति ॥७५

इत्युक्त्वा तास्समादाय ब्रह्मानन्दमुपाययौ ।
तयोश्चासीन्महद्युद्धं नर नारायणांशयोः ॥७६
कृष्णांशस्तत्र वलवान्नमोमार्गेण तं प्रति ।
रथस्थं च समागम्य मोहयामास सोऽसिना ॥७७

लक्षण ने कामसेन को और देव ने रणजित् को बाँधकर ये दोनों वीर शत्रु की सेना के क्षय करने वाले वहीं पर स्थित हो गये थे ॥७१॥ इसी बीच में बली ब्रह्मा ने तालन को बद्ध कर लिया था और फिर लक्षण के पास आकर धर्म युद्ध किया था ॥७२॥ महा बलवान् ने धनुष काटे हुए लक्षण को फिर बाँध लिया था। फिर देवसिंह के पास आकर उसे मूर्च्छित कर दिया था ॥७३॥ उसयोगियों की सेना में सभी दिशाओं मे हाहा कार मच कर भगने पर नम्रधी वाले कृष्णांश ने समस्त नारियों से कहा ॥७४॥ यह मेरी सेना के क्षय को करने वाले ब्रह्मानन्द आ गया है इससे आप लोग मेरे साथ शीघ्र उसके पास चलो ॥७५॥ यह कह कर उन सबको लेकर ब्रह्मानन्द के पास गया था। फिर उन दोनों नर और नारायणाशों को महान् युद्ध हुआ ॥७६॥ वहा पर बलवान् कृष्णाश नमोमार्ग से रथपर स्थित उस को उसने पहुँच कर असि के द्वारा मोहित कर दिया था ॥७७॥

तदा तु मूर्छिते तस्मिन्मोचयित्वा च ता मुदा ।
योगी सैन्यान्वितो युद्धात्पलायन परोऽभवत् ॥७८
पराजिते योगिसैन्ये ब्रह्मानंदो महाबलः ।
योषितस्ताः समादाय स्वगेहाय दधौ मनः ॥७६
महीराजस्तु सम्प्राप्तो महीमत्यनुमोदितः ।
रुरोध सर्वतो नारीः शिवदत्तवरो बली ॥८०
नृहरश्चाभयं शूर मर्दनश्चैव रूपणम् ।
मदनं वै सरदनो ब्रह्मानंदं च तारकः ॥८१
चामुण्डः कामसेनं च धनुर्युद्धमचीकरत् ।
तदाभयो महावीरो धुन्वंतं नृहरं रिपुम् ॥८२

छित्वा धनुस्तमागत्य खड्गयुद्धमचीकरत् ।
नृहर खड्गरहितोऽभवद्युद्धपराङ्मुख ।
तमाह वचन क्रुद्धोऽभयो युद्धार्थ मुद्यत ॥८३

उसके मूर्च्छित होजाने पर प्रसन्नता से उन सब को छुडाकर सेना से अन्वित वह योगी युद्ध स्थल से पलायन परायण हो गया था ॥७८॥ योगिसिंह के पराजित होने पर महाबली ब्रह्मानन्द ने उन नारियो को लेकर अपने घर की ओर मन लगाया था ॥७९॥ महीमति से अनुमोदन प्राप्त कर महीराज वहा आगया था और उसने सब ओर से स्त्रियां को घेर लिया था क्योंकि वह बली शिवका दत्तवरदानी था ॥८०॥ नृहर ने अभय को, मदन ने शूर रूपण को सरदन ने मदन को और तारक न ब्रह्मान द को तथा चामुण्ड ने काम सनका घेर कर वहा धर्म युद्ध किया था । उस समय महावीर अभय ने धनुषधारी नृहर शम्भु को घेर कर उसका धनुष काट दिया था और उसके पास आकर खग युद्ध किया था । नृहर खग रहित होकर युद्ध से पराङ्मुख हो गया था । तब युद्ध के लिए उद्यत अभय क्रुद्ध होकर उससे वचन बोला ॥८१-८३॥

भवान्वै मातृष्वस्रीयो महीराजस्य चात्मज ॥८४
क्षत्रियाणा पर धर्मं कथ सहतु मिच्छति ।
इतिश्रुत्वा तु नृहरो गृहीत्वा परिघ रुषा ॥८५
जघान त च शिरसि स हत स्वगमाययौ ।
स च वै कृतवर्मांशो विलीन कृतवर्मणि ॥८६
मदन गोपजात च हत्वा सरदनो बली ।
जयशब्द चकारोच्चैपुनर्हत्वा रिपोबलम् ।
उत्तराशम्भ स शेयो मदनश्चोत्तरे लय ॥८७
रूपणश्च समागत्य मूर्छयित्वा च मर्दनम् ।
पुनस्सरदन प्राप्य खड्गयुद्ध चकार ह ॥८८
ब्रह्मानन्दश्च बलवान्ग यदा तारक रुषा ।
महीराजान्तिमागम्य धनुर्युद्ध चकार ह ॥८९

नृहर रणजित्प्राप्य स्वभल्लेन तदा रुषा ।
जघान समरश्लाघी महीराजसुत शुभम् ॥६०
स वै दुश्शासनाशश्च मृतस्तस्मिन्समागत ॥६१

मेरे आप मौसी के पुत्र और महीराज के आत्मज हैं । यह क्षत्रिय का परम धर्म है कि सामने डटकर युद्ध करे इस आप क्यो मिटाना चाहते है ? यह सुनकर नृहर को धसे परिघ को ग्रहण करना पडा था ॥८४-८५॥ और उसने उसके मस्तक मे प्रहार किया जिससे वह हत होकर स्वर्ग को चला गया था। वह कृत वर्मा का अ श था अतएव कृत वमा म ही विलीन होगया था ॥८६॥ गोप से उत्पन्न मदन को नली सरदन ने मार दिया था । और फिर रिपु के बल को मारकर बडी ऊँची आवाज से जय शब्द किया था । वह उत्तराश था इसलिये मदन उत्तर मे लय होगया था ॥८७॥ रूपण ने आकर मर्दन को मूर्च्छित करके फिर सरदन के पास आकर उसने खग युद्ध किया था ॥८८॥ बलवान् ब्रह्मानन्द ने तारक को क्रोध से बाँध दिया था और फिर उसने महीराज के समीप मे आकर धनुर्युद्ध किया था ॥८९॥ रणजित् ने नृहर के पास पहुँचकर क्रोध से अपने भाले के द्वारा उस समरश्लाघी ने महीराज के शुभ पुत्र का हनन कर दिया था ॥९०॥ वह दुश्शासन का अ श था मर कर उसी भ समागत होगया था ॥९१॥

निहते नृपुरे बधौ मर्दन क्रोधतत्पर ।
स्वशरैशस्ताडयामास सात्यकेरशमुत्तमम् ॥६२
छित्वा तान्रणजिच्छूरस्स वै परिमलोद्भव ।
स्वभल्लेन शिर कायान्मर्दनस्य स चाहरत् ॥६३
मृतेऽस्मिन्मर्दने वीरे तदा सरदनो बली ।
ताडयामास त वीर स्वभल्लेनैव वक्षसि ॥६४
महल्लष्टमुपागम्य रणजिन्मलनोद्भव ।
स्वखड्गेन शिर कायादपाहरत वैरिण ॥६५
त्रिवधौ निहते युद्धे तारक क्रोधमूर्छित ।
रथस्थश्च रथस्य च ताडयामास वै शरै ॥६६

छित्वा वाण च रणजित्तथैव च रिपोर्द्ध नु ।
निशरैस्ताडयामास कर्णांश तारक हृदि ॥६७
अमर्षवशमापन्नो यथाथडैर्भुजगम ।
ध्यात्वा च शकर देव विषघौत शर पुनः ॥६८
सधाय तर्जयित्वा च शत्रुकठमताडयत् ।
तेन वाणेन रणजित्यक्त्वा देह दिवगत ॥६६

गृहर बन्धु के मर जाने पर मर्दन क्रोध मे भर कर उसने सात्यकि के उत्तम य श को अपने बाणो से ताडित करने लगा था ॥६२॥ परिमल से उद्‌भव वाले शूर रणजित् ने उन सब शरो का छेदन करके फिर अपने भाले से मर्दन के शरीर से मस्तक को अलग कर दिया था ॥६३॥ इस मर्दन वीर के मृत हो जाने पर उस समय बली सरदन उस वीर के वक्ष-स्थल मे अपने भाले से ही प्रहार करने लगा था ॥६४॥ मलना से जन्म ग्रहण करने वाले रणजित् ने बडे भारी कष्ट से अपने खग के द्वारा उस शत्रु के शरीर से शिर को अलग किया था ॥६५॥ तीनों बन्धुओं के युद्ध मे मर जाने पर तारक क्रोध से मूर्च्छित होकर रथ में स्थित होता हुआ रथ में सवार पर शरो के द्वारा प्रहार करने लगा था ॥६६॥ रणजित् ने उसके धनुष और उसी प्रकार से बाण का छेदन करके अपने तीन शरो के द्वारा कर्णांश तारक के हृदय मे प्रहार किया था । वह अमर्ष वश मे प्राप्त होगया था जैसे सर्प दण्डों के द्वारा होता है । उसने शकर देव का ध्यान कर विष से धौत शर फिर सन्धान किया और गर्जकर शत्रु के कण्ठ मे मारा था उस बाण से रणजित् भी शरीर का त्याग कर दिवङ्गत हो गया था ॥६७-६६॥

हते तस्मिन्महावीर्ये ब्रह्मानदश्च दु.खितः ।
महीराजभयाद्‌ब्रह्मापुरस्त्रय च योषितः ।
सध्याकाले तु सप्राप्ते भाद्रकृष्णाष्टमीदिने ॥१००
षष्टाट सुहृद कृत्वा सैन्यै. षष्टिसहस्रकैः ।
सार्द्धं गेहमुपागम्य शारदा शरण ययौ ॥१०१

महीराजस्तु वलवा पुत्रशोकेन दु खित ।
सकल्प कृतवान्घोर श्रृण्वता सवभूभृताम् ।।१०२
शिरीषाख्यपुर रम्य यथा शून्य मया कृतम् ।
तथा महावती सर्वा ब्रह्मानदादिभिस्सह ।
क्षय यास्यति मद्वाणै सर्वे ते चद्रवशिन ।।१०३
इत्युक्त्वा धु धुकार वै चाह्वयामास भूपति ।
पचलक्षबलैस्सार्द्धं शीघ्रमागम्यता प्रिय ।।१०४
इति श्रुत्वा धु धुकारो गत्वा शीघ्र च देहलीम् ।
उषित्वा सप्त दिवसान्युद्धभूमिमुपागमत् ।।
तदाष्टलक्षणसहितो महीराजो महाबल ।
तारकेण च सयुक्तो युद्धाय समुपाययौ ।।१०६

उस महान् वीर के हत हो जाने पर ब्रह्मानन्द अत्यन्त दु खित हुआ था । महीराज के भय से उसने स्त्रियो को आगे करके भाद्र कृष्णाष्टमी के दिन सन्ध्याकाल मे प्राप्त होने पर कपाट को सुदृढ करके साठ सहस्र सेना के साथ घर म आकर शारदा के शरण म गया था ।।१०१।। बलवान् महीराज पुत्र के शोक से अत्य त दु खित होकर उसने समस्त राजाओ के सुनते हुए घोर सकल्प किया था ।।१०२।। रम्य शिरीषाख्यपुर जैसे मैंने शून्य कर दिया था उसी भाँति ब्रह्मानन्द आदि के साथ यह समस्त महावती और वे समस्त चन्द्रवश म होने वाले लोग मेरे ही बाणो के द्वारा क्षय को प्राप्त होगे ।।१०३।। यह कह कर उस भूपति ने धुन्धुकार बुलाया था । हे प्रिय पाच लाख सेना के साथ तुम बहुत ही शीघ्र यहा आजाओ ।।१०४।। यह सुनकर धुन्धुकार शीघ्र ही देहली जाकर वहाँ सात दिन तक ठहर कर पुन उस युद्ध स्थल पर आगया था । उस समय अष्ट लक्षणो स सहित महान् बलवाला महीराज तारक के साथ सयुक्त होकर वहाँ युद्ध करने के लिये आगया था ।।१०६।।

———

॥ कृष्णांशस्य–शोभा संवाद ॥

अष्टाविंशाब्दके प्राप्ते कृष्णांशे बलवत्तरे ।
कार्तिक्यामिंदुवारे च कृत्तिकाव्यतिपातभे ॥१
कृष्णांशोऽयुतसेनाढ्यः स्वर्णवत्या समन्वितः ।
विवाह मुकटस्यैव संत्यागाय ययौ मुदा ॥२
पवित्रमुत्पलारण्यं वाल्मीकिमुनि सेवितम् ।
गंगाकूले ब्रह्ममयं लोहकीलकमुत्तमम् ॥३
तत्र गत्वा स शुद्धात्मा पुष्पवत्या समन्वितः ।
गोसहस्र च विप्रेभ्यो ददौ स्नाने प्रसन्नधीः ॥४
एतस्मिन्नतरे प्राप्ता म्लेच्छजातिसमुद्भवा ।
शोभा नाम महारम्या वेश्या परमसुन्दरी ॥५
सा ददर्श परं रम्यं कृष्णांशं पुरुषोत्तमम् ।
तद्दृष्टिमोहमापन्ना व्याकुला चाभवत्क्षणात् ॥६
मूर्च्छिता ता समालोक्य कृष्णांशः सर्वमोहनः ।
स्वनिवासमुपागम्य विप्रानाहूय पृष्टवान् ॥७

इस अध्याय मे कृष्णांश का शोभा नाम वाली वेश्या के समागम के सम्वाद के साथ पुराणाचार्य और पुराणो के भेद का वर्णन किया जाता है । सूतजी ने कहा—अधिक बलवान् कृष्णांश के अट्ठाईस वर्ष के प्राप्त होने पर कार्तिकी पूर्णिमा मे इन्दुवार के दिन तथा कृत्तिका व्यति-पात नक्षत्र मे कृष्णांश दससहस्र सेना से युक्त स्वर्णवती के साथ विवाह मुकुट के सम्यक् प्रकार से त्याग (विसर्जन) करने के लिये प्रसन्नता के साथ गया था ॥१-२॥ बाल्मीकि मुनि के द्वारा सेवित परम पवित्र उत्पलारण्य था । वहाँ गंगा के तट पर उत्तम लोह कीलक स्थान था वहा पर उस शुद्ध आत्मा वाले ने पुष्पवती से समन्वित आकर प्रसन्न बुद्धि वाले स्नान किया और उस स्नान के समय में ब्राह्मणों के लिये एक सहस्र गौओं के दान दिये थे ॥३-४॥ इसी बीच मे म्लेच्छ जाति में जन्म ग्रहण करने वाली महा सुन्दरी और अत्यन्त रम्य शोभा नाम वाली वेश्या वहाँ पर प्राप्त हो गई थी ॥५॥ उसने अत्यन्त सुन्दर

पुरुषो मे उत्तम कृष्णाश का दशन किया था। उसकी दृष्टि से मोह को प्राप्त हो जाने वाली वह उसी क्षण म व्याकुल होगई थी ॥६॥ सबको मोहन करने वाले कृष्णाशने उसे मूर्छित देख कर अपने निवास स्थान मे उसे लाकर विप्रो को बुलाकर पूछा था ॥७॥

अष्टादश पुराणानि केन प्रोक्तानि कि फलम् ।
ब्रूत मे विदुषा श्रेष्ठा वेदशास्त्रपरायणा ॥८
इति श्रुत्वा वचो रम्य विद्वास शास्त्रकोविदा ।
अब्रुव वचन रम्य कृष्णाश सर्वधमगम् ॥६
पराशरेण रचित पुराण विष्णुदैवतम् ।
शिवेन रचित स्काद पद्म ब्रह्ममुखोद्भवम् ॥१०
शुक्रप्रोक्त भागवत ब्राह्म वै ब्रह्मणा कृतम् ।
गारुड हरिणा प्रोक्त षड् वै सात्त्विकसभवा ॥११
मत्स्य कूर्मो नृसिहश्च वामन शिव एव च ।
वायुरेतत्पुराणानि व्यासेन रचितानि वै ॥१२
राजसा षट स्मृता वीर कर्मकाडमया भुवि ।
मार्कंडेय च वाराह मार्कंडेयेन निर्मितम् ॥१३
आग्नेयमगिराश्चैव जनयामास चोत्तमम् ।
लिगब्रह्माडके चापि तडिना रचिते शुभे ।
महादेवेन लोकार्थे भविष्य रचित शुभम् ॥१४

हे विद्वानों में श्रेष्ठों ! आप सब वेद और शास्त्रो मे परायण हैं आप मुझे बतलाइए। इस रम्य वचन को सुन कर वेद शास्त्र के पण्डितों एव परमाधिक विद्वानो न समस्तधम के ज्ञाता रम्य कृष्णाश से यह वचन कहा था ॥८ ६॥ जिसके विष्णु देवता हैं उस पुराणकी पराशर मुनिन रचना की है। शिवने स्कन्द पुराण की रचना की है और पादमपुराण ब्रह्म के मुख से उत्पन्न हुआ है।१०।भागवत महापुराण शुक मुनि ने कहा है। ब्राह्मपुराण की रचना ब्रह्माजी के द्वारा हुई है। गारुड पुराण हरि के द्वारा कहा गया है ये छैं सात्विक सम्भव पुराण हैं।११।मत्स्य-कूर्म-नृसिंह-

वामन–शिव और वायु ये पुराण श्री व्यास मुनिके द्वारा विरचित हुए हैं ॥१२॥ ये छै पुराण राजस कहे जाते हैं। हे वीर! ये भूमण्डल मे कमकाण्ड से परिपूर्ण हैं। माकण्डेय और वाराह मार्कण्डेय के द्वारा निर्मित हैं ॥१३॥ अङ्गिरा मुनि ने आग्नेय उत्तम पुराण उत्पन्न किया था। लिंग और ब्रह्माण्डक तण्डिके द्वारा निर्मित हैं और लोक के लिये महादेव ने भविष्य पुराण की रचना की है ॥१४॥

तामसा षट् स्मृता प्राज्ञै. शक्तिधर्मपरायणा ।
सर्वेपा च पुराणाना श्रेष्ठ भागवत स्मृतम् ॥१५
घोरे भुवि कलौ प्राप्ते विक्रमो नाम भूपति ।
कैलासाद्भुवमागत्य मुनीन्सर्वान्समाह्वयत् ॥१६
तदा ते मुनयसर्वे नैमिपारण्यवासिन ।
सूत सञ्चोदयामासुस्तेपा तच्छ्रवणाय च ।
प्रोक्तान्युपपुराणानि सूतनाष्टादशैव च ॥१७
इति श्रुत्वा तु वचन कृष्णाशो धर्मतत्पर ।
श्रुत्वा भागवत शास्त्र सप्तमेऽह्नि महोत्तमम् ॥१८
ददौ दानानिविप्रेभ्यो गोसुवर्णमयानि च ।
ब्राह्मणान्भोजयामास सहस्र वेदतत्परान् ॥१९
तदा तु भिक्षुकी भूत्वा शोभा नाम मदातुरा ।
माया कृतवती प्राप्य कृष्णाशो यत्र वै स्थित ॥२०
ध्यात्वा महामद वीर पैशाच रुद्रकिंकरम् ।
माया सा जनयामास सर्वपापाणवारिणीम् ॥२१

विद्वानों ने ये छै पुराण तामस बताये हैं जोकि शक्ति धर्म में परायण हैं। इन समस्त पुराणों मे भागवत परमश्रेष्ठ पुराण है ॥१५॥ भूमण्डल मे घोर कलियुग के प्राप्त होने पर विक्रम नाम वाला राजा कैलाश से भूमि पर आकर उसने समस्त मुनिगणों को बुलाया था ॥१६॥ उस समय वे समस्त मुनिगण ने जोकि नैमिषारण्य के निवास कर रहे थे श्रीसूतजी को प्रेरित किया था कि वे उनका श्रवण करावें सूत जी ने अट्ठारह ही उप पुराण भी बताये थे ॥१७॥ इस प्रकार से

सुन कर धर्म मे तत्पर कृष्णाश ने महान् उत्तम भागवत शास्त्र सात दिन मे श्रवण किया था और विप्रो को गौ तथा सुवर्ण मय दान दिये थे। वेद मे तत्पर एक सहस्र ब्राह्मणो को भोजन कराया था ॥१८-॥१९॥ उस समय मदातुरा शोभा नाम वाली वेश्या भिक्षु की होकर वहाँ आकर माया करने लगी थी जहाँ कृष्णाश स्थित थे ॥२०॥ उसने पैशाच वीर महामद को जो कि रुद्र का किङ्कर था ध्यान मे लाकर सब को पाषाण कारिणी माया को उत्पन्न किया था ॥२१॥

दृष्ट्वा स्वर्णवती देवी ता माया शोभयोद्भवाम् ।
छित्त्वा चाह्लाद्य वामागी स्वगेह गतुमुद्यता ॥२२
सा वेश्या तु शुचाविष्टा तस्या शृ गारमुत्तमम् ।
स्वर्णयत्रस्थित रम्य लक्षद्रव्योपमूल्यकम् ।
सहृत्य मायया धूर्ता देश बाह्लीकमाययौ ॥२३
कल्पक्षत्रमुपागम्य नेत्रसिंहसमुद्भवा ।
वेश्यया मम शृ गार हृत ज्ञात्वा सुदु खिता ॥२४
कृष्णाश वचन प्राह गच्छगच्छ महाबल ।
गृहीत्वा मम शृंगार शीघ्रमागच्छ मा प्रति ॥२५
गुटिकेय मया वीर रचिता ता मुखेन च ।
धूतमायाविनाशाय तव मगलहेतवे ॥२६
इति श्रुत्वा तया कृत्वाकृष्णाशस्सर्व मोहन ।
शूकर क्षत्रमागम्य यत्र वेश्या ददर्श ह ॥२७
सा तु वेश्या च त वीर दृष्ट्वा कन्दर्पकारिणम् ।
रचयित्वा पुनर्माया तदतिकमुपागता ॥२८

स्वर्णवती देवी ने शोभा के द्वारा समुत्पन्न उस माया को देख कर उसका छेदन कर दिया था और प्रसन्न होकर उस वामाङ्गी को अपने घर को जाने को उद्यत होगई थी ॥२२॥ वह वेश्या तो शोक से अविष्ट हुई उस स्वर्णवती के स्वर्ण यन्त्र म स्थित उत्तम एव रम्य तथा एक लाख द्रव्य के मूल्य वाले शृङ्गार का माया से ही सहरण करके वह धूर्ता बाह्लीक देश म चली आई थी ॥२३॥ जब वह कल्प

क्षेत्र मे आगई थी तब उस नेत्रसिंह की पुत्री ने वेश्या के द्वारा मेरा श्रृङ्गार हृत होगया है यह जाना था और वह अत्यन्त ही दुखित होगई थी ॥२३-२४॥ उसने कृष्णाश से यह वचन कहा—हे महा बलवान्! तुम शीघ्र ही चले जाओ और मेरे श्रृङ्गार को लेकर शीघ्र ही वापिस मेरे पास आ जाओ ॥२५॥ हे वीर! मैंने एक यह गुटिका की रचना की है उसे मुख मे धारण करलो जो कि तुम्हारे मङ्गल के लिये धूर्ता की माया के विनाश के हेतु ही बनाई गई है ॥२६॥ यह स्वर्णवती के वचन सुन कर तथा वैसा ही गर्व मोहन कृष्णाश ने किया था। उसने शूकर क्षेत्र मे आकर उस वेश्या को देखा था ॥२७॥ उस वेश्या ने उस कन्दर्प उत्पन्न कर देने वाले उस वीर को देखा था और फिर अपनी माया की रचना करके उसी के समीप मे वह आगई थी ॥२८॥

सदा सा निष्फली भूय रुरोद करुण वहु।
रुदती ता समालोक्य दयालुस्स प्रसन्नधी ॥२६
गृहीत्वा सर्वश्रृ गार वचन प्राह निर्भय।
किं रोदिषि महाभागे सत्य कथय मा चिरम् ॥३०
साह मे सहरो नाम भ्राता प्राणसमप्रिय।
नाटर्यश्च पञ्चसाहस्रै सहितो मरण गत ॥३१
अतो रौमि महा भागसप्राप्ता शरण त्वयि।
इत्युक्त्वा मायया धूर्ता कृत्वा शवमयान्त्यजान् ॥३२
तस्मै प्रदर्शयामास निजकार्यपरायणा।
रुदित्वा च पुनस्तत्र प्राणास्त्यक्तु समुद्यता ॥३३
दयालुस्म च कृष्णाशस्तामाह करुण वच।
चय ते जीवयिष्यन्ति शोभने कथयाशु मे ॥३४
साह वीर तवास्ये तु सम्यिता गुटिका शुभा।
देहि मे कृपया वीर जीवयिष्यन्ति ते तथा ॥३५

उस समय वह निष्फल होकर करुणा के साथ बहुत रुदन करने लगी थी। उसका रोदन करती हुई देख कर दयालु वह प्रसन्न बुद्धि वाला वहाँ आया और स्वर्णवती का समस्त श्रृङ्गार ग्रहण करके

निभय हो उससे यह वचन बोला—हे महाभागे ! क्यो तू रुदन कर रही है मुझे सत्य २ बतला दे विलम्ब मत करा ।।२६ ३०।। वह बोली—(मेरा सहर नामका भाई था जोकि मेरे प्राणो के समान प्रिय था। पाँच सहस्र नाट्यो के साथ वह मरण को प्राप्त होगया था ।।३१।।) हे महाभाग ! इसीलिये मैं रुदन करती हू । अब मैं तेरी शरण मे प्राप्त होगई हूँ । यह कह कर उस धूर्त्ता ने माया के द्वारा शव मयात्यजो को करक अपने काय मे परायण ने उस कृष्णाश को दिखला दिया था । और फिर वह रुदन करके अपने प्राणो को त्याग करने के लिये प्रस्तुत होगई ।।३२ ३३।। दयालु वह कृष्णाश उससे करुणा से भरे हुए वचन कहने लगा—हे शोभने ! मुझे शीघ्र यह बतादे कि वे सब कैसे जीवित होगे ।।३४।। वह बोली–हे वीर ! तुम्हारे मुख मे एक शुभ गुटिका सस्थित है । हे वीर ! वह आप मुझ दे देवें । उसी के द्वारा ये जीवित हो जायगे ।।३५।।

इत्युक्तस्तु तया वीरो ददौ तस्यै च तद्वसु ।
तदा प्रसन्ना धूर्ता कृत्वा शुकमय वपु ।
पचरस्थमुपादाय कृष्णाश कामविह्वला ।।३६
वाह्लीकदेशमागम्य सारटठनगर शुभम् ।
उवास च स्वय गेहे कृत्वा दिव्यमय वपु ।।३७
निशीथे समनुप्राप्ते कृत्वा त नररूपिणम् ।
आलिलिंग हि कामार्ता कृष्णाशं धर्मकोविदम् ।।३८
दृष्ट्वा ता स तथाभूता कृष्णाशो जगदबिकाम् ।
तुष्टाव मनसा धीरो रात्रिसूक्तेन नम्रधी ।।३९
तदा सा स्वेडिनी भूत्वा त्यक्त्वा कृष्णाशमुत्तमम् ।
पुन शुकमय कृत्वा चिंचिणीवृक्षमारुहत् ।।४०
तदा स्वणवती देवी बोधिता विष्णुमायया ।
कृत्वा श्यनी मय रूप तत्र गत्वा मुदान्विता ।
ददर्श शुकभूत च कृष्णाश योगतत्परम् ।।४१

ऐसा कहने पर उस वीर ने उस वेश्या के लिये वह धन दे दिया। उस समय वह परम प्रसन्न होती हुई धूर्ता ने उसका शुकमय शरीर बना कर के एक पिंजडे में स्थित करके उस कृष्णाश को लेकर काम से विह्वल वह बाह्लीक देश मे आगई और वहां शुभ सारह नगर मे रहने लगी। फिर उसने स्वय ही परम अपना दिव्यमय शरीर धारण किया तथा आधीरात म उसको नर रूप वाला बनाकर काम से आर्त्त वह उस धम के पण्डित कृष्णांश से आलिङ्गन करने लगी ।।३६-३८।। कृष्णाश ने उस प्रकार की कामान्तं देखकर कृष्णाश ने जगदम्बिका का स्तवन किया और मनके द्वारा विनम्र होकर उस धीर ने रात्रि सूक्त से देवी की स्तुति की ।।३९।। उस समय वह स्वेडिनी होकर उस उत्तम कृष्णाश को त्याग कर उसने फिर शुकमय शरीर बना लिया और वह चिचणी के वृक्ष पर आरूढ होगई ।।४०।। तब देवी स्वणवती विष्णु की माया के द्वारा बोधित की गई और वह अपना श्येनीमय शरीर धारण करके प्रसन्नता के साथ वहाँ पहुची। उसने योग मे तत्पर शुक के रूप म स्थित कृष्णाश को वहाँ देखा। ।।४१।।

एतस्मिनन्तरे वेश्या पुन कृत्वा शुभ वपु ।
नरभूत च कृष्णाश वच । प्राह नम्रधी ।।४२
अये प्राणप्रिय स्वामिन्भज मा कामविह्वलाम् ।
पाहि मा रतिदानेन धर्मज्ञोसि भवान्सदा ।।४३
इत्युक्तस्स तु तामाह वचन शृणु शोभने ।
आयवरमस्थितोह वं वदमागपरायण ।।४४
विवाहिता शुभा नारी यो भजेत ऋतौ नहि ।
स पापी नरक याति तिर्य्यग्योनिमय स्मृतम् ।
अन परस्त्रिया भोगो न या वै निरयप्रद ।।४५
इति श्रुत्वा तु सा प्राह विश्वामित्रेण धीमता ।
शृ गिणा च महाप्राज्ञ वदयासग कृत पुरा ।
न वाऽपि नरक प्राप्तस्तस्मान्मा भज यामनीम् ।।४६

पुनश्चाह स कृष्णाश कृत पाप तपोवलात् ।
ताम्या च मुनियुग्माभ्यामसमर्थोहिसाप्रतम् ।।४७
अर्द्धाग पुरुपस्य स्त्री मैथुने च विशेपत ।
अहमार्यश्च भवती वेश्या च वहुभोगनी ।।४८
ऋचि शब्दश्च पूर्वास्याज्जात ऋग्जस्सनातन ।
योगजश्चैव य शब्दो दक्षिणास्यायजुर्भव ।।४९

इसी बीच मे उस वेश्या ने पुन अपना शुभ शरीर बना लिया और नररूपी कृष्णाश को करके उससे नम्रता के साथ वह बोली—हे प्राण प्रिय स्वामिन् ! काम से विह्वल मेरा उपभोग करो। आप तो धर्म के ज्ञाता हैं इस समय रति का दान मुझे प्रदान करके मेरी रक्षा कीजिए ।।४२-४३।। इस तरह से उस वेश्या के द्वारा कहा गया वह कृष्णाश उस से बोला—हे शोभने ! तू मेरा वचन श्रवण कर मैं आर्यों के मार्ग मे स्थित हूँ और सदा वेद के मार्ग मे परायण रहने वाला हूँ ।।४४।। जो पुरुष अपनी विवाहिता शुभ नारी का ऋतुकाल में उपभोग नही किया करता है वह पापी नरक म जाया करता है जोकि तिर्यक योनि-मय कहा गया है इसलिये पराई स्त्री के साथ भोग करना नरक के देने वाला ही जानना चाहिए। यह श्रवण करके वह वेश्या बोली–धीमान् विश्वामित्र ऋषि ने और शृङ्गी ने हे महाप्राज्ञ ! पहिले समय मे वेश्या के साथ प्रसङ्ग किया । उन मे से कोई भी नरक मे प्राप्त नही हुआ। अत आप मुझ कामिनी का सानन्द उपभोग करें ।।४५ ४६।। फिर उस कृष्णाश ने उस से कहा—उन ऋषियो ने अपने तपस्या के बल से उस पाप को काट दिया। वे तो दोनो मुनि गण परम तपस्वी एव समर्थ थे मैं तो इस समय म असमर्थ हू ।।४७।। पुरुष का आधा अग स्त्री होता है और विशेष करक मैथुन के समय म ऐसा ही माना जाता है। मैं तो आर्य हू और बहुतो का भोग करने वाली वेश्या है ।।४८।। ऋचि शब्द पूर्वस्य से समुत्पन्न हुआ है वह ऋग्न सनातन है जो शब्द योगज होता है वह दक्षिणास्य से यजुर्भव है ।।४९।।

तद्धितान्तश्च यश्शब्द पश्चिमास्याच्च सामज ।
छन्दोभूताश्च ये शब्दास्तेसर्वे ब्राह्मणप्रिया ।
केवलो वणमात्रश्च स शब्दोऽथवज स्मृत ॥५०
पञ्चमास्याच्च य जाता शब्दा ससारकारिण ।
ते सर्वे प्राकृता ज्ञ याश्चतुर्लक्षविभेदिन ॥५१
हित्वा तान्यो हि शुद्धात्मा चतुर्वेदपरायण ।
स वै भवाटवी त्यक्त्वा पद गच्छत्यनामयम् ॥५२
न वदेद्यावयी भाषा प्राणै कठगतैरपि ।
गजैरापीडचमानोऽपि न गच्छेज्जैन मदिरम् ॥५३
इत्येव स्मृति वाक्यानि मुनिना पठितानि व ।
कथ त्याज्यो मया धर्मस्सवलोकसुखप्रद ॥५४
इति श्रुत्वा तु सा वेश्या म्लेच्छायाश्चाशसभवा ।
शोभना नाम रभोस्तैर्महाक्रोधमुपाययौ ॥५५
वेतसैस्ताडयित्वा त पुन कृत्वा शुक स्वयम् ।
न ददौ भोजन तस्मै फलाहार शुकाय वै ॥५६

और जो शब्द तद्धितान्त है और पश्चिमास्य म अर्थात् पश्चिम मुख से सामज है छन्दाभूत जो शब्द होत हैं व सब ब्राह्मणा क प्रिय हुआ करत हैं। केवल जो वण मात्र है वह शब्द अथवज होता है ॥५०॥ पञ्चम मुख स जो शब्द उत्पन्न हुए य वे सब ससारकारी होत हैं। वे सब प्राकृत जानने चाहिए जिनके चार लाख भेद होते हैं ॥५१॥ जो उनको त्याग करके शुद्ध आत्मा वाला चारों वेदा म परायण होता है वह इस ससार रूपी अटवी (जगल) का त्याग करके अनामय पद को प्राप्त किया करता है ॥५२॥ यावनी भाषा का कभी भी नहीं बोलना चाहिए चाह प्राण कण्ठगत भी क्यों न हो जावें। मदमस्त हाथियों क द्वारा सताया हुआ होकर भी रक्षा पाने क लिए जैन मदिर म नहीं जाना चाहिए चाहे प्राणगत भी हाथियो द्वारा क्यो न हो जावें ॥५३॥ इस प्रकार स स्मृतियो क वाक्य मुनि के द्वारा पढ़ गय थ। मो अब मुझ अपना यह आय धम कैस त्याग दना चाहिए। जाकि धम

ही एक ऐसा होता है सब लोको में सुख के प्रदान करने वाला हुआ करता है ॥५४॥ यह कृष्णाश के द्वारा कहा हुआ श्रवण करके म्लेच्छा के अ श से समुत्पन्न होने वाली वेश्या शोभना नाम वाली जिसके ऊरु-रम्भा (केला) के समान परम सु दर थे बहुत ही क्रोध को प्राप्त होगई ॥५५॥ उसने उस कृष्णाश को वेतो से पीट कर फिर तोता बना दिया और स्वय उसने उसको खाने के लिये भोजन नही दिया जो कुछ भी फलो का आहार वह कराया करती थी॥५६॥

कात्यायनी हि विज्ञेया नमस्तस्यै नमोनमः ।।६८
गौरवर्णाद्व वै गौरी श्यामवर्णाद्व कालिका ।
रक्तवर्णाद्धै भवती नमस्तस्यै नमोनमः ।।६९
भवस्य दयिता त्व वै भवानी रुद्रसयुता ।
दुर्गा त्वं योगि दुष्प्राप्या नमस्तस्यै नमोनमः ।।७०

हिमाचल ने अनन्तो को-गणो को और सुरो को देखकर पर्वतराज स्वय गिरजा के शरण मे पहुच कर स्थित होगया था ।।६४।। उस समय मे पार्वती देवी ने सब ओर से निधियो और सिद्धियो को वहाँ पर बहुत रूपो वाली और सनातनी करोडो करदी थी ।।६५।। यह देख कर समस्त देव बडे ही विस्मित हुए तथा देव और ब्राह्मण बहुत हर्षित भी हुए

तद्वीर्यं भगवान्वह्निः प्राप्य कार्यं करिष्यति ।
इत्युक्त्वा वह्नये देवो ददौ वीर्यमनुत्तमम् ।
स्वयं तत्र समाधिस्थो बभूव भगवान्हरः ।।४४
तदा शक्रादयो देवा वह्निना सह निर्ययुः ।
सत्यलोकं समागत्याब्रुवन्सर्वं प्रजापतिम् ।।४५
श्रुत्वा तत्कारणं सर्वं स्वयंभूश्चतुराननः ।
नमस्कृत्य परं ब्रह्म कृष्णध्यानपरोऽभवत् ।।४६
ध्यानमार्गेण भगवान्गत्वा ब्रह्मा परं पदम् ।
हेतुं तद्वर्णयामास यथा शंकरभाषितम् ।।४७
श्रुत्वा विहस्य भगवान्स्वमुखात्तेज उत्तमम् ।
समुत्पाद्य ततो जातं पुरुषो रुचिराननः ।।४८
ब्रह्माण्डस्य च्छविर्या वै स्थिता तस्य कलेवरे ।
प्रद्युम्नो नाम विख्यातं तस्य जातं महात्मनः ।।४९

मैं तो एक योगी हूं, उस माता स्वरूपिणी भगवती नारी को कैसे वरने मे समर्थ हो सकता हूं। इसलिये मैं आप लोगों के कार्य के लिये अपना वीर्य तुम को देता हूं ।।४३।। उस वीर्य को भगवान् वह्नि प्राप्त करके आपका कार्य कर देगा । यह कह कर देव ने वह्नि को उत्तम वीर्य दे दिया था और आप स्वयं समाधिस्थ होकर भगवान् हर स्थित हो गये थे ।।४४।। उस समय इन्द्र आदि देव गण अग्नि के साथ वहां से निकल आये थे। सत्य लोक में जाकर उन्होंने यह समस्त वृत्तान्त प्रजापति से कहा था ।।४५।। स्वयम्भू चतुरानन ने उस सम्पूर्ण कारण को सुन कर परब्रह्म को नमस्कार करके कृष्ण के ध्यान में परायण हो गये थे ।।४६।। ध्यान के मार्ग के द्वारा भगवान् ब्रह्मा परमपद को प्राप्त हुए थे। वहां उन्होंने जैसा कि शकर ने कहा था वह समस्त हेतु वर्णित कर दिया था ।।४७।। भगवान् उसे सुन कर और हँस कर अपने मुख से एक अति उत्तम तेज समुत्पन्न करके एक परम सुन्दर मुख वाला पुरुष को जन्म दिया था ।।४८।। समस्त ब्रह्माण्ड की जो भी छवि थी वह उसके कलेवर

म स्थित थी । उसका नाम प्रद्युम्न विख्यात हुआ था जो कि महान् आत्मा वाला वहा समुत्पन्न हुआ था ॥४६॥

तन सार्द्धं तदा ब्रह्मा सप्राप्य स्व कलेवरम् ।
ददौ तेभ्यस्स पुरुष प्रद्युम्न शवरार्तिदम् ॥५०
तजसा तस्य देवस्य नरानार्यस्समन्तत ।
एकीभूतास्त्रिलोकेपु बभूवु स्मरपीडिता ॥५१
स्थावरा सौम्यभूता वै ते तु कामाग्निपीडिता ।
सरिद्भिश्च लताभिश्च मिलितास्सवभूविरे ॥५२
ब्रह्माण्डेश शिव साक्षाद्रुद्र कालाग्निसन्निभ ।
त्रिनेत्रात्तज उत्पाद्य शमयामास तद्व्यथाम् ॥५३
तदा क्रुद्ध स कृष्णागो गृहीत्वा कौसुम धनु ।
दिव्यान्पच शरान्घोरान्महादवाय बधवे ॥५४
उच्चाटनेन बाणेन गन्ताभूल्लोकशकर ।
वशीकरणबाणेन नारीवश्य शिवोऽभवत् ॥५५
स्तभनेन महादेव शिवापार्श्वे स्थिरोऽभवत् ।
आकर्पणेन भगवाञ्छिवाकर्पणतत्पर ।
मारणेनैव बाणेन मूर्छितोऽभून्महेश्वर ॥५६

उस समय उसके साथ ब्रह्मा ने अपने कलेवर को सम्प्राप्त करके उसने उनके लिये शवरात्तिद प्रद्युम्न पुरुष को दे दिया था ॥५०॥ उस देव क तेज से सभी ओर म नर और नारी तीनो लोको म एकी भूत होकर काम से पीडित हो गये थ ॥५१॥ सौम्य भूत जो स्थावर थे वे भी काम की अग्नि से उत्पीडित हो उठे थे । सरिताऐ और लताऐ भी मिलित होकर काम तप्त हो गई थी ॥५२॥ इस ब्रह्माण्ड क स्वामी साक्षात् रुद्र शिव कालाग्नि के तुल्य ने तीसरे नत्र म नज समुत्पन्न करके उसकी व्यथा का शासन किया था ॥५३॥ उस समय वह कृष्णाङ्ग क्रुद्ध हुआ और उसन पुष्पो का धनुप ग्रहण किया था और दिव्य पाच घोर शरों को बधु महादेव क लिये प्रयोग किया था । उच्चाटन बाण स लोक शकर गन्त हो गया था । और वशीकरण बाण म शिव नारी

थे। उन्होंने नारी रत्न सनातनी पार्वती देवी की स्तुति की थी ॥६६॥ देवों ने कहा—"उ" यह तो वितर्क में आता है और 'मा' यह बहुरूपा लक्ष्मी दिखलाई देती है। इसी से तेरा उमा यह नाम है। उस उमा देवी के लिए हम सब का बार-बार नमस्कार है ॥६७॥ हे शिवे! इस *ब्रह्माण्ड में तुम्हारे कितने ही अयन है। आप कात्यायनी इसी लिए जानने* के योग्य है। कात्यायनी देवी के लिए हमारा सबका बार-बार नमस्कार ॥६८॥ आप का अत्यन्त गौर वर्ण है इसी लिए आपका गौरी यह शुभ नाम है। आपका श्याम वर्ण भी दिखलाई देता है इसीलिए आपको कालिका भी कहा जाता है। आपका कभी रक्तवर्ण भी होता है इसी से हैमवती यह शुभ नाम पड़ गया है। ऐसी तीनों वर्णों वाली देवी आपके लिए हमारा बार-बार नमस्कार है ॥६९॥ आप भव की पत्नी हैं इसी लिए रुद्र से संयुक्त आपका भवानी नाम होता है। आप योगियों के द्वारा भी बहुत दुष्प्राप्य हैं, अतएव आपका नाम दुर्गा है। दुर्गा देवी आपके लिए हम सब का बार-बार नमस्कार है ॥७०॥

नान्तं जग्मुर्वयं ते वै चण्डिका नाम विश्रुता।
अम्बा त्वं मातृभूता नो नमस्तस्यै नमोनमः ॥७१

इति श्रुत्वा स्तवं तेषां वरदा सर्वमंगला।
देवानुवाच मुदिता दैत्यभीतिं हरामि वः ॥७२
स्तोत्रेणानेन सम्प्रीता भवामि जगतीतले ॥७३

इत्युक्त्वा शंभुसहिता कैलासं गुह्यकालयम्।
गुहायां मिथुनीभूय सहस्राब्दं मुमोद वै ॥७४
एतस्मिन्नंतरे देवा भीरुका लोकनाशनात्।
ब्रह्माणं च पुरस्कृत्य तुष्टुवुर्गिरिजापतिम् ॥७५
लज्जितौ तौ तदा तत्र पश्चात्तापं हि चक्रतुः।
महान्क्रोधस्तयोश्चासीत्तेन वै दुद्रुवुः सुराः ॥७६
प्रद्युम्नो बलवांस्तत्र संतप्ते गौरिवाचलः।
रुद्रकोपाग्निना दग्धो बभूव बलवत्तरः ॥७७

अब हम सब आपके अनन्त नाम होने के कारण अन्त तक नही प्राप्त हुए हैं। आपका चण्डिका यह नाम परम प्रसिद्ध है। आप हम सब का मातृभूता अम्बा हैं ऐसी आप अम्बा देवी के लिए हमारा बार-बार नमस्कार है। ॥७१॥ इस प्रकार की स्तुति का सुन कर सवमङ्गला वरदा परम प्रसन्न होकर देवो से कहने लगी—मैं अब आपको जो दैत्यो से भय उत्पन्न होगया है उसका हरण कर दूँगी ॥७२॥ इस स्तोत्र से परम प्रसन्न मैं जगती तल मे होती रहूगी ॥७३॥ यह यह कह कर भगवान् शम्भु के सहित गुह्यको का आलय कैलास मे चली गई थी। वहा गुहा मे दोनो ने एकत्र होकर एक सहस्र वर्ष तक आनन्दोपभोग किया ॥७४॥ इसी अन्तर मे लोको के नाश से भयभीत देवगण ब्रह्मा को आगे करके गिरिजा के पति की स्तुति करने लगे थे ॥७५॥ तब वे दोना ने अत्यंत लज्जित होकर बडा पश्चात्ताप किया था। उन दोनो का महान् क्रोध हुआ था उससे देवगण भाग गये थे ॥७६॥ प्रद्युम्न अत्यन्त बलवान् था। अचल गौ की भाति वहा पर ही सस्थित रहा था। वह अधिक बलवान् भी रुद्र की कोप की अग्नि से दग्ध हो गया था ॥७७॥

प्रद्युम्न स्थलरूप च त्यक्त्वा भस्ममय तदा।
सूक्ष्मदेहमुपागम्य विश्रुतोऽभूदनगक ।
यथा पूर्वं तथैवासीत्काय कृत्वा स्मरो विभु ॥७८
स्थूल रूपा रानिर्देवी शताब्द शकर परम्।
ध्यानेनाराधयामास गिरिजावल्लभ व्रतै ।
तदा ददौ वर देवस्तस्यै रत्यै सनातन ॥७९
रतिदेवि शृणु त्व वै लोकाना हृत्सु जायसे।
यौवने वयसि प्राप्ते नृणा देहे पति स्वकम्।
भजिष्यसि मदर्घेन प्रद्युम्न कृष्णसभवम् ॥८०
स्वारोचिषान्तर कालो वर्तते चाद्य सुप्रिय ।
वैवस्वतेऽन्तरे प्राप्ते ह्यष्टाविंशतमे युगे।
द्वापरान्ते च भगवान्कृष्ण साक्षाज्जनिष्यति ॥८१

तदा तस्य सुत देव प्रद्युम्न मेरुमूर्द्धनि ।
भजिष्यसि सुख रम्ये विपिने नन्दने चिरम् ॥८२
अन्येषु द्वापरान्तेषु स्वर्णगर्भो हि तत्पति ।
जन्मवान्वर्त्तते भूमौ यथा कृष्णस्तथैव स ॥८३
मध्याह्ने चैव सध्याया ब्रह्मणोऽव्यक्तजन्मन ।
कल्पेकल्पे हरिस्साक्षात्करोति जनमगलम् ॥८४

प्रद्युम्न ने स्थल रूप का त्याग करके उस समय वह भस्ममय हो गया और फिर सूक्ष्म स्वरूप को प्राप्त कर अनङ्ग—इस नाम से ससार मे प्रसिद्ध होगया था । जैसे यह पहिले था वैसे ही काय को बना कर स्मर अब भी विभु है ॥७८॥ स्थूल रूप वाली रति देवी सौ वर्ष तक परम श कर का ध्यान से आराधन किया था और व्रतो के द्वारा गिरिजा के वल्लभ की पूर्ण उपासना की थी । तब सनातन देव ने उस रति को वरदान दिया था॥७६॥हे देवि ! हे रति ! तुम श्रवण करो मरा तुमको यह वरदान है कि तुम लोगों के हृदयो मे उत्पन्न होओगी यौवन अवस्था के प्राप्त होने पर नरो के देहो द्वारा अपने पति का सेवन करोगी । मेरे आधे भाग से कृष्ण से सम्भूत प्रद्युम्न का सेवन अवश्य ही उस समय करती रहोगी॥८०॥इस समय आज स्वारोचिष के अन्तर का सुप्रिय काल वर्त्तमान है जब वैवस्वत का अतर प्राप्त होगा उस समय मे अट्ठाईसवें युग मे द्वापर युग के अन्त मे भगवान् कृष्ण इस भूमण्डल म जन्म ग्रहण करेंगे ॥८१॥ उस समय उसके पुत्र दव प्रद्युम्न को मेरु के शिखर म सेवन करोगी । और परम रम्य नन्दन विपिन मे चिरकाल तक सुख पूर्वक रमण करोगी ॥८२॥ अन्य द्वापरान्ता म स्वर्णगभ उसका पति जन्म वान् भूमि मे वर्त्तमान् होता है और जिस प्रकार कृष्ण हैं वैसे ही वह भी है ॥८३॥ अव्यक्त जन्म वाले ब्रह्मा के मध्याह्न म और सध्या मे कल्प कल्प मे हरि साक्षात् जनमङ्गल करते हैं ॥८४॥

इत्युक्त्वा भगवाञ्छम्भुस्तत्रैवान्तर्द्धिमागमत् ।
राजा बभूव रुद्राणी गिरिजावल्लभो भव ॥८५

इति श्रुत्वा भव साक्षात्स्वमुखात्स्वाशमुत्तमम् ।
समुत्पाद्य तदा भूमौ गोदावर्या बभूव ह ॥८६
आचार्यशर्मणो गेहे पुत्रो जातो भवाशक ।
रामानुजस्स वै नाम्नानुजोऽभूद्रामशर्मण. ॥८७
एकदा रामशर्मा वै पतजलिमते स्थित ।
तीर्थात्तीर्थान्तर प्राप्त पुरी काशी शिवप्रियाम् ॥८८
शकराचार्यमागम्य शतशिष्यसमन्वित. ।
शास्त्रार्थं कृतवात्रम्य कृष्णपक्षो हरिप्रिय ॥८९
शकराचायविजितो लज्जितो निशि भीरुक. ।
स्वगेह पुनरायात शाकरैर्वा शरैर्हत. ॥९०
रामानुजस्तु तच्छ्रुत्वा सर्वशास्त्रविशारद' ।
भ्रातृशिष्यैश्च सहित पुरी काशी समाययौ ॥९१

इतना रति से वह कर भगवान् शम्भु वही पर अन्तर्धान होगये थे । रुद्राणी गिरिजा का वल्लभ भव राजा हुआ था ॥८५॥ सूतजी ने कहा—इस प्रकार से सुन कर भव ने साक्षात् अपने मुख से उत्तम अपने अ श को समुत्पादित करके भूमितल मे गोदावरी मे वह हुए थे ॥८६॥ वहा पर आचार्य शर्मा के घर मे भव का अ श पुत्र के स्वरूप मे समुत्पन्न हुआ था । इनका नाम रामानुज था और यह राम शर्मा के छोटे भाई थे ॥८७॥ एक बार राम शर्मा जोकि पतञ्जलि के मत मे स्थित थे, वह तीर्थाटन करते हुए तीर्थों से दूसरे तीर्थों मे चलते हुए शिव की प्रिय काशीपुरी मे प्राप्त हुए थे ॥८८॥ यह अपने सौ शिष्यो से समन्वित होकर शकराचार्य के पास गये थे। वहा हरि प्रिय कृष्ण पक्ष वाले ने बडा सुन्दर शास्त्रार्थ उनके साथ किया था । उस शास्त्रार्थ में शकराचार्य से विजित होकर परम लज्जा को प्राप्त हुए रात्रि मे भीरु होकर फिर अपन घर मे आगये थे, क्योकि शास्त्रार्थ मे शाकर शरो से हत हो रहे थे ॥९०॥ रामानुज ने यह सुना तो वह समस्त शास्त्रो के महा मनीषी अपने भाई के शिष्यो को साथ मे लेकर काशीपुरी म आगये थे ॥९१॥

गिरियों के ईश्वर हैं। रुद्र कभी गोपाल भी नहीं हो सकते हैं क्योंकि गोओ के पालन करने वाले नहीं है प्रत्युत गौ के ऊपर आरूढ होने वाले हैं। इसलिए वे गवारूढ कहे भी जाते हैं ॥६८॥

जय. पशुपतिः शंभुर्गोपतिर्नैव विश्रुतः ।
लज्जितः शकराचार्यो मीमामाशास्त्रमागतः ॥:८६
तयोर्दशदिन शास्त्रे विवादस्सुमहानभूत् ।
यस्तु वै यज्ञपुरुषो रामानुजमतप्रियः ॥१००
विच्छिन्न. शकरेणैव मृगभूतः पराजितः ।
आचारप्रभवो धर्मो यज्ञदेवेन निर्मितः ॥१०१
भ्रष्टाचारस्तदा जातो यज्ञे दक्षप्रजापते. ।
इति रामानुजः श्रुत्वा वचन प्राह नम्रधीः ॥१०२
कर्मणे जनितो यज्ञो ज्ञेयो विश्वपालनहेतवे ।
कर्मब्रह्मोद्भव विद्धि ब्रह्माक्षरसमुद्भवम् ॥१०३
अक्षरोऽय शिवः साक्षाच्छन्दब्रह्मणि सस्थितः ।
पुराणपुरुषो यज्ञो ज्ञेयोऽक्षरकरो भुवि ।
अक्षरात्त तु वै श्रेष्ठः परमात्मा सनातनः ॥१०४
अक्षरेण न वै तृप्तात्तृप्तोभूद्यज्ञकर्मणि ।
नाम्ना स यज्ञपुरुषो वेदे लोके हि विश्रुतः ॥१०५

शम्भु का नाम पशुपति ही जाना जाता है। कही भी गोपति उनका नाम प्रसिद्ध नही है। इस प्रकार की इन प्रवलतर अकाट्य युक्तियो से शकराचार्य बहुत ही लज्जित हुए और फिर इन्होने मीमास शास्त्र मे वाद का आरम्भ कर दिया था ॥६६॥ उन दोनो का दश दिन तक महान् विवाद हुआ था। जो भी यज्ञ पुरुष हैं वह तो रामानुज के मत का ही प्रिय था। शकर के द्वारा ही विच्छिन्न हुआ मृगभूत हो कर पराजित होगया था। आचार से प्रभव धर्म यज्ञ देव के द्वारा ही निर्मित है ॥१००-१०१॥ वह दक्ष प्रजापति के यज्ञ मे उस समय भ्रष्टाचार होगया था। यह रामानुज सुनकर नम्र बुद्धि वाला बोला—यज्ञ कर्म के लिए जनित है और वह विश्व के पालन के हेतु के लिए ही है।

वह कर्म ब्रह्मोदभव होता है और ब्रह्म अक्षर समुद्भव होता है ।।१०३।। यह अक्षर साक्षात् शिव हैं जो शब्द ब्रह्म मे संस्थित हैं । पुराण पुरुष यज्ञ है जो भूतल मैं अक्षरकर जानना चाहिए । अक्षर से वह सनातन परमात्मा श्रेष्ठ हैं ।।१०४।। अक्षर से तृप्त मे यज्ञ कर्म मे नही होता है नाम के द्वारा वह यज्ञ पुरुष वेद और लोक मे विश्रुत है ।।१०५।।

प्रपौत्रस्य तदा वृद्धिं दृष्ट्वा स्पर्द्धातुरः शिवः ।
मृगभूतश्च रुद्रोऽसौ दिव्यबाणैरतर्पयत् ।।१०६
समर्थो यज्ञपुरुषो ज्ञात्वा गुरुमय शिवम् ।
पलायनपरो भूतो धर्मस्तेन महान्कृतः ।।१०७
लज्जित. शकराचार्यो न्यायशास्त्रे समागतः ।
भवतीति भवो ज्ञेयो मृडतीति स वै मृडः ।।१०८
लोकान्भरति यो देवः स कर्ता भर्ग एव हि ।
हरतीति हरो ज्ञेयः स रुद्रः पापरावणः ।।१०९
स्वयं कर्ता स्वयं भर्ता स्वय हर्ता शिवः स्वयम् ।
शिवाद्विष्णुर्मही यातो विष्णोर्ब्रह्मा च पद्मभूः ।।११०
इति श्रुत्वा तु वचनं प्राह रामानुजस्तदा ।
धन्योऽय भगवाञ्छंभुर्यस्याय महिमा परः ।।१११
सत्यसत्य ममाज्ञेय कर्ता कारयिता शिवः ।
रामनाम पर नित्यं कथ शभुर्जपेद्धरिम् ।।११२

स्पर्धातुर शिव उस समय मे प्रपौत्र की वृद्धि को देखकर मृगभूत यह रुद्र दिव्य वाणों के द्वारा तृप्त किया था ।।१०६।। समर्थ यज्ञ पुरुष ने गुरुमय शिव को जान कर उससे महान् कृत धर्म पलायन परायण हो गया था इस मीमांसा शास्त्र मे भी लज्जित होकर शकराचार्य फिर न्याय शास्त्र में आगये थे शंकराचार्य ने कहा—भवतीति भव अर्थात् जो होना है वही भव जानने के योग्य होता है और जो मृडन करता है वह'मृड-तीति'—इस व्युत्पति के द्वारा मृड कहा जाता है ।।१०७-१०८।। जो देव लोकों का भरण करता है वह कर्त्ता ही भर्ग है । जो हरण करता है उसे ही हर जानना चाहिए । वह रुद्र है जो पापों का रावण करने

वाला है ॥१०६॥ शिव स्वय कर्ता—भर्त्ता और हर्त्ता है। शिव से विष्णु मही को प्राप्त हुआ और विष्णु से पद्मभू मही को गया था ॥११०॥ शकर भगवान् के इन वचनो को सुन कर तब फिर रामानुज न कहा—यह आपका भगवान् शम्भु धन्य है जिसकी ऐसी पर महिमा है ॥१११॥ सत्य और ध्रुव सत्य यह है कि यह शिव मेरी आज्ञा है जिस का वह कर्त्ता और कार पिता अर्थात् कराने वाला है। राम का नाम पर और नित्य हूँ उस हरि का ही शम्भु सदा जय किया करते हैं ॥११२॥

अनता: सृष्टय. सर्वा उद्भूता यस्य तेजसा।
अनत: शेषत: शेषार मन्ते योगिनो हि तम् ॥११३
स च वै मत्प्रभोर्धाम सच्चिदानदविग्रहः।
इति श्रुत्वा तदावाक्यं लज्जित: शंकरोऽभवत् ॥११४
योगशास्त्रपरो देवः कृष्णस्तेनैव दर्शितः।
कालात्मा भगवान्कृष्णो योगेशो योगतत्पर: ॥११५
साख्यशास्त्रे च कपिलस्तस्मै तेनैव दर्शित:।
कं वीर्यं पति यो वै स कपिस्त चैव लाति य:।
कपिलस्स तु विज्ञेय: कपी रुद्र: प्रकीर्तित: ॥११६
कपिलो भगवान्विष्णु: सर्वज्ञ: सर्वरूपवान्।
तदा तु शकराचार्यो लज्जितो नम्रकन्धर: ॥११७
शुक्लाबरधरो भूत्वा गोविन्दो नाम निर्मलम्।
जजाप हृदि शुद्धात्मा शिष्यो रामानुजस्य वै ॥११८
इति ते रुद्रमाहात्म्य प्रसगेनापि वर्णितम्।
धनवान्पुत्रवान्वाग्मी भवेद्य: शृणुयादिदम् ॥११६

ये समस्त सृष्टियाँ अनन्त हैं। ये सब जिसके तेज उद्भूत से हुई हैं,वह शेष मे भी अनन्त है। शेष योगिगण उसका रमण किया करते हैं ॥११३॥ वह मेरे प्रभु का धाम है जोकि सच्चिदानन्द विग्रह वाले हैं। इस रामानुज का वाक्य श्रवण करके शकराचार्य बहुत ही लज्जित हुए थे ॥११४॥ योगशास्त्र में परदेव कृष्ण ही हैं उसने ही दिखाया

है। भगवान् कृष्ण कालात्मा–योगेश और योग मे तत्पर हैं ॥११८॥ और साख्यशास्त्र मे कपिल ने उसके लिए उसी ने दिखाया है। कपि साम वीर्य को जो रक्षा करता है वह कपि है उस कपि को जा लाता है वह कपिल होता है। वही कपिल है और कपि रुद्र कहा गया है ॥११६॥ कपिल भगवान् विष्णु हैं जो सवज्ञ और सर्व रूप वाल है। तब तो भगवान् श कराचार्य परम लज्जित होकर नीचे को क धरा करने वाले होगये थे ॥११७॥ गोविन्द शुक्ल वस्त्र धारण करने वाला होकर निर्मल नाम का जप करने लगा। हृदय मे शुद्धात्मा रामानुज का शिष्य था ॥११८॥ यह रुद्र का माहात्म्य प्रसङ्ग स ही तुम्हारे समक्ष मे वणन कर दिया गया है। जो इस माहात्म्य का श्रवण करता है वह धन वाला और पुत्र वाला तथा वाग्मी हो जाता है ॥११६॥

———

॥ कबीर–नरश्री–पीपा–नानक–वृत्तान्त ॥

दितिपुत्रौ महाघोरौ विष्णुना प्रभविष्णुना।
सहतौ तु दितिर्ज्ञात्वा कश्यप समपूजयत् ॥१
द्वादशाब्दातरे स्वामी कश्यपो भगवानृपि।
उवाच पत्नी स हि ता वर ब्रूहि वरानने।
सा तु श्रुत्वा नमस्कृत्य वचन प्राह हर्षिता ॥२
अदितिर्मम या देवी सपत्नी पुत्रसयुता।
द्वादशततयास्नस्या मम द्वौ तनयौ स्मृतौ ॥३
तदवयसुते नैव विष्णुना सुरपालिना।
विनाशितौ सुतौ घोरौ ततोऽह भृशदु खिता ॥४
देहि मे तनय स्वामिन्द्वादशादित्यनाशनम्।
इति श्रुत्वा वचो घोरं दितिं प्राह सुदु खित ॥५
ब्रह्मणा निर्मितौ लोके धर्माधर्मौ परापरौ।
धर्मपक्षास्तु ये लोके नरास्ते ब्रह्मण प्रिया ॥६

अधर्मपक्षास्तु नरा वैरिणस्तस्य धीमतः ।
अधर्मपक्षौ तनयौ तस्मान्मृत्युमुपागतौ ।।७

इस अध्याय मे कबीर—नरश्री—पीपा—नानक और नित्यानद साधुओ की समुत्पत्ति के वृत्तान्त का वर्णन किया जाता है । सुर गुरु बृहस्पति जी ने कहा—दिति के पुत्र दोनो महान् घोर थे । वे दोनो विष्णु के द्वारा प्रभविष्णु होकर मारे गये थे अर्थात् विष्णु ने अवतार धारण कर उन्हें मार दिया था । यह जानकर दिति ने कश्यप की भली-भाँति पूजा की थी ।।१।। जब यजन करते हुए दिति को बारह वर्ष हो गये तो भगवान् कश्यप ऋषि जो उस दिति के स्वामी थे अपनी उस पत्नी से बोले—हे वरानने ! तू अपना मनोवाञ्छित वर माँग ले । उस दिति ने यह श्रवणकर बडा हर्ष प्राप्त किया और पति को नमस्कार करके उनसे कहने लगी थी ।।२।। हे भगवन् ! अदिति देवी जो मेरी सपत्नी है वह पुत्रो से सयुत है । उसके बारह पुत्र हैं और मेरे दो ही पुत्र थे ।।३।। वे दो पुत्र भी अवर्यसुत सुरो के पालन करने वाले विष्णु न विनाशित कर दिये हैं जो कि पुत्र अत्यन्त घोर थे । इससे मैं बहुत ही अधिक दु खित हू । हे स्वामिन् ! मुझे ऐसा पुत्र प्रदान करें जो इन बारह अदिति के पुत्रों का नाश करने वाला हो । इस घोर वचन को सुनकर कश्यप बहुत अधिक दुखी होकर दिति से बोले ।।४-५।। लोक मे ब्रह्मा ने पर और अपर धर्म तथा अधर्म इन दोनो का निर्माण किया है । धर्म के पक्ष को ग्रहण करने वाले नर होते हैं वे ब्रह्मा के प्रिय हुआ करते हैं । अधर्म के पक्ष को ग्रहण करने वाले नर उस धीमान् के शत्रु होते हैं । तेरे पुत्र तो अधर्म के पक्ष ग्रहण करने वाले थे । इसी से वे मृत्यु को प्राप्त हुए हैं ।।६-७।।

अतो धर्मप्रिये शुद्ध कुरु तस्मान्महाबल. ।
भविष्यति सुतो धीमांश्चिरजीवी तव प्रिय. ।।८
इति श्रुत्वा दितिर्देवी कश्यपाद्गर्भमुत्तमम् ।
सप्राप्य सा शुभाचारा बभूव व्रतधारिणी ।।९

तस्यागर्भगते पुत्र महेन्द्रश्च भयान्वितः ।
दासभूतः स्थितो गेहे स दितेराज्ञया गुरोः ॥१०
सप्तमासि स्थिते गर्भे शक्रमायाविमोहिता ।
अशुचिश्च दितिर्देवी सुष्वाप निजमंदिरे ॥११
अंगुष्ठमात्रो भगवान्महेन्द्रो वज्रसंयुतः ।
कुक्षिमध्ये समागम्य चक्रे गर्भं स सप्तधा ॥१२
जीवभूताननतिबलान्दृष्ट्वा सप्त महारिपून् ।
एकैकः सप्तधा तेन महेन्द्रेण तदा कृतः ॥१३
नम्रीभूतश्च तान्दृष्ट्वा महेन्द्रस्तैः समन्वितः ।
योनिद्वारेण चागम्य प्रणनाम तदा दितिम् ॥१४

इसलिये हे धर्म प्रिये ! शुद्ध मन करो । इससे महान् बलवान्—धीमान् और चिर काल तक जीवित रहने वाला तेरा प्रिय पुत्र समुत्पन्न होगा ॥८॥ यह श्रवण कर दिति देवी ने कश्यप ऋषि से उत्तम गर्भ धारण किया और वह फिर शुभ आचारों वाली वृत्तों को धारण करने वाली हो गई ॥९॥ उसके गर्भ में पुत्र के आ जाने पर महेन्द्र देव अत्यन्त भय से आतुर हो गये थे और गुरु की आज्ञा से वह दास बनकर दिति के घर में ही स्थित होकर रहने लगा था ॥१०॥ जब उस गर्भ को स्थित हुए सात मास हो गये थे तब वह दिति इन्द्र की माया से विमोहित होकर अशुचि दशा में ही वह अपने मन्दिर में सो गई थी ॥११॥ इसी छिद्र को प्राप्त कर महेन्द्र देव अंगुष्ठ मात्र होकर वज्र धारण करके दिति की कुक्षि में प्रवेश कर गये थे और उसने अपने वज्र से उस गर्भ के सात टुकड़े कर दिये थे ॥१२॥ फिर भी जीवभूत अत्यन्त बलवान् उन सातों महारिपुओं को देखकर उस समय महेन्द्र ने एक-एक खण्ड के फिर सात-सात टुकड़े कर दिये थे ॥१३॥ उनको नम्री भूत जब इन्द्र ने देखा तो उनके साथ ही योनि के द्वार से बाहिर निकल कर महेन्द्र ने दिति को प्रणाम किया था ॥१४॥

प्रसन्ना सा दितिर्देवान्महेन्द्राय च तान्ददौ ।
मरुद्गणाश्च ते सर्वे विख्याताः शक्रसेवकाः ॥१५

स तु पूर्वभवे जातो ब्राह्मणो लोकविश्रुतः ।
इलो नाम स वेदज्ञो यथेलो नृपतिस्तदा ॥१६
एकदा बलवान्राजा मनुपुत्र इलः स्वयम् ।
एकाकी हयमारुह्य मेरोर्विपिनमाययौ ॥१७
मेरोरधः स्थितः खण्डः स्वर्णगर्भो हरिप्रियः ।
निवास कृतवांस्तत्र कृत्वा राष्ट्रं महोत्तमम् ॥१८
इलेनावृतमेवापि घृत तत्र स्थले सुराः ।
इलावृतमिति ख्यातः खण्डोऽभूद्विबुधप्रिय. ॥१९
भारते ये स्थिता लोका इलावृतमुपागताः ।
मेरुगिरिर्वृक्षमयो विधात्रा निर्मितो हि सः ॥२०
आरोहण नरैस्तस्मिन्कृत स्वर्णमय शुभम् ।
तमारुह्य क्रमाल्लोकः स्वर्गलोकमुपागतः ॥२१

तब दिति देवी ने प्रसन्न होकर उन देवो को महेन्द्र के लिये ही दे दिया था । वे सब इन्द्र के सेवक मरुद्गण इस नाम से विख्यात हुए थे ॥१५॥ वह पूर्व जन्म मे लोक मे प्रसिद्ध ब्राह्मण हुआ था । वह वेदो का ज्ञाता इस नाम वाला था जैसा कि उस समय मे इल राजा था ॥१६॥ एक बार बलवान् मनु का पुत्र राजा इल स्वय अकेला ही अश्व पर समारूढ होकर मेरु के वन मे आ गया था ॥१७॥ मेरुगिरि के निचले भाग मे हरि का प्रिय स्वर्ण गर्भ खण्ड स्थित था । वहा पर इसने महान् उत्तम राष्ट्र का निर्माण करके अपना निवास किया था ॥१८॥ उस स्थल मे देवो ने इल के द्वारा आवृत भी किया था । अतः देवो का प्रिय वह खण्ड इलावृत इस नाम से प्रसिद्ध हुआ था ॥१९॥ भारत मे जो लोक स्थित हैं वे इलावृत मे उपागत हो गये थे । वह मेरु गिरि वृक्षो से परिपूर्ण विधाता के द्वारा निर्मित हुआ था ॥२०॥ उस पर नरो ने स्वर्णमय शुभ आरोहण किया था । उस पर आरोहण करके क्रम से लोक स्वर्ग लोक मे उपागत हो गया था ॥२१॥

तान्दृष्ट्वा मनुजान्प्राप्तान्सदेहान्स्वर्गमण्डले ।
विस्मिताश्च सुरास्सर्वे महेशं शरणं ययु. ॥२२

ज्ञात्वा स भगवान्रुद्रो भवान्या सह शंकरः ।
इलावृतवने रम्ये स रेमे च तया सह ॥२३
एतस्मिन्नन्तरे प्राप्तो वैवस्वतसुतो महान् ।
इलो नाम महा प्राज्ञो मृगयार्थी सदाशिवम् ॥२४
नग्नभूत समालोक्य नेत्रे संमील्य सस्थितः ।
लज्जिता गिरिजां दृष्ट्वा शशाप भगवान्हरः ॥२५
अस्मिन्खण्डे सदा नार्यो भविष्यति च मा विना ।
इत्युक्त्वा वचनं तस्मिन्नार्यस्सर्वा बभूविरे ॥२६
इला बभूव नृपतेः कन्या जनमनोहरा ।
बहुकाल मेरशृंगे महत्तापमचीकरत् ॥२७
इलासमाधिभूतायाः सर्पविशच्चतुर्युगम् ।
जात तत इला कन्या त्रेतामध्ये तु चन्द्रजम् ।
बुध देव पतिं कृत्वा चन्द्रवंशमजीजनत् ॥२८

पुत्र बुध देव का अपना पति बना कर चन्द्र वश को समुत्पन्न किया था ॥२८॥

अयो याधिपति श्रीमा यदलावृतमागत ।
तस्य राज्ञी मदवती नाम्ना तुष्टाव पावतीम् ॥२९
तदा प्राप्त इलो विप्रस्तस्या रूपेण मोहित ।
पस्पर्श ता मदवती राज्ञी कामविमोहित ॥३०
एतस्मिन्न तरे तत्र वागुवाचाशरीरिणी ।
इलो नाय द्विजश्चाय तव रूपविमोहित ॥३१
अनिलो नाम तत्रैव विख्यातोऽभूद्विजस्य वै ।
कामाग्निपीडितो विप्रस्स तुष्टाव च पावकम् ॥३२
छित्वाछित्वा शिरो रम्य तस्मै जात पुन पुन ।
दत्वा तुष्टाव त देव प्रसन्नोऽभूद्धनजय ॥३३
प्राह त्वमूनपचाशद्विभेदान्जनयिष्यसि ।
तथाह मित्रवान्भूत्वा तत्सख्यस्तव कामद ॥३४
यथा कुबेरो भगवा पर्वविशद्वरुणप्रिय ।
तथाहमूनपचाशद्विभेदस्तव वै सखा ॥३५
इत्युक्ते वचने तस्मिन्दितिकुक्षौ द्विजोत्तम ।
वायुर्नाम स वै जात पावकस्य प्रियस्सखा ॥३६

अयोध्या का स्वामी श्रीमान् जिस समय मे इलावृत म आया था उस समय मे उस राजा की रानी मदवती नाम वाली ने वहा पावती की स्तुति की थी ॥२९॥ उस समय इल विप्र वहा आ गया और वह उस मदवती के रूप से मोहित हो गया था। काम से विशेष मोहित होकर उस विप्र ने उस मदवती राज्ञी का स्पश किया था ॥३०॥ इसी अन्तर म बिना शरीर वाली वाणी न कहा अथात् आकाश मे वाणी हुई थी यह इल नही है और यह द्विज इल है जो तम्हारे रूप से मोहित हो गया है ॥३१॥ वहा पर ही द्विज का अनिल यह नाम विख्यात हो गया था। कामाग्नि से अत्यन्त पीडित उस ब्राह्मण न पावक की स्तुति का थी ॥३२॥ उसने अपने रम्य शिर को काट काटकर उसे समर्पित किय

थे किन्तु पुनः पुनः उत्पन्न हो गया था। इस तरह से उस देव का जब स्तवन किया था। तब धनंजय प्रसन्न हो गया था ॥३३॥ वह संतुष्ट होकर बोला—तू उनचास विभेदों को उत्पन्न करेगा। तब मैं मित्रवान् होकर उतनी ही संख्या वाला तेरी कामनाओं का देने वाला होऊंगा ॥३४॥ जिस तरह भगवान् कुवेर छब्वीस वरुणों का प्रिय हैं। उसी प्रकार से मैं उनचास विभेद वाला तेरा सखा हूं ॥३५॥ इस तरह के वचन कहने पर द्विजोत्तम दिति की कुक्षि मे वायु नाम वाला पावक का सखा उत्पन्न हुआ था ॥३६॥

इति श्रुत्वा गुरोर्वाक्यं वैश्यजात्यां समुद्भवः।
धान्यपालस्य वै गेहे मूलगंडान्तजः सुतः।
पितृमातृपरित्यक्तः काश्यां विंध्यवने तदा ॥३७
अलिको नाम वै म्लेच्छस्तत्र स्थाने समागतः ॥३८
अनपत्यो वस्त्रकारी सुत प्राप्य गृहं ययौ।
कबीर इति विख्यातः स पुत्रो मधुराननः ॥३९
स सप्ताब्दवपुर्भूत्वा गोदुग्धपानतत्परः।
रामानंदं गुरुं मत्वा रामध्यानपरोऽभवत् ॥४०
स्वहस्तेनैव संस्कृत्य भोजनं हरयेऽर्पयत्।
तत्प्रियार्थं हरिस्साक्षात्सर्वकामप्रदोऽभवत् ॥४१
उत्तानपादतनयो ध्रुवोभूत्क्षत्रियः पुरा।
पितृमातृपरित्यक्तः स बालः पंचहायनः ॥४२

सूतजी ने कहा—गुरु के इस वाक्य का श्रवण कर वैश्य जाति में समुत्पन्न धान्यपाल के घर मे मूलगण्डान्त में जन्म लेने वाला पुत्र हुआ था जो कि माता और पिता के द्वारा परित्यक्त कर दिया गया था। उस समय काशी में विन्ध्य वन मे अलिक नाम वाला म्लेच्छ था वह उस स्थान में आ गया था ॥३७-३८॥ वह म्लेच्छ सन्तान से हीन था और वस्त्रकारी था, वह उस सुत को प्राप्त करके गृह को चला गया था। वह कबीर इस नाम से मधुर मुख वाला पुत्र संसार मे प्रसिद्ध हो गया था ॥३९॥ वह सात वर्ष की अवस्था वाला होकर गाय के दूध का

पान करने में तत्पर रहता था। फिर इसने स्वामी रामानन्द को अपना गुरु मान लिया था और श्रीराम के ध्यान में परायण हो गया था ॥४०॥ अपने हाथ से ही संस्कार करके यह हरि को भोजन अर्पण किया करता था। उसके प्रिय के लिये हरि साक्षात् समस्त कामनाओं के प्रदान करने वाले हो गये थे ॥४१॥ वृहस्पति जी ने कहा—पहिले राजा उत्तानपाद का पुत्र क्षत्रिय ध्रुव हुआ था। यह पाँच वर्ष का बालक माता पिता के द्वारा परित्यक्त करा दिया गया था ॥४२॥

गोवर्द्धनगिरी प्राप्य नारदस्योपदेशत ।
स चक्रे भगवद्ध्यान मासान्पट् च महाव्रती ॥४३
तदा प्रसन्नो भगवान्विष्णुर्नारायण प्रभु ।
खमडले पद तस्मै ददौ प्रीत्या नभोमयम् ॥४४
दृष्ट्वा तद्वदन रम्य मायाशक्त्या दिशो दश ।
स्वामिन च ध्रुव मत्वा भक्तिनम्रा बभूविरे ॥४५
ध्रुवोऽपि भगवान्साक्षात्सर्वपूज्यो बभूव ह ।
दिक्पति स तु विज्ञेयो भगणाना पति स्वयम् ॥४६
नभ पति कालकर शिशुमारपतिस्स वै ।
पचतत्त्वा हि वै माया प्रकृतिस्तत्पति स्वयम् ॥४७
तस्माद्धराया सभूतो भौमो नाम महाग्रह ।
जलदेव्यास्ततो जात शुक्रो नाम महाग्रह ॥४८
वह्निदेव्यास्ततो जातश्चाह तत्र महाग्रह ।
वासुदेव्या ध्रुवाज्जात केतुर्नाम महाग्रह ॥४९

यह गोवर्द्धन पर्वत पर जाकर नारद के उपदेश से छै मास पर्यन्त महान् व्रत करने वाले इसने भगवान् का ध्यान किया था। तब भगवान् विष्णु नारायण प्रभु परम प्रसन्न हो गये थे और उन्होंने उसके लिये आकाश मण्डल में प्रीति से नभोमय पद दे दिया था ॥४४॥ माया शक्ति में उसके परम रम्य मुख को देखकर दशों दिशा में ध्रुव को स्वामी मान कर भक्ति से विनम्र हो गई थी ॥४५॥ ध्रुव भी साक्षात् भगवान् सब का पूज्य हो गया था। वह स्वयं भगणों का पति दिक्पति जानने के

योग्य है ॥४६॥ नभ का पति—कानकर और वह शिशु मार पति था। पाँच तत्वों वाली माया प्रकृति थी उसका पति वह स्वय था ॥४७॥ इस लिये धरा में भौम नाम वाला महाग्रह उत्पन्न हो गया था। इसके अनतर जलदेवी शुक्र नाम वाला वहा पर महाग्रह उत्पन्न हुआ था ॥४८॥ इसके पश्चात् वह्नि देवी में वहा मैं महाग्रह समुत्पन्न हुआ। वासुदेवी में ध्रुव से केतु नाम वाले महाग्रह ने जन्म धारण किया था ॥४९॥

ग्रहभूत: स्थितस्तत्र नभोदेव्यां तदुद्भवः ।
राहुर्नाम तथा घोरो महाग्रह उपग्रहः ॥५०
पूर्वस्यां दिशि वै तस्माज्जातश्चैरावतो गजः ।
आग्नेय्यां दिशि वै तस्मात्पुंडरीको गजोऽभवत् ॥५१
वामनः कुमुदश्चैव पुष्पदंतः क्रमाद्गजाः ।
सार्वभौमः सुप्रतीको नभोदिक्षु तु तत्सुताः ॥५२
अभ्रमु:कपिला चैव पिंगलाख्या इमाःक्रमात् ।
ताम्रकर्णी शुभ्रदती चांगना चांजनावती ॥५३
भूमिदिक्षु करिण्यश्च जातास्तस्मात्तु तत्प्रियाः ।
भगिनी च तथामाता सुता चैव स्नुषा तथा ॥५४
पशुयोन्युद्भवानां च नृणां ता योषितस्सदा ।
देवयोन्युद्भवानां च नृणां पत्नी स्मृता स्वसा ॥५५
मनुवंशोद्भवानां च नृणां चान्योद्भवाः स्त्रियः ।
इति धर्मो विधात्रोक्तो मया प्रोक्तःसुरा हि वः ॥५६

वहां पर ग्रह भूत होकर वह स्थित हो गया था। उसका उद्भव नभोदेवी मे हुआ था। राहु नाम का महाग्रह अति घोर उपग्रह है ॥५०॥ पूर्वदिशा मे उससे ऐरावत नाम वाला हाथी समुत्पन्न हुआ था। आग्नेयी दिशा में उससे पुण्डरीक नाम धारी गज की उत्पत्ति हुई थी ॥५१॥ वामन-कुमुद और पुष्प दन्त गज तथा सार्वभौम-सुप्रतीक क्रम से गज हुए थे जो नभो दिशाओं में थे। उनके पुत्र अभ्रमु-कपिला और पिंगल नाम वाले क्रम से हुए थे। ताम्रकर्णी-शुभ्रदन्ती-वाङ्गना और चाजनावती भूमि की दिशाओं मे करिणियां उससे उत्पन्न हुई थीं।

उनकी प्रिया भगिनी-माता-सुता और स्नुषा हुई थी। पशुयोनि म जन्म लेने वाले मनुष्यो की वे सदा स्त्रियां थीं। जो देवयोनि म उद्भव वान नर थे उनकी पत्नी स्वसा थी। मनुवश मे जन्म ग्रहण करने वालो की अयोद्भव स्त्रिया थीं। हे देवगण ! विधाता ने यह धर्म कहा है और मैंने आपको कह कर सुना दिया है ॥५२ ५६॥

द्विधा ध्रुवस्स विज्ञेयो भूमेरुर्द्धमधस्तथा ।
सद्गुण स दिवारूपो रात्रिरुपस्तमोगुण ॥५७
अधोध्रुवे सदा रात्रिर्नारकास्तत्र वै स्थिता ।
ऊर्ध्वध्रुवे दिवा नित्य तपोमध्ये निशा दिवा ॥५८
महो जनस्तपस्सत्य तेषु नित्य दिन स्मृतम् ।
रौरवश्चाधकूपश्च तामिस्र च तमोमयम् ।
तेषुनित्य स्मृता रात्रि कल्पमान च कोविदे ॥५९
स तु पूर्वभवे चासीद्ब्राह्मणो माधवप्रिय ।
पष्टचब्द सर्वतीर्थेषु प्रात स्नान चकार ह ॥६०
तीर्थ पुण्यात्स वै विप्रो माधवो माधवप्रिय ।
सुनीत्या नर्ममासाद्य ध्रुवो भूत्वा रराज ह ।
षट्त्रिंशद्व सहस्रब्द राज्य कृत्वा ध्रुवोऽभवत् ॥६१
इति श्रुत्वा गुरोर्वाक्य स ध्रुव पचमो वसु ।
गुर्जरे देश आगम्य चश्यजारया समुद्भव ।
नरश्रीर्नाम विख्यातो गुणवश्यस्य वै सुत ॥६२
कुसीदगुणगुप्तश्च नरश्री पुत्रवत्सल ।
त्यक्त्वा प्राणान्ययौ स्वर्ग स वैश्यतनयो ध्रुव ॥६३

वह ध्रुव भूमि के ऊर्ध्व भाग मे और अधोभाग म दो प्रकार का जानना चाहिए। दिवारूप वह सत्व के गुण वाला है और रात्रि रूप वह तमोगुण वाला है ॥५७॥ अधोभाग के ध्रुव मे सदा ही रात्रि रहा करती है। वहा पर नरक वाले लोग स्थित रहते हैं। ऊर्ध्वभाग के ध्रुव म नित्य ही दिन रहता है उन दोनो के मध्य में दिन और निशा दोनो रहा करते हैं ॥५८॥ महलोक-जन लोक-तपो लोक और सत्य लोक इन

चारो मे नित्य ही दिन रहता है । रौरव—अन्ध कूप—तामिस्र ये अन्धकार मय और तमोगुण वाले हैं । उनमे सर्वदा ही रात्रि कही गई है । कोविद लोगो के द्वारा एक कल्प तक उसका मान बताया गया है ॥५६॥ वह पहिले जन्म मे माधव का प्रिय ब्राह्मण था । साठ वर्ष तक समस्त तीर्थों मे उसने प्रात काल का स्नान किया था ॥६०॥ तीर्थों के पुण्य के प्रभाव से वह विप्र माधव का प्रिय हो गया था । फिर मुनीवि मे गर्भ प्राप्त करके ध्रुव हुआ था और दीप्तिमान हो गया था । छत्तीस सहस्र वर्ष तक राज्य सुख का अनुभव करके वह ध्रुव हो गया था ॥६१॥ सूतजी ने कहा—गुरु के इस वाक्य का श्रवण करके पचम वसु वह ध्रुव गुर्जर (गुजरात) देश मे आकर वैश्य जाति मे समुद्भूत हुआ था । इसका नरश्री यह नाम प्रसिद्ध था और यह गुण वैश्य नाम वाले वैश्य का पुत्र था ॥६२॥ इसका पुत्र कुमीद गुण गुप्त था । पुत्र का वत्सल नरश्री अपने प्राणो का त्याग करके स्वर्ग लोक को चला गया था । वह ध्रुव वैश्य तनय था ॥६३॥

प्रत्यह स हरेः क्रीडा वृन्दावनमहोत्तमे ।
शिवप्रसादात्प्रत्यक्षा दृष्ट्वा हर्षमवाप्तवान् ॥६४
यस्य पुत्रविवाहे च भगवान्भक्तवत्सलः ।
यादवैस्सह सप्राप्तस्तस्य वाछितदायकः ॥६५
पुरी काशी समागम्य नरश्रीभक्तराट् स्वयम् ।
रामानन्दस्य शिष्योऽभूद्विष्णुधर्म विशारद ॥६६
कदाचिद्भगवानत्रिर्गगाकूलेऽनसूयया ।
सार्द्ध तपो महत्कुवन्ब्रह्मध्यानपरोऽभवत् ॥६७
तदा ब्रह्मा हरिश्शभुः स्वस्ववाहनमास्थिताः ।
वर ब्रूहीति वचन तमाहुस्ते सनातना. ॥६८
इति श्रुत्वा वचस्तेषा स्वयभूतनयो मुनिः ।
नैव किञ्चिद्वचः प्राह सस्थितः परमात्मनि ॥६९
तस्य भाव समालोक्य त्रयो देवाः सनातनाः ।
अनसूया तस्य पत्नी समागम्य वचोऽब्रुवन् ॥७०

वृन्दावन महोत्सव मे प्रतिदिन उसने भगवान् की हरि की क्रीडा को शिव के प्रसाद से प्रत्यक्ष रूप मे देखकर बडा ही अधिक हर्ष प्राप्त किया था ।।६४।। जिसके पुत्र के विवाह मे भक्तों पर अधिक प्यार करने वाले भगवान् यादवों के साथ सम्प्राप्त हुए थे जो कि उसके वाञ्छित के देने वाले थे ।।६५।। काशीपुरी मे आकर भक्तो के राजा नरश्री स्वय स्वामी रामानन्द के शिष्य हो गये थे जो विष्णु धम के महापण्डित थे ।।६६।। सुर गुरु वृहस्पति जी ने कहा—किसी समय भगवान् अत्रि मुनि गगा के तट पर अनसूया के साथ महान् तप करते हुए ब्रह्म के ध्यान मे तत्पर हो गये थे ।।६७।। उस समय मे ब्रह्मा–हरि और शम्भु ये तीनो अपने-अपने वाहनो पर समारूढ होकर वे सनातन 'वरदान की याचना करो जो कुछ भी तुमको अभीष्ट हो'–यह वचन उस अत्रि मुनि से बोले थे ।।६८।। उनके इस वचन का श्रवण करके स्वयम्भू के पुत्र मुनि ने कुछ भी वचन नही कहा था क्योकि वह उस समय परमात्मा मे ही सलग्न होकर स्थित थे ।।६९।। वे सनातन तीनो देवो ने उसके भाव को देख कर उसकी पत्नी जो अनसूया थी उसके पास जाकर कहा था ।।७०।।

लिगहस्त स्वय रुद्रो विष्णुस्तद्रसवर्द्धन· ।
ब्रह्मा कामब्रह्मलोप· स्थितस्तस्यावश गत ।
रतिं देहि मदाघूर्णे नो चेत्प्राणास्त्यजाम्यहम् ।।७१
पतिव्रताऽनसूया च श्रुत्वा तेषा वचोऽशुभम् ।
नैव किंचिद्वच. प्राह कोपभीता सुरान्प्रति ।।७२
मोहितास्तत्र ते देवा गृहीत्वा ता बलात्तदा ।
मैथुनाय समुद्योग चक्रुर्मायाविमोहिता: ।।७३
तदा क्रुद्धा सती सा वै तान्छशाप मुनिप्रिया ।
मम पुत्रा भविष्यति यूय कामविमोहिता: ।।७४
महादेवस्य वै लिग ब्रह्मणोऽस्य महाशिर· ।
चरणौ वासुदेवस्य पूजनीया नरैस्सदा ।
भविष्यति सुरश्रेष्ठा उपहासोऽप्यमुत्तम ।।७५

इति श्रुत्वा वचो घोरं नमस्कृत्य मुनिप्रियाम् ।
तुष्टुवुर्भक्तिनम्राश्च देवपाठैश्च ऋङ्मयैः ।।७६
अनसूया तदा प्राह भवन्तो मम पुत्रकाः ।
भूत्वा शापं मदीयं च त्यक्त्वा तृप्तिमवाप्स्यथ ।।७७

रुद्र स्वयं लिङ्ग को हाथ में लिए हुए हैं—विष्णु उनके रस का वर्द्धन करने वाले हैं और काम प्रह्लोप ब्रह्मा भी यहा पर स्थित हैं जोकि उनके अवश को प्राप्त हुए हैं। हे महाघूर्ण ! अब तू रति का दान दे नहीं तो मैं प्राणों का त्याग करता हूँ ।।७१।। पातिव्रत धर्म का पूर्ण पालन करने वाली अनसूया ने इस उनके अशुभ वचन को सुन कर देवों के प्रति अत्यन्त क्रुद्ध होने के भय से डरी हुई होकर उसने कुछ भी उनको उत्तर नहीं दिया था ।।७२।। वहा पर देवगण मोहित होगये थे और उस अनसूया को बल पूर्वक उस समय पकड़ लिया था तथा माया से अत्यन्त विमोहित होते हुए उनने उसके साथ मैथुन करने का उद्योग किया था ।।७३।। जब इसको देखा तो मुनि की प्रिया को बड़ा क्रोध उत्पन्न होगया था और उस सती ने उनको शाप देदिया था--तुम काम से विमोहित होगये हो अब तुम सब मेरे पुत्र होकर जन्म लोगे ।।७४।। महादेव के इस लिङ्ग की—ब्रह्मा के महाशिर की और वासुदेव विष्णु के चरणो की ही सदा मनुष्यों के द्वारा पूजा हुआ करेगी। हे सुरश्रेष्ठो ! आप इसी प्रकार से पूजा के योग्य होओगे और यह एक उत्तम उपहास होगा ।।७५।। इस प्रकार का परम घोर वचन सुन कर उन्होंने मुनि प्रिया को नमस्कार किया था और भक्ति से अत्यन्त विनम्र होकर वेद पाठ की ऋचाओं के द्वारा उसकी स्तुति करने लगे थे ।।७६।। इसके पश्चात् अनसूया ने कहा—आप सब तीनों मेरे पुत्र बन कर मेरे शाप का त्याग करके फिर परम तृप्ति करेंगे ।।७७।।

इत्युक्ते वचने ब्रह्मा चंद्रमाश्च तदा ह्यभूत् ।
दत्तात्रेयो हरिः साक्षाद् वासा भगवान्हरः ।
तत्पापपरिहारार्थं योगवन्तो बभूविरे ।।७८

एतस्मिन्न तरेदेवी प्रकृतिस्सर्व धर्मिणी ।
विधि विष्णु हर चान्य चक्रे सा गुणरूपिणी ॥७९
मन्वतरमतो जात तेषा योग प्रकुर्वताम् ।
हर्षिताश्च त्रयो देवास्समागम्य च तान्प्रति ॥८०
उवाच वचन रम्य तेषा मगलहेतवे ।
चन्द्रमाश्च भवेत्सोमो वसु षष्ट सुरप्रिय ॥८१
रुद्राशश्चैव दुर्वासा प्रत्यूष सप्तमो वसु ।
दत्तात्रेयमयो योगी प्रभासश्चाष्टमो वसु ।
तेषा वाक्य समाकर्ण्य वसवस्ते त्रयोऽभवन् ॥८२
इति श्रुत्वा गुरोर्वाक्य वसवो हर्षितास्त्रय ।
स्वाशेन भूतल जग्मु कलिशुद्धाय दारुणे ।
दाक्षिणात्ये राजगृहे वैश्यजात्या समुद्भव ॥८३
पीपा नाम सुत सोम देवस्य तदा ह्यभूत् ।
कृत राज्यपद तेन यथा भूपेन तत्पुरे ॥८४

इस प्रकार से वचन कहे जाने पर उस समय ब्रह्मा चन्द्रमा हुए थे। हरि दत्तात्रेय हुए और भगवान् हर साक्षात् दुर्वासा हुए थे। उस पाप के परिहार के लिए ये योग वाले हुए थे ॥७८॥ इस बीच मे सर्व धर्म वाली प्रकृति देवी ने जोकि गुणो के रूप वाली थी विधि—विष्णु और हर को अन्य बनाकर स्थित कर दिया ॥७९॥ उनके योग करते हुए मन्वन्तर होगया था। परम प्रसन्न तीनो देव उनके मगल के लिए अति रम्य वचन कहने लगे थे। चन्द्रमा सोम होजावे और सुरप्रिय छटा वसु हो जावेगा ॥८० ८१॥ रुद्र का अंश दुर्वासा योगी प्रभास आठवाँ वसु होगा। उनके वाक्य का श्रवण करके वे तीनो वसु होगये थे ॥८२॥ सूतजी ने कहा—यह गुरु के वचन सुनकर तीनो वसु परम हर्षित होते हुए अपने अंश से कलिशुद्ध के लिए भूतल चले गये थे। वहाँ दारुण दाक्षिणात्य राजगृह मे वैश्य जाति मे उनका समुद्भव हुआ था ॥८३॥ उस समय मे देव का सुत सोम पीपा नामधारी हुआ। उसने उस पुर में भूप की भाँति ही राज्य पद का उपभोग किया था॥८४॥

रामानन्दस्य शिष्योऽभूद्द्वारकां स समागतः ।
हरेर्मुद्रां स्वर्णमयीं प्राप्य कृष्णात्स वै नृपः ।
वैष्णवेभ्यो ददौ तत्र प्रेततत्त्वविनाशिनीम् ॥८५
प्रत्यूपश्चैव पांचाले वैश्यजात्यां समुद्भवः ।
मार्गपालस्य तनयो नानको नाम विश्रुतः ॥८६
रामानन्दं समागम्य शिष्यो भूत्वा स नानकः ।
स वै म्लेच्छान्वशीकृत्य सूक्ष्ममार्गमदर्शयत् ॥८७
प्रभासो वै शांतिपुरे ब्रह्मजात्यां समुद्भवः ।
शुक्लदत्तस्य तनयो नित्यानंद इति स्मृतः ।
इति ते वसुमाहात्म्यं मया शौनक वर्णितम् ॥८८

वह स्वामी रामानन्द का शिष्य हुआ था और वह द्वारका में आगया था । उस राजा ने हरिकृष्ण से स्वर्णमयी मुद्राऐं प्राप्त करके जोकि प्रेत तत्व की विनाश करने वाली थी उसने वैष्णवों को देदी थी ॥८५॥ प्रत्यूप पांचाल अर्थात् पंजाब देश में वैश्य जाति में समुद्भूत हुआ था । यह मार्ग पालक पुत्र था और इसका नाम नानक प्रसिद्ध था ॥८६॥ यह नानक भी स्वामी रामानन्द के समीप में उपस्थित होकर उनका शिष्य होगया था । उस नानक ने म्लेच्छों को वश में करके उन्हें सूक्ष्म मार्ग दिखलाया था ॥८७॥ प्रभास जो था वह शान्तिपुर में ब्रह्मजाति में समुत्पन्न हुआ था । यह शुक्लदत्त का पुत्र था और नित्यानन्द इस नाम से प्रसिद्ध था । हे शौनक ! यह वसुओं का माहात्म्य मैंने तुमको वर्णन कर के सुना दिया है ॥८८॥

॥ चैतन्य वर्णन में जगन्नाथ माहात्म्य ॥

भट्टोजिस्स च शुद्धात्मा शिवभक्तिपरायणः ।
कृष्णचैतन्यमागम्य नमस्कृत्य वचोऽब्रवीत् ॥१
महादेवो गुरुः स वै शिव आत्मा शरीरिणाम् ।
विष्णुर्ब्रह्मा च तद्दासौ तर्हि तत्पूजनेन किम् ॥२

इति श्रुत्वा स यज्ञांशो विंशदब्दवयोवृतः ।
विहस्याह स भट्टोजि नाय शंभुर्महेश्वरः ॥३
समर्थो भगवाञ्छम्भुः कर्ता किन्न शरीरिणाम् ।
न भर्ता च विना विष्णुं संहर्तायं सदा शिवः ॥४
एकमूर्तिस्त्रिधा जाता ब्रह्मा विष्णुर्महेश्वरः ।
शाक्तमार्गेण भगवान्ब्रह्मा मोक्षप्रदायकः ॥५
विष्णुर्वैष्णवमार्गेण जीवाना मोक्षदायकः ।
शम्भुर्वै शैवमार्गेण मोक्षदाता शरीरिणाम् ॥६
शाक्त सदाश्रमो गेही यज्ञभुक्पितृदेवगः ।
वानप्रस्थाश्रमी यो वै वैष्णवः कन्दमूलभुक् ॥७

इस अध्याय मे कृष्ण चैतन्य के चरित्र के वर्णन मे जगन्नाथ के माहात्म्य का वर्णन किया जाता है । सूतजी ने कहा—वह भट्टोजि शुद्ध आत्मा वाला और शिव की भक्ति में परायण था । वह कृष्ण चैतन्य महाप्रभु के पास आकर उनको नमस्कार करके यह वचन बोला—॥१॥ महादेव गुरु हैं और शरीर धारियो के शिव आत्मा हैं । विष्णु और ब्रह्मा तो उनके दोनों दास हैं फिर इनके पूजन करने से क्या लाभ है ॥२॥ यह सुनकर बीस वर्ष की अवस्था वाला यज्ञांश हँस कर भट्टोजि से बोला—यह महेश्वर शम्भु नहीं हैं ॥३॥ समर्थ भगवान् शम्भु शरीर धारियों का क्या नहीं करने वाला है । वह विष्णु के बिना भरण करने वाला नहीं है । यह शिव तो सदा संहार करने वाला होते हैं ॥४॥ एक ही मूर्त्ति है जो ब्रह्मा–विष्णु और महेश्वर इन तीन रूपों मे होगई है । भगवान् ब्रह्मा शक्तिमार्ग के द्वारा मोक्ष के प्रदान करने वाले हैं ॥५॥ विष्णु वैष्णव मार्ग के द्वारा जीवों को मोक्ष प्रदान किया करते हैं । शम्भु शैव पद्धति के द्वारा शरीर धारियो के मोक्ष दाता होते हैं ॥६॥ शाक्त सदाश्रम गेही और यज्ञ भुक् तथा पितृ देवो का अनुगमन वाला होता है । जो वानप्रस्थ आश्रम मे रहने वाला वैष्णव है कन्द मूल का उपभोक्ता होता है ॥७॥

यत्याश्रमः सदा रौद्रो निर्गुणः शुद्धविग्रहः ।
ब्रह्मचर्याश्रमस्तेषामनुगामी महाश्रमः ॥८
इति श्रुत्वा गुरोर्वाक्यं शिष्यो भूत्वा स वै द्विजः ।
तृतीयागं च वेदानां व्याचख्यौ पाणिनिकृतम् ॥९
तदाज्ञया च सिद्धान्तकौमुद्यास्स चकार ह ।
तत्रोष्य दीक्षितो धीमान्कृष्णचैतन्यसेवकः ॥१०
वराहमिहिरो धीमान्स च सूर्यपरायणः ।
द्वाविंशाब्दे च यज्ञांशे तमागत्य वचोब्रवीत् ॥११
सूर्योऽयं भगवान्साक्षात्त्रयो देवा यतोऽभवन् ।
प्रातर्ब्रह्मा च मध्याह्ने विष्णुःसायं सदाशिवः ॥१२
अतो रवेः शुभा पूजा त्रिदेवयजनेन किम् ।
इति श्रुत्वा स यज्ञांशो विहस्याह शुभं वचः ॥१३
द्विधा बभूव प्रकृतिरपरा च परा तथा ।
नाममात्रा तथा पुष्पमात्रा तन्मात्रिका तथा ॥१४
शब्दमात्रा स्पर्शमात्रा रूपमात्रा रसा तथा ।
गंधमात्रा तथा ज्ञेया परा प्रकृतिरष्टधा ॥१५

यत्याश्रम सदा रौद्र होता है जो निर्गुण और शुद्ध विग्रह वाला है। उनका ब्रह्मचर्य आश्रम अनुगामी होता है और यह महान् आश्रम है ॥८॥ यह गुरु का वचन सुन कर वह द्विज शिष्य होगया था और उसने वेदों का जो तीसरा अंग पाणिनि कृत व्याकरण है उसकी व्यवस्था की थी ॥९॥ उसकी आज्ञा से ही उस भट्टोजि दीक्षित ने सिद्धान्त कौमुदी की रचना की थी। परम धीमान् कृष्ण चैतन्य के शिष्य दीक्षित ने यह रचना यहां पर रह कर ही की थी ॥१०॥ सूतजी ने कहा—धीमान् वराह मिहिर जो था वह सूर्यदेव की उपासना में परायण रहता था। जब यज्ञांश बाईस वर्ष की अवस्था वाला होगया था तब उसके पास आकर यह वचन बोला—यह सूर्य भगवान हैं। तीनों बड़े देव इसी से उत्पन्न हुए हैं। प्रातः काल में ब्रह्मा हुए—मध्याह्न में विष्णु की उत्पत्ति हुई और सायंकाल में सदाशिव समुत्पन्न हुए हैं॥११-१२॥इसलिए सूर्यदेव

की ही पूजा शुभ है इन ब्रह्मा–विष्णु और महेश्वर तीन देवो की पूजार्था स क्या लाभ है। यमाश ने यह सुनकर ईश्वर यह शुभ वचन बोला था ॥१३॥ यह प्रकृति परा और अपरा दो प्रकार की हुई थी। नाम मात्रा तथा पुष्पमात्रा तथा तन्मात्रिका और शब्दमात्रा–स्पर्शमात्रा–रूप मात्रा–रसा और गन्धमात्रा इस प्रकार से परा प्रकृति आठ प्रकार की है ॥१४ १५॥

अपराया जीवभूता नित्यशुद्धा जगन्मयी।
भूमिरापोऽनलो वायु ख मनोबुद्धिरेव च।
अहंकार इति ज्ञेया प्रकृतिश्चापराष्टधा ॥१६
विष्णुर्ब्रह्मा महादेवो गणेशो यमराड गुह।
कुबेरो विश्वकर्मा च परा प्रकृतिदेवता ॥१७
सुमेरुवरुणा वह्निर्वायुश्चैव ध्रुवस्तथा।
सोमो रविस्तथा शेषोऽपरा प्रकृतिदेवता ॥१८
अत सोमवती रुद्रो रवि स्वामी विधि स्वयम्।
शेषस्वामी हरि साक्षान्नमस्तभ्यो नमोनम ॥१९
इति श्रुत्वा तदा विप्र शिष्यो भूत्वा च तद्गुरो।
तदाज्ञया चतुर्थांग ज्योति शास्त्र चकार ह ॥२०
वराहसहिता नाम बृहज्जातकमेव हि।
क्षुद्रतन्त्रास्तथान्यान्वै कृत्वा तत्र स चावसत् ॥२१

अपरा प्रकृति म जीवभूता नित्यशुद्धा जगन्मयी–भूमि–जल–तेज–वायु–आकाश–मन–बुद्धि और अहकार ये सब है आठ प्रकार की ही इस तरह से अपरा प्रकृति भी है ॥१६॥ विष्णु–ब्रह्मा–महादेव–गणेश–यमराट्–गुह–कुबेर और विश्वकर्मा ये सब पराप्रकृति के देवता है ॥१७॥ सुमेरु–वरुण–वह्नि–वायु–ध्रुव–सोम–रवि तथा शेष ये सब अपरा प्रकृति देव हैं ॥१८॥ इसलिए सोम का स्वामी रुद्र हैं और रवि का स्वामी स्वय ब्रह्मा है शष के स्वामी हरि साक्षात् है उन सबके लिये बार–बार नमस्कार है ॥१९॥ यह सब श्रवण करके वह विप्र शिष्य होकर उस गुरु की आज्ञा प्राप्त कर चौथा जो वेदो का अग ज्योतिष

शास्त्र है उसकी रचना वराह मिहिर ने की थी ।।२०।। वराहसंहिता नामक और बृहज्जातक छोटे तथा अन्य तन्त्र ग्रन्थ समूहों की रचना करके वह वहाँ पर बस गया था ।।२१।।

वाणीभूषण एवापि शिवभक्ति परायण ।
कृष्णचैतन्यमागम्य वचः प्राह विनम्रधीः ।।२२
विष्णुमाया जगद्धात्री सेका प्रकृतिरुत्कृता ।
तया जातमिद विश्व विश्वाद्देवसमुद्भव ।।२३
विश्वेदेवस्स पुरुषश्शक्तिजो बहुधाभवत् ।
ब्रह्मा विष्णुर्हरश्चैव देवाः प्रकृति संभवा ।
अतो भगवती पूज्या तर्हि तत्पूजनेन किम् ।।२४
इति श्रुत्वा स यज्ञांशो विहस्याह द्विजोत्तमम् ।
न वै भगवती श्रेष्ठा जडरूपा गुणात्मिका ।।२५
एका सा प्रकृतिर्माया रचितुजगता क्षमो ।
पुरुषस्य सहायेन योषितेव नरस्य च ।।२६
देवीभागवते शास्त्रे प्रसिद्धेयं कथा द्विज ।
कदाचित्प्रकृतिर्देवी स्वेच्छयेद जगत्खलु ।।२७
निर्मित जडभूत तद्बहुधा बोधितं तया ।
न चैतन्यमभूद्विप्रा विस्मिता प्रकृतिस्तदा ।।२८

सूतजी ने कहा—वाणीभूषण भी शिव की भक्ति में परम परायण था। यही भी कृष्ण चैतन्य महाप्रभु के पास आकर विनम्र भाव में यह वचन बोला—।।२२।। विष्णु माया जगत् की धात्री है। वह एक प्रकृति उत्कृत है। उससे यह जगत् उत्पन्न हुआ है और विश्वदेव से इस विश्व का उद्भव हुआ है। विश्वदेव वह पुरुष बहुधा शक्ति से उत्पन्न हुआ था। ब्रह्मा-विष्णु और हर ये सब देव प्रकृति से ही सम्भूत होने वाले हैं। इसीलिए भगवती का ही यजन करना चाहिए, इन सब के पूजन करने में क्या लाभ है ? ।।२३-२४।। उस ब्राह्मण की यह बात सुनकर वह यज्ञांश हँसकर द्विजोत्तम से बोला—भगवती श्रेष्ठ नहीं है। वह तो जड रूप वाली और गुणात्मिका अर्थात् सत्वादि तीन गुणों के स्वरूप

ाली है । एक वह एक प्रकृति माया जगतो की रचना करने को क्षम ुरुप की सहायता से ही हुई है । जिस तरह कोई स्त्री पुरुप की सहा- ता से शिशु का सृजन किया करती है । हे द्विज ! यह कथा तो देवी ागवत नामक शास्त्र में प्रसिद्ध है । कदाचित् प्रकृति देवी ने अपनी ही इच्छा से इस जगत् का निर्माण किया था तो यह जड भूत था । उसने बहुधा इसे बोधित किया था किन्तु यह चैतन्य नही हुआ था । हे विप्र ! तब यह प्रकृति बहुत ही विस्मित हुई थी ।।२५-२८।।

शून्यभूतं च पुरुषं चैतन्यं समतोपयत् ।
प्रविष्टो भगवान्देवीमायाजनितगोलके ।।२९
स्वप्नवद्वा स्वय जातश्च तन्मयमभवज्जगत् ।
अतः श्रेष्ठः स भगवान्पुरुषो निर्गुणः परः ।।३०
प्रकृत्या स्वेच्छया जातो लिंगरूपस्तदाऽभवत् ।
पुंल्लिगप्रकृतौ जातः पुंल्लिगोऽय सनातनः ।।३१
स्त्रील्लिगप्रकृतौ जातः स्त्रील्लिगोऽयं सनातनः ।
नपुंस्कप्रकृतौ जातः क्लीबरूपः स वै प्रभुः ।।३२
अव्ययप्रकृतौ जातो निर्गुणोऽयमधोक्षजः ।
नमस्तस्मै भगवते शून्यरूपाय साक्षिणे ।।३३
इति श्रुत्वा तु तद्वाक्य शिष्यो भूत्वा स वै द्विजः ।
त्रिंविशाब्दे च यज्ञाशे तत्र वासमकारयत् ।।३४
छंदोग्रंथ तु वेदाग स्वनाम्ना तेन निर्मितम् ।
राधाकृष्णपर नाम जप्त्वा हर्ष मवाप्तवान् ।।३५

तब शून्यभूत चैतण्य पुरुष को भली भाँति उसने सन्तुष्ट किया था अर्थात् उसका स्तवन किया था । तब भगवान् ने इस देवी माया के द्वारा जनित गोलक मे प्रवेश किया था ।।२९।। तब स्वप्न हुआ और यह समस्त जगत् चैतन्य होगया था । अतएव वह भगवान् पुरुष ही श्रेष्ठ है जो निर्गुण और पर है ।।३०।। प्रकृति मे जब स्वय उत्पन्न हुआ तो उस समय वह लिंगरूप होगया था । पुंल्लिङ्ग प्रकृति मे उत्पन्न हुआ यह सनातन पुंल्लिग होता है ।।३१।। जब स्त्री लिंग प्रकृति मे यह जात

गी स्वय मब प्रकार से समय होते हैं ।।३७।। नित्य–अव्यक्त–पर–सूक्ष्म हैं। उससे ही प्रकृति का उद्भव होना है। इसलिए वह भगवान् पूजन क योग्य हैं। इस प्रकृति के यजन मे क्या लाभ है ? ।।३८।। यह उम धन्वन्तरि द्विज की बात का श्रवण करके ममस्त शास्त्रो के ज्ञाता यत्नाश हँसकर बोले—यह पुरुष श्रेष्ठ नही है। यह भी प्रकृति के विना कुछ भी करने के लिए समथ नही होता है ।।३६।। वाराह पुराण म यह शुभ कथा अत्यन्त सुप्रसिद्ध है। किमी समय मे नित्य नाममात्र पुरुष ने स्वेच्छा से स्वय ही बहुत प्रकार का होगया था जैसे काई प्रत होना है ।।४०।। यह पर पुरुष जगतो की रचना करने के काय मे असमथ होगया था। तब इसने प्रकृति देवी की जो सनातनी थी चिरकाल तक स्तुति की थी ।।४१।। उम समय दवी न उमको प्राप्त करके महतत्व की रचना की थी। वह अहकार महत् से उत्पन्न हुआ और उस अहकार से पाच तन्मात्रिकाऐ उत्पन हुई थी ।।४२।।

महाभूतान्यतोऽप्यासस्तै सजातमिद जगत् ।।४३
अतस्सनातनौ चोभौ पुरुषात्प्रकृति परा ।
प्रकृते पुरुषश्चैव तस्मात्ताभ्या नमोनम ।।४४
इति धन्वतरि श्रुत्वा शिष्यो भत्वा च तद्गुरो ।
तन्त्रोष्यर्चैव वेदाग कल्पवेद चकार ह ।
सुश्रतादपरे चापि शिष्या धन्वतरे स्मृता ।।४५
जयदेवस्स वै विप्रो बौद्धमागपरायण ।
कृष्णचैतन्यमागम्य पर्श्वविशवयोवृ रम् ।
नत्वोवाच वचो रम्य स च श्रत्र उपापति ।।४६
यस्य नाभेरभूत्पद्म ब्रह्मणा सह निगतम् ।
अतस्स ब्रह्मसूर्नाम सामवेदेपु गीयते ।।४७
विश्वो नारायणस्साक्षाद्यस्य केतौ समास्थित ।
विश्वकेतुरतो नाम न निरुद्धोऽनिरुद्धक ।।४८
ब्रह्मवला च तत्पत्नी नित्या चोपा महोत्तमा ।
स वै लोकहितार्थाय स्वयमर्चावतारक ।।४६

होता है तो यह सनातन स्त्रीलिंग होता है। नपुंसक प्रकृति में जब होता है तो वह प्रभु क्लीव रूप वाला होता है ॥३२॥ अव्यय प्रकृति मे जात होने पर यह निर्गुण अधोक्षज होता है। उस शून्य रूप वाले साक्षी स्वरूप मे स्थित भगवान् के लिए नमस्कार है ॥३३॥ इस यज्ञांश के वचन को सुनकर वह द्विज भी उनका शिष्य होगया था और तेईस वर्ष वाले यज्ञांश के होने पर इसने वहा पर अपना निवास किया था ॥३४॥ इसने वेदों का अंग स्वरूप जो छन्दों का ग्रन्थ है वह अपने नाम से उसने रचित किया था। और श्रीराधा कृष्ण के नाम का जप करके यह परम हर्ष को प्राप्त हुआ था ॥३५॥

धन्वतरिर्द्विजो नाम ब्रह्मभक्तिपरायणः ।
कृष्णचैतन्यमागम्य नत्वा वचनमब्रवीत् ॥३६
भवास्तु पुरुषः श्रेष्ठो नित्यशुद्धस्सनातनः ।
जडभूता च तन्माया समर्थो भगवान्स्वयम् ॥३७
नित्योऽव्यक्त परः सूक्ष्मस्तस्मात्प्रकृतिरुद्भवः ।
अतः पूज्यस्स भगवान्प्रकृत्याः पूजनेन किम् ॥३८
इति श्रुत्वा वहिस्याह यज्ञांशस्सर्वशास्त्रगः ।
नायं श्रेष्ठस्स पुरुषो न क्षेमः प्रकृति विना ॥३९
पराणे चैव वागाहे प्रसिद्धेय कथा शुभा ।
कदाचित्पुरुषो नित्यो नाममात्रः स्वकेच्छया ।
बभूव बहुधा तत्र यथा प्रेतस्तथा स्वयम् ॥४०
असमर्थो विरचितुं जगन्ति पुरुषः परः ।
तुष्टाव प्रकृति देवी चिरकाल सनातनीम् ॥४१
तदा देवी च तं प्राप्य महत्तत्व चकार ह ।
सोऽहंकारश्च महतो जातस्तन्मात्रिकास्ततः ॥४२

सूतजी ने कहा—धन्वन्तरि नाम वाला एक ब्राह्मण था जो ब्रह्मा की भक्ति मे परायण रहता था। उसने महा प्रभु कृष्ण चैतन्य के पास उपस्थित होकर यह वचन कहा—॥३६॥ आप तो श्रेष्ठ पुरुष हैं नित्य शुद्ध और सनातन हैं। उसकी जो माया है वह तो जडभूत है। भगवान्

ही स्वय मब प्रकार से समर्थ होते हैं ।।३७।। नित्य–अव्यक्त–पर–सूक्ष्म हैं। उससे ही प्रकृति का उद्भव होता है। इसलिए वह भगवान् पूजने के योग्य हैं। इस प्रकृति के यजन मे क्या लाभ है ? ।।३८।। यह उस धन्वन्तरि द्विज की बात का श्रवण करके समस्त शास्त्रों के ज्ञाता यज्ञाश हँसकर बोले–यह पुरुष श्रेष्ठ नही है। यह भी प्रकृति के विना कुछ भी करने के लिए समर्थ नही होता है ।।३९।। वाराह पुराण म यह शुभ कथा अत्यन्त सुप्रसिद्ध है। किमी समय मे नित्य नाममात्र पुरुष ने स्वेच्छा से स्वय ही बहुत प्रकार का होगया था जैसे कोई प्रेत होता है ।।४०।। यह पर पुरुष जगतो की रचना करने के कार्य मे असमर्थ होगया था। तब इसने प्रकृति देवी की जो सनातनी थी चिरकाल तक स्तुति की थी ।।४१।। उस समय देवी न उसको प्राप्त करके मह त्त्व की रचना की थी। वह अहकार महत् से उत्पन्न हुआ और उस अहकार से पाच तन्मात्रिकाऐ उत्पन्न हुई थी ।।४२।।

महाभूतान्यतोऽप्यासंस्तैः सजातमिदं जगत् ।।४३
अतस्सनातनौ चोभौ पुरुषात्प्रकृति. परा ।
प्रकृतेः पुरुषश्चैव तस्मात्ताभ्यां नमोनमः ।।४४
इति धन्वतरि· श्रुत्वा शिष्यो भूत्वा च तद्गुरो· ।
तत्रोप्यचैव वेदागं कल्पवेद चकार ह ।
मुश्रतादपरे चापि शिष्या धन्वतरेः स्मृताः ।।४५
जयदेवस्स वै विप्रो बौद्धमार्गपरायण· ।
कृष्णचैतन्यमागम्य पर्श्वविशवयोवृ रमु ।
नत्वोवाच वचो रम्य स च श्रेष्ठ उपापतिं ।।४६
यस्य नाभेरभूत्पद्म ब्रह्मणा सह निगतम् ।
अतस्स ब्रह्मसूर्नाम सामवेदेपु गीयते ।।४७
विष्णो नारायणस्साक्षाद्यस्य वेतौ समाश्रित. ।
विश्ववेतुरतो नाम न निरुद्धोऽनिरुद्धक ।।४८
ब्रह्मवेला च तत्पत्नी नित्या योषा महोत्तमा ।
स वै लोकहितार्थाय स्वयमर्चावतारक· ।।४९

फिर उन पच तन्मात्राओ से पाँच महाभूतो की उत्पत्ति हुई थी। उन महाभूतो के द्वारा यह जगन् समुत्पन्न हुआ है ॥४३॥ इसलिये ये दोनो ही सनातन हैं। पुरुष से प्रकृति पर है और प्रकृति से पुरुष भी पर है। इसलिये उन दोनो प्रकृति और पुरुष के लिये बार बार नमस्कार है ॥४४॥ धन्वन्तरि ने यह यज्ञाश के वचन श्रवण करके उस गुरु का वह शिष्य हो गया था। और वहा पर ही निवास करके उसने वेदो का अ ग स्वरूप कल्प वेद की रचना की थी। सुश्रुत से दूसरे भी धन्वन्तरि के शिष्य बताये गय हैं ॥४५॥ सूतजी न कहा—एक जयदेव नाम वाला ब्राह्मण था जो कि बौद्ध धर्म के माग मे परायण था। जब महाप्रभु कृष्ण चैतन्य पच्चीस वष की अवस्था वाले थे तब उनके पास वह जयदेव आया था। उसने यज्ञाश को नमस्कार करके उस उपा पति श्रेष्ठ द्विज ने यह परम सुन्दर वचन बोला था—॥४६॥ जिसकी नाभि से ब्रह्मा के साथ ही पद्म निकल कर हुआ था इसीलिये वह ब्रह्मसू इस नाम से सामवेदो मे गाया जाता है ॥४७॥ विश्व साक्षात् नारायण जिसकी केतु म समास्थित है जिस कारण से विश्व केतु यह नाम है और न तो उसका नाम निरुद्ध है और अनिरुद्धक ही है ॥४८॥ ब्रह्म वेला उसकी पत्नी है जो नित्या और महोत्तमा उपा है। और वह लोकों के हित क लिये स्वय अर्चावतारक है ॥४६॥

इति श्रुत्वा विवस्याह यज्ञाशस्त द्विजोत्तमम्।
वेदोनारायण साक्षात्पूजनीयो नरं सदा ॥५०
तत कालस्तत कर्म ततो धर्म प्रवर्तते।
धर्मात्काम समुद्भूत कामपत्नी रति स्वयम् ॥५१
रत्या कामात्समुद्भूतोऽनिरुद्धो नाम देवता।
उपा सा तस्य भगिनी तेन सार्द्धं समुद्भवा ॥५२
कालो नाम स वै कृष्णो राधा तस्य सहोदरा।
कर्मरूप स वै ब्रह्मा नियतिस्तत्सहोदरा ॥५३
धर्मरूपो महादेव श्रद्धा तस्य सहोदरा।
अनिरुद्ध स्वय चेशो भवतोक्त सनातन ॥५४

त्रिधा सृष्टिश्च ब्रह्माण्डे स्थूला सूक्ष्मा च कारणा ।
स्थूलसृष्टर्च समुद्भूतो देवो नारायण स्वयम् ॥५५
नारायणी च तच्छक्तिस्तयोजलसमुद्भव ।
जलाज्जातस्स वै शेषस्तस्योपरि समास्थितौ ॥५६

यह उस जयदेव की बात सुनकर यज्ञाश हस पडे और फिर उस द्विजो म उत्तम से बोले—वेद ही साक्षात् नारायण हैं अतएव नरो के द्वारा वह सदा ही पूजन करने के योग्य होत हैं ॥५०॥ इसके पश्चात् उसमे ही काल-कर्म और धर्म क्रम स प्रवृत्त हुआ करते हैं । धर्म से काम समुद्भूत हुआ है और काम की पत्नी स्वय रति है ॥५१॥ रति मे काम म अनिरुद्ध नामधारी देवता ने जन्म धारण किया है । वह उषा उसकी भगिनी है जो उसक साथ ही समुद्भूत हुई है ॥५२॥ काल नाम वाला वही कृष्ण है और राधा उसकी सहोदरा है । कम रूप वह ब्रह्मा है जिसकी नियति सहोदरा है ॥५३॥ धमरूप वाला महादेव है उसकी श्रद्धा सहोदरा अर्थात् बहिन है । अनिरुद्ध आपने किस तरह सनातन ईश बताया है ॥५४॥ इस ब्रह्माण्ड मे तीन प्रकार की सृष्टि है—एक स्थूला सृष्टि है दूसरी सूक्ष्मा और तीसरी कारणा है । स्थूल सृष्टि क लिये देव नारायण स्वय समुद्भूत हुए हैं । और उनकी शक्ति नारायणी है । उन दोनो ने जल का जन्म हुआ है । जल से वह शेष समुत्पन्न हुआ है । उसक ऊपर ये समास्थित हैं ॥५५-५६॥

सुप्ते नारायणे देवे नाभे पङ्कजमुत्तमम् ।
अनन्तयोजनायाममुदभूद्व ततो विधि ॥५७
विधे स्थूलमयी सृष्टि र्देवतिर्य्यङ्नरादिका ।
सूक्ष्मसृष्टर्च समद्भूत सोऽनिरुद्ध उषापति ॥५८
ततो वीर्यमय तोय जात ब्रह्माण्डमस्तके ।
वीर्याज्जातस्स वै शेषस्तस्योपरि स चास्थित ॥५९
तस्य नाभिस्समुद्भूतो ब्रह्मा लोकपितामह ।
सूक्ष्मसृष्टिस्ततो जाता यथा स्वप्नेपि दृश्यते ॥६०

हेतु सृष्टयै समुद्भूतो वेदो नारायण स्वयम् ।
वेदात्कालस्तत कर्म ततो धर्मादय स्मृता ।।६१
त्वद्गुरुश्च जगन्नाथ उड्रदेशनिवासक ।
मया तत्रैव गन्तव्य सशिष्येणाद्य भो द्विजा ।।६२
इति श्रुत्वा तु वचन कृष्णचैतन्यकिंकरा ।
स्वान्स्वाञ्छिष्यान्समाहूय तत्पश्चात्प्रययुश्च ते ।।६३

नारायण देव के सुप्त होने पर उनकी नाभि से उत्तम पकज हुआ था जिसका आयाम अनन्त योजन था फिर उससे ब्रह्मा हुए ।।५७।। उस ब्रह्मा की यह देव-तिर्यक् और नर आदि की स्थूलमयी सृष्टि हुई थी। सूक्ष्म सृष्टि के लिये वह उषा पति अनिरुद्ध उत्पन्न हुए थे ।।५८।। उससे ब्रह्माण्ड के मस्तक मे वीर्य मय तोय उत्पन्न हुआ था । उस वीर्य से वह शेष उत्पन्न हुआ । उसके ऊपर वह आस्थित है ।।५९।। उसकी नाभि स लोक पितामह ब्रह्मा उत्पन्न हुआ था । उस ब्रह्मा से यह सूक्ष्म सृष्टि उत्पन्न हुई थी जैसे कि स्वप्न मे भी दिखलाई देती है ।।६०।। हेतु सृष्टि क लिये वेद स्वय ही नारायण उत्पन्न हुए थे । वेद से काल-काल म कम और कर्म से धर्म आदि की उत्पत्ति कही गई है ।।६१।। आपका गुरु जगन्नाथ है जो उड्र देश का निवास करने वाला है । हे द्विजगण ! मुझे शिष्यो के सहित आज वहा पर ही जाना चाहिए । इस प्रकार के वचन को महाप्रभु कृष्ण चैतन्य के किंकरो ने श्रवण किया था और सब न अपने २ शिष्यों को बुलाकर इसक पश्चात् वे चले गये थे ।।६३।।

शाकरा द्वादशगणा रामानुजमुपाययु ।
नामदेवादयस्तत्र गणास्सप्त समागता ।।६४
रामानन्द नमस्कृत्य सस्थितास्तस्य सेवका ।
रोपणश्च तदागत्य स्वशिष्यैर्बहुभिर्वृत ।।६५
कृष्णचैतन्यमागम्य नमस्कृत्य स्थित स्वयम् ।
जगन्नाथपुरी ते वै प्रययुर्भक्ति तत्परा ।।६६
निधय सिद्धयस्तस्य तेषा सेवार्थमागता. ।
सर्वे च दशसाहस्रा वैष्णवा शैवशाक्तकै ।।६७

यज्ञाश च पुरस्कृत्य जगन्नाथपुरी ययुः ।
अर्चावतारो भगवाननिरुद्ध उपापति. ॥६८
तदागमनमालोक्य द्विजरूपधरो मुनिः ।
जगन्नाथ स्वय प्राप्तो यत्र यज्ञां शकादयः ॥६९
यज्ञाशस्त समालोक्य नत्वा वचनमब्रवीत् ।
किं मत भवता ज्ञात कलौ प्राप्ते भयानके ॥७०

भगवान् शकराचार्य के बारहगण रामानुज के समीप मे आये थे। वहा पर नामदेव आदि सात गण आगये थे ॥६४॥ उसके सेवक स्वामी रामानन्द को नमस्कार करके वहा सस्थित हो गये थे। और रोपण उस समय वहा आया था जो बहुत से अपने शिष्यों के सहित था ॥६५॥ वह महाप्रभु कृष्ण चैतन्य को नमस्कार करके स्वय वहा स्थित हो गया था। वे सब भक्ति भाव मे तत्पर होते हुए जगन्नाथ पुरी को चले गये थे ॥६६॥ समस्त निधियाँ और समग्र सिद्धियाँ वहा पर उनकी सेवा करने के लिये उपस्थित हो गई थी। वे सब वैष्णव शैव और शाक्तों के सहित सख्या मे दश सहस्र थे। वे सब यज्ञाश को अपने सब के आगे करके जगन्नाथ पुरी को गये थे। अर्चावतार भगवान् उपापति अनिरुद्ध ने उन सब का आगमन देखकर द्विज के रूप को धारण कर मुनि जगन्नाथ स्वय वहाँ प्राप्त हो गये थे जहा पर कि यज्ञाश आदि सब लोग उपस्थित थे। ॥६७-६९॥ यज्ञाश ने उनको देख कर उन्हे प्रणाम किया और यह वचन बोले—इस भयानक कलियुग के आ जाने पर आपने क्या मत जाना है ? ॥७०॥

तत्सर्वं कृपया ब्रूहि श्रोतुमिच्छामि तत्त्वतः ।
इति श्रुत्वा तु वचनं जगन्नाथो हरिः स्वयम् ।
उवाच वचन रम्यं लोकमंगलहेतवे ॥७१
मिश्रदेशोद्भवा म्लेच्छा काश्यपेनैव शासिताः ।
संस्कृताः शूद्रवर्णेन ब्रह्मवर्णमुपागताः ॥७२
शिखामूत्र समाधाय पठित्वा वेदमुत्तमम् ।
यज्ञैश्च पूजयामासुर्देवदेव शचीपतिम् ॥७३

दु खितो भगवानिन्द्रः श्वेतद्वीपमुपागत ।
स्तुत्या मा बोधयामास देवमगलहेतवे ।।७४
प्रबद्ध मा वचः प्राह शृणु देव दयानिधे ।
शूद्रसस्कृतमन्नं च खादितु न द्विजोऽर्हति ।।७५
तथा च शूद्रजनितैर्यज्ञैस्तृप्तिं न चाप्नुयाम् ।
काश्यपे स्वर्गते प्राप्ते मागधे राज्ञि शासति ।।७६
मम शत्रुर्बलिर्दैत्यः कलिपक्षमुपागत. ।
निस्तेजाश्च यथाहं स्या तथा वै कर्तुमुद्यत· ।।७७

यह सब कृपा करके हमको बताइये । मैं तत्त्व रूप से इसे श्रवण करने की इच्छा रखता हूँ । यह वचन सुनकर जगन्नाथ हरि स्वय परम रम्य वचन लोक के मगल के लिये बोले ।।७१।। मिश्र देश मे उत्पन्न होने वाले म्लेच्छ तो काश्यप ने ही शासित कर दिये थे । शूद्र वर्ण म सस्कृत होते हुए वे ब्रह्मवर्ण को उपगत हो गये हैं ।।७२।। अब शिखा और सूत्र को धारण करके उत्तम वेद को पढते और यज्ञो के द्वारा देवो क देव शची के पति को पूजते थे ।।७३।। दु खित भगवान् इन्द्र श्वेत द्वीप मे आ गये थे । और स्तुति के द्वारा देवो के मगल के लिये मुझ को बोधित कराया था । जब मैं प्रबुद्ध हो गया तो मुझ से यह वचन वह थे—हे देव ! दे दयानिधे ! सुनिये, शूद्र के द्वारा साधित अन्न द्विज खान को योग्य नहीं होता है ।।७४-७५।। और शूद्रों के द्वारा किये गये यज्ञो स मैं तृप्ति को प्राप्त नहीं होता हूँ । काश्यप के स्वर्गगत हो जाने पर मागध राजा के शासन करने पर मेरा शत्रु दैत्य बलि कलियुग के पक्ष मे आ गया है । वह ऐसा कार्य करने के लिये ही उद्यत हो गया है कि जिनमें मैं बिल्कुल ही तेज से हीन हो जाऊँ ।।७६-७७।।

मिश्रदेशोद्भवे म्लेच्छे सास्कृती तेन सस्कृता ।
भ पा देवविनाशाय दैत्याना वर्द्धनाय च ।।७८
आर्य्येषु प्राकृती भाषा दूषिता तेन वै कृता ।
अतो मा रक्ष भगवन्भवत शरणागतम् ।।७९

इति श्रुत्वा तदाह वै देवराजमुवाच ह ।
भवन्तो द्वादशादित्या गन्तुमर्हंति भूतले ॥८०
अह लोकहितार्थाय जनिष्यामि कलौ युगे ।
प्रवीणो निपुणोऽभिज्ञः कुशलश्च कृती सुखी ॥८१
निष्णात. शिक्षितश्चैव सर्वज्ञ सुगत स्तथा ।
प्रवुद्धश्च तथा बुद्ध आदित्या क्रमतो भवाः ॥८२
धाता मित्रोऽर्यमा शक्रो मेघ प्राशुर्भगस्तथा ।
विवस्वांश्च तथा पूपा सविता त्वाष्ट्रविष्णुकौ ।
कीकटे देश आगत्य ते सुरा जज्ञिरे क्रमात् ॥८३
वेदनिन्दा पुरस्कृत्य बौद्धशास्त्रमचीकरन् ।
तेभ्यो वेदान्ममादाय मुनिभ्य प्रददुस्सुरा ॥८४

मिश्र देश मे जन्म लेने वाले म्लेच्छो मे जो सास्कृती थी वह उसने सस्कृत कर दी है । वह भाषा देवो के विनाश करने के लिये और दैत्यो का वर्धन करने के लिये ही उसने की है ॥७८॥ आर्यों में प्राकृती भाषा उसने दूषित कर दी है । इसलिये हे भगवन् ! आप मेरी रक्षा कीजिए । मैं अव आपके शरण मे प्राप्त हो गया हूँ ॥७९॥ यह श्रवण करके उस समय मैंने देवराज से कहा था—आप वारह आदित्य भूतल में जाने के योग्य होते हैं ॥८०॥ और मैं लोक के हित के लिये कलियुग में जन्म ग्रहण करूगा । प्रवीण–निपुण–अभिज्ञ–कुशल–कृती–सुखी–निष्णात–शिक्षित–सर्वज्ञ और सुगत–प्रवद्ध और वुद्ध ये आदित्य क्रम से हुए ॥८१-८२॥ धाता–मित्र–अर्यमा–शक्र–मेघ–प्राशुगर्भ–विवस्वान्–पूपा–सविता–त्वाष्ट्र–विष्णुक ये कीकट देश में आकर क्रम से वे सुर उत्पन्न हुए थे ॥८३॥ इन्होंने सबने वेदों की निन्दा पहिले की और फिर बौद्ध शास्त्रों की रचना की थी । सुरों ने उन सब वेदों को लाकर मुनियों के लिए दे दिये थे ॥८४॥

वेदनिंदाप्रभावेण ते सुरा कुष्ठिनोऽभवन् ।
विष्णुदेवमुपागम्य तुष्टुवुर्बौद्धरूपिणम् ॥८५

हरिर्योगबलेनैव तेषा कुष्ठमनाशयत् ।
तद्दोषान्नग्नभूतश्च बौद्धस्स तेजसाभवत् ॥८६
पूर्वार्द्धान्नेमिनाथश्च परार्द्धाद्बौद्ध एव च ।
बौद्धर ज्यविनाशाय दारुपाषाण रूपवान् ॥८७
अह सिंधुतटे जातो लोकमगलहेतवे ।
इन्द्रद्युम्नश्च नृपति स्वर्गलोकादुपागत ।
मदिर रचित तेन तत्राह समुपागत ॥८८
अत्र स्थितश्च यज्ञाशप्रसादमहिमा महान् ।
सर्ववाछितद लोके स्थापयामास मोक्षदम् ॥८९
वर्णधर्मश्च नैवात्र वेदधर्मस्तथा न हि ।
व्रत चात्र न यज्ञाशमण्डले योजना तरे ॥९०
येनोक्ता यावनी भाषा येन बौद्धो विलोकित ।
तस्य प्राप्त महत्पाप स्थितोऽह तदघापह ।
मा विलोक्य नर शुद्ध कलिकाले भविष्यति ॥९१

वेदो की निन्दा करने के प्रभाव से वे देव कुष्ठी हो गये थे । वे विष्णु देव के पास आकर बौद्ध रूपी विष्ण दव की स्तुति करने लगे थ ॥८२॥ हरि ने योग के बल से ही उनके कुष्ठ का नाश कर दिया था । उसके दोष से नग्न भूत वह तेज मे बौद्ध हो गया था ॥८६॥ पूर्वार्द्ध से ता नेमिनाथ हो गया था और परार्द्ध से बौद्ध ही हुआ था । बौद्धो क ग ज्य के विनाश करने के लिये दारुपाषाण रूप वाला हो गया था ॥८७॥ मैं सिन्धु के तट पर लोक के मगल हेतु के लिय उत्पन्न हुआ था । और इन्द्रद्युम्न राजा स्वर्ग लोक मे उपागत हुआ था । उसने म दिर की रचना की थी वहाँ पर मैं आ गया था ॥८८॥ यहा पर स्थित होते हुए यज्ञाश के प्रसाद की महान् महिमा लोक मे समस्त वाञ्छा को देने वाली तथा मोक्ष का प्रदान करने वाली स्थापित की थी ॥८९॥ यहा पर कोई भी वर्णों का धर्म नही है और न कोई वेद का ही धर्म है । इस योजनान्तर यज्ञाश मण्डल मे कोई व्रत ही है ॥९०॥ जिसने यावनी भाषा को कहा और जिसने बौद्ध को देखा उसको जो महान् पाप प्राप्त

हुआ मैं उनके पाप का अपहरण करने वाला यहाँ स्थित हूँ । इस वनि के समय म मेरा दर्शन करके ही नर शुद्ध हो जायगा ॥६१॥

॥ अकबर बादशाह वर्णन ॥

इति श्रुत्वा बलिर्दैत्यो देवाना विजय महत् ।
रोपण नाम दैत्येंद्र समाहूय वचोऽब्रवीत् ॥१
मुनस्तिमिरलिगस्य सरुपो नाम विश्रुत ।
त्व सि तत्र समागम्य दैत्यकार्यं महत्कुरु ॥२
इति श्रुत्वा स वै दैत्या हृदि विप्राप्तरोपण ।
ननाश वेदमार्गस्थान्देहलीदेशमास्थित ॥३
पचवर्ष कृत राज्य तत्सुतो बाबरोभवत् ।
विशदब्द कृत राज्य होमायुस्तत्सुतोऽभवत् ॥४
होमायुपा मदान्धेन देवताश्च निराकृता ।
ते सुरा कृष्णचैतन्य नदीहोपवने स्थितम् ॥५
तुष्टवुबहुधा तत्र श्रुत्वा क्रुद्धो हरि स्वयम् ।
स्वतजसा च तद्राज्य विघ्नभूत चकार ह ॥६
तत्सै यजनितैर्लोकैर्होमायुश्च निराकृत ।
महाराष्ट्रं स्नदा तत्र शेषशाक समास्थित ॥७

इस अध्याय मे तिमिर लिंग के पुत्र सरुपादि का देहली म राज्य क वृत्तान्त का वणन तथा अकबर के राज्य के वृत्तान्त का वर्णन किया जाता है । सूतजी ने कहा—यह सुनकर दैत्य बलि ने कि देवो की महान् विजय हुई है रोपण नाम वाले दैत्येन्द्र को बुलाकर उससे यह वचन बोला था—॥१॥ तिमिरलिंग (तमूरलंग) का पुत्र सरुप नाम वाला प्रसिद्ध था । तू वहा पर आकर दैत्यो के महान् कार्य का सम्पादन कर ॥२॥ यह श्रवण कर वह दैत्य हृदय म विशेष रूप से रोप प्राप्त करके देहली म आस्थित होकर वेद मार्ग पर चलने वाला का उसने नाश कर

दिया था ॥३॥ पाँच वर्ष पर्यन्त उसने वहाँ पर राज्य का शासन किया। फिर उसका पुत्र बाबर हुआ इसने बीस वर्ष तक राज्य के सुख का उपभोग किया इसके होमायु नाम वाले पुत्र ने जन्म ग्रहण किया था ॥४॥ मद से अन्धे होमायु ने देवताओं का निरादर किया था। वे देवता कृष्ण चैतन्य की जो कि नदीहार (नदिया) के उपवन में स्थित थे स्तुति करने लगे थे। बहुधा इसको सुन कर हरि स्वयं बहुत क्रुद्ध हुए थे। उन्होंने अपने तेज के प्रभाव से ही उसके राज्य को विघ्न भूत कर दिया था॥६॥ उसकी सेना के जनित लोगों ने ही होमायु को निराकृत कर दिया था। उस समय में महाराष्ट्रों के द्वारा शय शाक समास्थित हुआ था ॥७॥

देहलीनगरे रम्ये म्लेच्छो राज्यं चकार ह।
धर्मकार्यं कृतं तेन तद्राज्यं पचहायनम् ॥८
ब्रह्मचारी मुकुन्दश्च शंकराचार्यगोत्रजः।
प्रयोगे च तपः कुर्वन्विंशच्छिष्यैर्युतः स्थितः ॥९
बाबरेण च धूर्तेन म्लेच्छराजेन देवता।
भ्रंशिता स तदा ज्ञात्वा वह्नौ देहं जुहाव वै ॥१०
तस्य शिष्या गता वह्नौ म्लेच्छनाशनहेतुना।
गोदुग्धे च स्थितं रोम पीत्वा स पयसा मुनिः ॥११
मुकुन्दस्तस्य दोषेण म्लेच्छयोनौ बभूव ह।
होमायुपश्च काश्मीरे सस्थितस्यैव पुत्रकः ॥१२
जातमात्रे सुते तस्मिन्वागुवाचाशरीरिणी।
अकस्माच्च वरो जातः पुत्रोऽयं सर्वभाग्यवान् ॥१३
पैशाचे दारुणे मार्गे न भूतो न भविष्यति।
अतः सोऽकबरो नाम होमायुस्तनयस्तव ॥१४

रम्य देहली नगर में म्लेच्छ ने राज्य किया था। उसने धर्म का कार्य किया था। पाँच वर्ष तक उसका राज्य रहा था ॥८॥ ब्रह्मचारी मुकुन्द जो कि शङ्कराचार्य के गोत्र में जन्मा था प्रयाग में अपने बीस शिष्यों के सहित तप करता हुआ स्थित था ॥९॥ अत्यन्त धूर्त म्लेच्छों के राजा बाबर ने देवताओं को भ्रंशित किया था। उसने यह जान कर

अपना शरीर अग्नि मे हवन कर दिया था ॥१०॥ उसके जो शिष्य थे म्लेच्छो के नाश करने के लिए वह्नि मे चले गये थे । गो दुग्ध मे स्थित रोम को मुनि ने पय के साथ पी लिया था । उसके दोष से मुकुन्द म्लेच्छ योनि मे हुआ था । होमायु काश्मीर मे स्थित था । वहा पर सस्थित के ही पुत्र हुआ था ॥११-१२॥ उस पुत्र के उत्पन्न होते ही आकाश वाणी ने कहा था—यह अकस्मात् वर पुत्र उत्पन्न हुआ है जोकि सब प्रकार के भाग्य वाला है । यह दारुण पैशाच मार्ग मे न कभी रहा और न आगे रहेगा । इसीलिए होमायु तेरा यह पुत्र अकबर नाम वाला है॥१३-१४॥

श्रीधर: श्रीपति. शम्भुर्वरेण्यश्च मधुव्रती ।
विमलो देववान्सोमो वर्द्धनो वर्तको रुचिः ॥१५
माधाता मानकारी च केशवो माधवो मधु ।
देवापि सोमपाः शूरा मदनो यस्य शिष्यकाः ॥१६
स मुकुन्दो द्विज. श्रीमान्दैवात्त्वद्गेहमागत. ।
इत्याकाशवचो श्रुत्वा हामायुश्च प्रसन्नधी. ॥१७
ददौ दान क्षुधार्तेभ्यः प्रेम्णा पुत्रमपालयत् ।
दशाब्दे तनये जाते देहलीदेशमागतः ॥१८
शेषशाक पराजित्य स च राजा वभूव ह ।
अब्द तेन कृत राज्य तत्पुत्रश्च नृपोभवत् ॥१९
सप्राप्तेऽकबरे राज्य सप्तशिष्याश्च तत्प्रियाः ।
पूर्वजन्मनि ये मुख्यास्ते प्राप्ता भूपति प्रति ॥२०
केशवो मानसेनश्च वैजवाक्स तु माधवः ।
म्लेच्छास्ते च स्मृतास्तत्र हरिदासो मधुस्तथा ॥२१
मध्याचार्यकुले जातो वैष्णव. सर्वरागवित् ।
पूर्वजन्मनि देवापि. स च वीरबलोऽभवत् ॥२२

श्रीधर – श्रीपति– शम्भु–वरेण्य–मधुव्रती–विमल–देववान्–सोम–वर्द्धन–वर्त्तक–रुचि–मान्धाता–मानकारी–केशव–माधव–मधु –देवापि–सोमपा–शूर–मदन ये इतने नामधारी जिसके शिष्य थे श्रीमान् वह मुकुन्द है व वश से तेरे घर मे आगया है । इस प्रकार की आकाशवाणी

का श्रवण करके होमायु अत्यन्त प्रसन्न हुआ था ।।१५-१७।। उस होमायु ने भूख से पीडितों को दान दिया था और अपने पुत्र का बड़े प्रेम से पालन किया था। जब वह पुत्र दश वर्ष का होगया था तब देहली में आगया था ।।१८।। उसने शेष शोक को पराजित करके वह वहां का राजा होगया था। एक वर्ष पर्यन्त वहां उसने राज्य किया था इसके पश्चात् उसका पुत्र राजा हुआ था ।।१९।। अकवर को राज्य प्राप्त होने पर उसके सात प्रिय शिष्य जो पहिले जन्म में परम मुख्य थे इस समय राजा के पास उपस्थित हुए थे ।।२०।। केशव-मानसेन-वैजवावन-माधव वे म्लेच्छ कहे गये हैं। वहां हरिदास तथा मधु मध्वाचार्य के कुल में उत्पन्न हुए जो वैष्णव थे तथा समस्त रागों के ज्ञाता थे। पूर्व जन्म में जो देवापि नाम वाला था वह वीरबल नामधारी होकर समुत्पन्न हुआ था ।।२१-२२।।

ब्राह्मण: पाश्चिमात्यो वै वाग्देवीवरदर्पित: ।
सोमपा मानसिंहश्च गौतमो वयसमव ।।२३
सेनापतिश्च नृपतेरार्यभूपशिरोमणे ।
सूरश्चैव द्विजो जातो दक्षिणश्चैव पंडित ।।२४
बिल्वमंगल एवापि नाम्ना तन्नृपते सखा ।
नायिकाभेदनिपुणो वेश्यानां स च पारग ।।२५
मदनो ब्राह्मणो जात पौर्वात्य स च नर्तक ।
चदनो नाम विख्यातो रह क्रीडाविशारद ।।२६
अन्यदेशे गता शिष्यास्तेषां पूर्वास्त्रयोदश ।
अनपत्य सुतो जात श्रीधर शत्रुवेदित ।।२७
विख्यातस्तुलसीशर्मा पुराणनिपुण कवि: ।
नारीशिक्षा समादाय राघवानन्दमागत: ।।२८

यह पाश्चिमात्य ब्राह्मण था और वाग्देवी के वरदान से दर्पयुक्त था। सोमपा और मानसिंह गौतम वंश में उत्पन्न होने वाले थे ।।२३।। यह आर्य भूपों के शिरोमणि नृपति का सेना का स्वामी हुआ था। जो सूर था वह द्विज ही उत्पन्न हुआ था और दक्षिण भी पण्डित था ।।२४।।

(बिल्वमङ्गल नाम वाला भी उस राजा का सखा था। यह नायिका भेद का बड़ा पण्डित तथा वेश्याओं का पारगामी था ॥२५॥) मदन नाम वाला जो था वह भी इस जन्म में ब्राह्मण ही होकर उत्पन्न हुआ था। यह पौर्वात्य था और नर्तक था। चन्दन नाम से जो विख्यात था वह रहस्य क्रीडा का महान् पण्डित था ॥२६॥ अन्य देश में जो शिष्य गये थे उनके पूर्व ये तेरह थे। अनपका पुत्र उत्पन्न हुआ था जो शत्रु वदित श्रीधर था ॥२७॥ तुलसी शर्मा इस नाम से विख्यात हुआ था जो कि पुराणों में परम निपुण और कवि था। नारी की शिक्षा को ग्रहण कर राघवानन्द के पास आगया था ॥२८॥

शिष्यो भूत्वा स्थितः काश्यां रामानन्दमतेस्थितः।
श्रीपतिः स बभूवान्धो मध्वाचार्यमते स्थितः ॥२९
सूरदास इति ज्ञेयः कृष्णलीलाकरः कविः।
शम्भवं चद्रभट्टस्य कुले जातो हरिप्रियः ॥३०
रामानन्दमते सस्थो भक्तकीर्तिपरायणः।
वरेण्यः सोग्रभुङ्नामा रामानदमते स्थितः ॥३१
ज्ञानध्यानपरो नित्यं भाषाछदकरः कविः।
मधुव्रती स वै जातो कीलको नाम विश्रुतः ॥३२
रामलीलाकरो धीमान्रामान दमते स्थितः।
विमलश्च स वै जातः स नाम्नैव दिवाकरः ॥३३
सीतालीलाकरो धीमान्रामान दमते स्थितः।
देववान्कृशवो जातो विष्णस्वामिमते स्थितः ॥३४
कविप्रियादिरचना कृत्वा प्रेतत्वमागतः।
रामज्योत्स्नामयं कृत्वा स्वर्गमुपाययौ ॥३५

यह रामानन्द का शिष्य हो गया और काशी में रामानन्द के मत का अनुयायी बनकर रहने लगा। वह श्रीपति अन्धा हो गया था और मध्वाचार्य के मत में स्थित हो गया था ॥२९॥ यह सूरदास इस नाम से जाना गया था और यह कवि था जिसने कृष्ण लीला के पदों की रचना की थी। शम्भु जो था वह चन्द्रभट्ट के कुल में उत्पन्न हुआ था जो कि

हरि प्रिय था ॥३०॥ अग्रभुज नाम वाला रामनन्द के मत का अनुयायी था। यह भक्तो की कीर्त्ति का वर्णन करने मे परायण रहता था। यह वरेण्य ज्ञान के ध्यान मे तत्पर रहता हुआ नित्य भाषा के छन्दों की रचना करने वाला कवि था। मधुव्रती समुत्पन्न हुआ जो कीनक इस नाम से प्रसिद्ध था ॥३१-३२॥ यह बुद्धिमान् रामानन्द के मत मे स्थित होकर रामलीला किया करता था। विमल उत्पन्न हुआ यह दिवाकर—इस नाम से प्रसिद्ध हुआ था ॥३३॥ यह भी स्वामी रामानन्द के मत का अनुयायी था और सीता की लीला किया करता था। देववान् केशव उत्पन्न हुआ था जो कि विष्णु स्वामी के मत का अनुयायी हुआ था ॥३४॥ इस केशव कवि ने कवि प्रिया आदि ग्रन्थों की रचना की थी और अन्त मे यह प्रेतत्व को प्राप्त हो गया था। इसके पश्चात् रामज्योत्स्नामय ग्रन्थ की रचना की थी जिससे इसे स्वर्ग की प्राप्ति हुई थी ॥३५॥

सोमो जात'स वै व्यासो निम्वादित्यमते स्थितः।
रहः क्रीडामय ग्रंथं कृत्वा स्वर्गमुपाययौ ॥३६
वर्द्धनश्च स वै जातो नाम्ना चरणदासकः।
ज्ञानमालामय कृत्वा ग्रंथ रैदासमागंग ॥३७
वर्तकः स च वै जातो रोपणस्य मते स्थित.।
रत्नभानुरिति ज्ञेयो भाषाकर्ता च जैमिनेः ॥३८
रुचिश्च रोचनो जातो मध्वाचार्यमते स्थितः।
नानाज्ञानमयी लीलां कृत्वा स्वर्गमुपाययौ ॥३९
माधाता भूपतिर्नाम कायस्थ स बभूव ह।
मध्वाचार्यो भागवत धर्म भाषामय शुभम् ॥४०
मानकारी नारिभावान्नारीदेहमुपागतः।
मीरानाम्नेति विख्याता भूपतेस्तनया शुभा ॥४१
सा शोभा च ततो यस्या गतिर्गजगमा किल।
सा मोगा च बुधैः प्रोक्ता मध्वाचार्यमते स्थिता ॥४२

सोम व्यास होकर उत्पन्न हुआ था। यह निम्बार्काचार्य के मत का अनुयायी था। इसने रहस्य की क्रीडा से परिपूर्ण ग्रन्थ की रचना की थी और स्वर्ग लोक को चला गया था ॥३६॥ वर्द्धन चरणदास के नाम वाला समुत्पन्न हुआ था। इसने ज्ञान माला मय ग्रन्थ की रचना की थी और यह रदास के मार्ग का अनुयायी था ॥३७॥ वर्त्तक उत्पन्न हुआ था जो कि कि रोपण के मत का अनुयायी हुआ था। यह रत्नभानु इस नाम से जानने के योग्य हुआ था। इस जैमिनि की भाषा की रचना की थी अर्थात् भाषा भाष्य जैमिनि के ग्रन्थ का किया था ॥३८॥ रुचि रोचर नाम से समुत्पन्न हुआ था जो कि मध्वाचाय के मत का अनुसरण करने वाला था। इसने अनेक प्रकार की ज्ञानमयी लीलाओ की रचना की थी और अन्त मे यह स्वर्ग लोक म चला गया था ॥३९॥ मान्धाता जो था वह भूपति नाम वाला कायस्थ हुआ था। मध्वाचार्य ने भागवत की थी जो कि भाषामय शुभ थी ॥४०॥ मानकार नारीभाव मे रहा करता था इसीलिये वह नारी के देह को प्राप्त हुआ था। यह नारी मीरा इस नाम से विख्यात हुई थी जो कि एक राजा की शुभ पुत्री थी ॥४१॥ जिसके तनु मे या अर्थात् शोभा थी और जिसकी गति गज के समान थी वह विद्वानों के द्वारा मीरा कही गई थी जो कि मध्वाचाय के मत मे स्थित हुई थी ॥४२॥

एव ते कथित विप्र भाषाग्र थप्रकारणम् ।
प्रवध मगलकर कलिकाले भयकरे ॥४३
स भूपोऽकबरो नाम कृत्वा राज्यमकटकम् ।
शतार्द्धेन च शिष्यैश्च वैकुण्ठभवन ययौ ॥४४
सलोमा तनयस्तस्य कृत राज्य पितु समम् ।
खुदकस्तनयम्तस्य दशाब्द च कृत पदम् ॥४५
चत्वारस्तनयास्तस्य नवरगो हि मध्यम ।
पितर च तथा भ्रातृञ्जित्वा राज्यमचीकरत् ॥४६
पूर्वजन्मनि दैत्योऽयमन्धको नाम विश्रुत ।
कम भूम्या तदशेन दैत्यराजाज्ञया ययौ ॥४७

तत्पश्चान्मरण प्राप्तो विद्रधेन रुजा मुने ।
विक्रमस्य गते राज्ये सप्तत्युत्तरक शतम् ॥५४
ज्ञेय सप्तदश विप्रयदालोमा मृति गत ।
तालनस्य कुले जातो म्लेच्छ फलरुपोवली ॥५५
मुक्लस्य कुल हत्वा स्वय राज्य चकार ह ।
दशाव्द च कृत राज्य तेन भूपेन भूतले ॥५६

नदीहोपवन में स्थित उस यज्ञाश ने यह सुनकर दुराचारी उस शाप द दिया था कि तरे वश का क्षय हो जायगा ॥५०॥ उम दुरात्मा न उनचास वर्ष तक राज्य किया था । सवाजय नाम वाला था जो कि देवों क पक्ष की वृद्धि करने वाला था ॥५१॥ उसका एक महाराष्ट्र द्विज था जा युद्ध की विद्या का बडा कुशल पण्डित था । उसने उस दुराचारी का हनन किया था और उमके पुत्र के लिये उमका पद दे दिया था ॥५२॥ वह उस राज्य देकर दक्षिणात्य देश मे देश की वृद्धि करने वाला चला गया था । उसके पुत्र का नाम आलोमा था । उमने पाँच वर्ष पर्यन्त उमके पद का उपभोग किया था ॥५३॥ इसके पश्चात् हे मुन ! विद्रध रोग से मृत्यु को प्राप्त हो गया था । राजा विक्रम के एक सौ सत्तर वप राज्य के हो जाने पर हे विप्र ! सत्रह जानने चाहिए जिस समय म आलोम मृत्यु को प्राप्त हुआ था । तालन क कुल मे बलवान् फलरुप म्लेच्छ उत्पन्न हुआ था ॥५४ ५५॥ इसने मुकल के कुल का हनन करके स्वय राज्य शासन किया था । इसन दश वप तक भूतल म राज्य किया था ॥५६॥

शत्रुभिर्मरण प्राप्तो दैत्यलोकमुपागमत् ।
महामदस्तत्तनयो विंशत्यब्द कृत पदम् ॥५७
तद्राष्ट्रे नादरो नाम दैत्यो देश उपागमत् ।
हत्वार्यांश्च सुराञ्जित्वा देश खुरजमाययौ ॥५८
महामत्स्यो हि मदस्य तनयस्तत्पितु पदम् ।
गृहीत्वा पचवर्षान्त स च राज्य चकार ह ॥५९

महाराष्ट्रै र्हतो दुष्टस्तालनान्वयसभव ।
देहलीनगरे राज्य दशाब्द माधवेन वै ॥६०
कृत तत्र तदा म्लेच्छ आलोमा राज्यमाप्नवान् ।
तद्राष्ट्रे वहवो जाता राजानो निजदेशजा ॥६१
ग्रामपा वहवो भूपा देशेदेशे बभूविरे ।
मण्डलीकपद तत्राक्षय जात महीतले ॥६२
त्रिशदब्दमतो जात ग्रामेग्नामे नृपेनृपे ।
तदा तु सकला देवा कृष्णचतन्यमाययु ॥६३

यह फिर शत्रुओ के द्वारा मरण को प्राप्त होकर दैत्या के लोक मे चला गया था । महामद उसका पुत्र था जिसने बीस वप तक पद का उपभोग किया था ॥५७॥ उसके राष्ट म एक नादर नाम वाला (नादिर शाह) दैत्य देश मे आया था । उसने सुरो को जीत कर तथा आर्यों का हनन करके बडा ही अत्याचार किया था और फिर वह खुरज देश म आ गया था ॥५८॥ महामत्स्य नाम वाला मद का पुत्र हुआ था । उमने अपने पिता क पद को ग्रहण करके पाँच वर्ष के अ त तक राज्य किया था ॥५९॥ यह दुष्ट तालन के वश म होने वाला महाराष्टा (मरहठों) के द्वारा मारा गया था । फिर देहली नगर मे माधव ने दश वप तक राज्य किया था । वहा पर उस समय म्लेच्छ आलोमा ने राज्य को प्राप्त कर लिया था । उसके राष्ट्र म निज देश मे उत्पन्न हाने वाल वहुत राजा हुए थे ॥६० ६१॥ ग्रामो के पालन करने वाले स्वामी भूप देश देश मे हुए थे । इस महीतल म वहा पर अक्षय मण्डलीक पद हो गया था ॥६२॥ ग्राम ग्राम मे और नृप-नृप मे तीस वप व्यतीत हो गये थे । उस समय समस्त देवगण महाप्रभु कृष्ण चैतन्य के पास आय थे ॥६३॥

यज्ञाशश्च हरि साक्षाज्ज्ञात्वा दु ख महीतले ।
मुहूर्तं ध्यानमागम्य देवान्वचनमब्रवीत् ॥६४
पुरा तु राघवो धीमाञ्जित्वा रावणराक्षसम् ।
कपीनुज्जीवयामास सुधावर्षैस्समतत ॥६५

विकटो वृजिलो जालो वरलीनो हि सिहलः ।
जवस्सुमात्रश्च तथा नाम्ना ते क्षुद्रवानराः ॥६६
रामचद्रं वच प्राहुर्देहि नो वाछित प्रभो ।
रामो दशरथिः श्रीमाञ्ज्ञात्वा तेषा मनोरथम् ॥६७
देवाङ्गनोद्भवा. कन्या रावणाल्लोकरावणात् ।
दत्वा तेभ्यो हरिस्साक्षाद्वचन प्राह हर्षित ॥६८
भगनाम्ना च ये द्वीपा जालधरविनिर्मिताः ।
तेषु राज्ञो भविष्यति भवन्तो हितकारिणः ॥६९
नन्दिन्या गोश्चरुंडाद्धं जाता म्लेच्छा भयानका. ।
गुरुण्डा तातयस्तेषा तास्तु तेषु सदा स्थिता ॥७०

यज्ञाश साक्षात् हरि ने इस महीतल मे जो दु ख था उसको जानकर एक मुहूर्त्त तक ध्यान करके फिर वे देवो से यह वचन बोले ॥६४॥ पहिले धीमान् राघव ने राक्षस राज रावण को जीत कर सब ओर जो मृत बानर पडे हुए थे उनको सुधा की वृष्टि के द्वारा उज्जीवित कर दिया था ॥६५॥ उन बन्दरो के नाम–विकर–वृजिल–जाल–वरलीन–सिहल –जव–सुमात्र ये नाम थे और ये क्षुद्र वानर थे ॥६६॥ उन्होने भगवान् रामचन्द्र से यह वचन कहे थे—हे भगवन् ! हे प्रभो ! आप हमको हमारा वाछित वरदान प्रदान करें। दशरथ के पुत्र राम ने उनके मनोरथ को जान लिया था ॥६७॥ लाको के लिये रावण अर्थात् भयानक रावण से एक देवागना मे जन्म ग्रहण करन वाली कन्या थी। भगवान् श्रीराम ने उनको उसे देकर फिर परम हर्षित होते हुए साक्षात् हरि न यह वचन कहा ॥६८॥ आपके नामो से जो जालन्धर के द्वारा निर्मित द्वीप हैं उन द्वीपो मे आप सब हितकारी राजा होगे ॥६९॥ नन्दिनी गौ स रुण्ड भयानक म्लेच्छ उत्पन्न हुए थे उनकी गुरुण्ड जाति थी। वे उन द्वीपों मे सदा से स्थित हैं ॥७०॥

जित्वा ताश्च गुरुण्डान्वं कुरुध्व राज्यमुत्तमम् ।
इति श्रुत्वा हरिं नत्वा द्वीपेषु प्रययुर्मुदा.॥७१

विकटान्वयसम्भूता गुरुण्डा वानरानना ।
वाणिज्यार्थमिहायाता गौरुण्डा बौद्धमार्गिण. ॥७२
ईशपुत्रमते सस्थास्तेषा हृदयमुत्तमम् ।
सत्यव्रत कामजितमक्रोध सूर्यतत्परम् ॥७३
यूय तत्रोष्य कार्यं च नृणा कुरुत मा चिरम् ।
इति श्रुत्वा तु ते देवा कुर्युराचिकमादरात् ॥७४
नगर्यां कलिकाताया स्थापयामासुरुद्यता ।
विकटे पश्चिमे द्वीपे तत्पत्नी विकटावती ॥७५
अष्टकौशलमार्गेण राजमन्त्र चकार ह ।
तत्पतिस्तु पुलोमार्चि कालिकाता पुरी स्थित ॥७६
विक्रमस्य गते राज्ये शतमष्टादश कलौ ।
चत्वारिंश तथाब्द च तदा राजा बभूव ह ॥७७

आप लोग उन गुरुण्डों पर विजय प्राप्त करके वहाँ उत्तम राज्य करो। यह श्रीराम का कहा हुआ वचन श्रवण करके वे सब हरि को नमस्कार करके वहा बडी प्रसन्नता स चले गये थे ॥७१॥ विकर के वश म उत्पन्न गुरुण्ड वानर के समान मुख वाले थे। वे वाणिज्य करने के लिये यहा आये थे और वे गौरुण्ड बौद्ध धम के मानने वाले थे ॥७२॥ फिर ये ईशु के मत म सस्थित हो गये थ अर्थात् ईसाई हो गये थ। उनका हृदय अत्य त उत्तम है। सत्य व्रत वाला—काम को जीतने वाला—क्रोध से रहित और सूर्य मे तत्पर है ॥७३॥ आप को वहा निवास करके मनुष्यो का कार्य करना चाहिए। अब विलम्ब मत करो। यह सुन् कर वे देव आदर स आर्चिक करने लगे ॥७४॥ कलिकाता नगरी मे उद्यत होते हुए स्थापना की थी। विकर पश्चिम द्वीप मे उसकी पत्नी विकटावती थी ॥७५॥ उसने अष्ट कौशल मार्ग से राज मन्त्र को किया था। उसका पति पुलोमार्चि कलिकाता पुरी म स्थित था ॥७६॥ कलियुग मे विक्रम के राज्य के अष्टादश शत और चालीस वर्ष हुए थे तब यह राजा हुआ था ॥७७॥

तदन्वये सप्तनृपा गुरुण्डाश्च बभूविरे ।
चतुष्पष्टिमितं वर्षं राज्य कृत्वा लयं गताः ।।७८
गुरुण्डे चाष्टमे भूपे प्राप्ते न्यायेन शासति ।
कलिपक्षो बलिर्दैत्यो मुर नाम महासुरम् ।।७९
आरुह्य प्रेपयामास देवदेशे महोत्तमे ।
स मुरो बार्डिलं भूप वशीकृत्य हृदि स्थितः ।।८०
आर्यधर्मविनाशाय तस्य बुद्धि चकार ह ।
मूर्तिसस्थास्तदा देवा गत्वा यज्ञाशयोगिनम् ।।८१
नमस्कृत्याब्रु वन्सर्वे यथा प्राप्तो मुरोऽसुरः ।
ज्ञात्वा शशाप कृष्णाशो गुरुण्डान्बौद्धमार्गिणः ।।८२
क्षय यास्यति ते सर्वे मुरस्य वश गताः ।
इत्युक्ते व्रचने वस्मिन्गुरुण्डाः कालनोदिताः ।।८३
स्वसैन्यैश्च क्षय जग्मुर्वर्पमात्रान्तरे खलाः ।
सर्वे त्रिशत्सहस्राश्च प्रययुर्यममदिरे ।।८४

उस वश मे सात गुरुण्ड नृप हुए थे। चौंसठ वर्ष परिमाण तक राज्य करके वे सब लय को प्राप्त हो गये थे ।।७८।। गुरुण्ड के आठवें राजा के होने पर जो कि न्याय के साथ शासन कर रहा था कलि के पक्ष वाले बलि दैत्य ने मुर नाम वाले महान् असुर को आरूढ करके महान् उत्तम इस देवों के देश मे भेजा था ।।७९।। वह मुर बार्डिल भूप को अपने वश मे करके उसके हृदय मे स्थित हो गया था ।।८०।। आर्यों के धर्म को विशेष रूप से नष्ट करने के लिये उसकी वैसी ही बुद्धि उसने कर दी। उस समय मे मूर्तियो मे सस्थान रखने वाले देवगण यज्ञाश योगी के पास पहुचे थे ।।८१।। उन सब ने यज्ञाश को नमस्कार किया और जिस तरह मुर असुर वहा प्राप्त हुआ था वह सब कह सुनाया था। कृष्णाश ने यह सब वृत्तान्त जान कर बौद्ध मार्ग के अनुयायी गुरुण्डो को शाप दे दिया था ।।८२।। जो भी सुर असुर के वश मे प्राप्त हो गये हैं वे सब क्षय को प्राप्त हो जायेंगे। उसके इस वचन के कहने पर काल के द्वारा प्रेरित खल गुरुण्ड अपनी सेनाओ के साथ एक ही वर्ष के अन्दर

क्षय को प्राप्त हो गये थे। वे सब तस सहस्र यमराज के मन्दिर मे चले गये थे ॥८३-८४॥

वाग्दडैस्स च भूपालो वार्डिलो नाशमाप्तवान् ।
गुरुण्डो नवम प्राप्तो भेकलो नाम वीर्यवान् ॥८५
न्यायेन कृतवान्राज्य द्वादशाब्द प्रयत्नत ।
आर्यदेशे च तद्राज्य बभूव न्यायशासति ॥८६
लार्डलो नाम विख्यातो गुरुण्डो दशमोहित ।
द्वात्रिशाब्द च तद्राज्य कृत तेनैव धर्मिणा ॥८७
लार्डले स्वर्गते प्राप्ते करदकुलोद्भवा ।
आर्या प्राप्तस्तदा मोना हिमतु गनिवासिन ॥८८
वभ्रु वर्णा सूक्ष्मनसो वर्तु ला दीर्घमस्तका ।
एव लक्षाश्च सप्राप्ता देहल्या बौद्धमार्गिण ॥८९
आजिको नाम वै राजा तेपा तत्र बभूव ह ।
तस्य पुत्रो देवकर्णो गगोत्रगिरि मूर्द्ध नि ॥९०
द्वादशाव्द तपो घोर तेपे राज्यविवृद्धये ।
तदा भगवती गगा तपसा तस्य धीमत ॥९१

वह वार्डिल राजा वाग्दण्डो के द्वारा ही नाश को प्राप्त होगया था। इसके पश्चात् नवम गुरुण्ड जिस का नाम भेकल था और बडा ही वीर्य-वान् था प्राप्त हुआ था ॥८५॥ इसने न्याय के साथ बारह वर्ष तक प्रयत्न पूर्वक राज्य का शासन किया था। आर्यदेश मे यह न्याय का शासन वाला राज्य हुआ था ॥८६॥ दशम गुरुण्ड परम हितकारी लार्डल नाम वाला विख्यात हुआ था। उस धर्मात्मा ने भी बत्तीस वर्ष पर्यन्त यहा राज्य का शासन किया था ॥८७॥ लार्डल के स्वर्ग म प्राप्त हो जाने पर मकरन्द के कुल मे जन्म ग्रहण करने वाले उस समय यहाँ प्राप्त हुए थे जो मौन और हिमतुग के निवास करने वाले थे ॥८८॥ ये बभ्रु वर्ण वाले, छोटी नाक वाले, वर्तुल आकार वाले और बड़े मस्तक वाले थे। इस प्रकार स ब लाखों बौद्ध मार्ग के अनुयायी देहली म प्राप्त होगये थे ॥८९॥ वहीं पर उनका आजिक नाम वाला राजा

हुआ था। उसका पुत्र देवकर्ण नामधारी था जो गगोत्र गिरि के शिखर पर था ॥८०॥ वहा उस पर्वत की चोटी पर अपने राज्य की विशेष वृद्धि के लिए बारह वर्ष तक घोर उसने तपस्या की थी। तब उस बुद्धिमान् की तपस्या से सन्तुष्ट भगवती गगा हुई थी ॥८१॥

स्वरूप स्वेच्छया प्राप्य ब्रह्मलोक जगाम ह।
कुबेरश्च तदागत्य दत्त्वा तस्मै महत्पदम् ॥८२
आर्याणा मडलीर्क च तत्रैवान्तरधीयत ।
मण्डलीको देवकर्णो बभूव जनपालकः ॥८३
षट्चत्वं च कृत राज्य तेनराज्ञा महीतले ।
तदन्वयेऽष्ट भूपाश्च बभूवुर्देवपूजका. ॥८४
द्विशताब्द पद कृत्वा स्वर्गलोकमुपाययुः ।
एकादशश्च यो मौनः पन्नगारिरिति श्रुतः ॥८५
चत्वारिंशद्ववर्षाणि राज्य कृत्वा प्रयत्नतः ।
स्वर्गलोक गतो राजा पन्नगैर्मरण गतः ॥८६
एव च मौनजातीयैः कृत राज्य महीतले ॥८७

तब वह अपनी इच्छा से स्वरूप प्राप्त करके ब्रह्मलोक को चला गया था। और उस समय वहाँ कुबेर ने आकर उसे महत्पद प्रदान किया था ॥ ८२ ॥ र्यों का मण्डलीक वही पर अन्तर्धान होगया था। तब मण्डलीक देवकर्ण जनो का पालक हुआ था ॥८३॥ उस राजा ने सात वर्ष तक इस महीतल पर राज्य किया था। उसके वश मे आठ राजा बहुत ही देवो की पूजार्चा करने वाले हुए थे ॥८४॥ वे सब दो शताब्दी तक अपना पद प्राप्त करते हुए फिर स्वर्ग लोक को चले गये थे। एकादश जो मौन था वह पन्नगारि नाम से प्रसिद्ध था ॥८५॥ उसने यहा चालीस वर्ष तक राज्य के सुख का उपभोग किया था और प्रयत्न के साथ राज्य शासन करके फिर वह पन्नगो के साथ मर कर स्वर्गलोक को चला गया था। ॥८६॥ इस प्रकार से मौनजाति वालो ने इस महीतल पर राज्य किया था ॥८७॥

।। किल्किला के शासकों का वर्णन ।।

,वैक्रमे राज्यविगते चतुष्पष्ट्यु त्तर मुने ।
द्वाविंशदब्दशतक भूतनन्दिस्तदा नृप ।।१
कुवरयक्षवान्मौना धनधान्यसमन्वितान् ।
सार्द्ध लक्षा-कलैर्घोरैर्जित्वा तान्ययुद्धकारिण ।।२
किल्किलाया स्वय राज्य नागवर्शश्चकार ह ।
आग्नेय्या दिशि विख्याता पुण्डरीकेण निर्मिता ।।३
पुरी किलकिला नाम तत्र राजा बभूव ह ।
पुण्डरीकादयो नागास्तस्मिन्राज्य प्रशासति ।।४
गेहेगेहे जनैर्स्सर्वे पूजनीया बभूविरे ।
स्वाहा स्वधा वषट्कारो दवपूजा महीतले ।।५
त्यक्त्वा देवानुपागम्य सस्थिता मेरुमूर्द्ध नि ।
शक्राज्ञया कुबेरस्तु शूवधा य समतत ।।६
यक्ष षड्दानादाय दवेभ्य प्रददौ प्रभु ।
मणिस्वर्णादिवस्तूनि मौनराज्येषु यानि वै ।।७

द्वारा पडश लेकर दोनो को दे दिया था और मणि स्वर्ण आदि वस्तुऐं जो भी मौन राज्य मे थी उनका पडश भी दिया था ॥६ ७॥

दत्तानि तानि कोशेपु पुनर्देवश्चकार ह ।
मडलीक पद तेन सत्कृत भूतनन्दिना ॥८
शताद्धं तु ततो राजा शिशु नन्दिर्बभूव ह ।
नागपूजा पुरस्कृत्य तिरस्कृत्य सुरान्भुवि ॥६
चकार राज्य विंशाब्द यशोनन्दिस्ततोऽनुज ।
भ्रात्रासन स्वय प्राप्तो नागपूजापरायण. ॥१०
पर्चविंशतिवर्पाणि स च राज्यमचीकरत् ।
ततस्तत्तनयो राजा स बभूव प्रवीरक ॥११
एकादशाब्द तद्राज्य कर्मभूम्या प्रकीर्तितम् ।
कदाचित्स च बाह्लीके सेनया सार्द्धमागत. ॥१२
तत्र तैरभवद्युद्ध पैशाचैर्म्लेच्छदारुणै. ।
मासमात्रान्तरे म्लेच्छा लक्षसख्या मृति गता ॥१३
तथा पष्टिसहस्राश्च नागभक्ता लय गता ।
बादलो नाम तद्राजा रोमजस्थो महाबल ॥१४

उन सभी को कोशो मे फिर देव ने कर दिया था । उस दूत नन्दी ने मण्डलीक पद को सत्कृत किया था ॥८॥ इसने आधी शताब्दी तक राज्य का शासन किया था । इसके पश्चात् शिशुनन्दि वहा का राजा हुआ था । इसने नागपूजा को ही प्रधानता दी थी और देवो का भूमि मे तिरस्कार ही कर दिया था ॥६॥ फिर इसके छोटे भाई यशोनन्दि ने बीस वर्ष पर्यन्त राज्य शासन को किया था । नाग पूजा मे परायण इसने अपने भाई का आसन स्वय प्राप्त कर लिया था । इसने भी पच्चीस वर्ष तक राज्य सुख का उपभोग किया था । इसके पश्चात् उसका पुत्र प्रवीरक नाम वाला वहा का राजा हुआ था ॥१०-११॥ ग्यारह वर्ष तक भूमि मे उसका शासन काल बताया गया है । किसी समय वह बाह्लीक देश मे सेना के साथ आया था ॥१२॥ वहा पर दारुण पैशाच म्लेच्छो के साथ उसका युद्ध हुआ था । एक मास के अन्तर

में ही एक लाख सख्या वाले म्लेच्छ मृत्युगत होगये थे ॥१३॥ तथा साठ हजार भाग भक्त भी लय को प्राप्त हुए थे। उनका राजा बादल वाला रोमजस्य महान् बलवान् था ॥१४॥

यशोनदिनमाहूय ददौ जालवती सुताम् ।
गृहीत्वा म्लेच्छराजस्य सुता गेहमुपागत ॥१५
गर्भो जानस्ततस्तस्या बभूव तनयो बली ।
वाह्लीको नाम विख्यातो नागपूजनतत्पर ॥१६
तदन्वये नृपा जाता वाह्लीकाश्च त्रयोदश ।
चतुश्शतानि वर्षाणि कृत्वा राज्य मृति गता ॥१७
अयोमुखे च वाह्लीके राज्यमत्र प्रशासति ।
तदा पितृगणास्सर्वे कृष्णचैतन्यमाययु ॥१८
नत्वोचुर्वचन तत्र भगवञ्छृण मे वच ।
वय पितृगणा भूपैर्नागवश्यैर्निराकृता ॥१९
श्राद्धतर्पणकर्माणि तैर्वय वर्द्धितास्सदा ।
पितृवृद्धात्सोमवृद्धिस्ततो देवाश्च तर्द्धना ॥२०
देववृद्धाल्लोकवृद्धिस्तस्माद्ब्रह्मा प्रजापति ।
ब्रह्मवृद्धात्पर हर्ष गेहेगेहे जनेजने ॥२१
अतोऽस्मान्रक्ष भगवन्प्रजा पाहि सनातनी ।
इति श्रुत्वा वचस्तेषा यज्ञाशो भगवान्हरि ॥२२

उसके बादल ने यशोनन्दी को बुला कर जालवती पुत्री का दान उसे करके देदिया था। यह उस म्लेच्छ राज की पुत्री को ग्रहण करके अपने घर म आगया था ॥१५॥ उसम फिर गर्भ उत्पन्न हुआ और बली पुत्र की उत्पत्ति उसमे हुई थी। यह भी वाह्लीक नाम से विख्यात हुआ था और यह नाग पूजन मे परायण रहा करता था ॥१६॥ उस वश मे तेरह वाह्लीक राजा हुए थे। इन्होने चार सौ वर्ष तक राज्य शासन किया था और फिर वे सब मृत्युगत होगये थे ॥१७॥ अयोमुख नामक वाह्लीक के यहा पर राज्य का शासन करने के समय समस्त पितृगण कृष्ण चैतन्य के पास आये थे ॥१८॥ उन्होने कृष्ण चैतन्य को प्रणाम

करके यह वचन कहे—हे भगवन् हमारे वचनो का श्रवण कीजिए। हम समस्त पितृगण नागवश मे होने वाले भूपो के द्वारा निराकृत कर दिये गये हैं ॥१६॥ श्राद्ध–तर्पण कर्मों के द्वारा हम सदा वर्धित होते हैं। पितृगण की वृद्धि से सोमकी वृद्धि होती है और फिर उससे देवगण वर्धित हुआ करते हैं ॥२०॥ देवो की वृद्धि से ही लोको की वृद्धि है और उससे प्रजापति ब्रह्मा वृद्धिशील होते हैं। ब्रह्म वृद्धि से घर-घर और जन-जन मे परमहर्ष हुआ करता है ॥२१॥ हे भगवन्! इसलिए हमारी रक्षा करो और सनातनी प्रजा का पालन करो। उनके इन वचनो का श्रवण करके भगवान् यज्ञाश हरि ने कहा—॥२२॥

पुष्यमित्र धर्मपरमार्यवशविवर्द्धनम् ॥२३
जातमात्र स वै बाल षोडशार्द्धवयोभवत्।
अयोनिर्योनिभूतास्तानयोमुख पुरस्सरान् ॥२४
जित्वा देशान्निराकृत्य स्वय राज्य गृहीतवान्।
यथा शिवाशतो जातो विक्रमो नाम भूपति ॥२५
शकान्गन्धर्वपक्षीयाञ्जित्वा पूज्यो बभूव ह।
नागपक्षास्तथा भूपान्गोलकास्यान्भयकरान् ॥२६
पुष्यमित्रस्तदा जित्वा सर्वपूज्योऽभवद्भुवि।
सप्तविंशच्छत वर्ष द्विसप्तत्युत्तर तथा ॥२७
राज्य विक्रमतो जात समाप्तिमगमत्तदा।
पुष्यमित्रे राज्यपद प्राप्ते समभवत्तदा ॥२८
शतवर्ष राज्यपद तेन धर्मात्मना धृतम्।
अयोध्या मथुरा माया काशी काची ह्यवन्तिका ॥२९
पुरी द्वारावती तेन राज्ञा च पुनरुद्धृता।
कुरुसूकरपद्मानि क्षेत्राणि विविधानि च ॥३०

धर्म परायण आर्य वश का विवर्धन करने वाला पुष्य मित्र हुआ ॥२३॥ यह बालक उत्पन्न होने के साथ ही आठ वर्ष की अवस्था वाला होगया था। वह अयोनि था और उसने योनि भूत अयोमुख पुरस्सरों को जीत कर उन्हे देश से निकाल कर स्वय राज्य को ग्रहण कर लिया

था। शिवाश से विक्रम नाम वाला राजा समुत्पन्न हुआ था ॥२४-२५॥ यह गन्धर्व पक्ष वाले शकों पर विजय प्राप्त करके स्वयं पूज्य होगया था। उसी प्रकार से नाग पक्ष वाले राजाओं को तथा भयकर गोलकस्यों को उस समय जीत कर पुष्यमित्र भूतल में सर्व पूज्य होगया था। सप्तविंशत् शत और वहत्तर उत्तर वर्ष पर्यन्त विक्रम से राज्य हुआ था। इसके पश्चात् वह समाप्ति को प्राप्त होगया था। पुष्यमित्र के राज्य पद प्राप्त होने पर उस समय मे हुआ था ॥२६-२८॥ उस धर्मात्मा ने सो वर्ष तक राज्य पद का उपभोग किया था। अयोध्या–मथुरा–माया काशी–काञ्ची–अवन्तिका और द्वारावती पुरियो का इसी राजा के द्वारा पुनः उद्धार हुआ था। इस के अतिरिक्त कुरु–सूकर पद्मों के क्षेत्रों का जो कि अनेक हैं पुनरुद्धार किया था ॥२६-३०॥

नैमिषोत्पलवृन्दाना वनक्षेत्राणि भूतले ।
नानातीर्थानि तेनैव स्थापितानि समन्ततः ॥३१
तदा कलिः स गधर्वो देवतापितृदूषकः ।
ब्राह्मणं वपुरास्थाय पुष्यमित्रमुपागमत् ॥३२
नत्वोवाच प्रिय वाक्य शृणु भूप दयापर ।
आर्यदेशे पितृगणा. पूजार्हा श्राद्धतर्पणे ॥३३
अज्ञानमिति तज्ज्ञेय भुवि यत्पितृपूजनम् ।
मृता ये तु नरा भूमौ पूर्वकर्मवशानुगाः ॥३४
भवन्ति देहवन्तस्ते चतुराशीतिलक्षधा ।
छद्मना मयदेवेन पितृपूजा विनिर्मिता ॥३५
वृथा श्रमं वृथा कर्म नृणा च पितृपूजनम् ।
इति श्रुत्वा वचो घोरं विहस्याह महीपतिः ॥३६
भवान्मूर्खो महामूढो न जानीपे पर फलम् ।
भुवर्लोके न ये दृष्टाः शून्यभूताश्च भास्वराः ॥३७
ये तु ते वै पितृगणाः पिण्डरूपविमानगाः ।
सत्पुत्रश्च विधानेन पिंडदानं च मत्कृतम् ॥३८

तद्विमान नभोजात सर्वानंदप्रदायकम् ।
अब्दमात्र स्थितिस्तेषां पिंडपायसरूपिणाम् ।।३९
गीताष्टादशकाध्याये सप्तशत्याश्चरित्रकै ।
पावित यत्तु वै पिंड त्रिशताब्द च तत्स्थिति ।।४०

इस भूतल म नैमिषोत्पन्न वृन्दों के वन क्षेत्रों को तथा अनेक तीर्थों को सब ओर उसन ही स्थापित किया था ।।३१।। उस समय मे वह गन्धर्व देव और पितृगण को दूषित करने वाला ब्राह्मण का शरीर धारण करके पुष्यमित्र के पास आया था ।।३२।। उसको नमस्कार करके वह प्रिय वचन बोला—हे दया परायण भूप ! सुनिये, आर्य देश म पितृगण श्राद्ध और तपणो क द्वारा पूजा के योग्य हैं ।।३३।। भूमण्डल म जो यह पितृगण का पूजन है वह अज्ञान है ऐसा जानना चाहिए । भूमि मे पूर्व कर्मों के वश क अनुगामी जो मनुष्य मृत हो गय हैं वे चौरासी लाख योनियो के भेद स देहधारी हो जाते है । मयदेव के द्वारा छल से यह *पितृगण की पूजा का निर्माण किया है ।।३४ ३५।। मनुष्यो के द्वारा यह* पितृगण का पूजन करना वृथा ही भ्रम और कम है । इस तरह से इस घोर वचन को सुनकर वह राजा हँसकर बोला ।।३६।। आप महामूढ हैं और अत्यन्त मूख हैं । इसके परम फल को आप नही जानते हैं । भुवर्लोक मे जो शून्यभूत और भास्वर नही देखे गये हैं जो पितृगण हैं वे पिण्ड रूप विमानो से गमन करने वाले हैं जो कि सत्पुत्रों के द्वारा पूण विधि विधान से पिण्ड दान किया गया है ।।३७ ३८।। वह विमान नभ *म गया हुआ सब प्रकार के आनन्द का प्रदान करने वाला होता है ।* पिण्ड पायस रूपी उनकी एक वर्ष पय त वहा स्थिति होती है ।।३९।। गीता के अठारह अध्यायो के द्वारा तथा दुर्गा सप्त शती के चरित्रो से पावित किया हुआ जो पिण्ड होता है उसकी वह तीन सौ वप तक हुआ करती है ।।४०।।

पुष्यमित्रगते राज्य दशोत्तरशतत्रयम् ।
तस्मिन् काले रूप उत्पुरुषाप्रदेशन्निवासिन ।।४१

शताद्धब्दि ततो भूमिर्विना राज्ञा बभूव ह ।
तदा क्षुद्रा नरा लुब्धा लुठिताश्चौरदारुणै ॥४२
दारिद्र्यमगमन्घोर विना स्वर्णं च भूरभूत् ।
पुनर्देवश्च भगवान्प्रार्थितस्तानुवाच ह ॥४३
देशे कौशलके जात सूर्य्यांशाच्च महीपति ।
राक्षसारिरिति ख्यातो देवमार्गपरायण ॥४४
ममाज्ञया स वै राजा भविष्यति महीतले ।
इत्युक्त्वा तदधे विष्णुर्देवलोकानुपागमत् ॥४५
राक्षसारिमयोध्याया स्थापयामासुरेव तम् ।
आध्रराष्ट्रं च यद्द्रव्य राक्षसैश्च समाहृतम् ॥४६
तद्द्रव्य राक्षसाञ्जित्वा ग्रामेग्रामे चकार स ।
तारधातो पञ्चमूल्य सुवर्णं भुवि तत्कृतम् ॥४७

पुष्यमित्र के राज्य से चले जाने पर तीन सौ दश वर्ष तक उस समय में आन्ध्र देश के निवासी लोग क्षय को प्राप्त हो गये थे ॥४१॥ उस समय यह भूमि पचास वर्ष तक बिना ही राजा के रही थी। उस समय में क्षुद्र नर दारुण चोरों के द्वारा सताये और लूटे गये थे ॥४२॥ सब लोग बहुत ही अधिक दरिद्रता को प्राप्त हो गये थे और यह भूमि-तल बिना ही सुवर्ण के हो गया था। फिर देवों के द्वारा भगवान् की प्रार्थना की गई थी तब भगवान् ने उनसे कहा था ॥४३॥ कौशल देश में सूर्यवंश से एक राजा उत्पन्न हुआ है। वह राक्षसारि—इस नाम से प्रसिद्ध है और देवों के मार्ग का परायण है ॥४४॥ मेरी आज्ञा से वह राजा महीतल में होगा। इतना कहकर भगवान् विष्णु अन्तर्धान हो गये थे और देव लोक को चले गये थे ॥४५॥ उस राक्षसारि को अयोध्या में ही स्थापित कर दिया था और आन्ध्र राष्ट्र में जो द्रव्य था उसको राक्षसों ने समाहृत कर लिया था ॥४६॥ उसने उस द्रव्य को राक्षसों को जीतकर ग्राम ग्राम में कर लिया था। उसने भूमि में तार द्रव्य में अर्थात् चाँदी में पचगुना महत्व सुवर्ण का कर दिया था ॥४७॥

आरधातोः शत मूल्य राजत तेन वै कृतम् ।
ताम्रधातो पञ्चमूल्यमारधातोश्च तत्कृतम् ॥४८
नागधातो पञ्चमूल्यं भुवि तेनैव निर्मितम् ।
ताम्र पवित्रमधिक नागो वगस्तथोत्तम ॥४९
लौहधातो शत मूल्य वगोऽसौ तेन सत्कृत ।
शताद्वाब्द मही भुक्त्वा सूर्यलोकमुपाययौ ॥५०
तदन्वये पष्टिनृपा जाता वेदपरायणा ।
पुष्पमित्रगत राज्ये चाब्दे सप्तशते गते ॥५१
कौशलान्वयसभूता भूपा स्वर्गमुपाययु ।
शताद्वाब्द ततो भूमिर्मण्डलीक नृप विना ॥५२
क्षुद्रभूपाश्च बुभुजे देशेदेशे च भागव ।
ततो बैदरदेशीयो नाम्ना भूपो विशारद ॥५३
आर्यदेशमुपागम्य लक्षसैन्यसमन्वित ।
क्षुद्रभूपान्वशीकृत्य मण्डलीको बभूव ह ॥५४
नानाकलैश्च कर्माणि विचित्राणि महीतले ।
ग्रामेग्रामे नराश्चक्रु वर्णसकरकारका ॥५५
ब्रह्मक्षत्रमयोर्वर्णो नाममात्रेण दृश्यते ।
वैश्यप्राया नरा आर्या शूद्रप्रायाश्च कारिण ॥५६
तद्राष्ट्रे मनुजाश्चासन्नाममात्र सुरार्चका ।
पष्टिवर्षं पद तेन कर्मभूम्या च सत्कृतम् ॥५७

ताम्रधातु से पच मूल्य और आर धातु से सौ गुना मूल्य राजत धातु का तत्कृत था ॥४८॥ नाग धातु से पचगुना मूल्य भूतल मे उसके ही द्वारा निर्मित किया गया था । ताम्र अधिक पवित्र है, नाग और वग भी उसी प्रकार से उत्तम है ॥४९॥ यह वग लौह धातु से शतगुन मूल्य वाला उसी ने किया था । यह पचास वर्ष तक इस भूमि के सुख का उपभोग करके फिर सूर्य लोक को चला गया था ॥५०॥ उसके वश म साठ राज वेदो मे परम परायण हुए थे । पुष्यमित्र के राज्य को सात सौ वर्ष व्यतीत हो चुके थे ॥५१॥ इस प्रकार स कौशल वश मे होने वाले

उत्तरपर्व



।। मंगलाचरण ।।

कल्याणानि ददातु वो गणपतिर्यस्मिन्नतुष्टे सति
क्षोदीयस्यपि कर्मणि प्रभवितुं ब्रह्मापि जिह्मायते ।
भेजे यच्चरणारविन्दमसकृत्सौभाग्यभाग्योदयैस्तै
नैषा जवति प्रसिद्धि मगमद्देवेन्द्रलक्ष्मीरपि ।।१
शश्वत्पुण्यहिरण्यगर्भरसनासिंहासनाध्यासिनी
सेयं वागधिदेवता वितरतु श्रेयांसि भूयांसि वः ।
यत्पादामलकोमलागुलिनखज्योत्स्नाभिरुद्वेल्लितः
शब्दब्रह्मसुधाम्बुधिर्बुधमनस्युच्चैः खल खेलति ।।२
नमस्तस्मै विश्वोदयविलयरक्षाप्रकृतये शिवाय
क्लेशौघच्छिद्दुरपद पद्मप्रणतये ।
अमन्दस्वच्छन्दप्रथितपृथुलीलातनुभृते
त्रिवेदीवाचामप्यपथनिजतत्त्वस्थितिकृते ।।३
यस्य गण्डतले भाति विमला षट्पदावली ।
अक्षमालेव विमला स नः पायाद्गणाधिपः ।।४
ॐ नमो वासुदेवाय सशार्ङ्गाय सकेतवे ।
सगदाय सचक्राय सशखाय नमो नमः ।।५
नमः शिवाय सोमाय सगणाय ससूनवे ।
सवृषाय सशूलाय सकपालाय सेन्दवे ।।६
शिवं ध्यात्वा हरिं स्तुत्वा प्रणम्य परमेष्ठिनम् ।
चित्रभानुं च भानुं च नत्वा ग्रन्थमुदीरयेत् ।।७

मङ्गलाचरणम्—गणपति, व्यापको, समस्त, कल्याणों, को, देते हैं। जिस गणेश के असंतुष्ट होने पर छोटे से कर्म में भी ब्रह्मा भी करने को समर्थ

नहीं होते हैं और हिचकिचाते हैं। और जिसके चरणारविन्द का वार-वार सेवन ब्रह्मा ने किया था देवेन्द्र लक्ष्मी भी उसके द्वारा ही सौभाग्य भाग्योदयों से जगत् में प्रसिद्धि को प्राप्त हुई है ॥१॥ सर्वदा परम पवित्र हिरण्यगर्भ की रचना रूपी सिंहासन पर अध्यास करने वाली वह यह वाग्देवी आपको बहुत अधिक श्रेयों का वितरण करे। जिसके चरणों की अमल और कोमल अंगुलियों के नखो की ज्योत्स्ना से उद्वेल्लित शब्द ब्रह्म रूपी सुधा के समुद्र बुधों के मन में उच्छृङ्खलता पूर्वक खेला करता है ॥२॥ विश्व के उदय–विलय और रक्षा की प्रकृति वाले उस शिव के लिए नमस्कार है जो वनेशों के समूह के छेदन करने वाले पाद पद्म की प्रणति वाले हैं। वे शिव आनन्द और स्वच्छन्द प्रथित बहुत सी लीलाओं के करने के लिये शरीर को धारण करने वाले हैं और त्रिवेदी वाचाओं के भी अपर अपने तत्त्व से स्थिति के करने वाले हैं॥३॥ जिसके गण्ड तल पर विमल भ्रमरों की पंक्ति शोभा दिया करती है और वह्न अशों की माला की भांति विमला है वह गणों के स्वामी हमारी रक्षा करें ॥४॥ भगवान् वासुदेव के लिए जो शार्ङ्ग धनुष–वेनु–गदा-चक्र और शंख से युक्त हैं वार–वार नमस्कार है ॥५॥ शिव के लिये जो सोम–गण–सूनु–वृष–शूल–कपाल और इन्दु के सहित है वार-वार हमारा नमस्कार है ॥६॥ सदा शिव का ध्यान करके हरि की स्तुति करके और परमेष्ठी को प्रणाम करके तथा चित्रभानु और भानु को नमस्कार करके ग्रन्थ को उदीरित करते हैं ॥७॥

छत्राभिषिक्तं धर्मज्ञं धर्मपुत्रं युधिष्ठिरम् ।
द्रष्टुमभ्यागता हृष्टा व्यासाद्याः परमर्षयः ॥८
मार्कण्डेयः समाण्डव्यःशाण्डिल्यः शाकटायनः ।
गौतमो गालवो गार्ग्यः शातातपपराशरौ ॥९
जामदग्न्यो भरद्वाजो भृगु र्मागुरिरेव च ।
उद्दालकः पंचशिखो शौनकः शाकटायनिः ॥१०
पुलस्त्यः पुलहो दाल्भ्यो बृहदश्वः सगोमनः ।
नारदः पर्वतो ऋद्धरत्नावसुरावसू ॥११

तानृषीनागतान्दृष्ट्वा वेदवेदाङ्गपारगान् ।
भक्तिमान्भ्रातृभि साद्धं कृष्णधौम्यपुरःसर ॥१२
युधिष्ठिर. सप्रहृष्ट समुत्थायाभिवाद्य च ।
अर्घ्यमाचमन पाद्यमासनानि स्वय ददौ ॥१३
उपविष्टेषु तेष्वेव तपस्विषु युधिष्ठिर ।
विनयावनतो भूत्वा व्यास वचनमब्रवीत् ॥१४

एक समय छत्राभिषक्त—धर्म के पूर्ण ज्ञाता— धर्म के पुत्र युधिष्ठिर का दर्शन करने के लिये परम हर्षित होकर व्यास आदि परमर्षिगण आये थे ॥८॥ उन महर्षियो मे मार्कण्डेय–माण्डव्य–शाण्डिल्य–शाकटायन गौतम–गालव–गार्ग्य–शातातप–पराशर–जामदग्न्य–भरद्वाज–भृगु–भार्गुरि उत्तङ्क–शंख– लिखित– शौनक– शाकटायनि– पुलस्त्य– पुलह–दाल्भ्य–बृहदश्व–सलोमश–नारद–पर्वत–जह्नु–अयावसु–परावसु ये सभी थे । इन ऋषियो का दर्शन कर जोकि वहा आये हुए थे और वेदो तथा वेदाङ्गो का पारगामी महा मनीषी थे राजा युधिष्ठिर अपने भाइयो को साथ लेकर तथा कृष्ण धौम्य को आगे करके परम प्रहृष्ट होता हुआ समुत्थित हुए और उन सब का अभिवादन किया तथा स्वय अर्घ्य–आचमन–पाद्य और सब के लिए आसन राजा ने दिये थे ॥६-१३॥ वे समस्त तपस्वी गण जब यथा स्थान उपविष्ट होगये तो विनय से विनम्र होकर युधिष्ठिर व्यास जी से यह वचन बोले—॥१४॥

भगवस्त्वत्प्रसादेन प्राप्त राज्य मह मया ।
विक्रम्य निहत सख्ये सानुबन्ध सुयोधन ॥१५
सरोगस्य यथा भोग प्राप्तोऽपि न सुखावह ।
हत्वा ज्ञातीस्तथा राज्य न सुख प्रतिभाति मे ॥१६
यत्सुख पावन प्रीतिवनमूलफलाशिनाम् ।
प्राप्य गा च हताराति न तदस्ति पितामह ॥१७
यो नो बन्धुर्गुरुर्गोप्ता सदा शर्म च वर्म च ।
स मया राज्यलोभेन भीष्म पापेन घातित ॥१८

अविवेकमहं धास्ये मनो मे पापपङ्किलम् ।
क्षालयित्वा तव गिरा बहुदर्शितवारिणा ॥१९
संश्रुतानि पुराणानि वेदास्सांगा मया विभो ।
ममाद्य धर्मसर्वस्वं प्रज्ञादीपेन दर्शय ॥२०
एते सधर्मगोप्तारो मुनयः समुपागताः ।
पिबंतो नेत्रभ्रमरैर्भवतो मुखपंकजम् ॥२१
अर्थशास्त्राणि यावंति धर्मशास्त्राणि यानि वै ।
श्रुतानि सर्वशास्त्राणि भीष्माद्भागीरथीसुतात् ॥२२

हे भगवन् ! आपके ही प्रसाद से मैंने यह महान् राज्य प्राप्त किया है । विक्रम करके अपने अनुबन्ध के सहित सुयोधन युद्ध में निहत होगया है ॥१५॥ जो रोग से युक्त होता है उसको यदि भोग प्राप्त भी होजाता है तो वह जिस तरह सुख प्रदान करने वाला नहीं होता है, उसी भाँति अपने समस्त ज्ञाति के जनों का हनन करके यह प्राप्त राज्य भी मुझे सुख देने वाला नहीं मालूम होता है ॥१६॥ हे पितामह ! जो पावन सुख और प्रीति वन के मूल और फलों के खाने वालों को होती है वह इस विशाल भूमि को प्राप्त करके और शत्रुओं का हनन करके भी वैसी इस समय नहीं है ॥१७॥ जो हम सबका बन्धु-गुरु और रक्षक था तथा सदा कल्याण स्वरूप एवं धर्म रूप था वह भीष्म मैंने राज्य के ही लोभ से महापापी ने मरवा दिया है ॥१८॥ मैंने बहुत बड़ा अविवेक धारण कर लिया है और मेरा मन पाप के कीच से युक्त है । उसे आपकी वाणी से क्षालित करिये जिसने बहुत वारि का दर्शन किया है । हे विभो ! मैंने पुराणों का श्रवण किया है और साङ्गवेद भी सुने हैं । आज आप मुझे अपनी प्रज्ञा के दीप से धर्म के सर्वस्व को दिखा देवें ॥१९-२०॥ ये सभी धर्म की रक्षा करने वाले मुनिमण्डल यहां आगये हैं जो आपके मुखरूपी पकज का नेत्र रूपी भ्रमरों के द्वारा पान कर रहे हैं ॥२१॥ जितने भी अर्थशास्त्र हैं और जो भी बताने वाले शास्त्र हैं वे सभी शास्त्र भागीरथ के पुत्र भीष्म प्रपितामह के मुख से श्रवण किए हैं ॥२२॥

स्वर्ग गते शान्तनवे भवान्कृष्णोऽथ यादव ।
सुहृत्वाद्बन्धुभावाच्च नान्य शिक्षयिता मम ॥२३
सत्य सत्यवतीसूनुर्द्धर्मराजाय वक्ष्यति ।
विशेषधर्मानखिलान्मुनी नाम विशेषत ॥२४
यदाप्येय तदाप्यात मया भीष्मेण तेऽनघ ।
मार्कण्डेयेन धौम्येन लोमशेन महर्षिणा ॥२५
धमज्ञो ह्यसि मेधावी गुणवान्प्राज्ञसत्तम ।
न तेऽस्त्यविदित किञ्चिद्धर्माधर्मविनिश्चये ॥२६
पार्श्वस्थिते हृषीकेशे केशवे केशिसूदने ।
कस्यचित्कथने जिह्वा तत्र सपरिवर्तते ॥२७
कर्तापालयिता हर्ता जगता यो जग मय ।
प्रत्यक्षदर्शी सवस्य धर्मान्विक्ष्यत्यसौ तव ॥२८
समादिश्येतिकतव्य भगवान्बादरायण ।
पूजित पाण्डुतनयैजगाम स्वतपोवनम् ॥२९
स्वाभाष्य भारतविधातरि सप्रयाते ते कौतु-
काकुलधियो मुनय प्रशान्ता ।
किं पृच्छति क्षपितभारतलोकशोक
किं वक्ष्यतीह भगवा यदुवशवीर ॥३०

महाराज शान्तनु के पुत्र के स्वग मे चले जाने पर भगवान् यादव कृष्ण ही सुहृद् होने के नाते होने से और बन्धु भाव के होने से मेरे शिक्षा देने वाले हैं अन्य कोई भी नहीं है ॥२३॥ सत्यवती के पुत्र धर्मराज के लिये सत्य कहेगे जो कि समस्त विशेष धम हैं और विशेष करके मुनियो के हैं ॥२४॥ श्री व्यास जी ने कहा—हे अनघ ! जो कुछ मुझे अब कहना चाहिए या कहना है वह सब तो भीष्म ने तुमको कह ही दिया है मार्कण्डेय–धौम्य और महर्षि लोमश के द्वारा भी कहा गया है ॥२५॥ आप तो धम के ज्ञाता हैं और मेधा से भी समन्वित हैं तथा गुणवान् एव प्राज्ञो म श्रेष्ठतम हैं। धम और अधम का क्या स्वरूप होता है–इसके विशेष निश्चय करने के विषय मे आपको कुछ भी

अविन्ति नहीं है ।।२६।। हृषीकेश भगवान् के पास में स्थित होने पर जो कि केशि दैत्य के सूदन और केशव है किसकी जिह्वा कुछ भी कहने के लिए वहां सपरिवर्त्तित होती हैं ? ।।२७।। जो जगत् की रचना करने वाला—पालन करने वाला और संहरण करने वाला एवं जगन्मय है। यह तो सबका प्रत्यक्षदर्शी है । यही आपको धर्मों को बतायेंगे ।।२८।। भगवान् बादरायण इति कर्त्तव्य का समादेश करके पाण्डु के पुत्रों द्वारा पूजित होते हुए अपने तपस्या करने वाले वन में चले गये थे ।।२९।। भारत की रचना करने वाले के अपना कथन करके चल जाने पर वे समस्त मुनिगण कौतुक से आकुल बुद्धि वाले प्रशान्त होगये थे। वे सब यही कौतुक अपने हृदयों में रख रहे थे कि अब भारत महायुद्ध के शोक को क्षपित करने वाले धर्मराज युधिष्ठिर क्या पूछेंगे और यदुवंश के वीर भगवान् यहां पर क्या उत्तर के रूप में कहेंगे ।।३०।।



।। ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति और वर्णन ।।

कस्य प्रतिष्ठा निर्दिष्टा को हेतु किं परायणम् ।
यस्मिन्नं तल्लयं याति कस्मादुत्पद्यते जगत् ।।१
कति द्वीपा समुद्राश्च कियतो हि कुलाचला ।
कियत्प्रमाणवनेभूं वनानि कियति च ।।२
पौराणश्च व विषयो यत्पृष्टोऽहं त्वयानघ ।
श्रुतोऽनुभूतश्च मया संसारे सरता चिरम् ।।३
अजाय विश्वरूपाय निर्गुणाय गुणात्मने ।
नमस्तस्मै भगवत वादेवाय वेधसे ।।४
अत्र ते वर्णयिष्यामि शृणु पार्थ पुरातनम् ।
याज्ञवल्क्येन मुनिना भविष्य भास्वतापति ।
पृष्टो यदुत्तरं प्रादादृषिभ्यस्तन्मया श्रुतम् ।।५
धन्यं यशस्यमायुष्यं सर्वाशुभविनाशम् ।
भविष्योत्तरमेतत्तु कथयामि युधिष्ठिर ।।६

एकात्मक निर्देवत्य चतु पचसुलक्षणम् ।
गुणकालादिभेदेन सदसत्सप्रद शितम् ॥७

इस अध्याय म श्रीकृष्ण और युधिष्ठिर का सम्वाद और श्रीकृष्ण क द्वारा युधिष्ठिर के प्रति समस्त ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति के वृत्ता त कथन का वणन किया जाता है। राजा युधिष्ठिर ने कहा—हे भगवन्! किस की प्रतिष्ठा निर्दिष्ट की गई है ? इसका क्या हेतु है और क्या परायण है । यह जगत् किस म लय को प्राप्त होता है और किससे यह उत्पन्न हाता है ? ॥१॥ इस विश्व म कितन द्वीप हैं—कितने समुद्र हैं और कितने कुलाचल हैं ? इस भूमि का कितना प्रमाण है और कुन भवन कितने होते हैं ? ॥२॥ श्रीकृष्ण ने कहा—हे अनघ! तुमने यह पुराणो का विषय मुझ से पूछा है। यह मैंने इस ससार मे सरण करत हुए सुना है और इसका अनुभव भी चिरकाल तक किया है ॥३॥ उस अज मा—विश्वरूप—निगु ण स्वरूप और गुणात्मा वेधा भगवान् वासुदेव के लिए नमस्कार है। अब यहा पर हे पार्थ! तुम से पुरातन का वणन करू गा। आप इसका श्रवण करिये ॥४॥ याज्ञवल्क्य मुनिन भास्वतापति से भविष्य पूछा था । उस समय मे उनने ऋषियो क लिये उत्तर दिया था वह मैंने श्रवण किया था ॥५॥ हे युधिष्ठिर! यह भविष्य परम धन्य—यश का देने वाला आयु की वृद्धि करने वाला और सम्पूण अशुभो के नाश करने वाला है। अब मैं इसे ही तुमस कहता हू ॥६॥ तीनो देवताओ की एका मता चार पाच सुल क्षण और गुण तथा काल आदि के भेद से सत् और असत् भली भाति प्रदर्शित किया है ॥७॥

एक एव जगद्योनि प्रतियोनिषु सस्थित ।
एकधा बहुधा चैव दृश्यते जलचन्द्रवत् ॥८
ब्रह्मा विष्णुर्वृषाकश्च त्रयो देवा सता मता ।
नामभेद क्रियाभेदैर्भिद्यते नात्मना स्वयम् ॥६
प्रक्रिया चानुषगश्च उपोद्घातस्तथैव च ।
उपसहार इत्येतच्चतुष्पाद प्रकीर्तितम् ॥१०

समता प्रतिसर्गश्च वशो मन्वन्तराणि च ।
वशानुचरित चैक पुराण पचलक्षणम् ॥११
एष वक्तव्यविषय सुमहान्प्रतिभाति मे ।
तथाप्युद्देशतो वच्मि सर्गं प्रति तवानघ ॥१२
महदादिविशेषान्त सवैरूप्य सलक्षणम् ।
पञ्चप्रमाण षट्कक्ष पुरुषाधिष्ठित जगत् ॥१३
अव्यक्ताज्जायते बुद्धिमहानिति च सा स्मृता ।
अहकारास्तु महतस्त्रि गुण स च पठ्यते ॥१४

इस समस्त जगत् का एक ही योनि अर्थात् उत्पत्ति स्थान है जोकि प्रतियोनियो मे संस्थित होरहा है । वही एक प्रकार से और बहुत प्रकार से जल मे चन्द्रमा की भाँति दिखलाई दिया करता है ।।८।। ब्रह्मा—विष्णु और वृषाक ये तीन देवता सत्पुरुषो के माने हुए कहे जाते हैं । ये नामो के भेदो के द्वारा तथा कर्म करने के भेदो से भिन्न होते हैं स्वरूप से स्वय ये भिन्न नही हैं ।।६।। प्रक्रिया—अनुषग उपोद्घात और उपसहार ये चार पाद कहे गयेहैं ।।१०।। समत—प्रतिसग वश मन्वन्तर और वशानुचरित ये ही पाच पुराणो के लक्षण हुआ करते हैं ।।११।। यही कहने योग्य विषय बहुत बडा मुझे प्रतीत होता है । हे अनघ ! तुम्हारे प्रति तथापि उद्देश से सर्ग को बताता हूँ ।।१२।। महद् आदि के विशेषान्त वाला, वैरूप्य के सहित, लक्षण से युक्त पाच प्रमाण वाला तथा षट्कक्ष पुरुष से अधिष्ठित यह जगत् है ।।१३।। अव्यक्त से बुद्धि उत्पन्न होती है वह महान् इस नाम से कही गई है । फिर अहकार महान् से समुत्पन्न होता है और वह त्रिगुण वाला पढा जाया करता है ।।१४।।

तन्मात्राणि च पञ्चाहुरहङ्काराच्च सात्त्विकात् ।
जातानि तेभ्यो भूतानि भूतेभ्य सचराचरम् ॥१५
जलमूर्तिमय विष्णौ नष्टे स्थावरजगमे ।
भूतात्मकमभूदण्ड महत्तदुदकशयम् ॥१६

सृष्टया शक्त्या च निर्भिन्न तदण्डमभवद्द्विधा ।
भूकपालमथैक तद्द्वितीयमभवन्नभ ॥१७
उल्व तस्याभवन्मरुजरायु पर्वता स्मृता ।
नद्यो धमन्य सञ्जाता क्लेद सवत्रग पय ॥१८
योजनाना सहस्राणि षोडशाध प्रतिष्ठित ।
उत्सेधे चतुराशीतिर्द्वात्रिंशदूर्ध्वविस्तृत ।
भूमिपकजविस्तीर्णा कर्णिका मेरुरुच्यते ॥१६
आदित्यश्चादिदेवत्वा तत्राभूत्त्रिगुणात्मक ।
प्रात प्रजापतिरसौ मध्याह्ने विष्णुरिष्यत ।
रुद्रोऽपराह्णसमये स एवैकस्त्रिधामत ॥२०

तन्मात्रा पाँच कही गई हैं जो सात्विक अहकार से उत्पन्न हुई हैं। उन पाँच तन्मात्राओ से पाच भूत होते हैं। और फिर इन पच महाभूतो स इस चराचर जगत् की समुत्पत्ति हुआ करती है जो यह सब दिखाई देरहा है॥१५॥जल की मूर्त्ति वाले भगवान् विष्णु मे समग्र स्थावर और जगम जगत् क विनष्ट होजाने पर भूतात्मक महत्त अणु उसी उदक म शयन करने वाला होगया था॥१६॥सृष्टि और शक्ति से निर्मित्त वह दो भागो मे होगया था। उसका एक भाग भू कपाल था और दूसरा भाग नभ था ॥१७॥ उसका उल्व मेरु जरायु होगया जो पवत कहे गये हैं। नदियाँ जो थी वे धमनियाँ होगई थीं और सवत्र गमनशील पय क्लेद होगया था ॥१८॥ सोलह सहस्र योजन नीचे का भाग था। ऊचाई चौरासी सहस्र और ऊर्ध्व विस्तार तीस सहस्र था। भूमि पकज की विस्तीर्ण कर्णिका मेरु कहा जाता है ॥१६॥ आदित्य आदिदेव होने के कारण वहा पर त्रिगुणात्मक था। यह प्रात काल मे प्रजापति-मध्याह्न म विष्णु और दोपहर के बाद रुद्र रूप वह एक ही तीन स्वरूपात्मक हुआ था ॥२०॥

स्वायभुवो मनु पूर्व तत स्वारोचिषोऽभवत् ।
उत्तमस्तामसश्चैव रैवतश्चाक्षुषेति षट् ॥२१

वैवस्वतोऽयमधुना वर्तते मनुरुत्तमः ।
यस्य पुत्रैः प्रपौत्रैश्च विभक्तेयं वसुन्धरा ॥२२
आदित्या वसवो रुद्रा एकादश तथाश्विनौ ।
उपत्रयः समाख्याता देव वैवस्वतेंऽन्तरे ॥२३
विप्रचित्तिहिरण्याख्यौ दैत्यदानवसत्तमौ ।
तयोर्वंशे तु बहवो दैत्यदानवसत्तमाः ॥२४
पञ्चाशद्गुणितकोटियोजनानां महत्तया ।
सद्वीपसमुद्रायाः प्रमाणमवनेः स्मृतम् ॥२५
पिण्डेन च सहस्राणि सप्ततिर्जलमध्यतः ।
गौरिवैषा सुमहती भ्राजते न च लीयते ॥२६
लोका लोकः परतरः पर्वतोऽग्रमहोच्छ्रयः ।
द्वैतमर्थं स नियतो योऽसौ रविरुचामपि ॥२७
नैमित्तिकः प्राकृतिकस्तथैवात्यन्तिको लयः ।
नित्यश्चतुर्थो विज्ञेयः कालो नित्यापहारकः ॥२८

सबसे पूर्व स्वायम्भुव मनु हुए, उसके पश्चात् स्वारोचिष हुए थे। फिर क्रम से उत्तम–तामस–रैवत और चाक्षुष ये छं मनु हुए हैं। जो यह इस समय वर्त्तमान है वह वैवस्वत मनु है जोकि सबमें उत्तम कहा जाता है। जिसके पुत्र और पौत्रों से यह वसुन्धरा विभक्त है ॥२१-२२॥ आदित्य–वसुगण–एकादश रुद्र–अश्विनी कुमार और तीन उपा वैवस्वत मन्वन्तर में देव कहे गये हैं ॥२३॥ विप्रचित्ति और हिरण्याक्ष श्रेष्ठ दैत्य दानव थे। उन दोनों के वंश में बहुत–से दैत्यदानव हुए थे ॥२४॥ पचास गुणित करोड़ योजनों की महत्ता से सातद्वीप और सात समुद्र वाली भूमिका प्रमाण कहा गया है ॥२५॥ और पिण्ड से सत्तर हजार जल के मध्य में यह गौ की भांति भ्राजमान हुआ करती है और लीन नहीं होती है ॥२६॥ अग्रभाग में महान् उच्छ्रय वाला लोका लोक पर्वत पर तर है। द्वैत अर्थ में यह नियत है जो यह रवि

प्रकार से गौओ का भली भाँति पूजन करके तथा अर्घ्य देकर फिर गृहाश्रम मे चले जाना चाहिए। पच की तिथि म क्रोध से रहित होकर गोरस दधि का भोजन करे। शालि पिष्ट-फल-शाक-तिल और शोभन अन्न का भोजन करे। हे राजेन्द्र! मुक्त के अवसान मे सयत होकर उस रात्रि मे शयन करे ॥८ ९॥ प्रभात के समय मे ब्राह्मण के लिये हिरण्मय गोपद का दान करके गौओ के नाथ गरुडध्वज गोविन्द से क्षमापन करावे ॥१०॥ यहा पर जिस प्रकार गायो का अर्चन किया जाता है उसी भाँति गोवर्द्धन गिरि का भी समचन होता है। भगवान् अच्युत का उद्देश्य लेकर प्रणाम करे। इसका जो भी फल प्राप्त करे-उसका श्रवण करो ॥११॥

गोभक्तो गोव्रत कृत्वा भक्त्या शक्त्या च गोष्पदम्।
सौभाग्य रूपलावण्य प्राप्नोति पृथिवीतले ॥१२
गोतणकाकुल गेंह गोकुल च समासत ।
धनधान्यसमोपेतशालीक्षुरसमृद्धिमान् ॥१३
सतान पूजित लब्ध्वा तत स्वर्गेऽमरो भवेत्।
द्विव्यरूपधर स्रग्वी दिव्यालकारभूषित ॥१४
गन्धर्वैर्गीतवाद्यन सेव्यमानोऽप्सरोगणै ।
दिव्य युगशव छित्त्वा ततो विष्णुपुर व्रजेत् ॥१५
यो गोपदव्रतमिद कुरुते त्रिरात्र गा
गा वै प्रपूजयति गोरसपूजनाच्च ।
गोविंदमादिपुरुप प्रणत सवित्रामालोक्
मुत्तममुपैति गवा पवित्रम् ॥१६

गौ का भक्त भक्तिभाव से गो व्रत करके और शक्ति से गोष्पद करके इस पृथिवी तल मे परम सौभाग्य एव रूप लावण्य की प्राप्ति किया करता है ॥१२॥ गौओ के वरसो से समाकुल गृह और सक्षप से गोकुल-धन-धान्य से समुपेत-शाली इक्षु रस की समृद्धि वाला हो जाता है ॥१३॥ प्रतिष्ठित सन्तति का लाभ होता है फिर इसके पश्चात् स्वग मे अमर हो जाया करता है। जो दिव्यरूप के धारण करने वाला—स्रग्धारी

तथा दिव्य भूषणो से विभूषित होता है ।।१४।। वहा पर गन्धर्वो के द्वारा गीत वाद्यो से और अप्सराओ के द्वारा सेव्यमान हुआ करता है । वहा पर दिव्य सौ युग काटकर फिर वह विष्णुपुर को गमन किया करता है ।।१५।। जो इस गोपद व्रत को त्रिरात्र किया करता है और गायो का गोरस पूजन से प्रकृष्ट रूप से पूजन करता है तथा आदि पुरुष गोविन्द का प्रणाम किया करता है वह सावित्र उत्तम लोक को प्राप्त करता है जो गौओ से परम पवित्र है ।।१६।।

।। हरितालीतृतीया–व्रत का माहात्म्य ।।

शुक्ले भाद्रपदस्यैव तृतीयाया समर्चयेत् ।
सर्वधान्यैस्तां विरूढा भूतां हरितशाद्वलाम् ।
हरकाली देवदेवी गौरी शकरवल्लभाम् ।।१
गन्धै पुष्पै फलैर्धूपैर्नैवेद्यैर्मोदकादिभि ।
प्रीणयित्वा समाच्छाद्य पद्मरागेन भास्वता ।।२
घण्टावाद्यादिभिर्गीतै शुभैर्दिव्यकथानुगै ।
कृत्वा जागरण रात्रौ प्रभाते ह्यु द्गते रवौ ।।३
सुवासिनीभि सा नेया मध्ये पुण्यजलाशये ।
तस्मिन्विसर्जयेत्पाथ हरकाली हरिप्रियाम् ।।४
भगवन्हरकालीति का देवी प्रोच्यत भुवि ।
आद्र धार्यै स्थिता कस्मात्पूज्यते स्त्रीजनेन सा ।
पूजिता किं ददातीह सर्वं मेब्रूहि केशव ।।५
सवपापहरा दिव्या मत्त श्रृणु कथामिमाम् ।
आसीद्दक्षस्य दुहिता कालीनाम्नी तु कन्यका ।।६
वर्णेनापि च सा कृष्णा नवनीलोत्पलप्रभा ।
सा च दत्ता त्र्यम्बकाय महादेवाय शूलिने ।।७

श्रीकृष्ण ने कहा—भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष म तृतीया तिथि मे उस विरूढ भूता हरितशाद्वला का सवधान्यो से अचन करना चाहिए ।

हरकाली-देवदेवी-गौरी-शकर वल्लभा वह है ॥१॥ गन्ध-पुष्प-फल-धूप और मोदक आदि नैवेद्य से उस देवी को प्रसन्न करके तथा भासमान पद्मराग से उसका समाच्छादन करके ॥२॥ घण्टा वाद्य आदि से-गीतो से-शुभ एव दिव्य कथानुगो से रात्रि मे जागरण करके प्रभात मे जब रवि का उदय होता है ॥३॥ उसी समय मे सुवासिनियो के द्वारा उसको किसी परम पुण्य जलाशय के मध्य मे पहुँचाना चाहिए। हे पार्थ ! उस हरकाली हरि प्रिया का उसमे विसर्जन कर देवे ॥४॥ युधिष्ठिर ने कहा-हे भगवन् ! इस भूमण्डल मे हरकाली कौनसी देवी कही जाती है ? आर्द्र धान्यो से स्थित वह स्त्री जनो के द्वारा ही क्यो पूजी जाया करती है ! जब यह पूजित होती है तो फिर यह क्या दिया करती है ? हे केशव ! यह सभी कुछ मुझे आप बतलाइये ॥५॥ श्रीकृष्ण ने कहा-यह समस्त पापो के हरण करने वाली परम दिव्य कथा है। इसको अब तुम मुझ से श्रवण करो। दक्ष की पुत्री एक काली नाम की कन्या थी। वह वर्ण से भी कृष्ण थी और नवीन नील कमल के समान आभा वाली थी। वह कन्या त्र्यम्बक शूलधारी महादेव के लिये दी गई थी ॥६ ७॥

विवाहिता विधानेन शखतूर्यानुनादिना ।
यत्कुर्यादागतैर्देवैब्राह्मणाना च निस्वनै ॥८
निर्वर्तिते विवाहे तु तया सार्धं त्रिलोचन ।
क्रीडते विविधैर्भोगैर्मनस प्रीतिवर्धनै ॥९
अथ देवसमानस्तु कदाचित्स वृषध्वज ।
आस्थानमडपे रम्ये आस्ते विष्णुसहायवान् ॥१०
तत्रस्थश्चाह्वयामास नर्मणा त्रिपुरातक ।
काली नीलोत्पलश्यामा गणमातृगणावृताम् ॥११
एह्येहि त्वमित कासि कृष्णाजनसमन्विते ।
कालसु दरि मत्पार्श्वे धवले त्वमुपाविश ॥१२
एवमुत्क्षिप्तमनसा देवी सक्रुद्धमानसा ।
श्वासयामास ताम्राक्षी बाष्पगद्गदया गिरा ॥१३

हरकर्मसमुत्पन्न हरकाये हरप्रिये ।
मा त्राहीशस्य मूर्तिस्थे प्रणतास्तु नमोनमः ।।२०
इत्थ सपूज्य नैवेद्य दद्याद्विप्राय पाडव ।
ता च प्रातर्जले रम्ये मत्रेणैव विसर्जयेत् ।।२१

शकर ने जिस कारण से मेरी उपमा कृष्ण वर्ण से दी है अथवा हरकाली को बुलाया है जो देवर्षिगण से सेवित है । इसलिये मैं अब इस कृष्ण देह को जलती हुई अग्नि मे हवन कर डालू गी । इतना कह कर वह निषिद्ध भी की गइ थी तो भी रोष से युक्त होकर अपने निर्णय पर दृढ ही बनी रही थी ।। १५-१६।। उसने हरित छाया कान्ति को हरित शाद्वल मे छोड दिया था और जलती हुई अग्नि मे दोष को राग से क्षिप्त कर दिया ।।१७।। फिर वह पर्वत राज के घर मे गौरी हुई थी जो महादेव के देह के अर्द्ध भाग में स्थित होती हुई सुरों के द्वारा भली-भाँति पूजित होती है ।।१८।। इस प्रकार से वह हरकाली—इस नाम से गौरीश की व्यवस्थित हुई । हे पाण्डव ! वह महादेवी इस निम्न मन्त्र से पूजने के योग्य है ।।१९।। मन्त्रार्थ—हे हर के कर्म से समुत्पन्न होने वाली ! आप तो हर की काया हैं और हर की प्रिया हैं । ईश की मूर्त्ति मे स्थित रहने वाली ! मेरी रक्षा करो । हम प्रणत हैं । आपको बारम्बार नमस्कार है ।।२०।। हे पाण्डव ! इस भाँति अच्छी तरह अर्चना करके नैवेद्य विप्र को देवे । और प्रात काल में उसको रम्य जल के भीतर इसी मन्त्र के द्वारा विसर्जन कर देना चाहिए ।।२१।।

अर्चितासिमया भक्त्या गच्छ देवि सुरालयम् ।
हरकाले शिवे गौरि पुनरागमनाय च ।।२२
एव य पाडवश्रेष्ठ हरकालीव्रत चरेत् ।
वर्षेवर्षे विधानेन नारी नरपत शुभा ।।२३
सा यत्फलमवाप्नोति तच्छृणुष्व नराधिप ।
मर्त्यलोके चिर तिष्ठेत्सर्वरोगविर्जिता ।।२४
सवभोगसमायुक्ता सौभाग्यबलगर्विता ।
पुत्रपौत्रसुहृन्मित्रनप्तृदौहित्रसकुला ।।२५

साग्र वर्षशत यावद्भोगान्भुक्त्वा महीतले ।
ततोवसाने देहस्य शिवज्ञाना महामुने ।।२६
चिरंभद्रा महाकालनदीश्वरविनायका ।
तदाज्ञाकिंकरा सर्वे महादेवप्रसादतः ।।२७
सपूर्णसूर्यगणसप्तविरूढशस्या
ता वै हिमाद्रितनया हरकालिकाख्याम् ।
सपूज्य जागरमनुद्धतगीतवाद्यै
र्यच्छति या इह भवति पतिप्रियास्ता ।।२८

हे देवि ! मेरे द्वारा आप भक्ति के सहित पूजित हुई हो, अब आप सुरालय मे गमन करो । हे हरकाले ! शिवे ! हे गौरि ! फिर आगमन करने के लिये ही यह आपका इस समय विसर्जन है ।।२२।। हे पाण्डव श्रेष्ठ ! इस प्रकार से जो इस हरकाली व्रत का समाचरण किया करता है । हे नरपते ! प्रतिवर्ष मे जो शुभा नारी इसको किया करती है ।।२३।। हे नराधिप ! यह नारी जो इसका फल प्राप्त करती है उसका श्रवण करो । वह इस मनुष्य लोक में चिरकाल पर्यन्त सब रोगों से रहित होकर स्थित रहा करती है ।।२४।। सभी प्रकार के भोगों से समायुक्त होकर सौभाग्य के बल से गर्व वाली हाती है । वह पुत्र–पौत्र–सुहृत्–मित्र–नाती और धेवतो से समाकुल होती है ।।२५।। वह उत्तम सौ वर्ष पर्यन्त इस महीतल मे सभी भोगो का उपभोग करके फिर देह के अन्त में वह शिव के ज्ञान वाली हे महामुने ! चिरभद्रा–महाकाल–नन्दीश्वर–विनायक आदि सब महादेव के प्रसाद से उसकी आज्ञा के किंकर हुआ करते हैं ।।२६-२७।। सम्पूर्ण सूर्यगण के सप्त से विरूढ शस्य वाली उस हरकालिका नाम स युक्त हिमाद्रि तनया का पूजन करके जो अनुद्धत गीत वाद्यो के द्वारा जागरण किया करती हैं वे नारी इस लोक मे पति की परम प्रिया होती हैं ।।२८।।

।। ललिता तृतीया व्रत का माहात्म्य ।।

अथ पृच्छामि भगवन्व्रत द्वादशमासिकम् ।
ललिताराधन नाम मासमासक्रमेण वा ।।१
शृणु पाडव यत्नेन यथा वृत्त पुरातनम् ।
शकरस्य महादेव्या सवाद कुरुसत्तम ।।२
कैलासशिखरे रम्ये बहुपुष्पफलोपग ।
सहकारद्रुमच्छन्ने चपकाशोकभूपिते ।।३
कदबबकुलामोदवशीकृनमधुव्रते ।
मयूररवसघुष्टे राजहसोपशोभिते ।।४
मृगक्षगर्जसिहैश्च शाखामृगगणावृते ।
गधर्वयक्षदेवर्षिसिद्धकिन्नरपन्नगैं ।।५
तपस्विभिर्महाभागैं सेवमान समतत ।
सुखासीन महादेव भूतसघै समावृतम् ।।६
अप्सरोभि सरिवृतमुमा नत्वाब्रवीदिदम् ।
भगवन्देवदेवेश शूलपाणे वृपध्वज ।।७

युधिष्ठिर ने कहा—हे भगवन् ! इसके उपरान्त अब मैं बारह मासो म होने वाले व्रत के विषय मे पूछता हूँ। ललिता के आराधन नाम वाले व्रत को जो क्रम से मास मास मे होता है ।।१।। श्रीकृष्ण ने कहा—हे पाण्डव ! यत्न पूवक श्रवण करो। हे कुरुश्रेष्ठ ! एक परम पुरातन शकर और महादेवी का सम्वाद हुआ था ।।२।। कैलास पवत का शिखर परम रम्य है जहा बहुत स पुष्प एव फल वाले वृक्ष हैं। वह शिखर आम के वृक्षों से एक दम ढका हुआ सा है तथा चम्पक और अशोक के वृक्षों स भी स्विभूषित रहता है ।।३।। कदम्ब-वकुल की गध स मधुकर वहा पर वशीभूत रहा करते हैं। चारो ओर भोरों की ध्वनियो स परिपूण रहना है। राजहंस भी वहा उसकी शोभा बढाने वाले हैं ।।४।। मृग रीछ-हाथी-सिंह और शाखामृग के समूहों स वह घिरा रहता है । गन्धर्व—यक्ष देव ऋषि-सिद्ध-किन्नर और पन्नग तथा महान्

भाग वाले तपस्विगण के द्वारा चारों ओर वह कैलास का शिखर सेवित रहता है। वहां पर भूतगणों के द्वारा समावृत महादेव सुख पूर्वक विराजमान रहा करते हैं ॥५-६॥ अप्सराओं के गण से परिवृत रहने वाले शिव से एक बार उमा देवी ने नमस्कार करके वचन कहा था ॥७॥

कथयस्व महेशान तृतीयावृतमुत्तमम् ।
सौभाग्यं लभते येन धन पुत्रान्पशून्सुखम् ॥८
नारी स्वर्गं शुभं रूपमारोग्यं श्रियमुत्तमाम् ।
एवमुक्तो दयितया भार्यया प्रीतिपूर्वकम् ।
विहस्य शंकरः प्राह किं व्रतेन तव प्रिये ॥६
ये कामास्त्रिषु लोकेषु दिव्या भूम्यंतरिक्षजाः ।
सर्वेपि तेन चायत्ता वश्यस्तेहं ततः पतिः ॥१०
सत्यमेतत्सुरेशान त्वयि दृष्टे न दुर्लभम् ।
किंचित्त्रिभुवनाभोगभूषणे शशिभूषणे ॥११
भक्त्या स्त्रियो हि मां देव प्रजपंति शुभाशुभम् ।
विरूपाः सुलभाः काश्चिदपुत्रा बहुपुत्रकाः ॥१२
सुशीलास्तपसा काश्चिच्छ्वश्रूभिः पीडिता भृशम् ।
शौचाचारसमायुक्ता न रोचन्तेथ कस्यचित् ॥१३
एवं बहुविधैर्दुःखैः पीडयमानास्तु दारुणैः ।
शरणं मां प्रपन्नास्ताः कृपाविष्टा ततो ह्यहम् ॥१४

उमादेवी ने कहा—हे भगवन् ! देव देवेश ! हे शूलपाणे ! हे वृषध्वज ! आप तो महान् ईश है। मुझे उत्तम तृतीया के व्रत को बतलाइये जिसके द्वारा सौभाग्य–धन–पुत्र–पशु और सुख का लाभ होता है ॥८॥ नारी शुभ स्वर्गरूप–आरोग्य तथा उत्तम श्री की प्राप्ति किया करती है इस प्रकार से दयिता के द्वारा पूछने पर जोकि भार्या ने बहुत ही प्रीति के साथ प्रश्न किया था भगवान् शंकर हसकर बोले—हे प्रिये ! आपको इस व्रत से क्या प्रयोजन है ॥६॥ तीनों लोकों में जो भी कामनाऐं हैं वे दिव्य-भूमि और अन्तरिक्ष में उत्पन्न वाली वे सभी आपके अधीन ही

हैं क्योंकि मैं आपका स्वामी ही आपके वशगत रहता हूँ ॥१०॥ उमा ने कहा—हे सुरेशान ! यह बिल्कुल सत्य ही है कि आपके दर्शन प्राप्त करने पर फिर कुछ भी दुर्लभ नही रहा करता है क्योकि आप तो त्रिभुवन के आभोगो के भूषण हैं और शशि के भूषण वाले हैं ॥११॥ स्त्रिया भक्ति से हे देव ! शुभाशुभ मेरा जाप किया करती हैं। कुछ विचारी विरूपा हैं कुछ सुलभा हैं। कोई बिना पुत्र वाली हैं तो कुछ बहुत पुत्रो से युक्त होती हैं ॥१२॥ कोई सुशीला तप से युक्त हैं और कुछ सासो के द्वारा बहुत ही उत्पीड़ित रहने वाली हैं। शौच और आचार से युक्त है किन्तु कुछ भी प्रिय नही लगा करता है ॥१३॥ इस प्रकार से बहुत तरह के दु खो से जोकि परम दारुण हैं पीड्यमान होती हुई वे मेरी शरणागति ग्रहण किया करती हैं तब उन पर मुझे कृपा करने के लिए विवश होना पडता है ॥१४॥

येन ता सुखसभोगरूपलावण्यसपदा ।
पुत्रै: सौभाग्यवित्तौघैर्युक्ता. स्यु सुरसत्तम ।
तन्मे कथय तत्त्वेन व्रतानामुत्तम व्रतम् ॥१५
माघे मासि सिते पक्षे तृतीयाया यतव्रता: ।
मुख प्रक्षाल्य हस्तौ च पादौ चैव समाहिता ॥१६
उपवासस्य नियम दतधावनपूर्वकम् ।
मध्याह्ने तु तत स्नान बिल्वैरामलकै शुभै ॥१७
स्नात्वा तीर्थजले शुभ्रे वाससी परिधाय च ।
सुगधै सुमनोभिश्च प्रभूतै कु कुमादिभि: ॥१८
अर्चयति सदा देवि त्वा भक्त्या भक्तवत्सले ।
धूपै राचैस्त्वया धूपैर्नैवेद्यै शर्करादिभि. ॥१९
यद्दच्छानाभसपन्नै घूपदीपार्चनादिभि. ।
नाम्नेशानी गृहीत्वा तु प्रतीक्षद्दक्षिणा तत ॥२०
पात्रे ताम्रमये शुद्धे जलाक्षतविमिश्रिते ।
सहिरण्य द्विज कृत्वा मत्रपूर्वं समाधिना ॥२१

हे सुरसत्तम ! जिसके द्वारा वे सुख-सम्भोग–रूप–लावण्य की सम्पदा तथा पुत्र एव सौभाग्य वित्तो के समूहो से युक्त होती हैं । उस व्रतों में अत्युत्तम व्रत को आप तत्त्व पूर्वक मुझे बतलाइये ॥१५॥ ईश्वर ने कहा—माघ मास के शुक्ल पक्ष मे तृतीया तिथि के दिन मे यतव्रत होकर मुख धोवें और समाहित होकर दोनो हाथो पैरो को धो डाले ॥१६॥ दन्त धावन पूर्वक उपवास के नियम को ग्रहण करे । मध्याह्न के समय मे विल्व–आँवले के शुभ फलो से फिर स्नान करे ॥१७॥ किसी शुभ्र तीर्थ के जल मे स्नान करके वस्त्रों का परिधान करें । इसके अनन्तर सुन्दर गन्ध वाले पुष्पों से तथा प्रचुर कुंकुम आदि उपचारो से आपका पूजन करते हैं ॥१८॥ हे देवि ! आप तो भक्तों पर पूर्ण वत्सलता रखने वाली हैं । फिर भक्ति भाव से सदा आपका अर्चन किया करते हैं । पूजन के उपचारो मे कपूर आदि–धूप–नैवेद्य और शर्करा प्रभृति सब का ग्रहण किया जाता है ॥१९॥ यदृच्छा लाभ से जो भी सम्पन्न हो धूप–दीप आदि अर्चनीय चार उन्ही से ईशानी के नाम से ग्रहण करके एक घटिका पर्यन्त प्रतीक्षा करे ॥२०॥ परम शुद्ध ताम्रमय पात्र मे जो जल एव अक्षतो स विमिश्रित हो समाधि से मन्त्र पूर्वक सहिरण्य द्विज को करे ॥२१॥

शिरसि प्रक्षिपेत्तोय ध्यायती मनसेप्सितम् ।
ब्रह्मावर्तात्समायाता ब्रह्मयोनेर्विनिर्गता ॥२२
भद्रेश्वरा ततो देवी ललिता शकरप्रिया ।
गगाद्वाराद्वर प्राप्ता गङ्गाजलपवित्रिता ॥२३
सौभाग्यारोग्यपुत्रार्थमर्थार्थं हरवल्लभे ।
आयाता घटिका भद्रे प्रतीक्षस्व नमोनम ॥२४
दत्त्वा हिरण्य तत्तस्मै प्राशनीयात्तपुणोदकम् ।
आचम्य प्रयतो भूत्वा भूमिस्था क्षपेरक्षपाम् ॥२५
ध्यायमाना उमां देवीं हरिते सलुसत्तरे ।
द्वितीयेह्नि मत स्नात्वा तथैवाभ्यर्च्य पार्वतीम् ॥२६

यथाशक्ति द्विजान्पूज्य ततो भुञ्जीत वाग्यता ।
एव तु प्रथमे मासि पूजनीयासि कालिके ॥२७
द्वितीये पार्वती नाम तृतीये शकरप्रिया ।
भवान्यथ चतुर्थे त्व स्कदमाताथ पञ्चमे ॥२८

मन मे अपने अभीष्ट मनोरथ का ध्यान करते हुए शिर पर जल का प्रक्षेप करे ब्रह्मावर्त्त से समायात और ब्रह्मयोनि से विनिर्गत भद्रेश्वरा ललिता शकर की प्रिया देवी गगाजल से पवित्र होकर गगाद्वार से भगवान् हर को प्राप्त हुई थी॥२२-२३॥हे हरवल्लभे ! सौभाग्य-आरोग्य पुत्र और अर्थ के लिये आप समायात हुई हैं । हे भद्रे ! एक घडी पर्यन्त प्रतीक्षा करिए । आपको वारम्वार नमस्कार है ॥२४॥ फिर उसको हिरण्य देकर कुशोदक का प्राशन कराना चाहिए । आचमन करके प्रयत होवे । तथा भूमि मे ही स्थित होकर उस रात्रि को बितावे ॥२५॥ हरितयव सस्तर में उमादेवी का ध्यान करे । फिर दूसरे दिन मे स्नान करके उसी भाँति पार्वती का अभ्यर्चन करना चाहिए ॥२६॥ यथाशक्ति द्विजो का पूजन करके फिर मौन व्रत पूर्वक स्वय भोजन करे। हे कालिके ! इसी प्रकार से प्रथम मास मे पूजनीय है ॥२७॥ दूसरे मास में पार्वती नाम से तथा तीसरे मे शङ्कर प्रिया नाम से और पाचवें मास में स्कन्दमाता इस नाम से पूजन करें ॥२८॥

दक्षस्य दुहिता षष्ठे मैनाकी सप्तमे स्मृता ।
कात्यायन्यष्टमे मासि नवमे तु हिमाद्रिजा ॥२९
दशमे मासि विख्याता देवि सौभाग्यदायिनी ।
उमा त्वेकादशे मासि गौरी तु द्वादशे परा ॥३०
कुशोदक पय. सर्प्पिर्गोमूत्रं गोमय फलम् ।
निवपत्र कंटकारी गवा शृंगोदकं दधि ॥३१
पञ्चगव्य तथा शाकः प्राशनानि क्रमादमी ।
मासिमासि स्थिता ह्येवमुपवासपरायणा ॥३२
ददाति श्रद्धयैतानि वाचके ब्राह्मणोत्तमे ।
कुमु भमाज्य लवण जीरकं गुडमेव च ॥३३

दत्तैरेभि. सूर्यस्था त्व सूर्यस्था तुष्यसि प्रिये ।
मासिमासि भवेन्मन्त्रो गकारो द्वादशाक्षर: ।।३४
ओङ्कारपूर्वको देवि नमस्कारात ईरित. ।
एभिस्त्व पूजिता मर्त्यस्तुष्यसि व्रतत: प्रिये ।।३५

छटे मास मे दक्ष की दुहिता नाम से और सातवें मे मैनाकी नाम से बताई गई है। आठवें मास मे कात्यायनी नाम से—नवम मास मे हिमाद्रिजा नाम से पूजन करे ।।२६।। दशम मास मे हे देवि ! सौभाग्य-दायिनी विख्यात है। ग्यारहवें मास मे परा गौरी नाम से भजन करना चाहिए ।।३०।। कुशोदक-पय-घृत-गोमूत्र-गोमय-फल-नीम के पत्र-कट-कारी गौओ के श्रृ ग का उदक-दधि-पञ्चगव्य तथा शाक ये क्रम से प्राशन होते हैं। मास-मास मे इस प्रकार से उपवास करने मे परायण होकर स्थित रहे ।।३१-३२।। जो वाचन करने वाला ब्राह्मण हो उसे श्रद्धा के सहित कुसुम्भ-आज्य-लवण-जीरा और गुड देना चाहिए ।।३३।। इससे सूर्यलोक मे स्थित होवे। हे पिये ! सूर्यस्था आप परम सतुष्ट होती हैं। मास मास मे द्वादशाक्षर गकार मन्त्र होता है ।।३४।। हे देवि ! इसके पूर्व मे ओकार है और अन्त मे नमस्कार बतलाया गया है। इन मन्त्रो से पूजित आप हे प्रिये ! परम सन्तुष्ट हो जाती है ।।३५।।

तुष्टा त्वभीप्सितान्नामान्ददासि प्रीतिपूर्वकम् ।
समाप्ते तु व्रते तस्मिन्ब्राह्मण वेदपारगम् ।।३६
सहित भार्ययाभ्यर्च्य गधपुष्पादिभि शुभै ।
द्विज महेश्वर कृत्वा उमा भार्यां तथैव च ।।३७
अन्न सदक्षिण दद्यात्तथा शुक्ले च वाससी ।
रक्त वासोयुग दद्यात्त्वामुद्दिश्य हरप्रिये ।।३८
ब्राह्मणे श्रद्धया युक्तस्तस्या फलमिद शृणु ।
दशवर्षसहस्राणि लोका-प्राप्य परापरान् ।।३९
मोदते भर्तृ सहिता यथेंद्रेण शची तथा ।
मानुषत्व पुन प्राप्य त्वेन भर्ता सहैव सा ।।४०

हो जाया करती है ।।४२।। जो वाचन किये हुए इस ललिता देवी के व्रत की कथा भक्ति भाव से श्रवण करती है जिसको मैंने स्नेह के साथ कहा है वह भी व्रतोपवास करने के ही फल की भागिनी होती है ।।४३।। जो ललितांग यष्टि लक्ष ललिता का भलीभाँति पूजन करके गन्धोदक अमृत घटी को शिर पर प्रक्षिप्त किया करती है वह स्वर्ग में पहुँच कर ललिताओं में ललाम भूता होती है और भूपों के स्वामी पति को प्राप्त कर इस भूमण्डल का सुखोपभोग किया करती है ।।४४।।

।। अक्षय तृतीया–व्रत का माहात्म्य ।।

बहुनात्र किमुक्तेन किं बह्वक्षरमालया ।
वैशाखस्य सितामेकां तृतीयां शृणु पाण्डव ।।१

स्नानं दानं जपो होमः स्वाध्यायः पितृतर्पणम् ।
यदस्यां क्रियते किञ्चित्सर्वं स्यात्तदिहाक्षयम् ।।२

आदौ कृतयुगस्येयं युगादिस्तेन कथ्यते ।
सर्वपापप्रशमनी सर्वसौख्यप्रदायिनी ।।३

शाकले नगरे कश्चिद्धर्मनामाभवद्वणिक् ।
प्रियंवदः सत्यरतो देवब्राह्मणपूजकः ।।४

तेन श्रुतं वाच्यमानं तृतीया रोहिणी पुरा ।
यदा स्याद्‌बुधसंयुक्ता तदा साच महाफला ।।५

तस्यां यद्दीयते किञ्चित्तत्सर्वं चाक्षयं भवेत् ।
इति श्रुत्वा स गंगायां सन्तर्प्य पितृदेवताः ।।६

गृहमागत्य करकान्साम्रानुदकसंयुतान् ।
अंबुपूर्णान्गृहे कुंभान्क्रमान्निःशेपतस्तदा ।।७

श्रीकृष्ण ने कहा—हे पाण्डव ! यहाँ पर बहुत अधिक कथन से क्या लाभ है जिनमे बहुत से अक्षरों की माला का प्रयोग हो ऐसी वाणी से

तथाप्यक्षयमेवास्य क्षय याति न तद्धनम् ।
श्रद्धापूर्वं तृतीयाया यद्दत्त विभव विना ।।१४

यव–गोधूम–चणक–सक्तु–दधि-ओदन ईख क्षीर विकार आदि पदार्थ जो कि हिरण्य से युक्त थे शक्ति पूर्वक वणिक् ने पवित्र और शुद्ध मन से ब्राह्मणो को दान मे समर्पित किये थे । भार्या ने उसे रोका भी था क्योकि वह अपने कुटुम्ब मे आसक्त चित्त वाली थी ।।८ ६।। सब कुछ को नाशवान् मानकर तब तक वह सत्त्व मे स्थित रहा था । धम-अथ और काम मे समासक्त रहा फिर जब तक बहुत समय व्यतीत हो गया था ।।१०।। तो यह बारम्बार वासुदेव का स्मरण करता हुआ मृत्यु को प्राप्त हुआ था । इसके पश्चात् वह कुशावती में नरेश्वर क्षत्रिय होकर समुत्पन्न हुआ था ।।११।। उसके धम से समर्जित अक्षय समृद्धि हो गई थी । उसने श्रेष्ठ दक्षिणा से समन्वित जिनकी समाप्ति की गई थी ऐसे महान् यज्ञो का यजन किया था ।।१२।। इसमे गौ भूमि और सुवण आदि के अहर्निश बहुत से दान दिये थे । दीन जनो को तृप्त करते हुए तथा आर्तों के दु ख हटाते हुए कामपूवक भोगो का उपभोग किया था ।।१३।। इतना दानादि सब कुछ करने पर भी उसका धन क्षीण नही हुआ था । क्योकि बिना विभव के भी तृतीया मे श्रद्धा पूवक दान किया था ।।१४।।

एतद्व्रत मयाख्यात श्रूयतामत्र यो विधि ।
उदकु भा सकरका स्नानसर्वरसैर्यु तान् ।।१५
ग्रै ष्मिक सवमेवात्र सस्यदान प्रशस्यते ।
छत्रोपानत्प्रदान च गोभूकाचनवाससाम् ।।१६
यद्यदिष्टतम चान्यत्तद्दे यमविशकया ।
एतत्त सवमाख्यात किमन्यच्छ्रोतुमिच्छसि ।।१७
अनाज्यय न मे वि ञ्चिदस्ति स्वस्त्यस्तु तऽनघ ।।१८
अस्या तिथौ क्षयमुर्पैति हुत न दत्त तेनाक्षया
च मुनिभि कथिता तृतीया ।
उद्दिश्य यत्सुरपितॄ न्क्रियते मनुष्यैस्त
च्चाक्षय भवति भारत सर्वमेव ।।१९

यह व्रत मैंने बतला दिया है इसमे जो विधि है उसका श्रवण करो। उदक के पूर्ण कुम्भो को जिसमे करक (ओरा के लड्डू) पडे हुए हो--स्नान के सर्व रसो से युक्त हो उनका दान करे। ग्रीष्म के उपयोगी सभी कुछ इसमे दान देवे तथा शस्य दान की भी बहुत प्रशसा की गई है। छाता–उपानत का दान तथा गौ–भूमि और सुवर्ण का दान एव वस्त्रो का दान करे ॥१५-१६॥ जो-जो भी इष्टतम पदार्थ है और अन्य पदार्थ हैं उनको बिना किसी शका के देना चाहिए। यह सभी कुछ तुमको बतला दिया है। अब अन्य तुम क्या श्रवण करना चाहते हो? ॥१७॥ हे अनघ! मुझे तुम्हारे सामने न कहने के योग्य कुछ भी नही है। तुम्हारा कल्याण होवे ॥१८॥ इस तिथि मे हवन किया हुआ और दान दिया हुआ कभी क्षय को प्राप्त नही होता है। इसी कारण से मुनियो ने इसको अक्षय कहा है। जो सुर और पितृगण का उद्देश्य करके मनुष्यो के द्वारा किया जाता है हे भारत! वह सभी अक्षय हो जाता है।

॥ विनायक चतुर्थी व्रत का माहात्म्य और विधान ॥

यन्नसिद्धयन्ति कर्माणि प्रारब्धानि नरोत्तमैः।
तत्केन कारणेनैतत्पृष्टो मे ब्रूहि माधव ॥१
विनायकोर्थसिद्धयर्थं लोकस्य विनियोजित।
गणानामाधिपत्ये च रुद्रेण ब्रह्मणा तथा ॥२
तेनोपसृष्टो यस्तस्य लक्षणानि निबोधत।
स्वप्नेऽवगाहतेऽत्यर्थं जल मुण्डाश्च पश्यति ॥३
काषायवाससश्चैव क्रव्यादाश्चाधिरोहति।
अत्यजैर्गर्भैरुष्ट्रैः सहैकत्रावतिष्ठते ॥४
व्रजमानस्तथात्मान मन्यते तु गत परैः।
विमना विफलारभ ससीदत्यनिमित्तत्त ॥५
पातकी विहीनच्छायो म्लानत्वहेतुलक्षण।
करभारूढमात्मान महिषखरग तथा ॥६

यातुधानाश्रितं यानं श्मशानस्यांतिकं नृप ।
वीक्षेत कुरुशार्दूल स्वप्नांते नात्र संशयः ।
तैलार्द्रमात्रं स्वं देहं करवीरविभूषितम् ॥७

युधिष्ठिर ने कहा—हे माधव ! जो श्रेष्ठ पुरुषों के द्वारा आरम्भ किये हुए कर्म्म सिद्ध नहीं होते हैं इसका क्या कारण है—यह मैं आपसे पूछना चाहता हूँ सो आप कृपया मुझे बतला दीजिए । श्रीकृष्ण ने कहा—लोक के अर्थों की सिद्धि के लिये विनायक को विशेष रूप से नियोजित किया गया है । गणों के आधिपत्य पर भगवान् रुद्र तथा ब्रह्मा ने इनकी ही नियुक्ति की है ॥१-२॥ उसके द्वारा जो उपसृष्ट होता है उसके लक्षणों को समझ लो । स्वप्न में अत्यन्त जो अवगाहन किया करता है तथा मुण्डों को जो देखता है ॥३॥ काषाय वस्त्र धारियों को देखता है तथा क्रव्यादों का अधिरोहण करता है । स्वप्न में अन्त्यज—गर्दभ और उष्ट्रों के साथ एक ही स्थान में अवस्थित होता है ॥४॥ व्रजमान होता हुआ जो परों के द्वारा आत्मा को गण मानता है वह उदास और विफल आरम्भ वाला होता हुआ बिना ही निमित्त के दुःख पाता है ॥५॥ पातकी—विहीन कान्ति वाला तथा म्लानत्व हेतु के लक्षण वाला होता है । करम पर आरूढ़ अपने आपको देखता है तथा महिष और खर से गमन करने वाला देखा करता है ॥६॥ यातुधानों के आश्रित मान तथा श्मशान के समीप में हे नृप ! हे कुरुशार्दूल ! जो स्वप्न के अन्त में देखता है—इसमें संशय नहीं है । तैल से आर्द्र अपने देह को एवं करवीर से भूषित शरीर को देखता है ॥७॥

तेनोपसृष्टो लभते न राज्यं राजनंदनः ।
कुमारी न च भर्तारमपत्यं गर्भमंगना ॥८
आचार्यत्वं श्रोत्रियश्च न शिष्योऽध्ययनं तथा ।
वणिग्लाभं न चाप्नोति कृषिं चैव कृषीवलः ॥९
स्नपनं तस्य कर्तव्यं पुण्येऽह्नि विधिपूर्वकम् ।
गौरसर्षपकल्केन वस्त्रेणाच्छादितस्य तु ॥१०

सर्वौषधैः सर्वगन्धैर्विलिप्तशिरसस्तथा ।
शुक्लपक्षे चतुर्थ्यां तु वारे वा धिषणस्य तु ॥११
पुष्ये च वीरनक्षत्रे तस्यैव पुरतो नृप ।
भद्रासनोपविष्टस्य स्वस्तिर्वाच्या द्विजैः शुभैः ॥१२
चत्वार ऋग्यजु सामाथर्वणप्रवणास्ततः ।
व्योमकेशं तु सपूज्य पार्वती भूमिजं तथा ॥१३
कृष्णस्य पितरं चाथ अवतारं सित तथा ।
धिषण क्लेदपुत्रं च कोण लक्ष्मी च भारत ।
विधु तुद वाहुलेय नदकस्य च धारिणम् ॥१४

उससे उपसृष्ट राजा का पुत्र राज्य को प्राप्त नहीं करता है । कुमारी स्वामी को और अंगना गर्भ में अपत्य को प्राप्त नहीं किया करती है ॥८॥ श्रोत्रिय आचार्य पद को तथा शिष्य अध्ययन को—वणिक् लाभ को और किसान कृषि को प्राप्त नहीं करता है ॥९॥ उसका स्नपन किसी भी पुण्यदिन में विधि पूर्वक करना चाहिए । गौर सर्षप (सरसो) के वस्त्र से आच्छादित होवे ॥१०॥ सर्वौषधों से—सर्वगन्धो से विलिप्त शिर वाला होवे । शुक्ल पक्ष मे चतुर्थी तिथि में अथवा धिषण के वार में—पुष्य और वीर नक्षत्र में हे नृप ! उसके ही आगे स्थित होवे । भद्रासन पर उपविष्ट होवे तथा फिर शुभ द्विजों के द्वारा स्वस्ति वाचन करना चाहिए ॥११-१२॥ चार ऋक्—यजु—साम और अथर्व के प्रवण विप्र होवें इसके पश्चात् व्योमकेश का तथा पार्वती और भूमिज का भली-भाँति पूजन करें ॥१३॥ कृष्ण के पिता सित अवतार—धिषण—क्लेद पुत्र—कोण—लक्ष्मी—विधुन्तुद—वाहुलेय और नन्दक के धारण करने वाले का हे भारत ! पूजन करे ॥१४॥

अश्वस्थानाद्गजस्थानाद्वल्मीकात्सगमाद्ध्रदात् ।
मृत्तिका रोचना रत्न गुग्गुल चाप्सु निक्षिपेत् ॥१५
यदाहृत ह्येकवर्णैश्चतुर्भि कलशैर्ह्रदात् ।
चर्मण्यानडुहे रक्ते स्थाप्य भद्रासन तथा ॥१६

सहस्राक्ष शतधारमृषिभि. पावन कृतम् ।
तेन त्वामभिषिचामि पावमान्य पुनतु मे ।।१७
ॐ भग ते वरुणो राजा भग सूर्यो बृहस्पति ।
भगमिन्द्रश्च वायुश्च भग सप्तर्षयो ददु ।।१८
यत्ते केशेषु दौभाग्य सीमते यच्च मूर्द्धनि ।
ललाटे कर्णयोरक्ष्णोरापस्तद्घ्नतु सर्वदा ।।१९
स्नातस्य सार्षप तैल स्रुवेणौदु बरेण तु ।
जुहुयान्मूर्ध्नि शकलान्सव्येन प्रतिगृह्य च ।।२०
मितश्च सम्मितश्चैव तथा शालकटकटौ ।
कूष्माण्डो राजपुत्रश्चेत्यते स्वाहासमन्वितै. ।।२१

अश्वो के रहने के स्थान से—गजो के बँधने के स्थान से—वल्मीक से—सगम से—ह्रद से मृत्तिका लावे उसको रोचना—रत्न और गूगल को जल में प्रक्षिप्त करे ।।१५।। एक वर्ण वाले चार कलो से ह्रद से जो आहृत है उसे आनडुह चर्म में रक्त में स्थापित करे तथा भद्रासन लगावे ।।१६।। सहस्राक्ष शतधार ऋषियो ने पावन किया है । उससे आपका अभिषेचन करता हूँ । पवमानी वे मुझे पवित्र करें ।।१७।। तुझे राजा वरुण ने भग दिया है—सूर्य—बृहस्पति ने इन्द्र और वायु ने तथा सप्तर्षियो ने भग दिया है ।।१८।। जो तेरे केशो में दौर्भाग्य है—सीमन्त में तथा मूर्द्धा में है । ललाट में कानो में और आँखो में दौर्भाग्य विद्यमान है उसे ये जल सर्वदा के लिये विनष्ट कर देवे ।।१९।। नवस्नात हो जावे तो औदुम्बर स्रुव से सार्षप तैल की मूर्द्धा में आहुतियाँ देवे और शकलो को सव्य से प्रति ग्रहण करे ।।२०।। मित—सम्मित—शाल—कटकट—कूष्माण्ड और राज पुत्र अन्त में स्वाहा पद से समन्वित मन्त्रो से देवे ।।२१।।

नामभिर्वलिमन्त्रैश्च नमस्कारसमन्वितै. ।
दद्याच्चतुष्पथे शूर्पे कुशानास्तीर्य सर्वत ।।२२
कृताकृतांस्तण्डुलाश्चपल लौदनमेव च ।
मत्स्यान्ह्यपक्वाश्च तथा मासमतावदेव तु ।।२३

पुष्पान्वित सुग ध च सुरा च त्रिविधामपि ।
मूलक पूरिका पूपास्तथैवोडेरकस्रज ॥२४
दध्यन्न पायस चैव गुडवेष्टितमोदकम् ।
विनायकस्य जननीमुपतिष्ठे त्ततोबिकाम् ।
दूर्वासर्षप पुष्पाणा दत्त्वार्घ्यं पूर्णमञ्जलिम् ॥२५
रूपदेहि जय देहि भग भवति देहि मे ।
पुत्रान्देहि धन देहि सर्वा कामाश्च देहि मे ॥२६

नमस्कार से युक्त नामा तथा बलि के म त्रो के द्वारा चतुष्पथ में सब ओर कुशो को प्रसारित कर शूप म बलि देनी चाहिए ॥२२॥ कृता कृत तण्डुल–चपल–ओदम अपक्व मत्स्य इतना ही मास होवे ॥२३॥ पुष्पों से समन्वित सुग ध–तीनो प्रकार की सुरा–मूलक–पूरिका–पूप–ओडेरक स्रज–दधि अन्न–पायस–गुडवेष्टित मोदक हो। इसके पश्चात् विनायक की जननी अम्बिका का उपस्थान करें और दूब–सरसो पुष्पो से पूण अञ्जलि करके अघ्य देना चाहिए ॥२४ २५॥ हे देवि! आप रूप–लावण्य प्रदान करें–भग देवें–पुत्रो को देवें–धन देवें और मेरी सभी कामनाओं को पूण कर देवें ॥२६॥

प्रबल कुरु मे देवि बलविख्यातिसम्भवम् ।
शुक्लमाल्याबरधर शुक्लग धानुलेपन ।
भोजयेद्ब्राह्मणा दद्याद्वस्त्रयुग्म गुरोरपि ॥२७
एव विनायक पूज्य ग्रहाश्चैव विधानत ।
कमणा फलमाप्नोति श्रिय प्राप्नोत्यनुत्तमाम् ॥२८
आदित्यस्य सदा पूजा तिलक स्वामिनस्तथा ।
महागणपतेश्चैव कुर्वा सिद्धिमवाप्नुयात् ॥२९
वैनायक विनयसत्त्ववता नराणा
स्नान प्रशस्तमिह विघ्नविनाशकारि ।
कुर्वंति ये विधिवदत्र भवति तेषा
कार्याण्यभीष्टफलदानि न सशयोऽत्र ॥३०

हे देवि ! मेरा बल–विख्याति आदि अति प्रबल कर देवें। फिर शुक्ल माल्य और अम्बरधारी तथा शुक्ल गन्ध का अनुलेपन करने वाला होकर ब्राह्मणों का भोजन करावे और गुरु को भी करावे तथा दो वस्त्र देवे ।।२७।। इस प्रकार से विनायक का पूजन करके एवं विधि पूर्वक ग्रहों का भी यजन करके मनुष्य कर्मों का फल प्राप्त किया करता है और उत्तम श्री को भी पा जाता है ।।२८।। सदा भगवान् आदित्य की पूजा तथा स्वामी का तिलक एवं महागणपति की पूजा करने वाला मनुष्य सिद्धि की प्राप्ति करता है ।।२९।। विनय सत्त्व वाले पुरुषों का वैनायक स्नान यहां पर परम प्रशस्त होता है और विघ्नों के विनाश का करने वाला है। जो मनुष्य यहां पर इसको किया करते हैं उनके कार्य अभीष्ट फलों के देने वाले अवश्य ही होते हैं—इसमें बिल्कुल भी संशय नहीं है ।।३०।।

अथाविघ्नकरं राजन्कथयामि व्रतं तव ।
येन सम्यक्कृतेनेह न विघ्नमुपजायते ।।३१
चतुर्थ्यां फाल्गुने मासि गृहीतव्यं व्रतं त्विदम् ।
नक्ताहारेण राजेन्द्र तिलान्नं पारणं स्मृतम् ।।३२
तदेव वह्नौ होतव्यं ब्राह्मणाय च तद्भवेत् ।।३३
शूराय वीराय गजाननाय लम्बोदरायैकरदाय चैव ।
एवं तु संपूज्य पुनश्च होमं कुर्याद्व्रती विघ्नविनाशहेतो. ।।३४
चातुर्मास्या व्रतं सर्वं कृत्वेत्थं पञ्चमे तथा ।
सौवर्णं गजवक्त्रं तु कृत्वा विप्राय दापयेत् ।।३५
ताम्रपात्रैः पायसपूर्णैश्चतुर्भिः सहितं नृप ।
पञ्चमं तिलैः सार्द्धं गणेशाधिष्ठितेन च ।।३६
मृन्मयान्यपि पात्राणि वित्तहीनस्तु कारयेत् ।
हेरम्ब राजतं तद्वद्विधिनानेन दापयेत् ।
इत्थं व्रतमिदं कृत्वा सर्वविघ्नैः प्रमुच्यते ।।३७

कर लेने पर यहाँ कोई भी किसी प्रकार का विघ्न उठता ही नहीं है ॥३१॥ फाल्गुन मास म चतुर्थी तिथि मे इस व्रत को ग्रहण करना चाहिए। हे राजेन्द्र ! इसम नक्ताहार (रात्रि में भोजन) होता है और तिलान्न का धारण किया जाता है ॥३२॥ वही वह्नि म हवन करे और वही ब्राह्मण के लिये होवे ॥३३॥ शूर के लिये—वीर के लिये—गजानन के लिये—लम्बोदर और एक रद के लिये है। इस प्रकार से भली भाँति पूजन करके व्रत धारण करने वाले को विघ्नों के विनाश करने के हेतु से पुन होम करना चाहिए॥३४॥ इस व्रत को चार मास तक करे और पाँचवें मास म एक सुवण का निर्मित गजवक्त्र लाकर विप्र को दिलाना चाहिए ॥३५॥ हे नृप ! पायस से भरे चार ताम्र पात्रो के सहित एक पाँचवाँ पात्र ग्रहण करे जो तिलो स तथा गणेश स अधिष्ठित होवे ॥३६॥ यदि धनकी हीनता हो तो मिट्टी के पात्रो से भी इस क्रिया को करा सकता है उसी भाँति राजत हेरम्ब को उसी विधि—विधान से दिलाना चाहिए। इस प्रकार से इस व्रत को करके मनुष्य समस्त विघ्नो से छुटकारा पा जाया करता है ॥३७॥

हयमेधस्य विघ्ने तु सजाते सगर पुरा ।
एतदेव व्रत चीर्वा पुनरश्व प्रलब्धवान् ॥३८

तथा रुद्रेण देवेन त्रिपुर निघ्नता पुरा ।
एतदेव कृत यस्मात्त्रिपुरस्तेन घातित ॥३९

मया समुद्र विशता एतदेव व्रत कृतम् ।
तेनाद्रिद्रुमसयुक्ता पृथिवी पुनरुद्धृता ॥४०

अन्यैरपि महीपालैरेतदेव कृत पुरा ।
तपोऽर्थिभियज्ञ सिद्धचर्थं निर्विघ्न स्यात्परतप ॥४१

अनेन कृतमात्रेण सवविघ्नै प्रमुच्यते ।

विघ्नानि तस्य न भवति गृहे कदाचि-
द्धर्मार्थकामसुखसिद्धिविघातकानि ।
य. सप्तन्दुशकलाकृतिका तदत
विघ्नेशमर्चयति नक्तकृती चतुर्थ्याम् ।।४३

प्राचीन काल मे हयमेधयज्ञ के कर्म मे विघ्न उपस्थित हो जाने पर राजा सगर ने इसी व्रत का समाचरण विधि पूर्वक किया था और फिर गुम हुए अश्व की प्राप्ति की थी ।।३८।। पहिले समय मे महान् देव रुद्र ने त्रिपुरासुर का हनन करने के समय मे भी इसी व्रत को किया था जिसका फल यह हुआ कि उन्होंने त्रिपुर का वध निर्विघ्न कर दिया था ।।३६।। मैंने भी जिस समय म समुद्र म प्रवेश किया था उस समय मे यही व्रत किया था। इससे पर्वतो और द्रुमो से सयुक्त पृथिवी का पुनरुद्धार किया था ।।४०।। पहिले अन्य बडे-बडे राजाओं ने भी यही व्रत किया था। हे परन्तप ! अथियो के द्वारा यज्ञ की सिद्धि के लिये तप निर्विघ्न हुआ करता है ।।४१।। इस व्रत के करने भर से ही सभी विघ्नो स मनुष्य छुटकारा पा जाया करते हैं। भगवान् वराह का वचन है कि इस व्रत के करने वाला मृत हो जाने पर रुद्रपुर की प्राप्ति करता है ।।४२।। उस पुरुप के घर मे किसी समय मे भी विघ्न नही हुआ करत हैं जो धर्म-अर्थ-काम-सुख-सिद्धि के विघात करने वाले हैं। जो सप्तमी मे इन्दु के खण्ड की आकृति का चतुर्थी मे नक्त-व्रती तदन्त विघ्नेश का समर्चन करता है उस विघ्नो का सर्वथा अभाव होता है ।।४३।।

।। शान्ति व्रत का माहात्म्य ।।

शान्तिव्रत प्रवक्ष्यामि शृणुष्वैकमनाधुना ।
यन चीर्णेन शान्ति स्यात्सवदा गृहमेधिनाम् ।।१
पचम्या शुक्लपक्षस्य कार्तिके मासि पार्थिव ।
आरम्य वर्षमेक तु ह्यश्नीयाम्लवर्जितम् ।।२

नवत देव च सपूज्य हरिं शेषोपरिस्थितम् ।
अनतायेति पादौ तु धृतराष्ट्राय वै कटिम् ।।३
उदर तक्षकायेति उर कर्कोटकाय च ।
पद्माय कर्णौ सपूज्य महापद्माय दोर्युगम् ।।४
शखपालाय वक्षस्तु कुलिकायेति वै शिर ।
एव विष्णु सर्वगत पृथगेव प्रपूजयेत् ।।५

श्रीकृष्ण ने कहा —अब हम शान्ति व्रत के विषय मे वर्णन करते हैं। आप एक निष्ठ मन वाले होकर उसका श्रवण करिये। यह ऐसा अद्भुत व्रत है जिसके सांग सम्पादन करने पर गृहस्थियो के घर मे सर्वदा पूर्ण शान्ति स्थित रहा करती है ।।१।। हे पार्थिव ! कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष मे पचमी तिथि मे इस व्रत का आरम्भ करें और फिर एक वर्ष तक अम्ल से रहित ही भोजन करना चाहिए ।।२।। रात्रि के समय मे शेष की शय्या पर विराजमान हरि देव का समर्चन करे—अनन्त के लिये चरणो का यजन करे—धृतराष्ट्र के लिए कटि का पूजन करे ।।३।। तक्षक के लिये उदर का करे—कार्कोटक के लिये उरस्थल का अर्चन करे—पद्म सज्ञक सर्प के लिये दोनो कानो का करे—महापद्म के लिये दोर्युग का पूजन करना चाहिए ।।४।। शखपाल के लिये वक्ष स्थल का और कुलिक लिये शिर का पूजन करे। इस प्रकार से सब मे रहने वाले विष्णु का पृथक् ही पूजन करे ।।५।।

क्षीरेण स्नपन कुर्याद्धरिमुद्दिश्य वाग्यत ।
तदग्रे होमयत्क्षीर तिलै सह विचक्षण ।।६
एव सवत्सरस्याते कुर्याद्ब्राह्मणभोजनम् ।
अच्युत काचन कृत्वा सुवर्ण तु विचक्षण ।।७
गा सवत्सा वस्त्रयुग कास्यपात्र सपायसम् ।
हिरण्य च यथाशक्ति ब्राह्मणायोपपादयत् ।।८
एव य कुरुते भक्त्या व्रतमेतन्नराधिप ।
तस्य शातिर्भवेन्नित्य नागानामभय तथा ।।९

शेषाहिभोगशयनस्थमयोगसूर्ति
सपूज्य यज्ञपुरुष पतगेंद्रनाथम् ।
य पूजयति मधुरैं सितपचमीषु
तेषा न नागजनित भयमभ्युपैति ।।१०

वाग्यत अर्थात् मौन होकर हरि का उद्देश्य लेकर क्षीर से स्नपन करे और विचक्षण पुरुष को उनके आगे तिलो के साथ क्षीर का हवन करना चाहिए ।।६।। इस तरह स जब सम्वत्सर का अन्त हो तब ब्राह्मणो को भोजन करावे । कचन की अच्युत प्रभु की मूर्त्ति निर्मित करा कर उसे और सुवर्ण ब्राह्मण को देवे ।।७।। गौं जो वत्स के सहित हो–दो वस्त्र–कांसी का पात्र–पायस स परिपूर्ण–यथा शक्ति सुवर्ण ब्राह्मण को उपपादित करे ।।८।। हे नराधिप ! इस तरह से जो भक्ति भाव से इस व्रत को किया करता है उसको नित्य ही शान्ति होती है और नागो का सदा भय नही होता है ।।६।। शेष नाग के भोग पर शयन म सस्थित–अयोग सूर्ति–पतगेन्द्र नाथ यज्ञ पुरुष का भली भाँति पूजन करक शुक्ल पक्ष की पचमी तिथियो म उनका मधुरा के द्वारा पूजन किया करत हैं वे नागों से उत्पन्न होने वाल भय का कभी प्राप्त नही होते हैं ।।१०।।

।। नाग पचमी व्रत का माहात्म्य ।।

पचमी दयिता राजन्नागानदविवर्द्धनी ।
पञ्चम्या किल नागाना भवतीत्युत्सवो महान् ।।१
वासुकिस्तक्षकश्चैव कालियो मणिभद्रक ।
धृतराष्ट्रो रैवतश्च कर्कोटकधनजयौ ।
एत प्रयच्छन्त्यभय प्राणिनां प्राणजीविनाम् ।।२
पञ्चम्या स्नपयन्तीह नागान्क्षीरेण ये नरा ।
तेषां कुले प्रयच्छन्ति अभय प्राणिनां सदा ।।३

शप्ता नागा यदा मात्रा दह्यमाना दिवानिशम् ।
निर्वापिता गवा क्षीरैस्ततः प्रभृति वल्लभाः ॥४
मात्रा शप्ताः कथं नागाः किमुद्दिश्य च कारणम् ।
कथ वा तस्य शापस्य विनाशोऽभूज्जनार्दन ॥५
उच्चैःश्रवाश्वराजश्च श्वेतवर्णोऽमृतोद्भवः ।
त दृष्ट्वा चाब्रवीत्कद्रूर्नागाना जननी स्वसाम् ॥६
अश्वरत्नमिद श्वेत पश्यपश्यामृतोद्भवम् ।
कृष्णाश्च वीक्ष्यसे वालान्सर्वश्वेतानुताद्य वै ॥७

श्रीकृष्ण ने कहा—हे राजन् ! दयिता पचमी नागो के आनन्द को बढाने वाली है। इस पञ्चमी मे नागो का एक महान् उत्सव होता है ॥१॥ वासुकि–तक्षक–कालिक–मणिभद्रक- धृतराष्ट्र–रैवत- कर्कोटक-ये सब प्राणो से जीवी प्राणियो को अभय प्रदान किया करते हैं ॥२॥ जो मनुष्य पञ्चमी तिथि मे यहा लोक मे नागो को क्षीर से स्नपन करते हैं उनके कुल मे सदा प्राणियो को अभय का दान दिया करते हैं ॥३॥ माता के द्वारा जब नाग शाप दिये गये थे तो वे अहर्निश दह्यमान् रहा करते हैं। गायो के क्षीर से जब वे निर्वापित होते हैं तो तभी से लेकर वे प्रिय होजाया करते हैं ॥४॥ युधिष्ठिर ने कहा—माता के द्वारा नागो को क्यो और कैसे शाप दिया गया था। इस शाप देने का क्या उद्देश्य था और इसका कारण भी क्या हुआ था फिर किस तरह से उस दिये हुए शाप का विनाश हुआ था ? हे जनार्दन ! यह कृपया बतलाइये ॥५॥ श्रीकृष्ण ने कहा—उच्चैःश्रवा अश्वो का राजा है। वह श्वेत वर्ण वाला है और अमृत से उसकी उत्पत्ति हुई है। उसको देखकर नागो की जननी कद्रू अपनी बहिन से बोली—॥६॥ इस श्वेत अश्वरत्न को देख-देख। यह अमृत से उद्भव प्राप्त करने वाला है। कृष्ण वर्ण वाले बाल भी सब श्वेत ही दिखलाई देते हैं ॥७॥

सर्वश्वेतो हयवरो नाय कृष्णो न लोहित ।
कथ त्व वीक्षसे कृष्ण विनतोवाच ता स्वसाम् ॥८

वीक्षेऽहमेकनयना कृष्णवाल समन्वितम् ।
द्विनेत्रा च त्वं विनते न पश्यसि पण कुरु ।।६
अह दासी भविनी ते कृष्णकेशे प्रदर्शिते ।
नचेद्दर्शयसे कद्रू मम दासी भविष्यसि ।।१०
एव ते विपण कृत्वा गते क्रोधसमन्विते ।
सुपुप्से प्राज्यदोषे तु कद्रूर्जिह्ममचिंतयत् ।।११
आहूय पुत्रान्प्रोवाच बाला भूत्वा हयोत्तमे ।
तिष्ठध्व विपणी जेष्ये विनता जयगृद्धिनीम् ।।१२
प्रोचुस्ते जिह्मबुद्धि ता नागा कद्रू विगृह्य च ।
अधर्म एष तु महा-करिष्यामो न ते वच ।
अशपद्रुषिता कद्रू पावको व प्रधक्ष्यति ।।१३
गते बहुतिथे काले पाडवो जनमेजय ।
सर्पसत्र स कर्ता वै भूमावन्यै सुदुष्करम् ।।१४

विनता ने कहा—यह हयवर सभी श्वेत है । न तो यह कृष्ण वर्ण वाला कहीं भी है और न लोहित है । तुम इस को कैसे कृष्ण वर्ण वाला देख रही हो-विनता ने इस तरह अपनी बहिन से कहा था ।।८।। कद्रू ने कहा—एक नयन वाली मैं इसको कृष्ण वालो से समन्वित देख रही हूँ । हे विनते ! आप तो दो नत्रो वाली है फिर भी नहीं देख रही हो-लाओ कुछ शर्त्त बद लो ।।६।। विनता ने कहा—यदि कृष्ण केश इस के दिखला दिये तो मैं आपकी दासी हो जाऊँगी और यदि हे कद्रू ! तुम ऐसा नही दिखा सकी तो फिर मेरी दासी तुम को होना होगा ।।१०।। इस प्रकार से वे दोनो शर्त्त लगाकर क्रोध स समन्वित होती हुई चली गई थी । प्राज्यदोष के सुपुप्त हो जाने पर कद्रू ने एव जिह्म (कुटिलता) का चिन्तन किया था । अपने पुत्रो को बुला कर कहा—तुम सब बाल बन कर उस उत्तम अश्व मे स्थित हो जाओ । तुम वही पर स्थित रहोगे । मैं शर्त्त मे जीत जाऊगी क्योंकि यह विनता जय-गृद्धिनी हो रही है ।।११-१२।। नागो ने जिह्म बुद्धि वाली उस कद्रू को पकड कर कहा-यह ता महान् अधर्म का काम है । हम आपका यह

वचन नही करेंगे । तब तो कद्रू ने रोष मे भर कर उन पुत्रो को शाप दे दिया था कि पावक तुमको जलावेगा ॥१३॥ बहुत-समय व्यतीत हो जाने पर पाण्डव जनमेजय सर्प सत्र करेगा जोकि अन्य लोगो के द्वारा महान् कठिन है ॥१४॥

तस्मिन्सत्रे च तिग्माशु पावको भक्षयिष्यति ।
एव शप्त्वा तदा कद्रू प्रत्युवाच न किंचन ॥१५
माता शप्तस्तदा नाग कर्तव्य नान्वपद्यत ।
वासुकिर्दु खसतप्त पपात भुवि मूर्छित ॥१६
वासुकि दु खित दृष्ट्वा ब्रह्मा प्रोवाच सात्वयन् ।
मा शुचो वासुकेऽत्यर्थं शृणु मद्वचन परम् ॥१७
यायावरकुले जातो जरत्कारुरिति द्विज ।
भविष्यति महातेजास्तस्मिन्काले तपोनिधि ॥१८
भगिनी च जरत्कारु तस्य त्व प्रतिदास्यसि ।
भविता तस्य पुत्रोऽसावस्तीक इति विश्रुत ॥१९
स तत्सत्र प्रवृद्ध वै नागाना भयद महत् ।
निषेधयिष्यति मुनिर्वाग्भि सपूज्य पार्थिवम् ॥२०
तदिय भगिनी नाग रूपौदार्यगुणान्विता ।
जरत्कारुर्जरत्कारो प्रदेया ह्यविचारत ॥२१

उस सत्र मे तिग्म किरणो वाला पावक खाजायगा एवमादि रीति से शाप देकर कद्रू ने फिर कुछ भी नही कहा था ॥१५॥ माता के द्वारा शाप दिये गये नाग उस समय मे कुछ भी अपना कर्तव्य न खोज सके थे । वासुकि तो इसके महान् दु ख स सतप्त होकर मूर्च्छित होकर भूमि म गिर गया था ॥१६॥ वासुकि को इस भाँति अति दु खित देख कर ब्रह्मा जी ने उसे सान्त्वना देते हुए कहा—हे वासुके ! इसका तुम अत्यन्त रज मत करो और मरा जो परम वचन है उसका श्रवण करो ॥१७॥ यायावर कुल म जरत्कारु नाम वाला द्विज उत्पन्न हुआ है । उस समय म वह तपोनिधि महान् तेजस्वी हो जायगा ॥१८॥ उस जरत्कारु को तुम अपनी भगिनी होग । उसका एक पुत्र आस्तीक नाम

से प्रसिद्ध होगा ।।१६।। वह मुनि इस प्रवृद्ध और नागों को महान् भय का देने वाले सत्र का अपनी वाणियों से पार्थिव का सम्पूजन करके निषेध करेगा ।।२०।। सो हे नाग ! रूप और औदार्य गुण से युक्त भगिनी को जरत्कारु को बिना कुछ विचारें किये अवश्य ही दे देनी चाहिए ।।२१।।

यदासौ प्रार्थ्यतेऽरण्ये यत्किञ्चित्प्रवदिष्यति ।
तत्कर्तव्यमशेषेण इच्छेच्छ्रेयस्तथात्मनः ।।२२
पितामहवचः श्रुत्वा वासुकिः प्रणिपत्य च ।
तथाकरोद्यथा चोक्तं यत्न परममास्थितः ।।२३
तच्छ्रुत्वा पन्नगाः सर्वे प्रहर्षोत्फुल्ललोचनाः ।
पुनर्जातमिवात्मान मेनिरे भुजगोत्तमाः ।।२४
अप्लवे तु निमग्नाना घोरे यज्ञाग्निसागरे ।
आस्तीवस्तत्र भविता प्लवभूतोऽभयप्रदः ।।२५
श्रुत्वा स चाग्निराजानमृत्विजस्तदनतरम् ।
निवर्तयिष्यति याग नागाना मोहन परम् ।।२६
पञ्चम्या तच्च भविता ब्रह्मा प्रोवाच लेलिहान् ।
तस्मादिय महाराज पञ्चमी दयिता शुभा ।।२७
नागाना हर्षजननी दत्ता वै ब्रह्मणा पुरा ।
दत्त्वा तु भोजन पूर्वं ब्राह्मणाना तु कामतः ।।२८

जिस समय मे यह अरण्य मे प्रार्थ्यमान हो और जो कुछ भी कहेगी वह पूर्णतया कर डालना चाहिए यदि अपना श्रेय तुम चाहते हो।।२२।। पितामह के इस वचन का श्रवण कर वासुकि ने उनको प्रणाम किया था और परम यत्न मे समास्थित होकर वही किया था जो कुछ भी उससे कहा गया था ।।२३।। यह सुन कर सभी पन्नग हर्ष से उत्फुल्ल नेत्रों वाले होगये थे। सब भुजगोत्तमो ने अपने आपको पुन जन्म प्राप्त करने वाला माना था ।।२४।। बिना किसी प्लव के घोर यज्ञ की अग्नि रूपी सागर मे डूबने वालों को वहा पर आस्तीक अभय प्रदान करने वाला प्लव (तरण का साधन) के समान होगा ।।२५।। वह अग्नि इसे

सुन कर तदनन्तर ऋत्विजगण नागो का परम मोहन यज्ञ को निवृत्त कर देंगे ।।२६।। ब्रह्माजी ने उन सर्पों से कहा—वह पचमी मे होगा । हे महाराज ! इसी कारण से यह पञ्चमी शुभा दयिता कही जाती है ।।२७।। यह नागो को हर्ष के उत्पन्न करने वाली है और ब्रह्माजी ने ही पहिले इसे दिया था । कामना से पहिले ब्राह्मणो को भोजन का दान करे ।।२८।।

विसृज्य नागा प्रीयता ये केचित्पृथिवीतले ।
हिमाचले ये वसन्ति येऽन्तरिक्ष दिविस्थिता ।
ये नदीषु महानागा ये सर स्वभिगामिन ।।२९
ये वापीषु तडागेषु तेषु सर्वेषु वै नमः ।।३०
नागान्विप्राश्च सपूज्य विसृज्य च यथार्थत ।
तत पश्चाच्च भुञ्जीयात्सह भृत्यैर्न राधिप ।।३१
पूर्वं मधुरमश्नीयात्स्वेच्छया यदनन्तरम् ।
एव नियमयुक्तस्य यत्फल यन्निबोध मे ।।३२
मृतो नागपुर याति पूज्यमानोऽप्सरोगणै. ।
विमानवरमारूढो रमते कालमीप्सितम् ।।३३
इह चागत्य राजासौ सर्वराजवरो भवेत् ।
सर्वरत्नसमृद्धश्च वाहनाढ्याश्च जायते ।।३४
पञ्चजन्मन्यसौ राजा द्वापरेद्वापरे भवेत् ।
आधिव्याधिविनिर्मुक्त पत्नीपुत्रसहायवान् ।
तस्मात्पूज्याश्च नागाश्च घृतक्षीरादिना सदा ।।३५

विसर्जन करके समस्त नाग जो भी इस पृथिवी तल मे कोई स्थित हैं प्रसन्न होवें । जो हिमालय मे निवास करते हैं या अन्तरिक्ष मे एव दिवलोक म स्थित हैं । जो महानाग नदियो मे स्थित रहते हैं । और जो सरोवरो मे विराजमान हैं ।।२९।। जो बावडियो मे-तालाबो मे स्थित है उन सबके लिये नमस्कार है ।।३०।। नागो का और विप्रो का भली भाँति अचन करके फिर उन सबका विसर्जन कर देवे जोकि वास्तविक रूप से किया जावे इसके पश्चात् हे नराधिप ! अपने भृत्यो के सहित

भोजन करे।३१।सब से पूव जो मधुर पदार्थ हो उनका भक्षण करे उसके अनन्तर फिर स्वेच्छा स भोजन करे। इस प्रकार से जो नियम में युक्त होता है उसका जो फल प्राप्त होता है उसे भी मुझ से जानो ॥३२॥ मरने के पश्चात् वह नागपुर को प्राप्त होता है जहा पर अप्सराओ के समूहा द्वारा पूज्यमान हुआ करता है। एक परम श्रेष्ठ विमान पर समारूढ होकर अपने अभीष्ट समय पर्यन्त रमण किया करता है ॥३३॥ फिर जब भूमि म प्राप्त होता है तो वह समस्त राजाओ म श्रेष्ठ राजा होता है जो समस्त रत्नो से समृद्ध और वाहनो से आढ्य हुआ करता है ॥३४॥ द्वापर द्वापर म वह पाच जन्मो तक राजा होता है जो सभी आधि और व्याधियो स विमुक्त होकर पत्नी तथा पुत्रों की सहायता वाला हुआ करता है। इस कारण स नागो का सर्पि घृत और क्षीर आदि क द्वारा पूजन अवश्य ही करना चाहिए ॥३५॥

यह आप मेरे सामने विस्तार पूर्वक वर्णन कीजिये ॥३६॥ श्रीकृष्ण ने कहा—हे राजन् ! जो मनुष्य नाग के द्वारा दष्ट होकर मृत्यु को प्राप्त हो जाता है वह अध पतित होता है । अधोभाग मे जाकर वह निर्विष सर्प होता है—इसमे कुछ भी सशय नही है ॥३७॥ युधिष्ठिर ने कहा—जिसका पिता नाग से दष्ट हो—भाई—माता सुहृत्-पुत्र भगिनी-पुत्री-भार्या कोई भी तो फिर उसका क्या कर्त्तव्य है—यह मुझे बतलाइये ॥३८॥ हे गोविन्द ! उस दष्ट हुए प्राणी के मोक्ष के लिए कोई दान—व्रत या उपवास हो तो हे यदुशार्दूल ! मुझे बतलाइये जिससे वह स्वर्गति को प्राप्त कर सके ॥३९॥ श्रीकृष्ण ने कहा—हे राजन् ! नागो के पुष्टि का वर्द्धन करने वाली यही पञ्चमी है इसी का उपवास उसे करना चाहिए । यह उपवास भी पूरे एक वर्ष पर्यन्त करे । हे राजेन्द्र ! इसका जो विधान है उसका आप अब श्रवण करिये ॥४०॥ हे महीपते ! भाद्रपद मास मे शुक्ल पक्ष मे जो पञ्चमी है वह परम पुण्यतम कही गयी है । सद्गति की कामना से इसका ही ग्रहण करना चाहिए ॥४१॥ हे भरतर्षभ ! वर्ष के अत तक बारह पञ्चमी तिथियाँ जाननी चाहिए । चतुर्थी के एक बार उसमे रात्रि मे बताया गया है अर्थात् भोजन करे ॥४२॥

भूरिचन्द्रमय नागमथवा कलधौतजम् ।
कृत्वा दारुमय चापि उताहो मृन्मय नृप ॥४३
पञ्चम्या मर्चयेद्भक्त्या नाग पञ्चफण शृणु ।
करवीरैस्तथा पद्मैर्जातीपुष्पैः सुशोभनैः ॥४४
गन्धपुष्पैः सनैवेद्यैः पूज्य पन्नगसत्तमम् ।
ब्राह्मणान्भोजयेत्पश्चाद् घृतपायसमोदकैः ॥४५
नारायणबलिः कार्यः सर्पदष्टस्य देहिन ।
दाने पिण्डप्रदाने च ब्राह्मणाना च तर्पयेत् ॥४६
वृषोत्सर्गस्तु कर्तव्यो गते सवत्सरे नृप ।
स्नान कृत्वोदक दद्यात्कृष्णोऽत्र प्रीयतामिति ॥४७
अनन्तो वासुकिः शेषः पद्मः कम्बल एव च ।
तथा तक्षक नागश्च नागश्चाश्वतरो नृप ॥४८

धृतराष्ट्र शखपाल कालियस्तक्षकस्तथा ।
पिगलश्च महानागो मासिमासि प्रकीर्तिता ।
वत्सराते पारणस्यान्महाब्राह्मणभोजनम् ॥४६

भूरि चन्द्रमय अथवा सुवर्ण का निर्मित तथा काष्ठ से विरचित या हे नृप ! मिट्टी का बनाया हुआ नाग पचमी तिथि म पाँच फणा वाले नाग का भक्तिभाव स अचन करे—उसका विधान सुनो । कर वीर के पुष्प हो—पद्मपुष्प हो अथवा परम शोमन जाती के पुष्प हो जो गन्ध युक्त हो उ ही से मनन करना चाहिए ॥४३-४४॥ नैवेद्य भी उनके साथ म नेकर श्रेष्ठ पन्नग का पूजन करके पीछे ब्राह्मणों को घृतपायस से तथा मोदकों से भोजन करावे ॥४५॥ जो मनुष्य सप के द्वारा काटा गया हा और उससे उसकी मृत्यु हुई हो उस देहधारी की नारायण बलि अवश्य ही करानी चाहिए । दान मे तथा पिण्ड प्रदान के कम्म मे ब्राह्मणो को तृप्त करे ॥४६॥ हे नृप ! जब एक वत्सर समाप्त होजाय तो उसी के उददेश्य से वृष का उत्सग करे । स्नान करके उदक देकर यहा पर श्रीकृष्ण प्रसन्न होवें—यह कह कर करे ॥४७॥ अनन्त—वासुकि शप—पद्म कम्बल-तथा तक्षक नाग और हे नृप ! अश्वतर नाग धृतराष्ट्र महानाग मास मास मे कीर्त्तित किये गये हैं । वष के अ त मे पारण करे तथा महा ब्राह्मण भोजन करावे ॥४८ ४६॥

इतिहासविदे नाग काचनेन कृतो नृप ।
तथार्जुनी प्रदातव्या सवत्सा कास्यदोहना ॥५०
एष पारणके पाथ विधि प्रोक्तो विचक्षणै ।
कृते व्रतवरे तस्मिन्सद्गति याति बान्धवा ॥५१
ये दन्दशूकरदनदष्टा प्राप्ता ह्यधोगतिम् ।
वषमेक चरिष्यति भक्त्या ये व्रतमुत्तमम् ।
दाष्ट्रिक मोक्ष्यते तेषा शुभ स्थानमवाप्स्यति ॥५२
यश्च द शृणुयान्नित्य पठेद्भक्त्या समन्वित ।
न चै कुटुम्बे नागेभ्यो भय भवति कुत्रचित् ॥५३

तद्वद्भाद्रपदे मासि पञ्चम्या श्रद्धयान्वित ।
यस्त्वालिख्य नरो नागान्कृष्णवर्णादिवर्णकै ।
पूजयेद्गन्धपुष्पैस्तु सर्पिर्गुग्गुलुपायसैं ॥५४
तस्य तुष्टि समायाति पन्नगास्तक्षकादय ।
आसप्तमात्कुलात्तस्य न भय नागनो भवेत् ॥५५
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन नागान्सपूजयेद्बुध ॥
तथा चाश्वयुजे मासि पञ्चम्या कुरुनदन ॥५६

हे नृप ! इतिहास के ज्ञाता के लिए काञ्चन से निर्मित कराया हुआ नाग तथा अर्जुनी सवत्सा और कास्य दोहना प्रदान करनी चाहिए ॥५०॥ हे पार्थ ! विचक्षण पुरुषो के द्वारा यही पारण मे विधि वतलाई गई है । इस श्रेष्ठ व्रत के करने पर जो बान्धव सर्प दष्ट होकर दुर्गतिक हो वे सद्गति को प्राप्त हो जाया करते हैं ॥५१॥ जो दन्द शूक के दाँतो से दष्ट होकर अधोगति को प्राप्त हुए हो उनकी सद्गति के लिये एक वर्ष पर्यन्त भक्तिभाव से जो इस व्रत का समाचरण करेंगे उनका दाष्टिक मोक्ष हो जाया करता है और फिर शुभ स्थान भी प्राप्त होता है ॥५२॥ जो इस महा शुभ व्रत की कथा का नित्य ही श्रवण किया करता है या भक्ति से समन्वित होते हुए पाठ करता है उसके कुटुम्ब मे नागो से फिर कहीं पर भी कोई भय नहीं रहता है ॥५३॥ भगवान् श्रीकृष्ण ने कहा—इसी भाँति भाद्रपद मास मे पञ्चमी तिथि मे श्रद्धा भाव से सयुत होकर जो मनुष्य कृष्ण वर्ण वाले रगो से नागो का आलेखन करे और फिर गन्धाक्षत पुष्पादि से एव सर्पि (घृत) गूगल पायस आदि से पूजन करना चाहिए ॥५४॥ उसके इस पूजन से तक्षकादि पन्नग परम तुष्टि को प्राप्त हुआ करते हैं और उसके सात कुलो तक कभी भी नाग से भय नहीं होता है ॥५५॥ इससे सब प्रकार के प्रयत्न से बुध पुरुष को हे कुरु नन्दन ! आश्विन मास मे पञ्चमी मे नागो का भले प्रकार से पूजन करना चाहिए ॥५६॥

कृत्वा कुशमयान्नागानिद्राण्या सह पूजयेत् ।
घृतोदकाभ्या पयसा स्नपयित्वा विशापते ॥५७

गोधूमै पयसा स्विन्नैर्भक्ष्यैश्च विविधैस्तथा ।
यस्त्वस्या विविधानागान्छुचिर्मक्त्या समन्वित ।।५८

पूजयेत्कुरुशार्दू ल तस्य शेषादयो नृप ।
नागा प्रीता भवन्तीह शांति प्राप्नोति शोभनाम् ।
स शाति लोक मासाद्य मोदत शाश्वती समा ।।५९

इत्येतत्कथित वीर पञ्चमीव्रतमुत्तमम् ।
तत्रायमुच्यते मन्त्र सर्वदोषनिपेधक ।।६०

(ॐ कुरुकुल्ले हु फट् स्वाहा)

भक्तेन भक्ति सहिता शतपञ्चमीपु ये
पूजयति भुजगान्कुसुमोपहारै ।
तेपा गृहेष्वभयदा हि सदैव सर्पा शश्वत्प्र
मोदपरमा रुचयो भवति ।।६१

कुशमय नागो का निर्माण करके इन्द्राणी के साथ पूजन करे। हे विशांपते ! पहिले घृत–उदक और पय से स्नपन कराकर ही अर्चन करे ।।५७।। पयसे स्विन्न गोधूम तथा अनेक प्रकार के भक्ष्यो से जो पुरुष पचमी म विधि विधान पूर्वक शुचि होकर भक्ति की भावना से समन्वित होकर पूजा किया करता है हे कुरु शार्दू ल नृप ! उस पर शेष आदि नाग परम प्रसन्न होते हैं और उ हे परम शोभन शान्ति की प्राप्ति होती है। फिर वह पुरुष शान्ति लोक की प्राप्ति करके शाश्वती समा पय त परमानन्द प्राप्त किया करता है ।।५८ ५९।। हे वीर ! यह परमोत्तम पचमी के व्रत का विधान हमने आपको बतला दिया है। वहा पर सर्पो के दोष का निवारण करने वाला यह मन्त्र भी कहा जाता है—' ॐ कुरुकुल्ले हु फट् स्वाहा —यह मन्त्र का आकार है। जो भक्तिभाव के सहित शत पचमियो मे कुसुमो के उपहारो के द्वारा भुजगो का पूजन किया करते हैं उनके घर मे सदा ही सप निरन्तर प्रमोद युक्त होकर अति प्रसन्न रुचि वाले अभय देने वाले होते हैं ।।६० ६१।।

॥ श्री पचमी के व्रत का नाहात्म्य ॥

कथमासाद्यते लक्ष्मीर्दुर्ल्लभा भुवनत्रये ।
दानेन तपसा वापि व्रतन नियमेन वा ॥१
जपहोमनमस्कारैं सत्कारैर्वा पृथग्विधैं ।
एतद्वद यदुश्रेष्ठ सर्वविरव मतो मम ॥२
भृगो ख्यात्या समुत्पना पूर्वं श्री श्रूतते शुभा ।
वासुदेवाय सा दत्ता मुनिना मानवृद्धये ॥३
वासुदेवोऽपि ता प्राप्य पीनोन्नतपयोधराम् ।
पद्मपत्रविशालाक्षी पूर्णचन्द्रनिभाननाम् ॥४
भाभासितदिगाभोगा साक्षाद्भानो प्रभामिव ।
नितवाडवरवती मत्तमातगगामिनीम् ।
रेमे सह तया राजन्विभ्रमोद्भ्रांतचित्तया ॥५
सा च विष्णु जगज्जिष्णु पति निजगता पतिम् ।
प्राप्य कृतार्थमात्मान मेने मानयशोधना ॥६
हृष्ट पुष्ट जगत्सर्वमभवद्भावित तया ।
लक्ष्म्या निरीक्षित चैव सानद हि महीतलम् ॥७

युधिष्ठिर ने कहा—यह लक्ष्मी जो तीनो भुवनो मे महा दुर्लभा है किस प्रकार से प्राप्त की जाया करती है ? इसके प्राप्त करने के लिये कोई दान है–तप है–व्रत है या कोई नियमों का पालन होता है ? ॥१॥ जाप–होम–नमस्कारो के द्वारा या कोई पृथक् प्रकार के सत्कारो के द्वारा इसकी प्राप्ति होती है ? हे यदु श्रेष्ठ ! आप तो सभी कुछ के ज्ञाता हैं । अतएव मुझे यह बतलाने की कृपा करें ॥२॥ श्रीकृष्ण ने कहा—पहिले यह परम शुभा श्री भृगु मुनि से ख्याति म समुत्पन्न हुई थी—ऐसा सुना जाता है । उस मुनि न मान की वृद्धि क लिये उस श्री को वासुदेव भगवान् क लिये दे दिया था ॥३॥ वासुदेव ने भी उस पीन एव उन्नत स्तनों वाली–पद्म दलो के समान नत्रो वाली–पूर्ण चन्द्र के तुल्य मुख से सम्पन्न अपनी कान्ति स दिशाओ क आभोगो को भासित करन वाली–

नितम्बो के आडम्बर से पूर्ण—मस्त हाथी के समान गमन करने वाली साक्षात् सूर्य की प्रभा के ही तुल्य उसे प्राप्त करके विभ्रमो से उद्भ्रान्त चित्त वाली उसके साथ रमण किया था ।।४-५।। उसने भी जगत् विष्णु-तीनो लोको के स्वामी भगवान् विष्णु को अपना पति प्राप्त करके मान और यश के धनवाली वह अपने आपको परम कृतार्थ मानती थी ।।६।। उसक द्वारा भावित यह सम्पूर्ण जगत् हृष्ट पुष्ट हो गया था । लक्ष्मी के द्वारा केवल निरीक्षित होने पर ही यह महीतल आनन्द संयुक्त था ।।७।।

क्षेम सुभिक्षमारोग्यमनाक्रन्दमनाकुलम् ।
जगदासीदनुद्भ्रान्त प्रशातोपद्रव तथा ।।८
दिवि देवा मुमुदिरे दानवा दैत्यमागता.
विस्फारितफणाभोगा नागाश्चैव रसातले ।।९
हृदये ब्राह्मणैर्वह्नौ भुज्यते त्रिदिवैर्हवि ।
चातुर्वर्ण्यमसकीर्णं पाल्यते पार्थ पार्थिवै ।।१०
विरोचनप्रभृतिभिर्दृष्टैव दैत्यसत्तमै ।
तपस्तप्तुमथारब्धमग्निमाश्रित्य सयतै. ।।११
सोमसस्थाहवि सस्थापाकसख्यादिभिर्मखै ।
सदाचारै समारब्धमिष्ट स्वेष्टाभिलाषिभि ।।१२
एव धर्मप्रधानैस्तैर्वेदवादरतात्मभि ।
जगदासीत्समाक्रात विक्रमेण क्रमेण तु ।।१३
लक्ष्मीविलासप्रभवो देवानामभवन्मद ।
मदाच्छील च शौच च सत्य सद्यो व्यनीनशत् ।।१४

उस देवी लक्ष्मी के दृष्टिपात से ही क्षेम—सुभिक्ष—आरोग्य—अनाक्रन्द और अनाकुल—अनुद्भ्रान्त तथा प्रशात उपद्रवो वाला यह जगत था ।।८।। दिशाओ मे देवगण परमानन्द पूर्ण हो गये थे और दैत्यगण दीनता को प्राप्त हो गये थे । रसातल मे नागवृन्द विस्फारित फणा वाले थे ।।९।। हे पार्थ ! हृदय मे ब्राह्मणो के द्वारा अग्नि म देवगण हवि का भोग किया करते थे तथा राजाओ क द्वारा चारो वर्णों का असकीर्णता से पालन किया जाता था ।।१०।। विरोचन प्रभृति श्रेष्ठ दैत्यो ने इस प्रकार

की अवस्था को देख कर परम सयत होकर तपश्चर्या का करना अग्नि का आश्रय ग्रहण करके करा दिया था ॥११॥ अपने अभीष्ट की प्राप्ति की अभिलाषा वाले दैत्यो ने सोम सस्था—हवि सस्था एव पाक सस्था आदि मखो के द्वारा सदा चारो से इष्ट करना आरम्भ कर दिया था ॥१२॥ इस प्रकार से धर्म की ही प्रधानता वाले—वेदो के बाद रत आत्मा वाले उन दैत्यो के द्वारा क्रम से विक्रम से यह सम्पूर्ण जगत् समाक्रान्त हो गया था ॥१३॥ लक्ष्मी के विलास से समुत्पन्न देवो को उधर मद हो गया था। उस मद का ऐसा प्रभाव हुआ कि शील—शौच और सत्य सभी तुरन्त ही विनष्ट हो गये थे ॥१४॥

सत्यशौचविहीनास्तान्देवान्सत्यज्य चञ्चलान् ।
जगाम दानवकुल कुलदेवानुरागत ॥१५
लक्ष्म्या भावितदेहैस्तै पुनरुद्धतमानसै ।
यवहर्तुं समारब्धमन्यायेन मदोद्धतै ॥१६
वय वेदा वय यज्ञा वय विद्या वय जगत् ।
ब्रह्माविष्णुशकराद्या वय सर्वे दिवौकस. ॥१७
अहकारविमूढास्ताञ्ज्ञात्वा दानवसत्तमान् ।
सागर सा विवेशाथ भ्रातचित्ता भृगो. सुता ॥१८
क्षीराब्धिमध्यगतया लक्ष्म्या क्षीणार्थसचयम् ।
निरानन्दगतश्रीकमभवद्भुवनत्रयम् ॥१९
गतश्रीकमथात्मान मत्वा शबरसूदनः ।
पप्रच्छाङ्गिरस विप्र ब्रूहि किञ्चिद्व्रत मम ॥२०
येन सप्राप्यते लक्ष्मीर्लब्ध्वा न चलते पुन. ।
निश्चलापि सुहृन्मित्रै र्भोग्या भवति सा मुने ॥२१

सत्य और शौच से जब देवगण विहीन हो गये तो उन चचल देवों का त्याग करके वह लक्ष्मी कुल देवों के अनुराग से दानव कुल मे चली गयी थी ॥१५॥ जब लक्ष्मी समावित देहों वाले वे हो गये थे तो उन्होंने भी मद मे उद्धतता प्राप्त करली थी और यवहरण करना अन्याय मे उन मद से उद्धतों ने आरम्भ कर दिया था ॥१६॥ हम ही वेद हैं—हम

हो यज्ञ हैं—हम ही विद्या और जगत् हैं तथा ब्रह्मा-विष्णु और शंकर आदि सब देव भी हम ही हैं ।।१७।। इस तरह का अहंभाव उनमें लक्ष्मी के विनाश से समुत्पन्न हो गया था तब लक्ष्मी ने अहंकार से विमूढ़ उन दानवों को समझ कर वह शान्त चित्त वाली भृगुमुनि की पुत्री सागर में प्रवेश कर गयी थी ।।१८।। जब लक्ष्मी देवी क्षीर सागर के मध्य में चली गई तो यह प्रभाव हुआ कि उसके यहाँ न रहने पर क्षीण अर्थ के संचय वाला—निरानन्द में प्राप्त—श्री शून्य यह भुवन नष्ट हो गया था ।।१९।। फिर शम्बर के सूदन करने वाले ने श्रीविहीन अपने आपको मानकर आंगिरस विप्र से पूछा था—यह बतलाओ कि इसके लिये मुझे क्या व्रत ग्रहण करना चाहिए ।।२०।। जिसके करने से लक्ष्मी की प्राप्ति होवे और प्राप्त हुई वह फिर चल न हो सके। हे मुने ! वह निश्चला होकर रहे जिसका मेरे सभी सुहृत् और मित्र भली-भाँति भोग कर सके अर्थात् सब ही के भोग के योग्य होवे ।।२१।।

न सा श्रीत्यभिमन्तव्या कन्या सा पाल्यते गृहे ।
परार्थं या सुहृन्मित्रभृत्यैर्नैवोपभुज्यते ।।२२

शक्रस्यैतद्वचः श्रुत्वा बृहस्पतिरुदारधीः ।
कथयामास संचिंत्य शुभं श्रीपञ्चमीव्रतम् ।।२३

यत्पुरा कस्यचित्प्रोक्तं व्रतानामुत्तमं व्रतम् ।
तदस्मै कथयामास सरहस्यमशेषतः ।।२४

तच्छ्रुत्वा कर्तुमारब्धं सुरेशेन सुरैस्तथा ।
दैत्यदानवगंधर्वैर्यक्षैः प्रक्षीणकल्मषैः ।।२५

सिद्धैः प्रसिद्धचरितैर्विष्णुना प्रभविष्णुना ।
ब्राह्मणैर्ब्रह्मतत्वज्ञैः समर्थैः पार्थिवैः सह ।।२६
कैश्चित्सात्विकभावेन राजसेनापरैरपि ।
तामसेन तथा कैश्चित्कृतं व्रतमिदंतथा ।।२७
व्रते समाप्ते भूयिष्ठे निष्ठया परया प्रभो ।
देवानां दानवानां च युद्धमासीदथोद्धतम् ।।२८

मुझे ऐसा श्री अभिमतत्य नही है जो एक कन्या की भाँति अपने ही घर मे पाली जाया करती है और दूसरे के अर्थ मे न आवे तथा सुहृद् एव मित्रो के द्वारा जिसका कोई भी उपभोग न किया जा सके ॥२२॥ शक्र के इस वचन का श्रवण करके उदार बुद्धि वाले बृहस्पति ने भली-भाँति विचार करके यह परम शुभ तथा व्रतो मे उत्तम श्री पचमी का व्रत कहा था। और उस व्रत को रहस्य के सहित पूर्ण रूप से जो कि पहिले किसी का बताया हुआ था इन्द्र के लिये अच्छी तरह से बतला दिया था ॥२३-२४॥ यह श्रवण करके सुरेश ने तथा अन्य सुरो ने और दैत्य दानव-गन्धर्व और यक्षो ने इसका करना आरम्भ कर दिया था जिससे सभी प्रक्षीण कल्मषो वाले हो गये थे ॥ २५॥ सिद्धो मे जिनके चरित परम प्रसिद्ध थे-विष्णु ने जो प्रभा विष्णु थे—ब्राह्मणो ने जो ब्रह्म के तत्त्व के पूर्ण ज्ञाता थे और समय राजाओं ने भी इसे करना आरम्भ कर दिया था ॥२६॥ इन सभी व्रत के करने वालो मे कुछ तो ऐसे थे जो इस व्रत को परम सात्त्विक भाव से कर रहे थे—कुछ राजस भाव मे ही इसको करते थे तथा कुछ ऐसे भी जो व्रत तो करते थे किन्तु उनका तामस भाव ही था ॥२७॥ इस भूयिष्ठ के व्रत के समाप्त होने पर ही हे प्रभो ! जो कि परानिष्ठा से किया गया था देवो और दानवो का महान् उद्धन युद्ध हो गया था ॥२८॥

निमथ्य भुजवीर्येण सागर सरिता पतिम् ।
समाहरामो ह्यमृत हिताय त्रिदिवौकसाम् ॥२९
इत्येव समय कृत्वा ममथुर्वरुणालयम् ।
मथान मदर कृत्वा नेत्र कृत्वा तु वासुकिम् ॥३०
मथ्यमानजलाज्जात श्चन्द्र शीतांशुरुज्ज्वल ।
अनन्तर समुत्पन्ना लक्ष्मी क्षीराब्धिमध्यत ॥३१
तया विलासिना सर्वे दैत्यदानवसत्तमा ।
आलोक्य सा जगामाशु विष्णोर्वक्ष स्थलशुभम् ॥३२
विधिना विष्णुना चीर्णं व्रत तनाब्धिसभवा ।
शरीरम्या बभूवास्य विभ्रमोद्भ्रातलोचना ॥३३

किं च राजसभावेन शक्रेणैतत्कृतं यतः ।
ततस्त्रिभुवनैश्वर्यं प्राप्तं तेन महर्द्धिकम् ॥३४
तमसावृतचित्तैस्तु संचीर्णं दैत्यदानवैः ।
तेन तेषामथैश्वर्यं दृष्टनष्टमभूत्किल ॥३५
एवं सश्रीकमभवत्सदेवासुरमानुषम् ।
जरत्त्व जगतां श्रेष्ठ व्रतस्यास्य प्रभावतः ॥३६

भुजाओं के वीर्य्य के द्वारा सरिताओं के स्वामी इस विशाल सागर का निर्मन्थन करके देवों के हित के लिये अमृत का समाहरण करें—इस प्रकार का परस्पर में समय करके उन्होंने वरुणालय सागर का मन्थन किया था। उस मन्थन की क्रिया में मन्दर गिरि को मंथान बनाया था और वासुकि सर्पराज को उसकी डोरी (नेत्र) बनाया था ॥२६-३०॥ जब वह सागर मन्थन किया गया तो उसके जल से शीत किरणों वाला अति उज्ज्वल चन्द्रमा उत्पन्न हुआ था। इसके पश्चात् उस क्षीर सागर के मध्य से लक्ष्मी उत्पन्न हुई थी ॥३१॥ उस लक्ष्मी ने वे वहां पर उपस्थित सभी देवों तथा दानवों को देखा था। उसने देख कर वह शीघ्र ही भगवान् विष्णु के शुभ वक्षःस्थल में चली गयी थी ॥३२॥ विष्णु में विधि पूर्वक उस व्रत को किया था इसी से वह अब्धि से समुत्पन्न होने वाली इनके शरीर मे विभ्रम से उद्भ्रान्त चित्त वाली होती हुई संस्थित हो गई थी ॥३३॥ क्योकि इन्द्र ने इसी व्रत को राजस भाव से किया था इसलिये उसने महान् ऋद्धि से सम्पन्न त्रिभुवन का ऐश्वर्य प्राप्त कर लिया था ॥३४॥ जो तम से समावृत चित्त वाले दैत्य दानव थे उन्होंने इसी व्रत को किया था इसी कारण से उनका सम्पूर्ण ऐश्वर्य दृष्ट-नष्ट हो गया था ॥३५॥ इस प्रकार से देवासुर मानुष सभी हे जगतों में श्रेष्ठ ! इस व्रत के प्रभाव से श्री से सुसम्पन्न हो गये थे ॥३६॥

कथमेतद्व्रतं कृष्ण क्रियते मनुजैः कदा ।
प्रारभ्यते पार्यते च सर्वं वद यदूत्तम ॥३७
मार्गशीर्षे सिते पक्षे पंचम्यां पतगोदये ।
उपवासस्य नियमं कुर्यादाशु सुहृद्वृ[?]ः ॥३८

स्वर्णरौप्यारकूटोत्था ताम्रमृत्काष्ठजाथ वा ।
चित्रपट्टगता देवी लक्ष्मी क्षमापाल कारयेत् ।।३९
पद्महस्ता पद्मवर्णा पद्मा पद्मदलेक्षणाम् ।
दिग्गजेन्द्रै: स्नाप्यमाना काचनै कलशोत्तमै ।।४०
ततो यामत्रये जाते निम्नगाया गृहेऽथ वा ।
स्नान कुर्यादसभ्रान्त शक्रवदुपचारत ।।४१
देवान्पितृंश्च सतर्प्य ततो देवगृह व्रजेत् ।
तत्रस्था पूजयेद्देवी पुष्पै स्तत्कालसभवै ।।४२

राजा युधिष्ठिर न कहा—हे श्री कृष्ण ! मनुष्यो की किस समय मे और किस रीति से इस व्रत को करना चाहिए । हे यदूत्तम ! किस विधि से इसका आरम्भ किया जाता है—कैसे पारण किया जाता है—यह सभी कुछ कृपा करके मुझे बतलाइये ।।३७।। श्रीकृष्ण ने कहा— मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष म पञ्चमी तिथि म सूर्योदय हो जाने पर सुहृद् को शीघ्र ही इस उपवास का नियम करना चाहिए ।।३८।। स्वर्ण–रौप्य–आर कूट–ताम्र–मृत्तिका अथवा काष्ठ की या चित्रपट पर रहने वाली लक्ष्मी देवी की प्रतिमा का निर्माण हे क्षमापाल ! कराना चाहिए ।।३९।। उस प्रतिमा का स्वरूप ऐसा हो–हाथों मे पद्म–पद्म के समान–पद्ममयी और पद्म के दलो के तुल्य लोचन दिशामे स्थित गजेन्द्रो के द्वारा सुवर्ण के सुन्दर एव उत्तम कलशो से स्नाप्य मान होने वाली हो ।।४०।। फिर तीन प्रहरो के समाप्त हो जाने पर चौथे प्रहर मे किसी नदी मे अथवा गृह मे ही शक्र की भाँति उपचार से सम्भ्रान्ति शून्य होकर स्नान करना चाहिए ।।४१।। फिर देवगण तथा पितरो का तर्पण करके देवगृह मे गमन करे । वहा पर विराजमाना लक्ष्मी देवी का उस समय मे सम्प्राप्त पुष्पो से पूजन करना चाहिए ।।४२।।

चपलायै नमः पादौ चचलायै च जानुनी ।
कटि कमलवासिन्यै नाभि स्यात्यै नमोनम ।।४३
स्तनौ मन्मथ वासिन्यै ललितायै भुजद्वयम् ।
उत्कण्ठितायै कण्ठ च माधव्यै मुखमण्डलम् ।।४४

नम श्रियै शिर पूज्य दद्यान्नैवेद्यमादरात् ।
फलानि च यथालाभ विरूढान्धान्यसचयान् ॥४५
तत सुवासिनी पूज्या कुसुमै कुकु मेन च ।
भोजयेन्मधुरान्नो प्रणिपत्य विसजयेत् ॥४६
ततस्तु तडुलप्रस्थ घृतपात्रेण सयुतम् ।
ब्राह्मणाय प्रदातव्य श्रीश सप्रीयतामिति ।४७
निवत्य तदशेषेण ततो भुञ्जीत वाग्यत ।
मासानुमास कतव्य विधिनानेन भारत ॥४८
श्रीलक्ष्मी कमला सपद्मा नारामणी तदा ।
पद्मा धृति स्थिति पुष्टिऋ द्धि सिद्धियथार्क्रमम् ।
मासानुमास राजेन्द्र प्रीयतामिति कीतये ॥४९

चपला के लिय चरणो म नमस्कार है । चचला क लिय जानुओ मे मेरा नमस्कार है । कमलवासिनी की सेवा म कटि को नमस्कार समर्पित है । ख्याति देवी के लिये नाभि का बारम्बार नमस्कार है ॥४३॥ मन्मथ वासिनी के लिये स्तनो को मरा नमस्कार है । ललिता दवा के लिय दोनो भुजाओ को मेरा प्रणाम है । उत्कण्ठिता के लिये कण्ठ को मरा नमस्कार है तथा माधवी दवी क लिये मुख मण्डल को मेरा प्रणाम निवेदित है ॥४४॥ श्रीदेवी के लिय शिर को मरा नमस्कार है–इस प्रकार से पूजन करके आदर क साथ नैवद्य समर्पित करना चाहिए । यथा लाभ फल तथा विरूढ धान्य सचयो को निवेदित करे ॥४५॥ इसके पश्चात् कुसुमो स और कुकुम स सुवासिनियों का पूजन करना चाहिए । उनको मधुर अन्न स भोजन कराव और अन्त में प्रणिपात करके उनका विसजन करे ॥४६॥ इसके पश्चात् एक प्रस्थ तण्डुल घृत पात्र स युक्त करके किसी योग्य ब्राह्मण का देना चाहिए और उस समय म यह कहना चाहिए कि श्री क ईश प्रभु मुझ पर प्रसन्न होवें ॥४७॥ यह सभी कृत्य समाप्त करके पीछे अन्न म मौन हो पूवक स्वय भोजन कर । हे भरत ! मासानुमास अर्थात् प्रतिमास म इसी विधान स यह करना चाहिए ॥४८॥ श्री–लक्ष्मी–कमला–सपद्मा–नारायणी–पद्मा–

धृति–स्थिति–पुष्टि–ऋद्धि और सिद्धि इन नामो का उस समय मे यथा-क्रम कीर्तन करके हे राजेन्द्र ! आप प्रसन्न होवें–ऐसा मासानुमास मे कहना चाहिए ॥४६॥

ततश्च द्वादशे मासि सप्राप्ते पचमे दिने ।
वस्त्रमडपिका कृत्वा पुष्पगन्धाधिवासिताम् ॥५०
शय्यायां स्थापयेल्लक्ष्मी सर्वोपस्करसयुताम् ।
मौक्तिकाष्टकसयुक्ता नेत्रपट्टावृतस्तनीम् ॥५१
सप्तधान्यसमोपेता रसधातुसमन्विताम् ।
पादुकोपानहच्छत्रभाजनासनसत्कृताम् ॥५२
दद्यात्सपूज्य विधिवद्ब्राह्मणाय कुटुम्बिने ।
व्यासाय वेदविदुषे यस्य वा रोचते स्वयम् ।
सोपस्करा सवत्सा च धेनु दत्त्वा क्षमापयेत् ॥५३
क्षीराब्धिमथनोद्भूते विष्णोर्वक्ष स्थलालये ।
सर्वकामप्रदे देवि ऋद्धि यच्छ नमोऽस्तु ते ॥५४

इसके उपरान्त बारहवें मास के प्राप्त होने पर पाँचवें दिन मे वस्त्रो के द्वारा एक मनुष्य की रचना करके जो कि पुष्पो और गन्ध से अधि-वासित किया गया हो ॥५०॥ एक शय्या पर सम्पूर्ण उपस्करों के सहित लक्ष्मी देवी को स्थापित करे । मौक्तिकाष्टक से समन्वित तथा नेत्र पट से आवृत स्तनो वाली लक्ष्मी देवी होनी चाहिए ॥५१॥ सप्त धान्यो से उपेत एव रस धातुओ से सयुक्त-पादुका, उपानत्, छत्र, भाजन और आसन आदि से सत्कृत देवी को करे ॥५२॥ उस देवी का विधि-विधान से भली-भाँति समर्चन करके किसी कुटुम्बी ब्राह्मण को दे देना चाहिए । वह विप्र व्यास हो–वेदो का विद्वान् हो अथवा जो कोई भी सुयोग्य पात्र हो जिसको स्वय पसन्द किया जावे । उपस्करों से युक्त-वत्स वाली धेनु का भी दान करके अन्त मे क्षमापन करना चाहिए ॥५३॥ हे क्षीर सागर के मथन करने पर समुत्पन्न होने वाली देवि ! आपका आलय तो भगवान् विष्णु का वक्ष स्थल है । आप सम्पूर्ण कामनाओ का पूर्ण

करने वाली हैं। हे देवि ! आप मुझे ऋद्धि प्रदान कीजिए। आपकी सेवा मे मेरा नमस्कार है ॥५४॥

ततः सुवासिनीः पूज्य वस्त्रै राभरणैः शुभैः ।
भोजयित्वा स्वयं पश्चाद्भुञ्जीत सह बन्धुभिः ॥५५
एवं यः कुरुते पार्थ भक्त्या श्रीपञ्चमीव्रतम् ।
तस्य श्रीर्भवने भाति कुलानामेकविंशतिः ॥५६
नारी वा कुरुते या तु प्राप्यानुज्ञां स्वभर्तृतः ।
सुभगा दर्शनीया च बहुपुत्रा च जायते ॥५७
श्रीपञ्चमीव्रतमिदं दयितं मुरारेर्भक्त्या
समाचरति पूज्यभृगोस्तनूजाम् ।
राज्यं निज स भुवि भव्यजनोपभोगान्-
भुक्त्वा प्रयाति भुवन मधुसूदनस्य ॥५८

इसके पश्चात् सुवासिनी नारियो का पूजन करे और वस्त्र तथा आभरण उन्हें समर्पित करे जो परम शुभ हो। उनको भोजन कराकर पीछे बन्धुओ के साथ स्वय भोजन करना चाहिए ॥५५॥ हे पार्थ ! इस विधि से जो भी कोई भक्ति से श्री पंचमी का यह व्रत किया करता है उसके भवन में इक्कीस कुलो तक श्री शोभा दिया करती है ॥५६॥ अथवा कोई नारी अपने स्वामी से अनुज्ञा प्राप्त करके इस व्रत को किया करती है वह परम सुभगा—दर्शन करने के योग्य और बहुत से पुत्रो वाली होती है ॥५७॥ यह श्री पचमी का व्रत भगवान् मुरारि का अति प्रिय व्रत है। इसका पूज्य भृगु मुनि की पुत्री के व्रत को जो कोई भक्तिभाव से समाचरित किया करता है वह मनुष्य इस भूमण्डल में अपना निज का राज्य प्राप्त किया करता है और यहां पर वह भव्य जनों के भोगने योग्य उपभोगों का सुख भोग कर अन्त में मधुसूदन प्रभु के भुवन में प्राप्त हो जाया करता है ॥५८॥

॥ विशोकषष्ठी व्रत का माहात्म्य ॥

षष्ठीविधानमधुना कथयस्व जनार्दन ।
सर्वव्याधिप्रशमन सर्वकर्मफलप्रदम् ॥१
श्रुत मया पूज्यमामो भानु सर्वं प्रयच्छति ।
दिवाकराराधन मे तस्मात्कथय केशव ॥२
विशोक षष्ठीमतुला वक्ष्यामि मनुजोत्तम ।
यामुपोष्य नर शोक न कदाचिदिह जायते ॥३
माघे कृष्णतिले स्नात पञ्चम्या शुक्लपक्षत ।
कृताहार कृशरया दतधावनपूर्वकम् ॥४
उपवासव्रत कृत्वा ब्रह्मचारी भवेन्निशि ।
तत प्रभात चोत्थाय कृतस्नानस्तत शुचि ॥५
कृत्वा तु काञ्चन पद्ममर्कोऽयमिति पूजयेत् ।
करवीरेण रक्तेन रक्तवस्त्रयुगन च ॥६
यथा विशोक भवन त्वयैवादित्यसर्वदा ।
तथा विशोकता मे स्यात्त्वद्भक्तिजन्मजन्मनि ॥७

युधिष्ठिर ने कहा—हे जनार्दन ! अब आप षष्ठी के विधान का वर्णन कीजिए जो समस्त व्याधियों का प्रशमन करने वाला है और समस्त कामनाओं के फलों का प्रदान करने वाला है ॥१॥ मैंने ऐसा सुना है कि पूज्यमान भानु सभी कुछ प्रदान किया करते हैं। हे केशव ! अतएव भगवान् दिवाकर के आराधन करने का सभी विधान मुझे बतलाइये ॥२॥ श्रीकृष्ण ने कहा—हे मनुजों में श्रेष्ठ ! इस अतुलनीय विशोक-षष्ठी के विषय में मैं बतलाता हूँ जिसका उपवास करके मनुष्य इस संसार में कभी भी शोक को प्राप्त नहीं होता है ॥३॥ माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी में काले तिलों से स्नान कर और कृशर का आहार दन्त धावन करने के पश्चात् करना चाहिए ॥४॥ उपवास व्रत को करके रात्रि में ब्रह्मचर्य का पालन करे। फिर प्रभात में उठकर

स्नान करके शुचि हो जाना चाहिए ।।५।। एक सुवर्ण के पद्म की रचना कराकर उसी को यह सूर्यदेव हैं—ऐसा मान कर पूजित करना चाहिए । रक्त करवीर के पुष्पों से और रक्त दो वस्त्रों के द्वारा पूजन करे। जिससे हे आदित्य देव ! सर्वदा आपके ही द्वारा शोक से रहित रहे और मेरी ऐसी विशोकता ही सर्वदा बनी रहनी चाहिए तथा जन्म जन्मान्तर आपके चरणों मे मेरी भक्ति रहे ।।६ ७।।

एव सपूज्य षष्ठ्या तु शक्त्या सपूजयेद्द्विजान् ।
सुप्त्वा सम्प्राश्य गोमूत्रमुत्थाय कृतनिश्चय ।।८
सपूज्य विप्रमत्रेण गुडपात्रसमन्वित ।
सुसूक्ष्मवस्त्रयुगल ब्राह्मणाय निवेदयेत् ।।९
अतैललवण भुक्त्वा सप्तम्या मौनसयुत ।
तत पुराणश्रवण कर्तव्य भूतिमिच्छता ।।१०
अनेन विधिना सवमुभयोरपि पक्षयो ।
कुर्याद्यावत्पुनर्माघशुक्लपक्षस्य सप्तमी ।।११
व्रतान्ते कलश दद्यात्सुवर्णकमलान्वितम् ।
शय्या सोपस्करा तद्वत्कपिला च पयस्विनीम् ।।१२
अनेन विधिना यस्तु वित्तशाठ्यविवर्जित ।
विशोकषष्ठी कुरुते स याति परमा गतिम् ।।१३

इस भाँति षष्ठी तिथि मे पूजन करके अपनी शक्ति के अनुसार द्विजों की भी अर्चना करनी चाहिए । सोकर भली भाँति गोमूत्र का सम्प्राशन करके निश्चय करके उठ जावे।।८।।गुड पात्र से समन्वित होकर मन्त्र के द्वारा विप्र का पूजन करे तथा बारीक वस्त्रों का एक जोड़ा ब्राह्मण के लिए समर्पित करना चाहिए ।।९।। तैल और लवण से रहित पदार्थ का भोजन करके सप्तमी तिथि मे मौन रहना चाहिए । इसके पश्चात् भूति की इच्छा वाले पुरुष को पुराणों का श्रवण करना चाहिए ।।१०।। इस विधि से दोनों पक्षों मे सब करना चाहिए जब तक फिर माघ मास की शुक्ल पक्ष की सप्तमी न आवे।।११।। व्रत के अन्त मे सुवर्ण कमल से युक्त कलश देना चाहिए । उपस्करों से युक्त एक शय्या और पयस्विनी

कपिला गौ का भी दान करे ।।१२।। इस विधि से वित्त षाठ्य स रहित होकर अर्थात् धन होते हुए कजूसी न कर जो पुरुष इस विशोक षष्ठी को करता है वह परम गति को प्राप्त होता है ।।१३।।

यावज्जन्मसहस्राणा साग्रकोटिशत भवेत् ।
तावन्न शोकमभ्येति रोगदौर्गत्यवर्जित ।।१४
यय प्रार्थयते काम तत प्राप्नोति पुष्कलम् ।
निष्काम कुरुते यस्तु स पर ब्रह्म गच्छति ।।१५
य पठेच्छृणुयाद्वापि षष्ठी शोकविनाशिनीम् ।
सोपीद्र लोकमाप्नोति न दु खी जायते क्वचित् ।।१६
ये भास्कर दिनकर करवीरपुष्पै
सपूजयत्यभिनमति कृतोपवासा ।
ते दु खशोकरहिता सहिता सुहृद्भिर्भूमौ
विहृत्य रविलोकमवाप्नुवति ।।१७

जब तक सहस्र जन्म धारण करे और अग्र कोटिशत के सहित होवे तब तक वह पुरुष कभी भी शोक को प्राप्त नहीं होता है तथा रोग एव दुर्गति स भी वर्जित रहता है ।।१४।। जिस जिस कामना के पूर्ण होने की प्रार्थना करता है उस–उसी को पुष्कलता के साथ प्राप्त कर लेता है । जो बिल्कुल निष्काम होकर इस विधान को करता है वह तो पर-ब्रह्म को प्राप्त कर लेता है ।।१५।। जो कोई भी इस विधान का पाठ करता है या श्रवण किया करता है जोकि यह षष्ठी शोकों का विनाश करने वाली है वह भी इन्द्र लोक को प्राप्त हो जाया करता है और कभी भी किसी समय म दु:खित नहीं हुआ करता है ।।१६।। जो लोग दिनकर भास्कर भगवान् का करवीर के पुष्पों के द्वारा पूजन किया करते हैं और उपवास करके उनको अभिनमन करते हैं वे दु ख एव शोक से रहित होते हुए मित्रों के साथ इस भूमण्डल में निवास किया करते हैं और जब अन्त में इसका त्याग करते है तो फिर सीधे सूर्यलोक को प्राप्त करते हैं ।।१७।।

॥ कमलषष्ठी व्रत का माहात्म्य ॥

अन्यामपि प्रवक्ष्यामि पद्मषष्ठीं शुभां तथा ।
यामुपोष्य नरः पापविमुक्तः स्वर्गं भाग्भवेत् ॥१
मार्गशीर्षे शुभे मासि पञ्चम्यां नियतव्रतः ।
षष्ठीमुपोष्य कमलं कारयित्वा सुकाञ्चनम् ॥२
शर्करासंयुतं दद्याद्ब्राह्मणाय कुटुंविने ।
रूपं च कांचनं कृत्वा फलस्यैकस्य धर्मवित् ॥३
दद्यात्प्रातः कृतस्नानो भानुर्मे प्रीयतामिति ।
भक्त्या तु विप्रान्संपूज्य सप्तम्यां क्षीरभोजनम् ॥४
कृत्वा कुर्यात्फलत्यागं या च स्यात्कृष्णसप्तमी ।
एतामुपोष्य विधिवदनेनैव क्रमेण तु ॥५
यद्वै हैमं फलं दत्त्वा सुवर्णं कमलान्वितम् ।
शर्करापात्रसंयुक्तं वस्त्रमालासमन्वितम् ॥६
पष्ठ्योरुभयोर्महाराज ।ं ततः ।
उपोष्य दद्यात्क्रमशः ेत ॥७

शर्करा के पात्र से युक्त तथा वस्त्र एव माला से समन्वित दान करे ॥६॥ हे महाराज ! दोनो पक्षों की षष्ठियो मे जब तक एक वर्ष पूर्ण हो उपवास करके क्रम से दान करे और सूर्य के मन्त्रा का उच्चारण करना चाहिए ॥७॥

भानुरर्को रविर्ब्रह्मा सूर्य शुक्रो हरि शिव ।
श्रीमान्विभावसुस्त्वष्टा वरुण प्रीयतामिति ॥८
प्रतिमास च सप्तम्यामेकैक नाम कीतयेत् ।
प्रतिपक्ष फलत्यागमेतत्कुवन्समाचरेत् ॥९
व्रताते विप्रमिथुन पूजयेद्वस्त्रभूषणै ।
शकराकलश दद्याद्धेमपद्मफलान्वितम् ॥१०
यथा फलकरो मासस्त्वद्भक्ताना सदा रव ।
तथानतफलावाप्तिरस्तु जन्मनिजन्मनि ॥११
इमामनतफलदा फलषष्ठी करोति य ।
स सर्वपापनिर्मुक्त सूयलोके महीयते ॥१२
सुरापानादिक किञ्चिद्यदत्रामुत्र वा कृतम् ।
तत्सर्वं नाशमायाति सूयलोक स गच्छति ॥१३
भूताभव्याश्च पुरुषास्तारयेदेकविंशतिम् ।
शृणुयाद्य पठेद्वापि सोपि कल्याणभाग्भवेत् ॥१४
हैम फल सकमल कलश सिताया
षष्ठीमुपोष्य विधिवद्द्विजपु गवाय ।
दद्यात्सुरासुरशिरोमणिघृष्टपाद भानु
प्रणम्य फलसिद्धिमुपति मत्य ॥१५

भानु–अर्क–रवि–ब्रह्मा–सूर्य–शुक्र–हरि–शिव–श्रीमान्–विभावसु त्वष्टा और वरुण प्रसन्न होवें ॥८॥ प्रत्येक मास मे सप्तमी तिथि मे उपयुक्त नामो मे से एक नाम का कीर्तन करे । प्रतिपक्ष मे फल का त्याग करे । और यह करते हुए इस व्रत का समाचरण करना चाहिए ॥९॥ व्रत के अन्त मे विप्र के जोडे का वस्त्र–भूषणो से पूजन करे । सुवर्ण के पद्म एव फल से युक्त शर्करा के कलश का दान करना

॥ कमलषष्ठी व्रत का माहात्म्य ॥

अन्यामपि प्रवक्ष्यामि पद्मषष्ठी शुभा तथा ।
यामुपोष्य नर पापविमुक्त स्वर्गं भाग्भवेत् ॥१
मार्गशीर्षे शुभे मासि पञ्चम्या नियतव्रत ।
षष्ठीमुपोष्य कमल कारयित्वा सुकाञ्चनम् ॥२
शर्करासयुत दद्याद्ब्राह्मणाय कुटुम्बिने ।
रूप च काचन कृत्वा फलस्यैकस्य धर्मवित् ॥३
दद्यात्प्रात कृतस्नानो भानुर्मे प्रीयतामिति ।
भक्त्या तु विप्रासपूज्य सप्तम्या क्षीरभोजनम् ॥४
कृत्वा कुर्यात्फलत्याग या च स्यात्कृष्णसप्तमी ।
एतामुपोष्य विधिवदनेनैव क्रमेण तु ॥५
यद्वै हैम फल दत्त्वा सुवर्ण कमलान्वितम् ।
शर्करापात्रसयुक्त वस्त्रमालासमन्वितम् ॥६
षष्ठ्योरुभयोर्महाराज यावत्सवत्सर तत ।
उपोष्य दद्यात्क्रमश सूयमन्त्रानुदीर येत् ॥७

श्रीकृष्ण ने कहा—मैं एक अन्य भी परम शुभ पद्मषष्ठी के विषय मे तुमको बतलाता हूँ । जिसका उपवास करके मनुष्य पापो से विमुक्त हो कर स्वर्गवास का अधिकारी हो जाया करता है ॥१॥ मार्गशीर्ष परम शुभ मास मे पचमी तिथि मे नियत व्रत वाला रह कर षष्ठी का उपवास करे । एक सुवर्ण का कमल निर्माण करावे ॥२॥ शर्करा से उसे समन्वित करके किसी योग्य कुटुम्बी ब्राह्मण के लिये दान मे देवे । चाहे रूपा का (चाँदी का) हो या सुवर्ण का हो एक ही का फल प्राप्त होता है । धर्म के वेत्ता पुरुष को देना चाहिए ॥३॥ प्रात काल मे स्नान करके इसका दान देवे और भानुदेव मुझ पर प्रीति मान् होवे—यह उच्चारण करके कहे । भक्ति भाव से विप्रो का पूजन करके सप्तमी तिथि मे क्षीर का भोजन करे ॥४॥ क्षीर खाकर फल त्याग करे । और जो कृष्ण पक्ष की सप्तमी होती है । इसी क्रम से विधि पूर्वक उपवास करना चाहिए ॥५॥ हैम देकर और सुवर्ण के कमल से सहित करे ।

शर्करा के पात्र से युक्त तथा वस्त्र एव माला से समन्वित दान करे ॥६॥ हे महाराज ! दोनो पक्षो की षष्ठियो मे जब तक एक वर्ष पूर्ण हो उपवास करके क्रम से दान करे और सूर्य के मन्त्रो का उच्चारण करना चाहिए ॥७॥

भानुरर्को रविर्ब्रह्मा सूर्यः शुक्रो हरिः शिवः ।
श्रीमान्विभावसुस्त्वष्टा वरुणः प्रीयतामिति ॥८
प्रतिमासं च सप्तम्यामेकैकं नाम कीर्तयेत् ।
प्रतिपक्षं फलत्यागमेतत्कुर्वन्समाचरेत् ॥९
व्रतांते विप्रमिथुनं पूजयेद्वस्त्रभूषणैः ।
शर्कराकलशं दद्याद्धेमपद्मफलान्वितम् ॥१०
यथा फलकरो मासस्त्वद्भक्तानां सदा रवे ।
तथानंतफलावाप्तिरस्तु जन्मनिजन्मनि ॥११
इमामनंतफलदां फलषष्ठीं करोति यः ।
स सर्वपापनिर्मुक्तः सूर्यलोके महीयते ॥१२
सुरापानादिकं किञ्चिद्यदत्रामुत्र वा कृतम् ।
तत्सर्वं नाशमायाति सूर्यलोकं स गच्छति ॥१३
भूतान्भव्यांश्च पुरुषांस्तारयेदेकविंशतिम् ।
शृणुयाद्यः पठेद्वापि सोपि कल्याणभाग्भवेत् ॥१४
हैमं फलं सकमलं कलशं सितायाः
षष्ठीमुपोष्य विधिवद्द्विजपुंगवाय ।
दद्यात्सुरासुरशिरोमणिघृष्टपादं भानुं
प्रणम्य फलसिद्धिमुपैति मर्त्यः ॥१५

भानु-अर्क-रवि-ब्रह्मा-सूर्य-शुक्र-हरि-शिव-श्रीमान्-विभावसु-त्वष्टा और वरुण प्रसन्न होवें ॥८॥ प्रत्येक मास मे सप्तमी तिथि मे उपर्युक्त नामो मे से एक नाम का कीर्त्तन करे । प्रतिपक्ष मे फल का त्याग करे । और यह करते हुए इस व्रत का समाचरण करना चाहिए ॥९॥ व्रत के अन्त मे विप्र के जोड़े का वस्त्र-भूषणो से पूजन करे । सुवर्ण के पद्म एव फल से युक्त शर्करा के कलश का दान करना

चाहिए ।।१०।। हे रवे ! जिस प्रकार से आपके भक्तो का यह मास सदा फल के करने वाला है उसी प्रकार से जन्म ज म मे अनन्त फल की प्राप्ति होवे ।।११।। इस अनन्त फलो के प्रदान करने वाली फलपष्ठी को जो कोई भी पुरुष किया करता है वह सभी पापों से छुटकार पाकर सूर्य लोक म प्रतिष्ठित होता है ।।१२।। सुरापान आदि जो कुछ भी इस में लोक मे या परलाक मे किया हो उस सब का नाश हो जाता है और वह सूयलोक को जाताहै ।।१३।। पहिले हुए और आगे होने वाले इक्कीस पुरषो का तारण कर देता है जो इसका श्रवण करता है, या पाठ किया करता है । वह भी कल्याण प्राप्त करने का भागी होता है ।।१४।। शुक्ल पक्ष की षष्ठी का उपवास करके सुवर्ण का कलश–फल और कमल का विधि पूर्वक किसी श्रेष्ठ द्विज को दान म देने चाहिए । सुरो एव असुरो के शिरो रत्न से घृष्ठ चरण वाले भानु को प्रणाम करके मनुष्य फला की सिद्धि का लाभ प्राप्त किया करता है ।।१५।।

।। विजय सप्तमी माहात्म्य ।।

सप्तमी च यदा देव केन कालेन पूज्यते ।
विफला नियम. कश्चिद्वद देवकिनन्दन ।।१
शुक्लपक्षे तु सप्तम्या यदादित्यदिन भवेत् ।
सप्तमी विजया नाम तत्र दत्त महाफलम् ।।२
स्नान दान जपो होम उपवासस्तथैव च ।
सर्वं विजयसप्तम्या महापातकनाशनम् ।।३
प्रदक्षिणा य कुरुते फलै पुष्पैर्दिवाकरम् ।
स सर्वगुणसपन्न पुत्र प्राप्नोत्यनुत्तमम् ।।४
प्रथमा नालिकेरैस्तु द्वितीया रक्तनागरै ।
तृतीया मातुलु गैश्च चतुर्थी कदलीफलै ।।५

पञ्चमी वरकूष्माण्डैः षष्ठी पक्वैस्तु तैंदुकैः ।
वृन्ताकैः सप्तमी देया अष्टोत्तरशतेन च ॥६
मौक्तिकैः पद्मरागैश्च नीलैः कर्कतनैस्तथा ।
गोमेदैर्वज्रवैडूर्यैः शतेनाष्टाधिकेन तु ॥७

युधिष्ठिर ने कहा—हे देव ! जब यह सप्तमी हो तो उसका पूजन किस समय मे किया जाता है । इसके पूजन करने का क्या फल होता है और उसके क्या नियम हैं ? हे देवकी नन्दन ! यह सब आप बतलाइये ॥१॥ श्रीकृष्ण ने कहा—शुक्ल पक्ष मे जब सप्तमी तिथि मे आदित्य का दिन हो वह सप्तमी विजया नाम वाली होती है । उस समय मे दिया हुआ महान् फल वाला होता है ॥२॥ स्नान—दान—जप—होम तथा उपवास यह सब विजय सप्तमी मे जो किया जाता है उससे महापातकों का नाश हो जाया करता है ॥३॥ जो पुरुष फलो और पुष्पो से दिवाकर की परिक्रमा करता है वह समस्त सद्गुणो से सम्पन्न परमोत्तम पुत्र का लाभ किया करता है ॥४॥ प्रथम प्रदक्षिणा नारिकेरों से देवे—दूसरी रक्त नागरो से—तीसरी मातु ग फलो से और चौथी परिक्रमा कदली के फलो से देनी चाहिए ॥५॥ पाँचवी वरकूष्माण्डो से—छटवी पके हुए तैन्दुको से देवे । सातवी वृन्ताको से प्रदक्षिणा देनी चाहिए तथा अष्टोत्तर शत से देवे ॥६॥ मौक्तिक—पद्मराग—नील—कर्कतन—गोमेद—वज्रवैडूर्य इन रत्नों से अष्टाधिक शत देवे ॥७॥

अक्षोटैर्बदरैर्बिल्वैः करमर्दैः सखर्वरैः ।
आम्राम्रातकजम्बीरैर्जंबुककोटिकाफलैः ॥८
पुष्पैर्धूपैः फलैः पत्रैर्मोदकैर्गुणकैः शुभैः ।
एभिर्विजयसप्तम्या भानोः कुर्यात्प्रदक्षिणाम् ॥९
अन्यैः फलैश्च काम्यैश्च ऐक्षवैर्ग्रंथिवर्जितैः ।
रवेः प्रदक्षिणा देया फलेन फलमादिशेत् ॥१०
न विप्रेभ्य च सजल्पेन्न च कश्चिद्वदेदपि ।
एकचित्ततया भानुश्चिन्तनाय प्रयच्छति ॥११

वसोर्धारा प्रदातव्या भानोर्गव्येन सर्पिषा ।
चन्द्रातपत्रं बध्नीयाज्जय किंकिणिकायुतम् ।।१२
कुंकुमेन समालभ्य पुष्पधूपैश्च पूजयेत् ।
शुभं निवेद्य नैवेद्य ततः पश्चात्क्षमापयेत् ।।१३
भानो भास्कर मार्तण्ड चण्डरश्मे दिवाकर ।
आरोग्यमायुर्विजयं पुत्रं देहि नमोऽस्तुते ।।१४

अक्षोट–बदर–विल्व–करमर्द–सवर्बर–आम्रा–आम्रातक–जम्बीर—जम्बुक–कोटिका फल से तथा पुष्पों से–धूपों से–फलों और पत्रों से–मोदकों से एवं शुभ गुणकों से इन सबसे विजय सप्तमी में भानुदेवी की प्रदक्षिणा करनी चाहिए ।।८-९।। अन्य फलों से–काम्य ऐक्षवों से एवं जो ग्रन्थि से रहित हों रविदेव की प्रदक्षिणा देनी चाहिए। फल से फल का आदेश करे ।।१०।। प्रवेश न करे–भाषण भी नहीं करे और किसी से भी बातचीत न करे। एक चित्तता से यह सब करे तो भानु जो भी चिन्तित हो उसे देते हैं ।।११।। भानुदेव के लिये गाय के घृत से वसुधारा देवे। चन्द्रातपत्र देवे एवं किंकिणिका युत जय सूत्र बांधे ।।१२।। कुंकुम से समालभन कर पुष्प और धूप से पूजन करना चाहिए। परम शुभ नैवेद्य को निवेदित करके इसके पश्चात् क्षमापन करना चाहिए ।।१३।। हे भानो ! भास्कर ! हे मार्त्तण्ड ! चण्ड रश्मे ! हे दिवाकर ! आप मुझको आरोग्य–आयु–विजय और पुत्र प्रदान कीजिये। आपकी सेवा में मेरा नमस्कार है ।।१४।।

उपवासेन नक्तेन तथैवायाचितेन च ।
धृता नियमयुक्तेन या त्विय जयसप्तमी ।।१५
रोगी विमुच्यते रोगाद्दरिद्रः श्रियमाप्नुयात् ।
अपुत्रो लभते पुत्रं विद्यां विद्यार्थिनो भवेत् ।।१६
शुक्लपक्षे यदा पार्थ सादित्यसप्तमी भवेत् ।
तदा नक्तेन मुद्गाशी क्षपयेत्सप्त सप्तमीः ।।१७
भूमौ पलाशपत्रेषु स्नात्वा हुत्वा यथाविधि ।
समाप्ते तु व्रते दद्यात्सौवर्णं मुद्गमिश्रितम् ।।१८

मुद्ग श्रेष्ठाय विप्राय वाचकाय विशेषत ।
सप्तिम्या सप्तिसयुक्त आदित्येन नरोत्तम ॥१६
उपोष्य विधिनानेन मन्त्रप्राशनपूजनं ।
पडक्षरेण मन्त्रेण सर्वं कार्य विजानता ॥२०
अचन वह्निकार्यं च शतमष्टोत्तर नर ।
समाप्ते तु व्रते पश्चात्सुवर्णेन घटापितम् ॥२१

उपवास रात्रि का करे तथा अयाचित भोजन का करना चाहिए। इस तरह नियम से युक्त होकर की हुई यह विजय सप्तमी है। इसका फल यह है कि रोगी रोग से विमुक्त हो जाया करता है—दरिद्र श्री का लाभ प्राप्त करता है—जो पुत्र से रहित है वह पुत्र पाता है और विद्या के अर्थी को विद्या हो जानी है ॥१५ १६॥ हे पार्थ ! शुक्ल पक्ष मे जब भी यह आदित्य सप्तमी होवे तब रात्रि मे मुद्गा का अशन करे। इस प्रकार सात सप्तमी बिता देनी चाहिए ॥१७॥ इस व्रत के समाप्त होने पर जो भूमि मे शयन—पलाश के पत्तो पर भोजन—स्नान करके यथा विधि हवन कर मुद्गो से मिश्रित सुवण विरचित का दान करना चाहिए ॥१८॥ हे नरोत्तम ! किसी श्रेष्ठ विप्र के लिये और विशेष करके वाचक के लिये मुद्ग को सात सप्तमियो से सयुक्त आदित्य के साथ ही देवे ॥१६॥ इस विधि से उपवास करके जो कि मन्त्र—प्राशन-और पूजन से समन्वित हो करे। ज्ञाता पुरुष को छै अक्षरो वाले मन्त्र से ही सम्पूण काय करना चाहिए ॥२०॥ अचना—अग्नि का काय और अष्टोत्तर शत जप मनुष्य को करना चाहिए जब कि यह व्रत समाप्त हो आवे तो फिर पीछे सुवण के द्वारा घटापित सुवण का ही सूय बनवावे ॥२१॥

सौवर्णं भास्कर पार्थ रुक्मपात्रगत शुभम् ।
रक्ताबर च काषाय ग ध दद्यात्सदक्षिणम् ॥२२
मन्त्रेणानेन विप्राय कर्मसिद्धयै द्विजातये ।
ॐ भास्कराय सुदेवाय नमस्तुभ्य यशस्कर ॥२३
ममाद्य समीहितार्थप्रदो भव नमोनम ।
दानानि च प्रदेयानि गृहाणि शयनानि च ॥२४

श्राद्धानि पितृदेवाना शाश्वती तृप्तिमिच्छता ।
यानाप्रशस्ता यातृणा राज्ञा च जयमिच्छताम् ॥२५
विजयो जायतेऽवश्य यतीना च नृणा तदा ।
अतोर्थं विश्रुता लोके सदा विजयसप्तमी ॥२६
एवमेषा तिथि पार्थ इह कामप्रदा नृणाम् ।
परत्र सुखदा सौम्या सयलोकप्रदायिनी ॥२७
दाता भोगी च चतुरो दीर्घायुर्नीरुज सुखी ।
इहागत्य भवेद्राजा हस्त्यश्वधनरत्नवान् ॥२८
नारी वा कुरुते या तु सापि तत्पुण्यभागिनी ।
भवत्यत्र न सदेह कार्य पार्थ त्वया क्वचित् ॥२९
स्वर्ग्या समीहितमुखार्थफलप्रदा च या
मृग्यते मुनिवरैं प्रवरा तिथीनाम् ।
सा भानुपादकमलार्चनचितकाना पु सा
सदैव विजया विजय ददाति ॥३०

हे पाथ ! उस सुवण के भास्कर को किसी शुभ सुवए के पात्र म स्थित करे । लाल वस्त्र और कापाय तथा गन्ध दक्षिणा के सहित दान करे ॥२२॥ कम की सिद्धि के लिये द्विजाति विप्र के लिये इस निम्नलिखित मन्त्र से ही देना चाहिए । हे यशस्कर ! सुदेव भास्कर के आपके लिये नमस्कार है । यह मन्त्र का अथ है ॥२३॥ आज मेरे समभीप्सित अथ के प्रदान करने वाले आप होवें । आपको बारम्बार नमस्कार है । गृह और शयन आदि के दान देने चाहिए ॥२४॥ शाश्वती (सवदा स्थित रहने वाली) तृप्ति की इच्छा रखने वाले पुरुष को पितृ गण और देवो का श्राद्ध भी करना चाहिए । यात्रा करन वालों की यात्रा प्रशस्त होती है तथा जय की इच्छा रखने वाले राजाओ की जय होती है ॥२५॥ यतिगण और मनुष्यो का उस समय मे अवश्य ही विजय होती है । इसी लिये ही सदा यह विजय सप्तमी—इस नाम से लोक मे प्रसिद्ध हुई है ॥२६॥ इस प्रकार से हे पाथ ! यह तिथि यहा ससार म मनुष्यो की कामनाओ का प्रदान करन वाली है । परलोक म भी सुख देने वाली

परम सौम्य एव सूर्यलोक को दिलाने वाली होती है ॥२७॥ दानशील—भोता—दीर्घायुष्य-नीरोग एव सुख सम्पन्न यहाँ ससार में आकर हाथी घोडे धन और रत्नो से परिपूर्ण राजा हुआ करता है ॥२८॥ जो भी कोई नारी इस व्रत को किया करती है वह भी उसके पुण्य की अधिकारिणी होती है—इसमे कुछ भी सन्देह नही करना चाहिए। हे पार्थ ! आप इसको सवथा सत्य ही समझें ॥२६॥ बडे २ मुनिवरो के द्वारा इस स्वर्ग देने वाली—समीहित सुख और अर्थों का प्रदान कराने वाली—समस्त अन्य तिथियो म परम श्रेष्ठ तिथि की खोज की जाया करती है। वह भानुदेव के पद कमल के अर्चन का चिन्तन करने वाले पुरुषो का यह विजया तिथि सदा ही विजय प्रदान करती है ॥३०॥

॥ आदित्य मण्डल विधान ॥

अथान्यदपि ते वच्मि दान श्रेयस्कर परम् ।
आदित्यमडल नाम सर्वाशुभविनाशनम् ॥१
यवचूर्णेन शुभ्रेण कुर्याद्गोधूमजेन वा ।
सुपक्व भानुबिंबाभ गुडगव्याज्यपूरितम् ॥२
सपूज्य भास्कर भक्त्या तदग्रे मडल शुभम् ।
रक्तचन्दनज कुर्यात्कुकुम वा विशेषत ॥३
मण्डल तत्र सस्थाप्य रक्तवस्त्रै सुपूजितम् ।
ब्राह्मणाय प्रदातव्य मन्त्रेणानेन पाडव ॥४
आदित्यतेजसोत्पन्न राजत विधिनिर्मितम् ।
श्रेयसे मम विप्र त्व प्रतिगृह्णेदमुत्तमम् ॥५
कामद धनद धर्म्य पुत्रद सुखद तव ।
आदित्यप्रीतये दत्त प्रतिगृह्णामि मडलम् ॥६
एव दत्वा नरो राज-सूर्यवद्दिवि राजते ।
सर्वकामसमृद्धार्थो मडलाधिपतिर्भवेत् ॥७

दातव्य जयसप्तम्या तदारभ्य दिनेदिने ।
भास्करस्य महाराज शक्त्या भावेन भावित ॥८
गोधूमचूर्णजनित यवचूर्णज वा
आदित्यमडलमखण्डगुडाद्यपूर्णम् ।
कृत्वा द्विजाय विधिवत्प्रतिपादयेद्यो ।
भूमौ भवत्यमितमडलमडितोऽसौ ॥६

श्रीकृष्ण ने कहा—इसके उपरान्त एक अन्य भी दान मैं आपको बतलाता हूँ जो परम श्रेय करने वाला दान है । उस दान का नाम आदित्य मण्डल दान है जो सभी प्रकार के अशुभों का विनाश करने वाला है ॥१॥ परम शुभ्र जौ के चून से अथवा गैहू के चून से ही करना चाहिए । एक सुपक्व भानु के विम्ब की आभा वाला गुड गव्य आज्य से पूरित करे ॥२॥ भास्कर देव का भली भाति भक्ति से पूजन करके उसके आगे उस शुभ मण्डल को रक्त चन्दन से युक्त अथवा विशेष रूप से कु कुम युक्त करे ॥३॥ वहा पर मण्डल को सस्थापित करके रक्त वस्त्रो से सुपूजित करे और फिर हे पाण्डव ! इस मन्त्र से किसी ब्राह्मण को प्रदान कर देना चाहिए ॥४॥ आदित्य के तेज से समुत्पन्न राजत एव विधि द्वारा निर्मित हे विप्र ! इस उत्तम मण्डल को जो परम श्रेयस्कर है मेरे श्रेय सम्पादन करने के लिये आप ग्रहण कीजिए ॥५॥ यही दान देने का मन्त्र है ब्राह्मण को भी फिर यह कहना चाहिए—कामनाओ को पूरा करने वाला–धन दाता–धम से युक्त पुत्र और सुख का प्रदान करने वाला तुम्हारा दिया हुआ यह मण्डल आदित्य देव की प्रीति के लिये मैं अब ग्रहण करता हू ॥६॥ यही प्रतिग्रह का मन्त्र होता है । हे राजन् ! इस प्रकार से मनुष्य दान करके दिव लोक मे सूय की भाँति ही विराज मान होता है और सम्पूण कामना तथा अर्थो से समृद्ध होकर मण्डल का अधिपति हुआ करता है ॥७॥ जय सप्तमी मे ही इस दान का आरम्भ करे और फिर दिनोदिन देना चाहिए । हे महाराज ! भास्कर की भक्ति तथा भाव से भावित होकर ही इसका दान करे ॥८॥ गोधूम के चूर्ण से जनित अथवा जौ चून से रचित अखण्ड गुड आदि म परिपूण यह

आदित्य मण्डल बना कर किसी द्विज को विधि पूर्वक जो होता है वह इस भूमि मे अमित मण्डल से मण्डित हुआ करता है ॥६॥

५। अचला सप्तमी व्रत माहात्म्य ॥

अध्रुवेण शरीरेण सुपक्वेनापि किं फलम् ।
मघस्नानविहीनेन यत्त्यक्तं यदुनन्दन ॥१
प्रात:स्नानासमर्था्था शरीरं पश्य देहिनाम् ।
किं तेन वद कर्तव्य माघे ससारभीरुणा ॥२
कायक्लेशसहा नार्यो न भवति यदूत्तम ।
सौकुमार्यं शरीरस्य अचलत्वात्तथैव च ॥३
कथ च ता: सुरूपा.स्यु सुभगा:सुप्रजास्तथा ।
सुकृतस्येह पुण्यस्य सर्वमेतत्फल यत: ॥४
अल्पायासेन सुमहद्येन पुण्यमवाप्यते ।
स्त्रीभिर्माघिमम ब्रूहि स्नानं तत्त्व रमाधव ॥५

युधिष्ठिर ने कहा—हे यदुनन्दन ! इस अध्रुव अर्थात् अनिश्चित काल तक रहने वाले सुपक्व शरीर से भी क्या फल प्राप्त होता है यदि माघ स्नान से रहित रहकर ही इसका त्याग कर दिया जाता है ॥१॥ देहधारियो के इस शरीर को देखो जो प्रात काल मे स्नान करने मे असमर्थ हैं। उस पुरुष के द्वारा जो माघ मे स्नान नही करता है और ससार से भीरु भी है क्या करना चाहिए—यह बतलाइये ॥२॥ नारियाँ हे यदूत्तम ! काया के क्लेश को सहन करने वाली नही होती हैं। क्योंकि उनका शरीर सुकुमार होना है तथा उसमे अचलता भी होती है ॥३॥ तो वे फिर किस प्रकार से सुन्दर रूप वाली—सुभगा और सुन्दर सन्तति वाली होगी क्योंकि इस सुकृत पुण्य का ही यह सब फल हुआ करता है ॥४॥ जिस किसी थोडे परिश्रम से सुमहान् पुण्य की प्राप्ति की जा सके और स्त्रियो के द्वारा माघ मास मे वह हो जावे हे रमाधव ! वह तत्त्व स्नान आप मुझे बतला दीजिए ॥५॥

श्रूयता पाडवश्रेष्ठ रहस्यमृषिभाषितम् ।
यन्मया कस्यचिन्नोक्तमचलासप्तमीव्रतम् ।।६
वेश्या चेन्दुमती नाम रूपौदार्यगुणान्विता ।
आसीत्कुरुकुलश्रेष्ठ मगधस्य विलासिनी ।।७
तनुमध्या सुजघना पीनोन्नतपयोधरा ।
सम्यग्विभक्तावयवा पूर्णचन्द्रनिभानना ।।८
सौंदर्यं सौकुमार्यं च तस्या कामेन गीयते ।
यस्या सदर्शनादेव काम कामातुरो भवेत् ।।९
मूर्ति शशधरस्येव नयनानन्दकारिणी ।
वशीकरणविद्येव सर्वलोकमनोहरा ।।१०
एकस्मिन्दिवसे प्रात सुमुखस्थितया तया ।
चिंतिताहृदये सजन्त्ससारस्यानवस्थिति ।।११
सन्निमज्य जगदिद विपये कायसागरे ।
जन्ममृत्युजराग्राह न कश्चिदवबुद्धचते ।।१२
अपाको भूतभाण्डाना धातृशिल्पिविनिर्मितम् ।
स्वकर्मेधनसवीत पच्यत वालवह्निना ।।१३

श्रीकृष्ण न कहा—हे पाण्डवो मे परम श्रेष्ठ ! इस ऋषियो के द्वारा कहे हुए परम रहस्य का आप श्रवण करिये जो कि मैंने अब तक किसी से भी नही कहा है । वह यह अचला सप्तमी का व्रत होता है ।।६।। हे कुरुकुल मे श्रेष्ठ ! एक इन्दुमती नाम वाली वेश्या थी जो रूप लावण्य की विलासिनी थी ।।७।। उसका सौन्दर्य बतलाते हैं—उसका मध्य भाग अर्थात् कटि कृश थी—जघन बहुत ही सुन्दर थे—पीन और उन्नत उसके स्तन थे—उसके सभी अ ग भली-भाति विभक्त एव सुडौल थे तथा वह पूर्ण चन्द्र के समान मुख वाली थी ।।८।। उसकी सुन्दरता और सुकुमारता तो ऐसी थी जिसका स्वय कामदेव भी वखान किया करता है । जिसके दर्शन मात्र से ही कामदेव स्वय कामातुर हो जाया करता है ।।९।। चन्द्रमा की मूर्ति के समान नयनों को आनन्द करने वाली उसकी मूर्ति थी मानों वह एक वशीकरण करने की विद्या हो के समान सब लोगो

की परम मनोहर नगती थी ॥१०॥ एक दिन में प्रात काल मे सुख-पूर्वक स्थित रहने वाली उसने अपने हृदय म इस सम्पूर्ण ससार की अनवस्थिति पर विचार किया था ॥११॥ यह सम्पूण जगत् विपयो म काया रूपी समुद्र मे डूबता चला जा रहा है। जन्म और मृत्यु तथा बुढापा ये ही इस सागर मे ग्राहों के समान है जो उसे घरे रहा करते हैं और यह कोई भी नही समझता है ॥१२॥ शिल्पी धाता के द्वारा निर्मित यह भूत रूपी भाण्डो का अपाक अपने कम रूपी ईधन स युक्त होकर बाल वह्नि द्वारा पकाया जाया करता है ॥१३॥

ये याति दिवसा पु सा धमकामाथवर्जिता ।
न ते पुर्नारहायाति हरभक्ता नग यथा ॥१४
स्नान दान तपो होम स्वाध्याय पितृतपणम् ।
यस्मिन्दिने न क्रियते वृथा स दिवसो नृणाम् ॥१५
पुत्राणा दारगृहकममासक्त हि मानसम् ।
वृकीवोरणमासाद्य मृत्युर्द्वाराय गच्छति ॥१६
इत्येव चिंतयित्वा तु वश्या चेन्दुमती तत ।
वशिष्ठस्याश्रम पुण्य जगाम गजगामिनी ॥१७
वशिष्ठमृषिमासीन प्रणम्य विनयात्तत ।
कृताञ्जलिपुटा भूत्वा इद वचनमब्रवीत् ॥१८

पुरुषो के जो दिन धम काम और अथ से रहित होकर व्यतीत हो जाया करते है वे फिर कभी वापिस लौट कर नहीं आते हैं जिस तरह भगवान् हर के भक्त फिर ससार म नही आते हैं ॥१४॥ स्नान--दान--तप--होम--स्वाध्याय और पितृ तपण जिस दिन म भी नहीं किये जाते हैं वह पूरा दिन ही मनुष्यों का वृथा होता है ॥१५॥ मनुष्यो का मन पुत्रो--दारा और गृह आदि म ऐसा समासक्त रहा करता है कि उरण को प्राप्त करने की भाति मृत्यु द्वार के लिये जाया करता है ॥१६॥ इस प्रकार स चिन्तन करके वह इन्दुमती वेश्या फिर गजगामिनी वहाँ स वशिष्ठ के पुण्य आश्रम को चली गयी थी ॥१७॥ वहाँ पर विराज-

मान वसिष्ठ ऋषि को विनय पूर्वक प्रणाम करके दोनो हाथों को जोड कर इन्दुमती ऋषि से यह वचन बोली ।।१८।।

दक्षसूनासमश्चक्री दशचक्रिसमो ध्वज ।
दशध्वजसमा वेश्या दशवेश्यासमो नृप ।।१९
मया न दत्त न हुत नोपवासो व्रत कृतम् ।
भक्त्या न पूजित शम्भु श्रितो नंको धनी नर ।।२०
साप्रत वतमानाया व्रत किंचिद्वदस्व मे ।
येन दु खाबुपापौघादुत्तरामि भवार्णवात् ।।२१
एतदस्या सुबहुश श्रुत्वा धर्म परतप ।
वशिष्ठ कथयामास महाकारुणिको मुनि ।।२२
माघस्य सितसप्तम्या सर्वकामफलप्रदम् ।
तप सौभाग्यजनन स्नान तव वरानने ।।२३
कृत्वा षष्ठ्यामेकभक्त सप्तम्या निश्चल जलम् ।
रात्र्यते चालयेथास्त्व दत्त्वा शिरसि दीपकम् ।।२४
माघस्य सितसप्तम्यामचल चालित मया ।
जलामलाना सर्वेषा कृत न चलन तथा ।।२५
वशिष्ठवचन श्रुत्वा तस्मिनहनि भूपते ।
सर्व गकारेन्दुमती स्नान दान यथाविधि ।।२६
त्र्यहस्नानप्रभावेण भुक्त्वा भोग्यान्यथप्सितान् ।
इन्द्रलोकप्सर सघे नायिकात्वमवाप सा ।।२७
अचलासप्तमीस्नान कथित च विशापते ।
सर्वपापप्रशमन सुखसौभाग्यवर्द्धनम् ।।२८

इन्दुमती ने कहा—दक्ष सूना के समान चक्री होता है और दश चक्रियो के समान ध्वज हुआ करता है। दशध्वजो के तुल्य एक वेश्या होती है और दश वश्याओ के तुल्य एक नृप हुआ करता है ।।१९।। मैंने अपने जीवन म न तो कभी कुछ दान ही दिया है—न हवन किया है—न कोई उपवास किया है और न कोई व्रत ग्रहण किया है। मैंने भक्ति भाव से कभी भगवान् शम्भु का अचन नही किया है और न कोई धन

सम्पन्न पुरुष का ही आश्रय ग्रहण किया है॥२०॥हे मुनिवर ! अब ऐसी दशा मे वर्त्तमान रहने वाली मुझको कोई एक व्रत करने का उपदेश दीजिए जिससे दु खाम्बु पापो के समूह वाले इस ससार सागर से मैं पार लग जाऊँ ॥२१॥ परन्तप वसिष्ठ मुनि ने इसके बहुत बार कहे हुए धर्म को सुनकर महान् दयालु मुनि ने कहा था ॥२२॥ वसिष्ठ मुनि बोले—हे वरानने ! माघ मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी मे समस्त कामनाओ के फल को प्रदान करने वाला तथा तप और सौभाग्य जन्माने वाला तुम्हारा एक मात्र स्नान ही होगा ॥२३॥ षष्ठी तिथि मे एक बार भोजन करके सप्तमी मे जल निश्चय होता है । रात्रि के अन्त म तुम शिर पर दीपक रख कर उसका चालन करो ॥२४॥ माघ मास की सित सप्तमी मे मैंने अचल को चालित किया है तथा सब जलामलो का चलन नहीं किया है ॥२५॥ हे भूपते ! वसिष्ठ के इस वचन का श्रवण कर के उस दिन म इदुमती ने सभी स्नान दान आदि विधि पूर्वक किया था ॥२६॥ तीन दिन क स्नान क प्रभाव से यथेप्सित भोगो का उपभाग करके उसने इन्द्रलोक की अप्सराओ के समुदाय मे नायिकात्व के पद की प्राप्ति की थी ॥२७॥ ह विशापते ! मैंने यह सप्तमी का स्नान वर्णित कर दिया है जो सम्पूण पापो का प्रशमन करन वाला तथा सुख और सौभाग्य बढाने वाना है ॥२८॥

सप्तमीस्नानमाहात्म्य श्रुत न च विशेषत ।
साप्रत श्रोतुमिच्छामि विधिमन्त्रसमन्वितम् ॥२६
एवभक्तेन सतिष्ठेत्पष्ठचा सपूज्य भास्करम् ।
सप्तम्या तु व्रजेत्प्रात सुगभीर जलाशयम् ॥३०
सरित्सग तडाग च देवखातमथापि वा ।
सुखावगाहसलिल दुष्टसत्त्वैरदूपितम् ॥३१
पशुभि पक्षिभिश्चैव जलजैर्मत्स्यकच्छपै ।
न जल चाल्यते यावत्तावत्स्नान समाचरेत् ॥३२
नमस्ते रुद्ररूपाय रसाना पतये नम ।
वरुणाय नमस्तेऽस्तु हरिवास नमोऽस्तु ते ॥३३

यावज्जन्म कृत पाप मया जन्मसु सप्तसु ।
तन्मे रोग च शोक च माकरी हतु सप्तमी ।।३४
जननी सर्वभूताना सप्तमी सप्तसप्तिके ।
सर्वव्याधिहरे देवि नमस्ते रविमण्डले ।।३५

युधिष्ठिर ने कहा—मैंने सप्तमी के स्नान का माहात्म्य विशेप रूप से नही सुना है। अब मैं इसको श्रवण करना चाहता हूँ जोकि विधि पूर्वक म त्रो से समन्वित हो ।।२६।। श्रीकृष्ण ने कहा—भगवान् भास्कर देव का पूजन करके पष्ठी तिथि मे एक ही बार भोजन करके रहे। सप्तमी तिथि मे प्रात काल मे किसी गम्भीर जलाशय को चला जाना चाहिए ।।३०।। वह जलाशय सरिताओ का सगम हो—नालाब हो अथवा देवखात किन्तु सुख पूवक अवगाहन करने वाले जल से युक्त होना चाहिए तथा दुष्ट जीवो से दूषित न होवे ।।३१।। पशुओ के द्वारा पक्षियो से और जल मे ही ज म ग्रहण करने वाले म स्य कच्छप आदि के द्वारा जब तक जल चालित न होवे तभी तक उसम स्नान करना चाहिए ।।३२।। वहा पर यह प्रार्थना करे—हे रुद्र के रूह वाले! आपके लिए नमस्कार है। रसो के पति के लिये नमस्कार है। वरुण देव के लिए प्रणाम है। हरि भगवान् के निवास स्थान आपके लिए नमस्कार है ।।३३।। जब से मैंने ज म धारण किया है तब से पूरे जीवन मे जो पाप मैंने किये हैं और व्यतीत हुए सात ज मो मे जो पाप किये हैं उसको और मेरे रोग तथा शोक को माकरी सप्तमी हनन कर देवे ।।३४।। हे सप्तसप्तिके! सप्तमी समस्त भूतो की जननी हैं। हे सम्पूर्ण व्याधियो के हरण करने वाली देवि! रविमण्डल मे आपके लिये मेरा नमस्कार है ।।३५।।

जलोपरीतर दीप स्नात्वा सतर्प्य देवता ।
चदनेन लिखेत्पद्ममष्टपत्र सर्कणिकम् ।।३६
मध्ये शव सपत्नीक प्रणवेन तु पूजयेत् ।
भानु शक्रे दले पूज्य रवि वश्वानर दले ।।३७

याम्ये विवस्वान्नैर्ऋत्ये भास्करस्येति पूजयेत् ।
पश्चिमे सविता पूज्य पूज्योर्को वायुना जले ॥३८
सौम्ये सहस्रकिरण शेपे सर्वात्मनेति च ।
पूज्या प्रणवपूर्वास्तु नमस्कारातयोजिता ॥३९
पुष्पैं सुगन्धैधूपैश्च वस्त्रैराच्छाद्य भास्करम् ।
विसर्जयेत्तत पश्चात्स्वस्थान गम्यतामिति ॥४०
ताम्रपात्रे सुविस्तीर्णे मृन्मये वा युधिष्ठिर ।
स्थापयेत्तिलचूर्णं च सघृत सगुड तथा ॥४१
काञ्चन तालक कृत्वा ह्यासक्तस्तिलचूर्णकम् ।
सस्थाप्य रक्तवस्त्रैस्तु पुष्पैर्धूपैस्तथार्चयेत् ॥४२

जल के ऊपर इतर दीप रक्ख और स्नान करके देवगण का भली भाँति तर्पण करे फिर चन्दन से आठ दलो वाला कर्णिका से युक्त पद्म का लेखन करे ॥३६॥ उस पद्म के मध्य भाग मे पत्नी के सहित शम्भु का प्रणव से अर्चन करे। शक्रदल मे भानु और वैश्वानर दल मे देवि का पूजन करे ॥३७॥ याम्य दल मे विवस्वान् का तथा नैर्ऋत्य दिशा वाले दल म भास्कर का पूजन करना चाहिए । पश्चिम म सविता पूजन करने के योग्य है और वायव्य जल मे अर्क का यजन करे ॥३८॥ सौम्य दिशा मे सहस्र किरण का अर्चन करे और शेप मे सर्वात्मा से यजन करे । पूजन मे प्रणव को आदि मे तथा अन्त मे नमस्कार लगाकर ही पूजा करे ॥३९॥ पुष्पो से सुन्दर गन्ध वाली धूपों से यजन करे और वस्त्र से भास्कर देव का सामाच्छादन कर फिर उनका विसजन 'अपने स्थान को जाइये'—यह कह कर करना चाहिए।।४०॥हे युधिष्ठिर ! एक किसी ताम्र पात्र मे अथवा मृन्मय पात्र मे घृत और गुड के सहित तिलो का चूर्ण स्थापित करना चाहिए ॥४१॥ सुवर्ण का तालक बनाकर असिक्त हो तिला के चूर्ण को सस्थापित कर रक्तवर्ण के वस्त्रो और पुष्प तथा धूप से उसी भाति अर्चना करनी चाहिए ॥४२॥

ततस्त ब्राह्मणे दद्याद्दत्वा मन्त्रेण तालकम् ।
आदित्यस्य प्रसादन प्रात स्नानफल भजेत् ॥४३

दुष्टदौर्भाग्यदु खेभ्यो मया दत्त पु तालकम् ।
ततस्तत्तालक कृत्वा ब्राह्मणायोपपादयेत् ।।४४
सपुत्रपशुभृत्यायमेऽर्कोय प्रीयतामिति ।
ततो व्रतोपदेष्टार पूजयेद्वस्त्रगोतिलै ।।४५
विप्रानन्यान्यथाशक्त्या पूजयित्वा गृह व्रजेत् ।
एतत्त कथित कार्यं रूपसौभाग्यकारकम् ।।४६
अचलासप्तमीस्नान सवकामफलप्रदम् ।।४७
इति पठति य इत्थ य शृणोति प्रसगात्क
लिकलुषहर वै सप्तमीस्नानमेतत् ।
मतिमपि नयनाना यो ददाति प्रसगात्सुर-
भवनगतोऽसौ पूज्यते देवसघै ।।४८

इसके पश्चात् उसको ब्राह्मण को दे देवे। मन्त्र से तालक को देकर फिर भगवान् आदित्य के प्रसाद से प्रात काल ही मे स्नान के फल का सेवन करे ।।४३।। दुष्ट दौर्भाग्य के दु खो से मैंने तालक को दिया है। इसके अनन्तर उस तालक को करके ब्राह्मण के लिये उपपादित करना चाहिए ।।४४।। पुत्र पशु और भृत्यो के लिये यह एक ही अर्क प्रसन्न होवे। इसके उपरा त व्रत के उपदेश देने वाले का वस्त्र गौ और तिलों से पूजन करना चाहिए ।।४५।। अन्य जो भी विप्र हो उनको भी यथा शक्ति पूजित करके गृह को चला जावे। यह काय मैंने आपको बतला दिया है जो रूप और सौभाग्य का करने वाला है ।।४६।। अचला सप्तमी का स्नान समस्त कामों के फल को प्रदान करने वाला होता है ।।४७।। इसको इस प्रकार से जो भी पढता है और जो कोई प्रस ग से इसका श्रवण किया करता है उसको यह कलियुग के कलुषो का हरण करने वाला सप्तमी स्नान होता है। जो कोई नयनो की मति भी प्रसग वश देता है वह सुरभवन म जाकर देवो क समुदाय के द्वारा यह पूजा जाता है ।।४८।।

।। बुधाष्टमी व्रत माहात्म्य ।।

बुधाष्टमीव्रत भूयो ब्रवीमि शृणु पाडव ।
येन चीर्णेन नरक नर पश्यति न क्वचित् ।।१
पुरा कृतयुगस्यादौ इलो राजा बभूव ह ।
बहुभृत्यसुहृन्मित्रमन्त्रिभि परिवारित ।।२
जगाम हिमवत्पार्श्वे महादेवेन वारित ।
योऽन्य प्रविशते भूमौ सा स्त्री भवति निश्चितम् ।।३
स राजा मृगसगेन प्राविशत्तदुमावने ।
एकाकी तुरगोपेत क्षणात्स्त्रीत्व जगाम ह ।।४
सा बभ्राम वने शून्ये पीनोन्नतपयोधरा ।
कुतोऽहमागतेत्येव न त्वबुध्यत किंचन ।।५
ता ददर्श बुध सौम्या रूपौदार्यगुणान्विताम् ।
अष्टम्या बुधवारेण तस्यातुष्टो बुधो ग्रह ।।६
दधौ गर्भं तदुदरे इलाया रूपतोषित ।
पुत्रमुत्पादयामास योऽसौ ख्यात पुरूरवा ।।७

भगवान् श्रीकृष्ण ने कहा—हे पाण्डव ! फिर मैं तुम से बुधाष्टमी के व्रत को बोल रहा हूँ—इसका तुम श्रवण करो इसके चीर्ण कर लेने से मनुष्य किसी समय मे भी नरक का मुँह नही देखता है ।।१।। पहिले समय म कृतयुग के आदि म इल नाम वाला राजा हुआ था जो बहुत से मित्र भृत्य—सुहृद् और मन्त्रियो के द्वारा परिवारित था ।।२।। महादेव के द्वारा जिसका वारण कर दिया गया था उस हिमवान् गिरि के पार्श्व म वह चला गया था । जो कोई भी अन्य पुरुष वहाँ पर प्रवेश किया करता है वह निश्चित ही स्त्री हो जाया करता है ।।३।। वह राजा भी एक मृग को शिकार के सङ्ग से उस उमा देवी के वन मे प्रवेश कर गया था । वह अकेला ही था । केवल उसके पास एक अश्व था जिस पर वह सवार था । दोनो ही एक क्षण मे स्त्रीत्वभाव को प्राप्त हो गये थ ।।४।। वह स्त्री के स्वरूप म पीन एव उन्नत स्तनो वाली

बन कर उस नितान्त शून्य वन मे भ्रमण करने लगी थी। मैं वहाँ से आया था—इसको भी कुछ वह नही जान पाया था ॥५॥ उस रूप लावण्य से एव उदारता से समन्वित परम सौम्या ललना को बुध ने देखा था। बुधवार से युक्त अष्टमी तिथि मे उससे वह बुध ग्रह अत्यन्त प्रसन्न हो गया था ॥६॥ इला के रूप से अत्यन्त प्रसन्न उसने उसके उदर मे गर्भ धारण कर दिया था। उसने जो पुत्र उत्पन्न किया था वह पुरूरवा नाम से विख्यात हुआ था ॥७॥

चन्द्रवशकरो राजा आद्य सर्वमहीक्षिताम् ।
तत प्रभृति पूज्ये यमष्टमी बुधसयुता ॥८
सर्वपापप्रशमनी सर्वोपद्रवनाशिनी ।
अथान्यदपि ते वच्मि धर्मराज कथानकम् ॥९
आसीद्राजा विदेहाना मिथिलाया स वैरिभि ।
सग्रामे निहतो वीरस्तस्य भार्या दरिद्रिणी ॥१०
ऊर्मिला नाम बभ्राम मही बालकसयुता ।
अवती विषय प्राप्ता ब्राह्मणस्य निवेशने ॥११
चकारोदपूर्त्यर्थं नित्य कडनपेषणे ।
हृत्वा सा स्तोकगोधूमा ददौ बालकयोस्तदा ॥१२
वारुण्यान्मातृवात्सल्यात्क्षुधासपीड्यमानयो ।
कालेन बहुना साध्वी पञ्चत्वमगमच्छुभा ॥१३
पुत्रस्तस्या विदेहाया गत्वा स्वपितुरासने ।
उपविष्ट सत्त्वयोगाद्भुजे ग्राममनाकुल ॥१४

यह राजा चन्द्र वश का करने वाला सब राजाओ म प्रथम राजा था। तभी से लेकर यह बुध से सयुता अष्टमी पूज्य हो गई थी ॥८॥ यह बुधाष्टमी सब प्रकार के पापो का प्रशमन करने वाली है और सम्पूर्ण उपद्रवों का नाश करती है। इसके उपरान्त हे धर्मराज ! एक अन्य भी इस सम्बन्ध मे कथानक बतलाता हूँ ॥९॥ एक राजा विदेहो का मिथिला म हुआ था। वह वीर उसके शत्रुओं के द्वारा सग्राम म निहत हो गया था। उसकी भार्या दरिद्रिणी थी ॥१०॥ ऊर्मिला नाम वाली वह बालक

से सयुक्त होकर मही मण्डल मे भ्रमण किया करती थी। अवन्ती नामक देश म वह एक ब्राह्मण के घर मे पहुच गई थी ॥११॥ वह कण्डन पेषण के कर्म मे नित्य ही अपने उदर की पूर्त्ति किया करती थी। थोडे से गोधूमो (गेंहूओ) का हरण करके उस समय मे उसने बालको को दे दिये थे ॥१२॥ उसके हृदय मे माता का वात्सल्य हो गया था और कुछ करुणा का भाव आ गया था। इसी के वश में आकर यह अपहरण किया था। जो कि बालक क्षुधा से पीड्यमान हो रहे थे। बहुत काल के व्यतीत हो जाने पर वह साध्वी शुभा मृत्यु को प्राप्त हो गई थी ॥१३॥ उसका पुत्र विदेह पुरी में जाकर अपने पिता के आसन पर बैठ *गया था। सत्व के योग से उसने अनाकुल होकर भूमि का भोग किया* था ॥१४॥

अन्विष्य धर्मराज्ञो वै सा कन्या मिथिवशजा।
विवाहिता हिता भर्तु सा महानायिकाऽभवत् ॥१५
श्यामला नाम चार्वंगी प्रसिद्धा श्रूयते श्रुतौ।
तामुवाच वरारोहा धर्मराज स्वय प्रियाम् ॥१६
वहस्व सर्वव्यापार श्यामले त्व गृहे मम।
कुरु स्वजनभृत्याना दानक्षेप यथेप्सितम् ॥१७
कि त्वेते पजरा सप्त कीलकैरतियन्त्रिता।
कदाचिदपि नोद्घाटयास्त्वयावैदेहनदिनि ॥१८
एवमस्त्विति साप्युक्त्वा निज कर्म चकार ह।
कदाचिद्व्याकुलीभूते धर्मराजे विदेहजा।
उद्घाटयित्वा प्रथम ददर्श जननी स्वकाम् ॥१९
सा पच्यमाना क्रदती भीषणैर्यमकिंकरै।
हेलया क्षिप्यत वद्धा तप्ततैले पुन पुन ॥२०
तथैव तालक दत्वा व्रीडिता सा मनस्विनी।
द्वितीये पजरे तद्वत्सा तामेव ददर्श ह ॥२१

धर्मराजा ने एक मिथि वश में समुत्पन्न कन्या की खोज करके उसने उसके साथ विवाह किया था। वह अपने स्वामी के परम हित चाहने

वाली थी और महाभाग्यिका हो गई थी ॥१५॥ उसका श्यामला नाम था। उसके सभी अ ग प्र यग बहुत ही सुन्दर थे। श्रुति में वह परम प्रसिद्ध सुनी जाती थी। धर्मराज उस वरारोहा प्रिया से स्वय एक दिन बोला था ॥१६॥ हे श्यामले ! तुम अब इस मेरे घर में सब व्यापार का वहन करो। स्वजन और भृत्यो को जैसा भी तुम चाहो दान का क्षेप किया करो ॥१७॥ कि तु ये सात पञ्जर कीलको से य त्रित है। क्या ये किसी समय में खोलने के योग्य नही है ? हे वैदेह नन्दिनि ! जिनको कि तुम्ही अपने हाथ से उद्घारित कर सकोगी ॥१८॥ इसी प्रकार से होगा—यह कह कर उसने अपना कार्य किया था। किसी समय मे जबकि धमराज व्याकुली भूत हो गया था तब उस विदेहजा ने प्रथम पजर को खोल कर अपनी जननी को देखा था ॥१९॥ वह बिचारी नरक म पच्यमान हो रही थी और रुदन कर रही थी। यम के किंकरो के द्वारा बारम्वार तप्त तैल मे बाँध कर हेला से फेंकी जा रही थी ॥२०॥ उसी प्रकार से तालक देकर वह मनस्विनी अत्यन्त पीडित हो गई थी। फिर दूसरे पञ्जर मे उसी के समान उसने उसको इसी प्रकार से देखा था ॥२१॥

सुधावल्लिप्यमाना सा शिलातल्पेष्टकेन तु।
तृतीयपञ्जरे तद्वत्ता ददर्श स्वमातरम्।
क्रकचं पाटघते मूर्ध्नि घण्टायुक्तं करोल्वणे. ॥२२
चतुर्थे पञ्जरे स्थाने भीषणैर्दारणाननै ।
भक्ष्यमाणा श्वापदैश्च क्र दती ता पुन पुन ॥२३
पचमे निहिता भूमौ वण्ठे पादेन पीडिता।
सदर्शैवंनघातैश्च विदीर्णा क्रियते रुषा ॥२४
पष्ठे चेक्षुयन्त्रगता मस्तके मुद्गराहताम्।
सपीडयमानामनिश सुदृढामिक्षुखण्डवत् ॥२५
सप्तमे पञ्जरे चीणस्वना पूतिकगधिनीम्।
दृष्ट्वा तथा गता ता तु मातर दु ख कर्षिता।
श्यामला म्लानवदना किंचिन्नोवाच भामिनी ॥२६

अथागत यम प्राह सरोपा श्यामला पतिम् ।
किं तवापहृत राजन्ममाता सुदारुणम् ।
येनेय विविधैर्घातैर्वध्यते बहुधा त्वया ॥२७
यमः प्राह प्रिया दृष्ट्वा भद्रे ह्युद्धाटितास्त्वया ।
एते पञ्जरका सप्त निषिद्धा त्व मया पुरा ॥२८

शिलातल्पेष्टक से सुधा की भाँति लिप्यमान उसको तीसरे पञ्जर में उसी के समान उस अपनी माता को देखा था । क्रकचों के द्वारा जो कि घण्टा से युक्त और करोल्वण थे उसके मूर्द्धा मे पाटित की जा रही थी ॥२२॥ चतुर्थ पञ्जर के स्थान मे परम भीषण और दारुण मुखो वाले श्वापदो के द्वारा भक्ष्यमाण और बार-बार क्रन्दन करती हुई देखा था ॥२३॥ पाँचवें मे भूमि मे निहित और कण्ठ मे पाद से पीडित तथा सदशन और वन घातो से क्रोध से विदीर्ण की जा रही थी ॥२४॥ छटवें मे इक्षु यन्त्र मे लगाई हुई और मस्तक मे मुद्गरो द्वारा आहत की गई एव निरन्तर सम्पीड्यमान तथा ईख के खण्ड की भाँति सुदृढा देखा था ॥२५॥ सातवें पजर मे चीर्ण स्वन वाली एव पूतिक गन्ध से युक्त उस माता को उस दशा मे देख कर वह दु ख से अत्यन्त कंपित हुई थी । वह श्यामला उदास मुख वाली हो गई थी और फिर वह भामिनी कुछ भी नही बोली थी ॥२६॥ इसके पश्चात् आगत यम को वह रोष से समन्वित होकर श्यामला पति से बोली—हे राजन् ! क्या आपने मेरी माता को अपहृत किया है जो कि सुदारुण पीडा सह रही है ! यह यहा पर बहुधा आपके द्वारा अनेक प्रकार के घातो से वध्यमान हो रही है ॥२७॥ यम प्रिया का देख कर बोला—भद्रे ! क्या तू ने इनको उद्घाटित कर लिया है । ये सात पजरो के उद्घाटन करने के लिये मैंने आपको पहिले ही निषेध कर दिया था ॥२८॥

तव मात्रा सुतस्नेहाद्गोधूमा ये हृता. किल ।
किं न जानामि तद्भद्रे येन रुष्टा ममोपरि ॥२९
प्रहास्य प्रणयाद्भुक्त दहत्यासप्तम कुलम् ।
तदेव चौर्यरूपेण दहत्याचद्रतारकम् ॥३०

गोधूमास्त इमे भूता. कृमिरूपा. सुदारुणा. ।
ये पुरा ब्राह्मणगृहे हृतास्तव कृतेऽनया ॥३१
जानामि तदह सर्वं यन्मे मात्रा कृत पुरा ।
तथापि त्व· समासाद्य सा च जामातर शुभम् ।
मुच्यते कृमिराशित्वाद्यथा तदधुना कुरु ॥३२
तच्छ्रुत्वा चिन्तयाविष्टश्चिर स्थित्वा जगाद ताम् ।
धर्मराज सहासीना प्रिया प्राणधनेश्वरीम् ॥३३
इतश्च सप्तमेऽतीते जन्मनि ब्राह्मणी शुभा ।
आसीस्तस्मिस्त्वया सगात्सखीना पर्युपासिता ।
बुधाष्टमी सुसपूर्णा यथोक्तफलदायिनी ॥३४
तत्फल यद्दास्यस्यै सत्य कृत्वा ममाग्रत ।
तेन मुच्येत ते माता नरकात्पापसकटात् ॥३५

तुम्हारी माता ने सुत के स्नेह से जो गोधूमो का हरण किया था क्या हे भद्रे ! उसे तुम नही जानती हो ? जिसके कारण मेरे ऊपर अब ऐसी रुष्ट हो रही हो ॥२६॥ प्रणय से जो ब्रह्मस्व का भोग किया था वह तो सात कुल तक दहन किया ही करता है । वही यदि चोरी के रूप मे हरण किया जावे तो जब तक आकाश मे चन्द्र और तारे विद्यमान रहते हैं तब तक दहन करता है ॥३०॥ वे ये गोधूम ही सुदारुण कृमि के रूप वाले हैं जिनको कि आप के ही लिये इसने एक ब्राह्मण के घर मे से हरण किया था ॥३१॥ श्यामला ने कहा—मैं इस सब को भली भाँति जानती हूँ जो मेरी माता ने पहिले किया था तो भी आपको परम शुभ जामाता उसने प्राप्त किया था । उस कृमि राशित्व से वह छुटकारा प्राप्त करे अब वैसा ही आप करिये ॥३२॥ यह सुनकर चिन्ता मे आविष्ट होते हुए धर्मराज ने चिरकाल तक स्थित रहकर उससे कहा था जो कि साथ मे बैठी हुई प्रिया और प्राण धनेश्वरी थी ॥३३॥ इससे सातवें अतीत जन्म म परम शुभा ब्राह्मणी तुम थी । उसमे तुमने सखियों के सग म बुधाष्टमी का सुसम्पूर्ण पर्युपासना की थी जो यथोक्त फल के देने वाली है ॥३४॥ उसका फल यदि आप इसको दे देंगी और मेरे ही

आगे सत्य करके ऐसा करेंगी तो उससे यह आपकी माता पाप सकट से युक्त नरक से मुक्त हो जायगी ॥३५॥

तच्छ्रुत्वा त्वरित स्नात्वा ददौ पुण्य स्वकृतम् ।
स्वमातु. श्यामला तुष्टा तेन मोक्ष जगाम सा ॥
ऊर्मिला रूपसपन्ना दिव्यदेहधरा शुभा ।
विमानवरमारूढा दिव्यमाल्यावरावृता ॥३६
भर्तु समीपे स्वर्गस्था दृश्यतेऽद्यापि सा जनै ।
बुधस्य पार्श्वे नभसि मिथिराजसमीपतः ।
विस्फुरती महाराजबुधाष्टम्या प्रभावत ॥३७
यद्यव प्रवरा कृष्ण मा तिथिर्वे बुधाष्टमी ।
तस्या एव विधि ब्रूहि यदि तुष्टोसि मे प्रभो ॥३८
शृणु पाडव यत्नेन बुधाष्टम्या विधि शुभम् ।
यदायदा सिताष्टम्या बुधवारो भवेद्यदि ।
तदा तदा च सा ग्राह्या एकभक्ताशनैर्नृभि ॥३९
स्नात्वा नद्या तु पूर्वाह्णे गृहीत्वा कलश नवम् ।
जलपूर्णं तु सद्रव्य पूर्णपात्रसमन्वितम् ॥४०
अष्टवारान्प्रकर्तव्या विधानैस्तु पृथक्पृथक् ।
प्रथमा मोदकै कार्या द्वितीया फेणकैस्तथा ॥४१
तृतीया घृतपूपैश्च चतुर्थी वटकैर्नृप ।
पञ्चमी शुभ्रकारैश्च षष्ठी सोहालकैस्तथा ॥४२

यह श्रवण करके तुरन्त ही स्नान करके अपना वह किया हुआ पुण्य उसने अपनी माता को दे दिया था। उससे वह परम सन्तुष्ट हो गई और मोक्ष को प्राप्त हो गई थी। ऊर्मिला रूप मे सम्पन्न होकर दिव्य देह धारण करने वाली हो गई थी और शुभा वह एक श्रेष्ठ विमान पर समारूढ हो गई थी तथा दिव्य माल्य एव वस्त्रो मे समावृत हो गई थी ॥३६॥ वह अपने स्वामी के समीप मे आकाश मे अब भी मनुष्यों के द्वारा दिखाई दिया करती है। बुध के पार्श्व मे नभ मे मिथिराज के ही समीप मे हे महाराज! इस बुधाष्टमी के प्रभाव से वह विस्फुरमाणा

है ।।३७।। युधिष्ठिर ने कहा—हे श्रीकृष्ण ! यदि वह बुधाष्टमी इस प्रकार से परम प्रवर है तो हे प्रभो ! यदि परमतुष्ठ हैं तो उसकी पूरी विधि बतला दीजिए ।।३८।। श्रीकृष्ण ने कहा—हे पाण्डव ! अब आप यत्न-पूर्वक बुधाष्टमी की परम शुभ विधि का श्रवण कीजिए। जब जब भी शुक्ल पक्ष की अष्टमी मे यदि बुधवार का योग होता है तब-तब ही एक वक्त में भोजन करने वाले मनुष्यो के द्वारा उसका ग्रहण करना चाहिए ।।३९।। पूर्वाह्न मे नदी में स्नान करके एक नूतन कलश का ग्रहण करे। वह जल से भरा हुआ द्रव्यो के सहित और पूर्णपात्र से समन्वित होना चाहिए ।।४०।। आठ वारो तक पृथक् पृथक् विधानो से उसे करना चाहिए। प्रथम मोदको से करे—दूसरी फेणको से करे ।।४१।। तीसरी घृत के पूपो से करे—हे नृप ! चौथी वटको से करे-पाँचवी शुभ्रकारो से करे और छटवी सुहालियो से करनी चाहिए ।।४२।।

अशोकवर्तिभि शुभ्रै सप्तमी खडसयुतै ।
अष्टमी फलपुष्पैश्च केवलाखण्डफेणिकै ।
एव क्रमेण कर्तव्या सुहृत्स्वजनबाधवै ।।४३
सह कृत्वा स्थितैर्भोज्य भोक्तव्य स्वस्थमानसै ।
उपोष्याणामिद श्रेष्ठ कथयद्भि शनै शनै ।।४४
श्रुत्वाष्टमीबुधस्यापि माहात्म्य भोजन त्यजेत् ।
तावदेव न भोक्तव्य कथा यावत्समाप्यते ।।४५
तथा भुक्त्वा बुधस्याग्रे आचम्य च पुन पुन ।
विप्राय वेदविदुषे त ब्रुवन्प्रतिपादयेत् ।।४६
साक्षत सहिरण्य च जातरूपमय शुभम् ।
अर्चित विविधै पुष्पैर्धूपदीपै सुगधिभि ।।४७
पीतवस्त्रै समाच्छन्न बुध सोमात्मजाकृतिम् ।
मापकेण सुवर्णेन तदर्धार्धेन वा पुन ।।४८
ॐ बुधाय नम । ॐ सोमात्मजाय नम ।
ॐ दुबुद्धिनाशनाय नम । ॐ सुबुद्धिप्रदाय नम ।
ॐ ताराजाताय नम । ॐ सौम्य ग्रहाय नम ।

ॐ सर्वसौख्यप्रदाय नम । एतेपूजामन्त्र ।
अष्टमी तु यदा पूर्णा तदा राजर्षिसत्तम ।
ब्राह्मणान्भोजयेदष्टौ गा तद्याच्च सवत्सिकाम् ।।४८

सातवी शुभ्र खांड से युक्त अशोक वर्तियो से करे । आठवी फलो और पुष्पो से और केवला खण्ड फेणिको से करे । इसी प्रकार के क्रम से सुहृत-स्वजन और बान्धवो के साथ करनी चाहिए ।।४३।। सबके साथ मे मिल कर करे तथा स्वस्थ मन वाले होकर भोज्य का भोजन करना चाहिए तथा उपोष्यमाणा को धीरे २ श्रेष्ठ कहत हुए ही भोजन करें ।।४४।। इस बुधाष्टमी के व्रत का माहात्म्य श्रवण करके भोजन का त्याग कर देवे । तावत ही भोजन करे जब तक कथा की समाप्ति होवे ।।४५।। उस प्रकार से बुध के आगे भोजन करके पुन-पुन. आचमन करके किसी वेदो के वेत्ता विप्र के लिये उसको बोलते हुए प्रतिपादन करे ।।४६।। अक्षत–हिरण्य के सहित–सुवर्ण मय–परम शुभ अनेक प्रकार के पुष्पो से अर्चित–धूप–दीप और सुगन्धियो से युक्त तथा पीत वर्ण के वस्त्रों से समाच्छादित सोम के आत्मज की आकृति वाले बुध को एक मासा सुवर्ण या उससे आधा अथवा उसका भी आधा भाग से युक्त करके देवे । पूजन करने के मन्त्र निम्न लिखित हैं—ओं बुधाय नम अर्थात् बुध के लिये नमस्कार हैं—ॐ सोमात्मजाय नम —ॐ दुर्बुद्धि नाशाय नम —ॐ सुबुद्धि प्रदाय नम –ओ तारा जाताय नम –ओ सौम्य ग्रहाय नम –ओ सर्व सौख्य प्रदाय नम –। ये इतन मन्त्र होते हैं । जब यह बुधाष्टमी का व्रत हे राजर्षि श्रेष्ठ ! साग समाप्त हो जावे तो फिर आठ ब्राह्मणो को भोजन करावें और वत्स के सहित गौ का दान करे ।।४७ ४८।।

वस्त्रालवरणै सर्वैभू षणैर्विविधैरपि ।
सपत्नीक समभ्यर्च्य कर्णमात्रागुलीयकै ।
मन्त्रेणानेन कौंतेय दद्यादेव समाचरन् ।।५०
बुधोऽय प्रतिगृह्णातु द्रव्यस्थोऽय बुध स्वयम् ।
दीयते बुधराजाय तुष्यता च बुधो मम ।।५१

बुध सौम्यस्तारकेयो राजपुत्र इलापति ।
कुमारो द्विजराजस्य य पुरूरवस पिता ॥५२
दुर्बुद्धिवाधजनित नाशयित्वा च मे बुध ।
सौख्य च सौमनस्य च करोतु शशिनदन ॥५३
इत्युच्चार्य गृहीत्वा तु दद्यान्मन्त्रपुर सरम् ।
सप्तजन्मति राजेन्द्र जातो जातिस्मरो भवेत् ॥५४

वस्त्र एव अलकारो के द्वारा तथा विविध प्रकार के समस्त भूषणों से पत्नी के सहित कर्णमात्रागुलीयको से भली-भांति पूजन करके हे कौन्तेय ! इस अधोलिखित मन्त्र के द्वारा समाचरण करता हुआ दान करे ॥५०॥ यह बुध है इसको आप ग्रहण करें। यह बुध स्वय ही द्रव्यस्थ है। बुधराज के लिये दिया जाता है। यह बुध मुझ पर परम तुष्ट होवे ॥५१॥ यही दान देने का मन्त्र है। यह बुध सौम्य है—तारा का पुत्र है—राजपुत्र है और इला का पति है—द्विजराज का कुमार है और पुरूरवा का पिता है ॥५२॥ यही प्रतिग्रहण का मन्त्र होता है। यह बुध दुर्बुद्धि की बाधा से जनित का मेरा नाश करके यह शशि नन्दन परम सौख्य और सौमनस्य भाव करे ॥५३॥ ऐसा उच्चारण मुख से करके ग्रहण करके मन्त्र पूर्वक दान करना चाहिए। हे राजेन्द्र ! वह सात जन्म तक जाति स्मर जन्म लेने वाला होता है ॥५४॥

धनधान्यसमायुक्त पुत्रपौत्रप्रवर्द्धन ।
दीर्घायुर्विपुलान्भोगान्भुक्त्वा चैव महीतले ॥५५
तत सुतीर्थे मरण छ्वात्वा नारायण विभुम् ।
मृतोऽसौ स्वगमाप्नोति पुरदरसमो नर ॥५६
वसते यावदासृष्टे पुनराभूतसप्लवम् ।
एवमेतन्मया ख्यात व्रतानामुत्तम व्रतम् ॥५७
एषैव च मयाख्याता गुह्या पार्थ बुधाष्टमी ।
या श्रुत्वा ब्रह्महा गोघ्न सवपापै प्रमुच्यत ॥५८

यश्चाष्टमी वुधयुता समवाप्य भक्त्या
सम्पूजयेद्विधुसुत कनपृष्ठसस्थम् ।
पक्वान्नपात्रसहितै. सहिरण्यवस्त्रै:
पश्येदसौ यमपुर न कदाचिदेव ।।५६

धन-धान्य से भली-भाँति सुसम्पन्न–पुत्र और पौत्रादि का बढाने वाला–दीर्घ आयु से युक्त–इस महीतल मे बहुत से भोगो का उपभोग करके रहता है ।।५५।। फिर किसी सुन्दर तीर्थ स्थल मे विभु नारायण का ध्यान करके ही उसका मरण हुआ करता है । मृत हो जाने पर यह नर इन्दु के समान होकर स्वर्ग की प्राप्ति किया करता है ।।५६।। वहा पर भी सृष्टि से आरम्भ करके पुन भूत सम्प्लव जब तक होता है निवास किया करता है । यह इस प्रकार से मैंने तुमको बतला दिया है । यह अन्य सभी व्रतो मे परम उत्तम व्रत है ।।५७।। यह इस तरह से हे पार्थ ! अत्यन्त गोपनीय बुधाष्टमी का मैंन आपके समक्ष मे वर्णन कर दिया है । इसकी इस कथा एव विधान का श्रवण करके चाहे कोई ब्रह्म हत्या का पापी हो या गोहत्या करने वाला हो अपने सभी पापो से छुट-कारा पा जाया करता है ।। ८।। जो कोई पुरुष बुधवार से युक्त अष्टमी के व्रतादि को भक्ति की भावना से समाप्त करके कन पृष्ठ पर विराज-मान विधु के पुत्र बुध का अच्छी तरह पूजन किया करता है वह पक्वान्न के पात्रो के सहित हिरण्य तथा वस्त्रो से युक्त होना है और वह यमपुर को कभी भी नहीं देखा करता है ।।५६।।

।। जन्माष्टमी व्रत माहात्म्य ।।

जन्माष्टमीव्रत ब्रूहि विस्तरेण ममाच्युत ।।
कस्मिन्काले समुत्पन्न किं पुण्य को विधि स्मृत ।।१
हते कसासुरे दुष्टे मथुरायां युधिष्ठिर ।
देवकी मा परिष्वज्य कृ गोत्सगे रुरोद ह ।।२

तत्रैव रगवाढेन मचारूढजनोत्सवे ।
मल्लयुद्धे पुरावृते समेते कुकुराऽधके ॥३
स्वजनैर्बधुभि स्निग्धै सग स्त्रीभि समावृते ।
वसुदेवोऽपि तत्रैव वात्सल्यात्प्ररुरोद ह ॥४
समाकृष्ण परिष्वज्य पुत्रपुत्रेत्युवाच ह ।
सगद्गदस्वरो दीनो वाष्पपर्याकुलेक्षण ॥५
बलभद्र च मा चैव परिष्वज्य मुदा पुन ।
अद्य मे सफल जन्म जीवित यत्सुजीवितम् ॥६
यदुभाभ्या सुपुत्राभ्या समुद्भूत समागम ।
एव वर्षेण दापत्ये हृष्ट पुष्ट तथा ह्यभूत् ॥७

युधिष्ठिर ने कहा—हे अच्युत ! अब आप कृपा करके मुझे जन्माष्टमी व्रत का विधान विस्तार पूवक बतलाइये । यह व्रत किस समय मे उत्पन्न हुआ था—इस व्रत का क्या पुण्य होता है और इसके करने की क्या विधि बतलायी गयी है ॥१॥ श्रीकृष्ण ने कहा—हे युधिष्ठिर ! जिस समय मे मथुरा पुरी मे अत्यन्त दुष्ट कसासुर मारा जा चुका था तो उस समय मे माता देवकी ने मुझ अपनी गोद मे बिठा कर एव समालिङ्गन करके रुदन किया था ॥२॥ वही पर रङ्ग वाढ से सभी जनो के मचो पर समारूढ होने क उत्सव म कुकुराधक के समेत मल्ल युद्ध के पहिले हो जाने पर अपने जन—बन्धुगण—स्नेही वग और स्त्रियो से समावृत होने पर पिता वसुदेव भी वही रोने लग गये थे ॥३ ४॥मुझ उ होने खीच कर मेरा परिष्वजन किया और ह पुत्र—ऐसा कहने लगे थे । उस समय मे उनका कण्ठ सगदगद हो गया था अथवा दीनता के भाव से युक्त थे तथा आसुओ से उनके नेत्र भर गये थे ॥५॥ मेरे बडे भाई बलभद्र को और मुझको पुन पुन छाती से लगाकर आनन्द मग्न हो गये थे और यह कह रहे थे कि आज मेरा जन्म सफल हुआ है और मेरा जीवन भी सुन्दर जीवन बन गया है ॥६॥ इन दोनो यदुकुल मे समुत्पन्न सुपुत्रो के साथ मेरा समागम हो गया है । इस प्रकार से वष भर वह दम्पति परम हृष्ट-पुष्ट हो गया था ॥७॥

प्रणिपत्य जना सर्वे बभूवुस्ते प्रहर्षिता ।
एव महोत्सव दृष्ट्वा मामाह सकलो जन ॥८
प्रसाद क्रियता नाथ लोकस्यास्य प्रसादत ।
यस्मिन्दिने जगन्नाथ देवकी त्वामजीजनत् ॥९
तद्दिने देहि वैकु ठ कुर्मस्तेत्र नमोनम ।
सम्यग्भक्तिप्रपन्नाना प्रसाद कुरु केशव ॥१०
एवमुक्ते जनौघेन वसुदेवोऽतिविस्मित ।
विलोक्य बलभद्र च मा च कृत्वा रुरोद ह ।
एवमस्त्विति लोकाना कथयस्व यथातथा ॥११
ततश्च पितुरादेशात्तथा जन्माष्टमीव्रतम् ।
मथुराया जनौघाग्रे पार्थ सम्यक्प्रकाशितम् ॥१२
पौरजना जन्मदिन वर्षवर्षे ममोदितम् ।
पुनर्जन्माष्टमी लोके कुर्वंतु ब्राह्मणादय ।
क्षत्रिया वैश्यजातीया शूद्रा ये येऽपि धार्मिका ॥१३
सिंहराशिगते सूर्ये गगने जलदाकुले ।
मासि भाद्रपदेऽष्टम्या कृष्णपक्षेऽर्द्धरात्रके ।
वृषराशिस्थिते चन्द्रे नक्षत्रे रोहिणीयुते ॥१४

सभी मनुष्यो ने प्रणिपात किया था और महोत्सव देख कर सभी जन समुदाय ने उस समय म मुझम कहा था ॥८॥ हे नाथ ! अब ऐसा प्रसाद हम सब पर कीजिए कि इस लोक के ऊपर प्रसन्नता स हे जगन्नाथ ! जिस दिन म माता देवकी न आपको जन्म ग्रहण कराया था ॥९॥ उस दिन म वैकुण्ठ लोक को प्रदान कीजिए । वहा पर ऐसा ही कुछ हम किया करें आपको बारम्बार प्रणाम है । हे केशव ! भली भाँति भक्ति म प्रपन्न हमारे ऊपर आप अपनी कृपा कीजिए ॥१०॥ इस प्रकार स उस जन समुदाय के द्वारा कहने पर वसुदेव अत्यन्त ही विस्मित होगये थे । फिर भाई बलभद्र और मेरी ओर व विलोकन करके रुदन करने लगे थे । लोको क लिए ऐसा ही होवे—ऐसा यथा तथा आप कथन करिये ॥११॥ इसक अनन्तर पिता क आदेश से मैंने ही है

पार्थ ! मथुरा पुरी में उस महान् जन समुदाय के समक्ष में भली भाँति प्रकाशित किया था ॥१२॥ पुर के निवासी जन मेरे कहे हुए उस जन्म के दिन को प्रत्येक वर्ष में लोक में पुनः जन्माष्टमी ब्राह्मण आदि सभी लोग करें। चाहे क्षत्रिय हो या वैश्य एवं शूद्र और जो अन्य भी धार्मिक पुरुष हैं सभी इसे करें ॥१३॥ जिस समय में सिंह राशि पर सूर्य आते हैं और आकाश एक दम मेघों से समाकुल हो जाता है तब भाद्रपद मास मे कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि में अर्ध रात्रि के समय मे वृष राशि पर चन्द्रमा के उदय होने पर तथा रोहिणी नक्षत्र के योग में मेरा जन्म हुआ था ॥१४॥

वसुदेवेन देवक्यामहं जातो जनाः स्वयम् ।
एवमेतत्समाख्यातं लोके जन्माष्टमीव्रतम् ॥१५
भगवत्पार्श्वतो राजन्बहु रूपं महोत्सवम् ।
मथुरायास्ततः पश्चाल्लोके ख्याति गमिष्यति ।
शातिरस्तु सुखं चास्तु लोकाः सन्तु निरामयाः ॥
तत्कीदृशं व्रत देव लोकैः सर्वैरनुष्ठितम् ।
जन्माष्टमीव्रतं नाम पवित्रं पुरुषोत्तम ॥१७
येन त्वं तुष्टिमायासि लोकानां प्रभुरव्ययः ।
एतन्मे भगवन्ब्रूहि प्रसादान्मधुसूदन ॥१८
पार्थ तद्दिवसे प्राप्ते दंतधावनपूर्वकम् ।
उपवासस्य नियमं गृह्णीयाद्भक्तिभावितः ॥१९
एकेनैवोपवासेन कृतेन कुरुनंदन ।
सर्वजन्मकृतैः पापैर्मुच्यते नात्र संशयः ॥२०
उपावृत्तस्य पापेभ्योयस्तु वासो गुणैः सह ।
उपवासः स विज्ञेयः सर्वभोगविवर्जितः ॥२१

वसुदेव के द्वारा देवकी के उदर में मैं समुत्पन्न हुआ था और स्वयं ही मैंने जन्म ग्रहण किया था। मनुष्यों ने इस प्रकार से कहा था और लोक में जन्माष्टमी का व्रत हुआ था ॥१५॥ हे राजन् ! भगवान् के पार्श्व में यह बहुत से रूप वाला महान् उत्सव होगया था। इसके पश्चात्

यह उस मथुरा पुरी से सम्पूर्ण लोक म ख्याति को प्राप्त होगया था। शाति होवे–सुखोदय होवे और सभी लोग निरामय होवें ॥१६॥ युधिष्ठिर ने कहा–हे देव! वह कैसा व्रत है जो सभी लोको ने किया था? हे पुरुषोत्तम! जन्माष्टमी नाम वाला यह व्रत परम उत्तम व्रत होता है ॥१७॥ हे मधुसूदन! आप तो अविनाशी समस्त लोको के प्रभु हैं। जिससे आपको तुष्टि प्राप्त हो वही विधान मुझे बतलाइये। हे भगवन्! आपकी परम कृपा होगी ॥१८॥ श्रीकृष्ण ने कहा–हे पार्थ! जब वह पूर्वोक्त ग्रहगण से युक्त दिन प्राप्त होवे तो द त धावन पूर्वक भक्तिभाव से इस उपवास के नियम को ग्रहण करना चाहिए। हे कुरुनन्दन! यह एक ही उपवास ऐसा अद्भुत गुणो वाला है कि इसके करने पर मनुष्य सम्पूर्ण जन्मो म किये हुए सभी प्रकार के पापो से छुटकारा पाजाया करता है–इसमे कुछ भी सशय नही है ॥२०॥ उपावृत्त पापो से जो गुणो के सहित वास होता है उसी को उपवास जानना चाहिए। जो सभी भोगो से विशेष रूप से वर्जित हुआ करता है ॥२१॥

तत स्नात्वा च मध्याह्ने नद्यादौ विमले जले।
देव्या सुशोभन कुर्याद्देवक्या सूतकागृहम् ॥२२
पद्मरागै पत्रनेत्रैर्मंडित चर्चित शुभै।
रम्य तु वनमालाभी रक्षामणिविभूषितम् ॥२३
सर्वं गोकुल वत्कार्यं गोपीजनसमाकुलम्।
घण्टामदलसङ्गीतमाङ्गल्यकलशान्वितम् ॥२४
यवार्धं स्वस्तिका कुड्यं शखवादित्रसकुलम्।
बद्धासुरा लोहखड्गं प्रियच्छागसमन्वितम् ॥२५
धान्य विन्यस्य मुसल रक्षित रक्षपालकैः।
षष्ठया देव्या च सपूर्णैर्नैवेद्यैर्विविधै वृतं ॥२६
एवमादि यथाशेष कर्तव्य सूतिकागृहम्।
एतन्मध्ये प्रतिष्ठाप्या सा चाप्यष्टविधा स्मृता ॥२७
काचनी राजती ताम्री पैत्तली मृन्मयी तथा।
दार्वी मणिमयी चैव वर्णिका लिखिताथ वा ॥२८

पार्थ ! मथुरा पुरी मे उस महान् जन समुदाय के समक्ष मे भली भाँति प्रकाशित किया था ॥१२॥ पुर के निवासी जन मेरे कहे हुए उस जन्म के दिन को प्रत्येक वर्ष मे लोक मे पुन जन्माष्टमी ब्राह्मण आदि सभी लोग करें । चाहे क्षत्रिय हो या वैश्य एव शूद्र और जो अन्य भी धार्मिक पुरुष है सभी इसे करें ॥१३॥ जिस समय मे सिंह राशि पर सूर्य आते है और आकाश एक दम मेघो से समाकुल हो जाता है तब भाद्रपद मास मे कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि मे अध रात्रि के समय मे वृष राशि पर चन्द्रमा के उदय होने पर तथा रोहिणी नक्षत्र के योग मे मेरा जन्म हुआ था ॥१४॥

वसुदेवेन देवक्यामह जातो जना स्वयम् ।
एवमेतत्समाख्यात लोके जन्माष्टमीव्रतम् ॥१५
भगवत्पार्श्वतो राजन्बहु रूप महोत्सवम् ।
मथुरायास्तत पश्चाल्लोक ख्याति गमिष्यति ।
शातिरस्तु सुख चास्तु लोका सन्तु निरामया ॥
तत्कीदृश व्रत दव लोके सर्वैरनुष्ठितम् ।
जन्माष्टमीव्रत नाम पवित्र पुरुषोत्तम ॥१७
येन त्व तुष्टिमायासि लोकाना प्रभुरव्यय ।
एतन्मे भगवन्ब्रूहि प्रसादान्मधुसूदन ॥१८
पार्थ तद्दिवसे प्राप्त दतधावनपूर्वकम् ।
उपवासस्य नियम गृह्णीयाद्भक्तिभावित ॥१९
एकेनैवोपवासेन कृतेन कुरुनदन ।
सवजन्मकृतै पापैर्मुच्यते नात्र सशय ॥२०
उपावृत्तस्य पापेभ्योयस्तु वासो गुणै सह ।
उपवास स विज्ञेय सवभोगविवर्जित ॥२१

वसुदेव के द्वारा देवकी के उदर मे मैं समुत्पन्न हुआ था और स्वय ही मैंने जन्म ग्रहण किया था । मनुष्यो ने इस प्रकार से कहा था और लोक मे जन्माष्टमी का व्रत हुआ था ॥१५॥ हे राजन् ! भगवान् के पार्श्व से यह बहुत से रूप वाला महान् उत्सव होगया था । इसके पश्चात्

यह उस मथुरा पुरी से सम्पूर्ण लोक मे ख्याति को प्राप्त होगया था । शान्ति होवे–सुखोदय होवे और सभी लोग निरामय होवें ॥१६॥ युधिष्ठिर ने कहा–हे देव ! वह कैसा व्रत है जो सभी लोको ने किया था ? हे पुरुषोत्तम ! जन्माष्टमी नाम वाला यह व्रत परम उत्तम व्रत होता है ॥१७॥ हे मधुसूदन ! आप तो अविनाशी समस्त लोको के प्रभु हैं। जिससे आपको तुष्टि प्राप्त हो वही विधान मुझे बतलाइये । हे भगवन् ! आपकी परम कृपा होगी ॥१८॥ श्रीकृष्ण ने कहा–हे पार्थ ! जब वह पूर्वोक्त ग्रहगण से युक्त दिन प्राप्त होवे तो दन्त धावन पूर्वक भक्तिभाव से इस उपवास के नियम को ग्रहण करना चाहिए । हे कुरु-नन्दन ! यह एक ही उपवास ऐसा अद्भुत गुणो वाला है कि इसके करने पर मनुष्य सम्पूर्ण जन्मो मे किये हुए सभी प्रकार के पापो मे छुटकारा पाजाया करता है–इसमे कुछ भी सशय नही है ॥२०॥ उपावृत्त पापो से जो गुणो के सहित वास होता है उसी को उपवास जानना चाहिए । जो सभी भोगो स विशेष रूप से वर्जित हुआ करता है ॥२१॥

तत स्नात्वा च मध्याह्ने नद्यादौ विमले जले ।
देव्या सुशोभन कुर्याद्देवक्या सूतकागृहम् ॥२२
पद्मरागै पत्रनेत्रैर्मंडित चर्चित शुभैः ।
रम्य तु वनमालाभी रक्षामणिविभूषितम् ॥२३
सर्वं गोकुल वत्कार्यं गोपीजनसमाकुलम् ।
घण्टामर्दलसङ्गीतमाङ्गल्यकलशान्वितम् ॥२४
यवार्धं स्वस्तिका पुड्यं शखवादित्रसकुलम् ।
वद्धासुरा लोहखड्गं प्रियच्छागसमन्वितम् ॥२५
धान्ये विन्यस्य मुमल रक्षित रक्षपालकैः ।
षष्ठ्या देव्या च सपूर्णैर्नैवेद्यैर्विविधैः कृतैः ॥२६
एवमादि यथाशेष कर्तव्य सूतिकागृहम् ।
एतन्मध्ये प्रतिष्ठाप्या सा चाप्यष्टविधा स्मृता ॥२७
काचनी राजती ताम्री पैत्तैली मृन्मयी तथा ।
दार्वी मणिमयी चैव वर्णिका लिखिताथ वा ॥२८

इसके अनन्तर मध्याह्न में किसी नदी आदि तीर्थ एवं शुद्ध जलाशय के विमल जल में स्नान कर के फिर देवकी देवी का एक अत्यन्त शोभा युक्त सूतिका-गृह बनावे ॥२२॥ वह सूतिका गृह पद्म रागों से तथा शुभ पत्र नेत्रों से मण्डित एवं चर्चित करे और वनमालाओं से सुरम्य तथा रक्षा मणियों से भूषित करना चाहिए ॥२३॥ उसमें सभी गोकुल के समान ही गोपीजनों से उसे समाकुल बनाना चाहिए। जिसमें घण्टा, मर्दल-संगीत एवं मगल कलश भी विद्यमान होवें॥२४॥यवार्द्ध स्वस्तिका कुड्यों से युक्त तथा शंख वादित्र से संकुल वह सूतिका गृह होवे। वद्धा सुरा लोह खंग से संयुक्त एव प्रिय छाग से समन्वित उसे करे॥२५॥ धान्य मे मुसल का विन्यास करके रक्ष पालकों द्वारा उसे रक्षित रक्खे। षष्ठी देवी के सम्पूर्ण और विविध कृत नैवेद्यों से युक्त करे,इस प्रकार से जो कुछ भी शेष हो उस सब से युक्त सूतिका गृह को बना देवे। इसके मध्य में जो वह आठ प्रकार की बताई गई है उसको प्रतिष्ठापित करना चाहिए। वह सुवर्ण की हो-चांदी की-ताम्र की-पीतल की-मिट्टी की-काष्ठ की कणिका अथवा लिखित हो ॥२६-२८॥

सर्वलक्षणसम्पन्ना पर्यंकेचार्द्धसुप्तिका ।
प्रतप्तकांचनाभासा मया सह तपस्विनी ॥२९

प्रस्तुता च प्रसूता च तत्क्षणाच्च प्रहर्षिता ।
सा चापि बालकं सुप्तं पर्यंके स्तनपायिनम् ॥३०

श्रीवत्सवक्षसं पूर्णं नीलोत्पलदलच्छविम् ।
यशोदा चापि तत्रैव प्रसूता वरकन्यकाम् ॥३१

तत्र देवगृहं नागा यक्षविद्याधरानराः ।
प्रणताः पुष्पमालाग्रव्यग्रहस्ताः सुरासुराः ॥३२

संचरंत इवाकाशे प्राकारैरुदितोदितैः ।
वसुदेवोऽपि तत्रैव खड्गचर्मधरः स्थितः ॥३३
कश्यपो वसुदेवोयमदितिश्चापि देवकी ।
बलभद्रः शेषनागो यशोदादितिरजायत ॥३४

नन्द प्रजापतिर्दक्षो गर्गश्चापि चतुर्मुख ।
एषोवतारो राजेन्द्र कसोऽय कालनेमिज ।।३५
तत्र कसनियुक्ता ये दानवा विविधायुधा ।
ते च प्राहारिका सर्वे सुप्ता निद्राविमोहिता ।।३६

वह देवकी की प्रतिमा सब प्रकार के लक्षणो से सुसम्पन्न होनी चाहिए। एक पर्यङ्क पर अर्ध सुप्तिका दशा मे स्थित करे तो प्रकर्ष रूप से तपाये हुए सुवर्ण के समान कान्ति वाली हो और तपस्विनी उसके साथ मुझको भी विराजमान किया जावे ।।२९।। ऐसी प्रस्तुता और प्रसूता उसे वहा पर दिखलाया जावे जोकि उसी क्षण मे परम प्रहर्षित हो रही हो। बालक के स्वरूप म पर्यङ्क पर प्रसुप्त और स्तन का पान करने वाला मुझे भी दिखलाया जावे ।।३०।। मेरा स्वरूप ऐसा होना चाहिए जिसके वक्षस्थल में श्रीवत्स का चिह्न हो। पूर्ण नीलोत्पल दल की छवि वाला होना चाहिए। वही पर यशोदा भी एक श्रेष्ठ कन्या का प्रसव करने वाली होनी चाहिए ।।३१।। वहाँ पर उस देव गृह को नाग, यक्ष, विद्याधर, नरगण, सुर, असुर अपने हाथो म पुष्पो की मालाओ को ग्रहण किये हुए पणाम करने वाले थे ऐसा बनावे ।।३२।। उदितोदित प्राकारो से आकाश म सञ्चरण करने की भाति ही सब होरहे थे ऐसी रचना करे। वहा पर ही वसुदेव भी खग और चर्म को धारण किए हुए स्थित दिखलाने चाहिए ।।३३।। यह वसुदेव कश्यप और देवकी अदिति-बलभद्र शेष नाग-यशोदा दिति ने जन्म लिया था ।।३४।। नन्द प्रजापति दक्ष थे और चतुर्मुख गर्ग हुए थे। हे राजेन्द्र ! यह अवतार है और यह कस कालनेमिज है ।।३५।। वहा पर कस के द्वारा नियुक्त विविध आयुधो वाले जो दानव थे वे सभी प्राहरिक (पहरा देने वाले) थे। वे सभी निद्रा मे विमोहित होकर सो गये थे—यह भी वहाँ प्रदर्शित करना चाहिए ।।३६।।

गोधेनुकुञ्जराश्चास्य दानवा शस्त्रपाणय ।
नृत्यत्यप्सरसो हृष्टा गधर्वा गीततत्परा ।।३७

लेखनीयश्च तत्रैव कालियो यमुनाह्रदे ।
रम्यमेव विधिं कृत्वा देवकी नवसूतिकाम् ।।३८
ता पार्थ पूजयेद्भक्त्या गन्धपुष्पाक्षतैः फलैः ।
कुष्माण्डैर्नालिकेरैश्च खर्जूरैर्दाडिमीफलैः ।।३९
बीजपूरैः पूग फलैर्लकुचैस्त्रपुसैस्तथा ।
कालदेशोद्भवैर्मृष्टैः पुष्पैश्चापि युधिष्ठिर ।।४०
ध्यात्वावतार प्रागुक्त मन्त्रेणानेन पूजयेत् ।।४१
गायद्भिः किन्नराद्यैः सतनपरिवृता
वेणुवीणानिनादैर्भृङ्गारादर्शकुम्भ-
प्रमरकृतकरैः सेव्यमाना मुनीन्द्रैः ।
पर्यंके स्वास्तृते या मुदिततरमनाः
पुत्रिणी सम्यगास्ते सा देवी देवमाता
जयति सवदना देवकी कातरूपा ।।४२

गो धेनु कुञ्जर इसके और हाथो मे शस्त्र रखने वाले दानव थे । अप्सराएं परम हृष्ट होती हुई नृत्य करती हैं– गन्धर्वगण गीतो के पायन मे परायण हैं,ऐसा दृश्य विरचित करे वहीं यमुना के ह्रद मे कालिय नाग भी लिखना चाहिए । इस प्रकार की अति रम्य विधि को करके फिर उस नवीन प्रसव करने वाली देवकी का पूजन हे पार्थ ! गन्ध पुष्पाक्षत फलादि के द्वारा भक्तिभाव से करे । फलो मे कूष्माण्ड, नालिकेर, खजूर और दाडिम होने चाहिए ।।३७-३९।। बीजपूर–पूगफल–लकुच और त्रपुस भी होवें । हे युधिष्ठिर ! काल और देश के अनुसार समुत्पन्न हो तथा मृष्ट हो इसी भाँति पुष्प भी हो ।।४०।। प्रथम वर्णित अवतार का ध्यान करके इस मन्त्र से अर्चन करना चाहिए ।।४१।। निरन्तर गायन करने वाले किन्नरगण आदि से बराबर परिवृत रहने वाली–वेणु और वीणा के निनादो के द्वारा वे लोग गायन करने वाले हैं । भृंगार– आदर्श (शीशा) कुम्भ आदि जिनके करो मे विद्यमान हैं ऐसे मुनीन्द्रो के द्वारा सेव्यमान है–एक सुविस्तृत पर्यंक पर जो अत्यन्त मुदित मन

ाली—पुत्रिणी देव माता वह देवी भली भाँति सोई हुई है वह कान्त रूप ाली सुन्दर वदन वाली देवकी की जय हो ॥४२॥

पादावभ्यजयती श्रीर्देवक्याश्चारणांतिके ।
निषण्णा पङ्कजे पूज्या नमो देव्यै च मस्तः ॥४३
एवमादीनि नामानि समुच्चार्य पृथक्पृथक् ।
पूजयेयुर्द्विजाः सर्वे स्त्रीशूद्राणाममन्त्रकम् ॥४४
विध्यतरमपीच्छति केचिदत्र द्विजोत्तमाः ।
चन्द्रोदये शशाङ्काय अर्घ्यं दद्याद्धरिं स्मरेत् ॥४५
अनघ वामन शौरिं वैकुंठ पुरुषोत्तमम् ।
वासुदेव हृषीकेश माधव मधुसूदनम् ॥४६
वाराह पुण्डरीकाक्ष नृसिंह ब्राह्मणप्रियम् ।
दामोदर पद्मनाभ केशव गरुडध्वजम् ॥४७
गोविन्दमच्युत कृष्ण मनतमपराजितम् ।
अधोक्षज जगद्बीज सर्वस्थित्यतकारणम् ॥४८
अनादिनिधन विष्णु त्रैलोक्येश त्रिविक्रमम् ।
नारायण चतुर्बाहुं शखचक्रगदाधरम् ॥४९

देवकी देवी के चरणो के समीप मे उनके पादो का अभ्यजन करती श्री पकज मे निषण्ण है और पूजन के योग्य है उस देवी के लिये से नमस्कार है ॥४३॥ ॐ देवकी के लिये नमस्कार है—इसी भाँति व, बलभद्र—श्रीकृष्ण—सुभद्रा—नन्द और यशोदा के नाम मे चतुर्थी क्ति लगाकर पूर्व मे प्रणव और अन्त मे 'नम' का प्रयोग करे। इस र मे नामो को अलग-अलग उच्चारण करके द्विजगण सब अर्चन तथा स्त्री और शूद्रो को इन मन्त्रों की पूजन में आवश्यकता नहीं ४४॥ यहाँ पर कुछ द्विजोत्तम दूसरी विधि को भी करना चाहते न्द्रोदय के समय मे शशाक को अर्घ्य समर्पित करके हरि का स्मरण ा चाहिए ॥४५॥ उस स्मरण मे अधोअकित हरि के नामों का ारण करत हुए स्मरण करे—अनघ अर्थात् पाप से रहित—वामन— र—वैकुण्ठ—पुरुषोत्तम—वासुदेव—हृषीकेश अर्थात् विषयेन्द्रियों के ईश—

माधव–मधुसूदन–वाराह–पुण्डरीकाक्ष अर्थात् पुण्डरीक कमल दल के समान नेत्रो वाले–नृसिंह–ब्राह्मण प्रिय अर्थात् ब्राह्मणो से प्यार करने वाले–दामोदर–पद्मनाभ–केशव–गरुडध्वज–गोविन्द–अच्युत–कृष्ण–अनन्त –अपराजित–अधोक्षज–जगद्बीज अर्थात् इस जगत् के कारण स्वरूप –सर्ग (सृष्टि), स्थिति (ससार का पालन) और अन्त (सहार) के कारण –अनादि निधन अर्थात् आदि और अन्त से रहित–विष्णु–त्रैलोक्येश अर्थात् तीनो भुवनो के स्वामी–त्रिविक्रम–नारायण–चतुर्बाहु–शख चक्र गदाधर ।।४६-४९।।

पीताबरधर नित्य वनमालाविभूषितम् ।
श्रीवत्साङ्क जगत्सेतु श्रीधरे श्रीपति हरिम् ।।५०
योगेश्वराय योगेशभवाय योगपतये गोविन्दाय नमोनम ।
यज्ञ श्वराय यज्ञसभाय यज्ञ पतये गोविन्दाय नमोनम ।।५१
इत्यनुलेपनाघ्यार्चनधूपमल' ।
विश्वाय विश्वेश्वराय विश्वसभवाय
विश्वपतये गोविन्दाय नमोनम. ।।५२
धर्मेश्वराय धर्मपतये धर्मसभवाय गोविन्दाय नमोनम. ।।५३
क्षीरोदार्णवसभूत अत्रिनेत्रसमुद्भव ।
गृहाणार्घ्य शशाकेन्दो रोहिण्या सहितो मम ।।५४
स्थडिले स्थापयेद्देव सचन्द्रा रोहिणी तथा ।
देवकी वसुदेव च यशोदा नन्दमेव च ।।५५
बलदेव तथा पूज्य सर्वपापै प्रमुच्यते ।
अर्द्ध रात्रे वसोर्द्धारा पातयेद्गुडसर्पिपा ।।५६

पीताम्बरधर–नित्य–वनमाला विभूषित–श्रीवत्साक–जगत्सेतु–श्रीधर –श्रीपति–हरि–इन भगवन्नामो का स्मरण करते हुए ।।५०।। योगेश्वर योग भव–योग पति गोविन्द के लिये बारम्बार नमस्कार है–यह स्नान कराने का मन्त्र है। इसको कह कर स्नान करावे। योगेश्वर–यज्ञ सम्भव–यज्ञपति गोविन्द की सेवा मे प्रणाम बारम्बार है। अनुलेपन और अर्घ्य आदि अर्चन धूप का मन्त्र है। यह समर्पित करने का मन्त्र है–इसको

पढ कर समर्पित करना चाहिए। विश्व–विश्वेश्वर–विश्व सम्भव–यह सभी विश्व के पति के लिये गोविन्द की सन्निधि मे बारम्बार नमस्कार है। यह नैवेद्य भेट करने का मन्त्र है। धर्म के ईश्वर–धर्म के पति–धर्म से समुत्पन्न गोविन्द प्रभु के लिये पुन:-पुन: प्रणाम है—*यह दीपासन का* मन्त्र है ॥५०-५३॥ हे क्षीर सागर से समुत्पन्न–अत्रि के नेत्र से समुद्भव वाले! हे शशाकेन्दो! रोहिणी के सहित आप मेरा यह अर्घ्य ग्रहण कीजिए ॥५४॥ स्थण्डिल मे देव को स्थापित करे तथा चन्द्र के सहित रोहिणी की भी *स्थापना करे–देवकी–वसुदेव–यशोदा–नन्द–बलदेव* की स्थापना करे और फिर पूजन करे तो वह सब पापो से मुक्त हो जाया करता है। आधीरात मे गुड और घृत से वसुधारा का पातन करना चाहिए ॥५५-५६॥

ततो वर्द्धापनं षष्ठीनामादिकरणं मम ।
कर्तव्यं तत्क्षणाद्रात्रौ प्रभाते नवमीदिने ॥५७
यथा मम तथा कार्यो भगवत्या महोत्सवः ।
ब्राह्मणान्भोजयेच्छक्त्या तेभ्यो दद्याच्च दक्षिणाम् ॥५८
हिरण्य काञ्चनं गावो वासासि कुसुमानि च ।
यद्यदिष्टतमं तत्तत्कृष्णो मे प्रीयतामिति ॥५९
यमेव देवकी देवी वसुदेवादजीजनत् ।
भौमस्य ब्रह्मणो गुप्त्यै तस्मै ब्रह्मात्मने नमः ॥६०
सुजन्मवासुदेवाय गोब्राह्मणहिताय च ।
शान्तिरस्तु शिवं चास्तु इत्युक्त्वा तु विसर्जयेत् ॥६१
एवं य कुरुते देव्या देवक्या. सुमहोत्सवम् ।
वर्षेवर्षे भगवतो मद्भक्तो धर्मनन्दन ॥६२
नरो वा यदि वा नारी यथोक्तफलमाप्नुयात् ॥६३

इसके अनन्तर वर्द्धापन और मेरा षष्ठी–नाम आदि का कर्म करना चाहिए जो कि उसी क्षण मे रात्रि मे ही सब करे फिर प्रभात मे नवमी के दिन मे जो करना चाहिए–उसे *बतलाया जाता है* ॥५७॥ *जिस तरह* मे यह मेरा उत्सव करे उसी भाति भगवती का महोत्सव भी करना

चाहिए। अपनी शक्ति के अनुसार ब्राह्मणो को भोजन करावे और उनको दक्षिणा देनी चाहिए ॥५८॥ सुवर्ण--काञ्चन--गो--वस्त्र और कुसुम जो-जो भी अभीष्ट हो वह-वही देवे और कहे--भगवान् कृष्ण मुझ पर प्रसन्न होवें ॥५६॥ जिसको देवी देवकी ने वसुदेव से जन्म दिया है और भौम ब्रह्मा की रक्षा करने के लिये समुत्पन्न किया है उस ब्रह्मात्मा के लिये नमस्कार है ॥६०॥ सुजन्म वासुदेव के लिये और गौ तथा ब्राह्मणो के परम हितैषी के लिये शान्ति होवे शिव होवे—यह कह कर फिर विसर्जन करना चाहिए ॥६१॥ इस तरह से जो भी कोई देवी देवकी का यह परम सुन्दर महान् उत्सव किया करता है और प्रति वर्ष करता है हे धर्मनन्दन ! वह भगवान् का मेरा भक्त होता है ॥६२॥ चाहे वह कोई पुरुष हो या नारी हो उसे जैसा भी कहा गया है वह फल प्राप्त होता है ॥६३॥

पुत्रसतानमारोग्य धनधान्यादिसद्गृहम् ।
शालीक्षुयवसपूर्णमण्डल सुमनोहरम् ॥६४

तस्मिन्राष्ट्रे प्रभुर्भुंक्ते दीर्घायुर्मनसप्सितान् ।
परचक्रभय नास्ति तस्मिन्राज्येऽपि पाण्डव ॥६५

पर्जन्य कामवर्षी स्यादीतिभ्यो न भय भवेत् ।
यस्मिन्गृहे पाडुपुत्र क्रियते देवकीव्रतम् ॥६६

न तत्र मृत निष्क्रातिर्न गर्भपतन तथा ।
न च व्याधिमय तत्र भवेदिति मतिर्मम ॥६७

न वद्यजनसयोगो न चापि कलहो गृहे ।
सपर्कणापि य कश्चित्कुर्याज्जन्माष्टमीव्रतम् ।
विष्णुलोकमवाप्नोति सोऽपि पाथ न सशय ॥६८

जन्माष्टमी जनमनोनयनाभिरामा
पपापहा सपदिनदितनदगोपा ।
यो देवकी सदयिता यजती ह तस्या
पुत्रानवाप्य समुपैति पद स विष्णो ॥६६

पुत्र सन्तान--आरोग्य--धनधान्य आदि से सुसम्पन्न गृह--शालि--इक्षु--यव आदि से सम्पूर्ण मण्डल जो बहुत ही मनोहर हो उसे प्राप्त हुआ करता है ॥६४॥ उस राष्ट्र मे प्रभु होकर दीर्घायु और मन के सभी अभीष्ट फलो का भोग किया करता है। हे पाण्डव! उस राज्य मे फिर परचक्र का कोई भी भय नही हुआ करता है ॥६५॥ वहा पर मेघ इच्छा के अनुसार वर्षा के करने वाला होता है और ईतियो का कभी कोई वहा पर भय नही हुआ करता है जो कि छै प्रकार की अति वृष्टि—अनावृष्टि आदि मानी गयी हैं। हे पाण्डुपुत्र! जिस घर मे यह देवकी व्रत को किया जाता है वहा पर किसी मृत पुरुष की सक्रान्ति--गर्भ का पतन—व्याधियो के उत्पन्न होने का भय कभी भी नही होते हैं—ऐसी मेरी मति या विचार है ॥६६-६७॥ न तो उस घर म वैद्यजनो का सयोग ही होता है और न कोई किसी तरह का कलह होता है। जो कोई सपर्क से भी इस जन्माष्टमी के व्रत को कर लिया करता है हे पार्थ! वह भी अन्त म विष्णु लोक को प्राप्त किया करता है—इसमें लेशमात्र भी सशय नही है ॥६८॥ यह श्रीकृष्ण जन्माष्टमी जनसमुदाय के मन और नेत्रो को अति अभिराम है। यह पापो का अपहरण करने वाली और तुरन्त ही नन्द गोपो को आनन्दित करने वाली है। जो व्यक्ति (वसुदेव) के सहित देवकी देवी का इसमे यजन किया करता है वह पुत्रपौत्रादि की प्राप्ति कर अन्त मे भगवान् विष्णु के पद को प्राप्त करता है ॥६९॥



॥ दशावतार चरित्र माहात्म्य ॥

पूर्वं कृतयुगस्यादौ भृगोर्भार्या महासती ।
दिव्यारामाश्रमे रम्या गृहकार्यकतत्परा ॥१
बभूव सा भृगोर्नित्य हृदयेप्सितकारिणी ।
तस्या मुनिर्महातेजा अग्निहोत्र निधाय च ॥२
विष्णोस्त्रासाद्दानवाना कुलत्राणसमाकुलम् ।
मुक्त्वा युद्धस्थित पार्श्वं समर्प्य मुनिपु गव. ॥३

दत्वा निक्षपेक सर्व दिव्यायै सुमहातपाः ।
जगाम हिमवत्पार्श्वे हर तोषयितु रह ॥४
सजीवनीकृते नित्य कर्णधू ममधोमुखः ।
पपौ दानवराजस्य विजयाय पुरोहितः ॥५
आजगाम गते तस्मिन्गरुडेनाश्रितो हरिः ।
अभ्येत्य जल्पन चक्रं चक्रेणोत्कृत्तकधरम् ॥६
गलद्रुधिरसपन्न लोहितार्णवसनिभम् ।
दृष्ट्वासुरबल सर्वं निहत विष्णुना तदा ।
दिव्या सशप्तुकामाभूद्विष्णु सास्राविलेक्षणा ॥७

श्रीकृष्ण ने कहा—पहिले कृत युग के आदि काल मे भृगु की भार्या जो महासती थी तथा दिव्य आरामाश्रम मे परम रम्य थी और गृह के सभी कार्यों मे परायण रहा करती थी ॥१॥ वह नित्य ही महर्षि भृगु के हृदय के इच्छित कार्यों के करने वाली थी। महान् तेजस्वी मुनि ने उस अपनी भार्या को अग्नि होत्र के कर्म मे नियुक्त कर दिया था ॥२॥ मुनि श्रेष्ठ ने जो महान् तपस्वी थे दानवो को विष्णु के त्रास से युक्त-कुल की रक्षा के लिये परम आतुर तथा युद्ध मे स्थित छोड कर पार्श्व मे सब कुछ समर्पित करके और दिव्या के लिये सब कुछ निक्षेप देकर हिमालय गिरि के पार्श्व मे एकान्त मे भगवान् शम्भु को प्रसन्न करने के लिये चले गये थे ॥३-४॥ नित्य ही दानवराज की सजीवनी एव विजय के लिये पुरोहित भृगु ने अधोमुख होकर कर्णों से धूम का पान किया था ॥५॥ उसके चले जाने पर गरुड पर समारूढ होकर भगवान् हरि आ गये थे और वहां आकर चक्र से उत्कृत्त (करी हुई) कन्धरा का जल्पन किया था ॥६॥ बहते हुए रुधिर से युक्त लाल सागर के समान समस्त असुरो की सेना उस समय मे विष्णु के द्वारा निहित हो गई थी। उस समय मे आँसुओं से मलिन मुख वाली दिव्या विष्णु को शाप देने की इच्छा वाली हो गई थी ॥७॥

यावन्नोच्चरते वाच चक्रेण कृत्तकधरम् ।
तावन्निपातयामास शिरस्तस्याः मखुण्डलम् ॥८

प्राप्य सजीवनी विद्या यावदायात्यसौ मुनि ।
तावत्स दैत्यान्नापश्यत्पश्यति स्म निपातितम् ॥६
रोषाच्छ शाप च हरि भ्रु कुटीकुटिलानन ।
अवश्यभावभावित्वाद्विश्वस्य हितकारणात् ॥१०
यस्मात्त्वया हता दैत्या ब्रह्मणो मत्परिग्रहा ।
तस्मात्त्व मानुषे लोके दश वारा गमिष्यसि ॥११
अतोऽयं मानुषे लोके रक्षार्थं च महीक्षिताम् ।
अवतार चकाराह भूयोभूय पृथग्विधम् ॥१२
पूर्वोक्ते कारणे पार्थ अवतीर्णं महीतले ।
मा नरा येऽर्चयिष्यति तेषा वासस्त्रिविष्टपे ॥१३

जब तक वह दिव्या शाप देने के लिये मुख से वचनो का उच्चारण नही कर पाती है तब तक तो विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र के द्वारा उसकी कन्धरा को काट डाला था और उसका कुण्डलों के सहित शिर काट कर नीचे गिरा दिया था ॥८॥ यह भृगु मुनि सजीवनी विद्या को प्राप्त करके जब तक वहा पर वापिस लौटकर आते हैं तब तक तो वहा पर उसने दैत्यो को नही देखा था और सब को निपातित देख पाये थे ॥६॥ उनको यह दशा दैत्यों की देखकर बडा रोष उत्पन्न हो गया था तथा टेढी भृकुटियो वाला मुख करके भृगु ने हरि को शाप दे दिया था जो कि अवश्य भाव से भावी विश्व के हित के कारण मे ही दिया था ॥१०॥ क्योकि तू ने मुझ ब्राह्मण के परिगृहीत दैत्यो का हनन कर डाला है इसलिये मैं यह शाप देता हू कि तुम मनुष्य लोक म दश बार जाओगे ॥११॥ इसी लिए मैंने मनुष्य लाक म राजाओं की रक्षा के लिये बारम्बार पृथक् २ प्रकार के अवतार किये थे ॥१२॥ इन पूर्व मे कथित कारणो म हे पार्थ ! मैं इस मही मण्डल म अवतीर्ण हुआ था । जो नर मेरी समर्चना किया करते हैं उनका निवास निश्चय ही त्रिविष्टिप म होता है ॥१३॥

व्रत दशावताराख्य कृष्ण ब्रूहि सविस्तरम् ।
समग्र सरहस्य च सर्वपापप्रणाशनम् ॥१४

दत्वा निक्षपेक सर्व दि०यार्यं सुमहातपा ।
जगाम हिमवत्पार्श्वे हर तोषयितु रह ॥४
सजीवनीकृते नित्य कर्णधूं ममधोमुख ।
पपौ दानवराजस्य विजयाय पुरोहित ॥५
आजगाम गते तस्मिन्गरुडेनाश्रितो हरि ।
अभ्येत्य जल्पन चक्रे चक्रेणोत्कृत्तकधरम् ॥६
गलद्रुधिरसपन्न लोहिताणवसनिभम् ।
दृष्ट्वासुरबल सर्वं निहत विष्णुना तदा ।
दिव्या सशप्तुकामाभूद्विष्णु सास्राविलेक्षणा ॥७

श्रीकृष्ण ने कहा—पहिले कृत युग के आदि काल मे भृगु की भार्या जो महासती थी तथा दिव्य आरामाश्रम म परम रम्य थी और गृह के सभी कार्यों मे परायण रहा करती थी ॥१॥ वह नित्य ही महर्षि भृगु के हृदय के इच्छित कार्यों के करने वाली थी। महान् तेजस्वी मुनि ने उस अपनी भार्या को अग्नि हात्र के कम म नियुक्त कर दिया था ॥२॥ मुनि श्रष्ठ ने जो महान् तपस्वी थे दानवो को विष्णु के त्रास स युक्त—कुल की रक्षा के लिये परम आतुर तथा युद्ध मे स्थित छोड़ कर पाश्व म सब कुछ समर्पित करके और दिव्या के लिये सब कुछ निक्षेप देकर हिमालय गिरि के पाश्व म एकान्त मे भगवान् शम्भु को प्रसन्न करने के लिये चले गये थे ॥३ ४॥ नित्य ही दानवराज की सजीवनी एव विजय के लिये पुरोहित भृगु ने अधोमुख होकर कर्णों से धूम का पान किया था ॥५॥ उसके चले जाने पर गरुड पर समारूढ होकर भगवान् हरि आ गये थे और वहाँ आकर चक्र से उत्कृत्त (करी हुई) कधरा का जल्पम किया था ॥६॥ बहते हुए रुधिर स युक्त लाल सागर के समान समस्त असुरा की सेना उस समय म विष्णु के द्वारा निहित हो गई थी। उस समय म आँसुओ स मलिन मुख वाली दिव्या विष्णु को शाप देने की इच्छा वाली हो गई थी ॥७॥

यावन्नोच्चरते वाच चक्रेण कृत्तकधरम् ।
तावन्निपातयामास शिरस्तस्या मकुण्डलम् ॥८

प्राप्य सजीवनी विद्या यावदायात्यसौ मुनि ।
तावत्स दैत्यान्नापश्यत्पश्यति स्म निपातितम् ॥६
रोषाच्छ शाप च हरिं भ्रुकुटीकुटिलानन ।
अवश्यभावभावित्वाद्विश्वस्य हितकारणात् ॥१०
यस्मात्त्वया हता दैत्या ब्रह्मणो मत्परिग्रहा ।
तस्मात्त्व मानुषे लोके दश वारा गमिष्यसि ॥११
अतोऽर्थं मानुषे लोके रक्षार्थं च महीक्षिताम् ।
अवतार चकाराह भूयोभूय पृथग्विधम् ॥१२
पूर्वोक्त कारणै पार्थ अवतीर्णं महीतले ।
मा नरा येऽर्चयिष्यति तेषा वासस्त्रिविष्टपे ॥१३

जब तक वह दिव्या शाप देने के लिये मुख से वचनो का उच्चारण नही कर पाती है तब तक तो विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र के द्वारा उसकी कधरा को काट डाला था और उसका कुण्डलो के सहित शिर काट कर नीचे गिरा दिया था ॥८॥ यह भृगु मुनि सजीवनी विद्या को प्राप्त करके जब तक वहा पर वापिस लौटकर आते हैं तब तक तो वहा पर उसने दैत्यो को नही देखा था और सब को निपातित देख पाये थे ॥६॥ उनको यह दशा दैत्यो की देखकर बडा रोष उत्पन्न हो गया था तथा टेडी भृकुटियो वाला मुख करके भृगु ने हरि को शाप दे दिया था जो कि अवश्य भाव से भावी विश्व के हित के कारण से ही दिया था ॥१०॥ क्योकि तू न मुझ ब्राह्मण के परिगृहीत दैत्यो का हनन कर डाला है इसलिये मैं यह शाप देता हू कि तुम मनुष्य लोक म दश बार जाओगे ॥११॥ इसी लिये मैंने मनुष्य लोक म राजाओ की रक्षा के लिये बारम्बार पृथक् २ प्रकार के अवतार किये थे ॥१२॥ इन पूव म कथित कारणो म हे पार्थ ! मैं इस मही मण्डल म अवतीर्ण हुआ था । जो नर मेरी समचना किया करते हैं उनका निवास निश्चय ही त्रिविष्टिप म होता है ॥१३॥

व्रत दशावतारास्य कृष्ण ब्रूहि सविस्तरम् ।
समग्र सरहस्य च सर्वपापप्रणाशनम् ॥१४

करावे ॥१६॥ नवम वर्ष कर्णवेष्ट और दशवें मे शुभ खण्डक बनवावे। दश धेनु दशहरे दश विप्रों को दिलावे ॥२०॥ हे भरतर्षभ! जो जिस प्रकार से बतलाया गया है उसे क्रम से खिला कर अर्द्ध का अर्द्ध पीस लेवे और अर्द्धार्द्ध द्विजाति के लिये देवे। स्वत भी अर्ध का अशन करे और किसी रम्य जलाशय मे जाकर करना चाहिए ॥२१॥

दशावतारा नभ्यर्च्य पुष्पधूपविलेपनैः।
मन्त्रेणानेन मेधावी करिमभ्युक्ष्य वारिणा ॥२२
मत्स्य कूर्म वराह च नरसिंह त्रिविक्रमम्।
श्रीराम राम कृष्णौ च बुद्ध चैव सकल्किनम् ॥२३
गतोऽस्मि शरण देव हरिं नारायण प्रभुम्।
प्रणतोऽस्मि जगन्नाथ स मे विष्णु प्रसीदतु ॥२४
छिनत्तु वैष्णवी माया भक्त्या जातो जनार्दन।
श्वेतद्वीप नयस्वस्मान्समात्मनि निवेदयेत् ॥२५
एव य कुरुते पार्थ विधिनानेन सुव्रत।
दशावतारनामाख्य तस्य पुण्यफल शृणु ॥२६
श्रूयते यास्त्विमालोच्य पुरणाणा दशा दश।
ताश्छिनत्ति न संदेहः शक्रप्रहरणैर्हरिः ॥२७

दश अवतारों का अभ्यर्चन पुष्प धूप लेपन आदि से करे। मेधावी पुरुष को इस मन्त्र से जल के द्वारा हरि का अभ्युक्षण करना चाहिए ॥२२॥ मत्स्य--कूर्म--वराह--नरसिंह--त्रिविक्रम--श्रीराम--राम--कृष्ण--बुद्ध और कल्कि देव--हरि--नारायण प्रभु की मै शरणागति प्राप्त हो गया हूँ। जगत के नाथ के समक्ष मैं प्रणत होता हूँ। वह भगवान् विष्णु मुझ पर प्रसन्न होवें ॥२३-२४॥ भक्ति से जन्म-ग्रहण करने वाले जनार्दन प्रभु वैष्णवी माया का छेदन करें। हमको श्वेतद्वीप म ले जाते हैं। समात्मा मे निवेदन करे ॥२५॥ हे पार्थ! जो कोई इस प्रकार से करता है। हे सुव्रत! इस वर्णित विधान से जो इस दशावतार नाम वाले व्रत को किया करता है अब उसके पुण्य के फलों का आप श्रवण कीजिए ॥२६॥ पुराणों के जो ये दश दशाएँ हैं उनका आलोचन करके जो वे

श्रवण की जाती हैं वे छेदन कर दिया करती हैं। जिस प्रकार शक्र प्रहरणों से हरि किया करते हैं—इसमें कुछ भी सन्देह नहीं है ॥२७॥

समारसागरे घोरे मज्जत तस मां हरि ।
श्वेतद्वीप नयत्वाशु व्रतेनानेन तोषित ॥२८
किं तस्य न भवल्लोके यस्य तुष्टो जनादन ।
सोऽहं जनादनो राजन्कालरूपी धरासुत ।
मत्यलोके स्वयं पार्थ भूभारोत्तारकारणम् ॥२६
या स्त्रीव्रतमिदं पार्थ चरिष्यति मयोदितम् ।
सा लक्ष्म्याऽचलया युक्ता भर्तृपुत्रसमन्विता ॥३०
मत्यलोके चिरं स्थित्वा विष्णुलोके महीयते ।
विष्णुलोकाद्रुद्रलोकं ततो याति परं पदम् ॥३१
य पूजयति पुरुषा पुरुषोत्तमस्य
मत्स्यादिकास्तु दशमीषु दशावतारान् ।
मर्त्या दशस्वपि दशासु सुख विहृत्य
ते याति यानमधिरुह्य सुरेशलोकान् ॥३२

इस व्रत के द्वारा सन्तुष्ट भगवान् हरि ससार सागर मे डूबते हुए मुझको वहा श्वेत द्वीप मे शीघ्र ही ले जावें ॥२८॥ भगवान् जनार्दन जिससे परम सन्तुष्ट हो जावें उसको इस लोक मे क्या नहीं होता है ? अर्थात् सभी कुछ उसे प्राप्त हो जाया करता है । हे पार्थ ! इस मनुष्य लोक मे भूमि के भार के उत्तारण के कारण से हे राजन् ! वह मैं काल रूपी धरासुत जनार्दन हू ॥२६॥ हे पार्थ ! जो सती मेरे द्वारा कथित इस व्रत को करेगी वह भी अचल लक्ष्मी से युक्त होकर भर्त्ता और पुत्रादि से समन्वित हुआ करती है ॥३०॥ मर्त्य लोक मे चिरकाल तक स्थित रह कर वह अन्त मे विष्णु लोक मे प्रतिष्ठित हुआ करती है । विष्णु लोक से रुद्र लोक मे और फिर परम पद को प्राप्त हो जाती है ॥३१॥ जो पुरुष इन मत्स्य आदि पुरुषोत्तम के दश अवतारो का दशमी तिथियो मे पूजन किया करते हैं व मनुष्य दशो दशाओ मे सुख का त्याग करके वे यान मे अधिरोहण करके सुरेश लोको को जाया करते हैं ॥३२॥

॥ गोवत्स-द्वादशी माहात्म्य ॥

अक्षौहिण्यो दशाष्टौ च मद्राज्यार्थे क्षय गता ।
तेन पापेन मे चित्ते जुगुप्सातीव वर्तते ॥१
तत्र ब्राह्मणराजन्यवैश्यशूद्रादयो हृता ।
भीष्मद्रोणकलिंगादिकर्णशल्यसुयोधना ॥२
तेषा वधेन यत्पाप तन्मे मर्माणि कृतति ।
पापप्रक्षालन कश्चिद्धर्म ब्रूहि जगत्पते ॥३
सुमहत्पुण्यजनन गोवत्सद्वादशीव्रतम् ।
अस्ति पार्थ महाबाहो पाडवाना धुरधर ॥४
केय गोद्वादशी नाम विधान तत्र कीदृशम् ।
कथमपा समुत्पन्ना कस्मिन्काले जनार्दन ॥५
एतत्सर्वं हरे ब्रूहि पाहि मा नरकार्णवात् ॥६

युधिष्ठिर ने कहा—मरे राज्य के प्राप्त करन क लिए अठारह अक्षौहिणी सेना क्षय को प्राप्त होगई थी । उस महापाप से चित्त म अत्यन्त जुगुप्सा वर्त्तमान रहा करती है ॥१॥ उस महायुद्ध म ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र प्रभृति सभी निहत हुए थे जिनम पितामह भीष्म, गुरुद्रोण, कलिङ्गादि कर्ण, शल्य और सुयोधन थे ॥२॥ उस वध स जो पाप हुआ है वह मरे मर्म स्थलो का कृन्तन किया करता है । हे जगत्पत ! पापो क प्रक्षालन करने वाला कोई धर्म बतलाइये ॥३॥ श्रीकृष्ण ने कहा—एक सुमहान् पुण्य को उत्पन्न करन वाला गोवत्स द्वादशी का व्रत होता है । हे महाबाहो ! ह पाण्डवो म धुर धर ह पार्थ ! यह एसा ही व्रत है ॥४॥ युधिष्ठिर न कहा—यह गोद्वादशी नाम वाली कौन सी है और उसका विधान किस प्रकार का होता है ? यह कैस उत्पन्न हुई थी ? ह जनार्दन ! यह भी बतलाइये यह किस समय म समुत्पन्न हुई है ? हे हरे ! यह सभी मुझ आप बतलाइये और मुझको नरक रूपी सागर स बचाइये ॥५-६॥

पुरा कृतयुगे पार्थ मुनिकोटि समागता ।
तपश्चचार विपुल नामव्रतधरा गिरौ ॥७
हर्षेण महताविष्टा देवदर्शनकाक्षया ।
जबूमार्गे महापुण्ये नामतीर्थविभूषिते ॥८
पारयाने सिद्धपात्रे रम्ये तदुलिकाश्रमे ।
टटाविरिति विख्याते उत्तमे शिखरे नृप ॥९
तापसारण्यमतुल दिव्यकाननमडितम् ।
वशिष्ठशुक्रागिरसक्रतुदक्षादिभिर्वृतम् ॥१०
वल्कलाजिनसवीतैर्भृगोराश्रममडलम् ।
नानामृगगणैर्जुष्टं शखामृगगणैर्युतम् ॥११
प्रशातसिहहरिण सर्ववस्तुगतद्रुमम् ।
गहन निर्झरं रम्य लतासतानसकुलम् ॥१२
सिंहव्याघ्रगजैर्भिन्न हरिणै शवरै शशै ।
वराहैरुरुभिश्छिन्ने समतादुपशोभितम् ॥१३
तपस्यता तत्र तेषा मुनीना दर्शनार्थिनाम् ।
व्याज चक्रे महीनाथ द्वादशार्धार्धलोचन ॥१४

श्रीकृष्ण ने कहा—हे पार्थ ! पहिले कृतयुग मे मुनियो की कोटि समागत हुई थी जो नाम व्रत के धारण करने वाली थी उसने गिरि मे विपुल तपश्चर्या की थी । यह मुनि मण्डली महान् हर्ष से समाविष्ट थी और देव के दर्शन की आकाक्षा से ही तप किया था । एक महा पुण्यमय जम्बूमार्ग मे जो नाम तीर्थ से विभूषित था ॥७ ८॥ वहा सिद्ध पात्र रम्य परियान तन्दुलिकाश्रम मे हे नृप ! एक टटावि—इस नाम से परम विख्यात उत्तम शिखर था ॥९॥ उसमे अनुपम तपोवन था जो दिव्य कामनो से समलकृत था और उसमे वसिष्ठ—शुक्र—आङ्गिरस—क्रतु-दक्ष आदि सभी विममान थे ॥१०॥ ये सभी मुनिगण वल्कल और मृगचर्म के धारण करने वाले थे । भृगु का आश्रममण्डल अनेक मृगगणो के द्वारा सवित था तथा शाखामृगो से भी युक्त था ॥११॥ इसमे परम प्रशान्ति वाले सिह और हरिण रहा करते थे । तथा सब वस्तु गत द्रुम

थे। यह अति गहन—निर्ऋत और सुन्दर था एव लताओ के विस्तार से सकुल था ॥१२॥ सिंह—गज और व्याघ्रो से भिन्न हरिण—शवर—शश-वराह—रुरु जो चित्र विचित्र भाँति के थे इन सब से यह आश्रम परम शोभित था ॥१३॥ वहा पर देव दर्शन के अर्थी उन मुनियो के तप करने पर द्वादशार्धार्ध लोचन महीनाथ ने एक व्याज(छद्म)किया था ॥१४॥

बभूव ब्राह्मणो वृद्धो जरापाडुरमूर्द्धजः ।
श्लथच्चर्मतनुः कुब्जो यष्टिपाणि सवेपथु ।
उमापि चक्रे गोरूप शृणु तत्पार्थ यादृशम् ॥१५

क्षीरोदतोयसभूता या. पुरामृतमंथने ।
पञ्च गावः शुभाः पार्थ पञ्चलोकस्य मातर ॥१६

नन्दा सुभद्रा सुरभी सुशीला बहुला इति ।
एता लोकोपकाराय देवाना तर्पणाय च ॥१७

जमदग्निभरद्वाजवशिष्ठासितगौतमाः ।
जगृहु. कामदा. पञ्च गावो दत्ता: सुरैस्ततः ॥१८
गोमय रोचना मूत्र क्षीर दधि घृत गवाम् ।
पडगानि पवित्राणि सशुद्धिकरणानि च ॥१९
गोमयादुत्थितः श्रीमान्बिल्ववृक्षः शिवप्रियः ।
तत्रास्ते पद्महस्ता श्री. श्रीवृक्षस्तेन स स्मृतः ।
बीजान्युत्पलपद्माना पुनर्जातानि गोमयात् ॥२०

गोरोचना च मागल्या पवित्रा सर्वसाधिका ।
गोमूत्राद्गुग्गुलुर्जातः सुगधि प्रियदर्शन ।
आहारः सर्वदेवाना शिवस्य च विशेपत. ॥२१

वह देवेश्वर एक अति वृद्ध ब्राह्मण हो गये थे । जिसके वृद्धता के कारण समस्त केश पाण्डुर वर्ण के होगये थे । शरीर का चर्म श्लथ था—कुब्ज (कुबडा) था—हाथ मे एक यष्टि (लाठी) को ग्रहण करने वाला और कम्प युक्त था । उस समय मे उमा देवी ने भी गोरूप धारण किया था । हे पार्थ ! वह जिस प्रकार का था उसका तुम श्रवण करो ॥१५॥

पहिले अमृत के लिये मन्थन करने के समय मे क्षीर सागर के जल से जन्म ग्रहण करने वाली पाच गौऐ परम शुभ पाँच लोक की माताऐं हुई थी ।।१६।। नन्दा–सुभद्रा–सुरभी–सुशीला–बहुला–ये उनके नाम है । ये लोको के उपकार क लिये और देवो के तपण के लिये ही समुत्पन्न हुई थी ।।१७।। जमदग्नि–भरद्वाज–वशिष्ठ–असित–गौतम ने इन पाँच गौओ को ग्रहण किया था और सुरगण ने इनको दिया था ।।१८।। गोमय–रोचना–मूत्र–क्षीर–दधि और गौओ का घृत ये छै अ ग परम पवित्र होने हैं तथा सशुद्धि के करने वाले भी हुआ करते हैं ।।१६।। गोमय से श्रीमान् भगवान् शिव का प्रिय विल्व का वृक्ष समुत्थित हुआ था । वहाँ पर पद्म हाथ मे लेने वाली श्री विराजमाना रहती है अतएव उसे श्रीवृक्ष भी कहा गया है । फिर गोमय से उत्पल पद्मो के बीज उत्पन्न हुए थे ।।२०।। गोरोचना मागलिक होती है–पवित्र है और सब की साधिका हुआ करती है । गोमूत्र गुलु उत्पन्न हुआ जो सुन्दर ग ध वाला और देखने मे प्रिय होता है । यह सभी देवो का आहार है तथा शिव का विशेष रूप से होता है ।।२१।।

यद्वीज जगत किञ्चित्तज्ज्ञेय क्षीरसभवम् ।
दधु सर्वाणि जातानि मङ्गलान्यर्थसिद्धये ।
घृतादमृतमुत्पन्न देवाना तृप्तिकारणम् ।।२२
ब्राह्मणाश्चैव गावश्च कुलमेक द्विधा कृतम् ।
एकत्र मन्त्रास्तिष्ठ ति हविरन्यत्न तिष्ठति ।।२३
गोपु यज्ञा प्रवर्तंते गोपु देवा प्रतिष्ठिता ।
गोपु वेदा समुत्कीर्णा सपडगपदक्रमा ।।२४
श्रृङ्गमूले गवा नित्य ब्रह्मा विष्णुश्च सस्थितौ ।
श्रृङ्गाग्रे सवतीर्थानि स्थावराणि चराणि च ।।२५
शिवो मध्ये महा देव सवकारणकारणम् ।
ललाटे सस्थिता गौरी नासावशे च पण्मुख ।।२६
कबलाश्वतरौ नागौ नासापुटसमाश्रितौ ।
कर्णयोरश्विनौ देवौ चक्षुर्भ्यां शशिभास्करौ ।।२७

दतेपु वसव सर्वे जिह्वाया वरुण स्थित. ।
सरस्वती च कुहरे यमयक्षौ च गण्डयो. ॥२८

इस जगत् का जो कुछ भी बीज है वह सब क्षीर से ही सम्भूत होने वाला है। अर्थ की सिद्धि क लिए सभी मगलो को धारण किया था। घृत से अमृत उत्पन्न हुआ जो देवो की तृप्ति का कारण है ॥२२॥ ब्राह्मण और गौ यह एक ही कुल है जो दो प्रकार का कर दिया गया है। एक मे मन्त्र अपनी स्थिति रखा करते हैं और दूसरे मे हवि स्थित रहता है ॥२३॥ गौओ मे यज्ञ प्रवृत्त होते हैं और गौओ म देवता लोग प्रतिष्ठित रहते हैं—गौओं मे वेद समुत्कीर्ण हैं जो षडंग क्रम के सहित होते हैं ॥२४॥ गौओ के सीगो के मूल मे नित्य ही ब्रह्मा और विष्णु समवस्थित रहा करते हैं। शृग के अग्रभाग मे सम्पूर्ण तीर्थ स्थावर और चर विद्यमान हैं ॥२५॥ मध्य मे महान् देव शिव विराजमान हैं जो सब कारणो के भी कारण स्वरूप होते हैं। ललाट में जगदम्बा गौरी विद्यमान् हैं नासा वश म षण्मुख कार्त्तिकेय विराजते हैं ॥२६॥ कम्बश्वतर दो भाग नासापुट म वर्त्तमान हैं। दोनो कानो मे अश्विनीकुमार देव रहते हैं और दोनो चक्षुओ मे शशि एव भुवन भास्कर समाश्रित हैं ॥२७॥ गौ के दाँतो मे सब वसुगण हैं एव जिह्वा मे वरुण स्थित रहते हैं। कुहर म सरस्वती तथा गण्ड स्थलो मे यम और यक्ष दोनों रहा करते हैं ॥२८॥

सध्याद्वय तथेष्टाभ्या ग्रीवाया च पुरदर ।
रक्षासि ककुदे द्यौश्च पार्ष्णिकाये व्यवस्थिता ॥२६
चतुष्पात्सकलो धर्मो नित्य जघासु तिष्ठति ।
खुरमध्येपु गन्धर्वा खुराग्रेपु च पन्नगा. ॥३०
खुराणा पश्चिमे भागे राक्षसा' सप्रतिष्ठिता ।
रुद्रा एकदश पृष्ठे वरुण. सवसन्धिपु ॥३१
श्रोणीतटस्था पितर कपोलेपु च मानवा ।
श्रीरपाने गवा नित्य स्वाहालकारमाश्रिता ॥३२

आदित्या रश्मयो वाला पिण्डीभूता व्यवस्थिता ।
साक्षाद्गगा च गोमूत्रे गोमये यमुना स्थिता ।।३३
त्रयस्त्रिंशद्देवकोट्यो रोमकूपे व्यवस्थिता ।
उदरे पृथिवी सर्वा सशैलवनकानना ।।३४
चत्वार सागरा प्रोक्ता गवा ये तु पयोधरा ।
पर्जन्य क्षीरधारासु मेघा विदुव्यवस्थिता ।।३५

इष्टो म दोनो म ध्याऐ रहती हैं और ग्रीवा मे इन्द्र देव विराजते हैं गौ के ककुद मे राक्षस तथा पार्ष्णिकाय में द्यौ व्यवस्थित है ।।२६।। चारो पादो वाले सम्पूर्ण धर्म नित्य ही गौ के जघाओ मे स्थित रहा करता है । खुरो के मध्य में गन्धर्व और खुरा के अग्रभाग में पन्नग हैं ।।३०।। खुरो के पश्चिम भाग म राक्षस सम्प्रतिष्ठित हैं । एकादश रुद्र पृष्ठभाग में तथा समस्त सन्धियो में वरुण देव रहा करते हैं । ।।३१।। श्रोणी तट मे स्थित पितृगण हैं तथा कपालो में मानव रहते है स्वाहा के अलकार मे समाश्रित श्री गौओ के अपान म नित्य रहती हैं ।।३२।। आदित्य रश्मियाँ पिण्डीभूत होकर वाल व्यस्थित है । गो मूत्र साक्षात् गगा विराजमान हैं । गोमय में यमुना विद्यमान हैं ।।३३।। तेतीस करोड देवो की कोटियाँ रोम कूपो में विशप रूप से अवस्थित हैं । गौ के उदर में सम्पूर्ण पथिवी है जिसमें शैल वन और कानन है ।।३४।। जो ये गौ के चार स्तन हैं ये ही चार सागर कहे जाते हैं । क्षीर की धाराओ में पर्जन्य तथा विन्दुओ म व्यवस्थित मेघ है ।।३५।।

जठरे गार्हपत्योऽग्निर्दक्षिणाग्निर्हृदि स्थित ।
कठे आहवनीयोऽग्नि सभ्योऽग्निस्तालुनिस्थित ।।३६
अस्थिव्यवस्थिता शैला मज्जासु क्रतवस्थिता ।
ऋग्वेदोऽथर्ववेदश्च सामवेदो यजुस्तथा ।।३७
सुरक्तपीतकृष्णादौ गवा वर्णे व्यवस्थिता ।
तासा रूपममुमा स्मृत्वा सुरभीणा युधिष्ठिर ।।३८
सस्मृत्य तत्क्षणाद्गौरी इयेष सदृशी तनुम् ।
आत्मान विदधे देवी धर्मराज शृणुष्व ताम् ।।३९

षडुन्नता पञ्चनिम्ना मडूकाक्षी सुवालधिम् ।
ताम्रस्तानी रौप्यकटि सुखुरी सुमुखी सिताम् ॥४०
सुशीला च सुतस्नेहा सुशीरा सुपयोधराम् ।
गोरूपिणीमुमा स्पृष्ट्वा स्वामिनी ता सवत्सिकाम् ॥४१
चर्चया प्रतरन्हृष्टो महादेव स्वचेतसि ।
शनैं शनैंययौ पार्थ विप्ररूपी महाश्रमम् ॥४२

गौ के जठर मे गाहपत्य अग्नि है और हृदय म दक्षिणाग्नि है । कण्ठ मे आह्वनीय अग्नि स्थित है तथा तालु मे सभ्य अग्नि है ॥३६॥ गौ की अस्थियो मे सम्पूर्ण शैल व्यवस्थित हैं और मज्जाओ मे ऋतु विद्यमान हैं । ऋग्वेद—अथववेद —सामवेद—और यजुर्वेद सुरक्त—पीत और कृष्ण आदि जो गौओ के वर्ण हैं उनमे ही व्यवस्थित रहते हैं । हे युधिष्ठिर ! उन सुरभियो के रूप को उमा देवी स्मरण किया करती हैं ॥३८॥ इस प्रकार से सस्मरण करके गौरी ने उसी क्षण मे सदृश रूप की इच्छा की थी । हे धर्मराज ! देवी ने जैसा अपने आप को बनाया था—उसे अब सुनलो ॥३६॥ षडुनत—पच निम्न मडूकाक्षी सुन्दर पूँछ और ताम्र के से स्तनो वाली—रौप्य की कटि से युक्त—सुन्दर खुरो वाली—सुमुखी—सित—सुशील—सुन्दर क्षीर वाली—सुत पर स्नेह करने वाली और सुन्दर पयोधरो वाली, रूप म स्थित वत्स से युक्त—स्वामिनी उमा का स्पश करके महादेव अपने चित्त मे प्रसन्न होकर प्रतार करते हुए हे पार्थ ! शनैः-शनैः वह उस महाश्रम म विप्र रूप वाले होकर गये थे ॥४० ४२॥

दत्त्वा कुलपते पार्श्वं भृगोस्ता गा न्यवेदयत् ।
तपस्विना महातेजास्ता च सर्वेषु पाडव ॥४३
न्यासरूपा ददौ धेनु रक्षित्वा ता दिनद्वयम् ।
यावत्स्नात्वा इतस्तीर्त्वा जवूमार्गं वियाम्यहम् ॥४४
रक्षिष्याम प्रतिज्ञाते मुनिभि सुरभीमिमाम् ।
अन्तर्द्धिमगमद्देव पुनर्व्याघ्रो बभूव ह ॥४५
वज्रचक्रनखो दर्वी ज्वलत्पिगललोचन ।
जिह्वाकरालवदनो जिह्वालागूलदारण, ॥४६

सप्रायादाश्रमपदं तां च धेनुं सवत्सिकाम् ।
त्रासयामास तां देव मुनीनां दिक्ष्ववस्थितः ॥४७
ऋषयोऽपि समाक्राता आर्तनादं प्रचक्रिरे ।
हाहेत्युच्चैः केचिदूचुर्हुंकारैस्तथापरे ॥४८
तालास्फोटान्ददुः केचिद्व्याघ्रं दृष्ट्वातिभैरवम् ।
सापि हंभारवाश्चक्रे गौरुत्प्लुत्य सवत्सिका ॥४९

कुलपति भृगु के पार्श्व में उस गौ को देकर निवेदन किया था। हे पाण्डव ! वह सब तपस्वियों मे महान् तेजस्वी थे। दो दिन तक उसकी रक्षा करके उस धेनु को न्यास रूप मे दे दिया था। यह कहा था कि मैं जब तक यहा से उतर कर स्नान करके जम्बू मार्ग मे जाता हूँ इस गौ को आप रखिये ॥४३-४४॥ मुनियो के द्वारा इस सुरभी की हम रक्षा करेंगे—ऐसी प्रतिज्ञा करने पर वह देव अन्तर्धान हो गये थे और एक व्याघ्र बन गये थे ॥४५॥ वह वज्र चक्र के समान नखो वाला —दर्वी—जलते हुए पिंगल वर्ण के नेत्रों से युक्त—जिह्वा से कराल मुखाकृति वाला एवं जीभ और लांगूल से अत्यन्त दारुण था ॥४६॥ वह उसी आश्रम के स्थान मे आ गया था और वत्स के सहित उस धेनु को त्रास देने लगा था। देव मुनियो की दिशाओ मे अवस्थित हो गया था ॥४७॥ ऋषि गण भी समाक्रान्त हो गये थे और सब आर्त्तनाद करने लगे थे। उनमे कुछ तो 'हा—हा' यह कहने लगे और कुछ दूसरे हुंकार 'हुम—हुम'—ऐसा मुख से कह रहे थे ॥४८॥ कुछ तालियो की ध्वनि कर रहे थे जिन्होने कि उस महा भैरव स्वरूप वाले व्याघ्र को देख लिया था। वह वत्स सहित गौ भी उत्प्लवन करके हंभारव कर रही थी ॥४९॥

तस्या व्याघ्रभयार्तायाः कपिलाया युधिष्ठिर ।
पलायन्त्या शिलामध्ये क्षुण्णं गुरचतुष्टयम् ॥५०
व्याघ्रवत्सकयोस्तत्र वदितं गुरभिस्तरैः ।
द्दश्यतेऽत्नीय गुम्यक्तं तदद्यापि चतुष्टयम् ॥५१
गजस्य शिवलिंगं च शम्भोर्म्नीयं तदुत्तमम् ।
स्पर्शनात्पूतनाति राजेन्द्र सा गोवध्या व्यपोहति ॥५२

तत्र स्नात्वा महातीर्थे जम्बूमार्गे नराधिप ।
ब्रह्महत्यादिभि: पापैर्मुच्यते नात्र संशय: ॥५३
ततस्ते मुनय: क्रुद्धा ब्रह्मदत्ता महास्वनाम् ।
जघ्नुर्घंटा सुरैर्दत्तां गिरिकन्दरपूरणीम् ॥५४
शब्देन तेन व्याघ्रोऽपि मुक्त्वा गावं सवत्सिकाम् ।
विप्रैस्तत्र कृतं नाम ढुण्ढागिरिरिति श्रुति: ।
तं प्रपश्यन्ति ये पार्थ ते रुद्रा नात्र संशय. ॥५५
अथ प्रत्यक्षतां यातस्तेषां देवो महेश्वर. ।
शूलपाणिस्त्रिपुरहा कामघ्नो वृषभे स्थित: ॥५६

हे युधिष्ठिर ! व्याघ्र के भय से आर्त्त वह कपिला भाग रही थी तो एक ही क्षण मे शिला के मध्य मे उसके चारो खुर हो गये थे ॥५०॥ वहा पर सुर और किन्नरो ने व्याघ्र वत्सक की वन्दना की थी । वह आज भी चतुष्टय अतीव सुव्यक्त दिखलाई देता है ॥५१॥ वह जल के शिवलिंग शम्भु का परमोत्तम तीर्थ है । हे राजेन्द्र ! जो भी कोई उसका संस्पर्श करता है वह बध्या का व्यपोहन कर दिया करता है ॥५२॥ उस महातीर्थ मे जम्बू मार्ग में हे नराधिप ! स्नान करके मनुष्य ब्रह्म-हत्यादि पापों से छुटकारा पा जाता है—इसमे लेश मात्र भी संशय नही है ॥५३॥ इसके उपरान्त वे मुनिगण अति क्रुद्ध हो गये थे और उन्होंने ब्रह्मा की दी हुई महान् ध्वनि वाली घण्टा को बजाया था जो सुरों के द्वारा दी हुई और गिरि की कन्दराओं को भर देने वाली थी ॥५४॥ उस शब्द से वह व्याघ्र भी सवत्सा उस गौ को छोड गया था । वहा पर विप्रों ने ढुण्ढा गिरि—यह नाम कर दिया था—ऐसी श्रुति है । हे पार्थ ! जो उसको देखते हैं वे रुद्र ही होते हैं—इसमे संशय नहीं है ॥५५॥ इसके अनन्तर श्रेष्ठ देव महेश्वर उनको प्रत्यक्ष हो गये थे । उनके हाथ मे त्रिशूल था—त्रिपुर के हनन करने वाले तथा कामदेव को भस्म करने वाले वृषभ पर समारूढ थे ॥५६॥

उमासहायो वरद: सस्वामी गविनायक. ।
[illegible] ॥५१

वीरभद्रा च चामुण्डा घंटाकर्णादिभिर्वृता ।
मातृभिर्भूतसंघातैर्यक्षराक्षसगुह्यकैः ।
देवदानवगन्धर्वमुनिविद्याधरोरगैः ॥५८

प्रणम्य देवदेवाय पत्नीभिः सहितैरुमा ।
गोरूपिणी सवत्सा च पूजिता ब्रह्मचारिभिः ॥५९

कार्त्तिके शुक्लपक्षे तु द्वादश्यां नंदिनीव्रतम् ।
ततः प्रभृति राजेन्द्र अवतीर्णं महीतले ॥६०

उत्तानपादेन तथा व्रतं चीर्णमिदं शृणु ।
उत्तानपादनामासीत्क्षत्रियः पृथिवीपते ॥६१

तस्य भार्याद्वयं चासीद्रुचिशुघ्नीति विश्रुतम् ।
शुघ्नीजातो ध्रुवः पुत्रो वामपादधरोऽलसः ॥६२
रुच्याः समर्पितः शुघ्न्या ध्रुवोऽयं रक्ष्यतां सखि ।
अहं करिष्ये शुश्रूषां भर्तुस्तावत्सदा स्वयम् ॥६३

वह वरद प्रभु उमा के साथ थे–स्वामी के सहित–विनायक से संयुक्त–नन्दी के साथ–समकाल–शृंगी सहित और समनोहर थे ॥५७॥ वीरभद्रा चामुण्डा घण्टाकर्ण आदि से समावृत थी–मातृगण, भूत का संघात–यक्ष राक्षस और गुह्यकों के सहित थी एवं देव, दानव, गन्धर्व, मुनि–विद्याधर और उरगों के साथ थीं अर्थात् इन सब से समावृत थी ॥५८॥ देवों के देव के लिये प्रणाम करके पत्नियों के सहित उमा देवी और ब्रह्मचारियों के द्वारा गो रूप वाली वत्स के सहित पूजी गई थी ॥५९॥ कार्त्तिक मास के शुक्ल पक्ष में द्वादशी तिथि के दिन यह नन्दिनी का व्रत होता है । हे राजेन्द्र ! तभी से लेकर यह इस महीतल में अवतीर्ण हुआ है ॥६०॥ उत्तान पाद राजा ने इस व्रत को जिस प्रकार से किया था उसका श्रवण करो । हे पृथिवीपते ! उत्तान पाद नाम वाला एक क्षत्रिय था ॥६१॥ उस राजा की दो भार्याऐं थी । उन दोनों के रुचि और शुघ्नी ये दो नाम विश्रुत थे । शुघ्नी से समुत्पन्न ध्रुव पुत्र वामपाद धर और अलस था ॥६२॥ शुघ्नी ने उसको रुचि को समर्पित कर

दिया था कि हे सखि ! तुम इस पुत्र की रक्षा करना। मैं तब तक सर्वदा स्वयं अपने स्वामी की शुश्रूषा करूंगी ॥६३॥

रुची रसवती नित्य प्रत्यह कुरुते गृहे।
अकरोद्भर्तृ शुश्रूषा शुघ्नी नित्य पतिव्रता ॥६४
कदाचित्क्रोधमात्सर्यात्सापत्न्य दर्शित तया।
स्वय रुच्या निहत्यासौ शिशुः खडलशः कृत ॥६५
तापिकाया तथा स्थाल्या पक्वसिद्ध सुसस्कृत·।
अन्नभोजनवेलाया ददाति नृपभाजने ॥६६
त वै भक्षयितु दुष्टा सामिष भोजन किल।
अथ भोजनवेलाया वव्रे जीवित माप्तवान् ॥६७
तथैव प्रहसन्बालो मातुरुत्सगजोऽभवत्।
त दृष्ट्वा महदाश्चर्यं रुची पप्रच्छ विस्मिता ॥६८
किमेतद्ब्रूहि वृत्तात कस्येय व्युष्टिरुत्तमा।
कि त्वयाचरित किञ्चिद्व्रत दत्त हुत तथा ॥६९
सत्यसत्य पुन सत्य येन जीवति ते सुत.।
मयाय सप्त वारास्तु विशल्य शकली कृत ॥७०

रुचि नित्य ही रस वाली थी और प्रतिदिन घर मे ही आनन्द किया करती थी। पतिव्रता शुघ्नी नित्य स्वामी की शुश्रूषा किया करती थी ॥६४॥ किसी समय म क्रोध मात्सर्य से उसने सपत्नी होने का भाव दिखला दिया था और इसने स्वय रुचि के शिशु को मारकर टुकड़े-टुकड़े कर दिये थे ॥६५॥ फिर तापिका मे तथा स्थाली मे पका कर उसे सिद्ध किया था और भली-भांति सस्कार युक्त किया था। जिस समय मे अन्न के भोजन का समय समुपस्थित हुआ था उस समय मे नृप के पात्र म उसे दे दिया था ॥६६॥ दुष्टा उसने उस आमिष से युक्त भोजन के समय म बोला था कि वह जीवित को प्राप्त हो गया था ॥६७॥ उसी प्रकार से हँसता हुआ बालक माता के उत्सगज (गोद म जाने वाला) हो गया था। उसको देखकर महान् आश्चर्य हुआ और अत्यन्त विस्मित होते हुए रुचि ने पूछा था ॥६८॥ यह क्या वृत्तान्त है ? इसे बतलाओ।

यह किसकी उत्तम व्युष्टि है ? क्या तूने कुछ व्रत–हवन तथा दान किया है ? ॥६६॥ सत्य-सत्य और पुन सत्य यही है जिससे तेरा पुत्र जीवित होता है । मैंने इसको सात बार विशल्य करके टुकडे २ किये थे ॥७०॥

पक्व स्वय कृत स्थाल्या व्यञ्जनै सह भोजनै ।
परिविष्यमाण स पुन कथ जीवितमाप्तवान् ॥७१
किं ते सिद्धा महाविद्या मृतसजीवनी शुभा ।
रत्न मणिर्महारत्न योगाञ्जनमहौषधम् ॥७२
कथयस्व महाभागे सत्यसत्य भगिन्यसि ।
एवमुक्ते रुचिस्तस्यै व्याचख्यौ वत्सगोव्रतम् ॥७३
कार्तिके चैव द्वादश्या यथा चानुष्ठित पुरा ।
व्रतस्यास्य प्रभावेण पनर्जीवति मे सुत ॥७४
वत्सो मे वत्सेवलाया मृतोऽर्थं लभते पुन ।
समागमश्च भवति व्रतै प्रवसितैरपि ॥७५
यथार्थमेतद्व्याख्यात ते च गोद्वादशीव्रतम् ।
तवापि रुचि तत्सर्वं भविष्यति शुभ प्रियम् ॥७६
एवमुक्त व्रतचीर्ण रुच्या पुत्रा सुख धनम ।
सप्राप्ता जीविताते च ध्रुवस्थाने निवेशिता ॥७७
ब्रह्मणा सृष्टिकारेण रुचिर्भर्त्रा सहासिता ।
दशनक्षत्रसयुक्तो ध्रुव सोद्यापि दृश्यते ।
ध्रुवर्क्षे च यदा दृष्टे लोक पापै प्रमुच्यते ॥७८

मैंने इसका स्वय ही पाक किया था और स्थाली म व्यजनो के साथ इसका परिवेषण किया गया है वह फिर कैसे जीवित को प्राप्त हो गया है ॥७१॥ क्या आपको कोई महाविद्या सिद्ध है या मृत सजीवनी है ? रत्न–मणि या कोई महारत्न तथा योगाजन एव महौषध है ? ॥७२॥ हे महाभागे ! सत्य सत्य कहो आप मेरी भगिनी हैं । इस प्रकार से कहने पर रुचि ने उसको वत्स गो व्रत बतलाया था ॥७३॥ कार्तिक मास मे द्वादशी तिथि को पहिले मैंने इसका समाचरण किया था । इस व्रत के प्रभाव से मेरा पुत्र पुन जीवित हो गया है ॥७४॥ वत्स वेला

मे मेरा मृत वत्स पुन अर्थ को प्राप्त करता है। व्रतो से जो प्रवसित होते हैं उनका भी समागम हो जाता है ॥७५॥ मैंने तुमको यह बिल्कुल यथार्थ गो द्वादशी व्रत की व्याख्या करदी है। तेरी भी रुचि हो तो सब प्रिय और शुभ हो जायगा ॥७६॥ इस प्रकार से कहे हुए व्रत को चीर्ण किया गया था और रुचि के पुत्र–सुख–धन सब प्राप्त हुए थे तथा जीवित के अन्त होने पर ध्रुव स्थान म निवेशित हुए थे ॥७७॥ दक्ष नक्षत्र से सयुक्त ध्रुव आज भी दिखलाई देता ही है और ध्रुव नक्षत्र के देख लने पर लोक पापो स प्रमुक्त हो जाया करता है ॥७८॥

कीदृश तद्विधान च तन्मे ब्रूहि जनार्दन ।
यत्कृत शुष्निवचनाद्रुच्या यदुकुलोद्भव ॥७६
सप्राप्ते कार्तिक मासि शुक्लपक्षे कुरूत्तम ।
द्वादश्या कृतसकल्प स्नात्वा पुण्ये जलाशये ।
नरो वा यदि वा नारी एकभक्त प्रकल्पयन् ॥८०
ततो मध्याह्नसमये दृष्ट्वा धेनु सवत्सिकाम् ।
सुशीला वत्सला श्वेता कपिला रक्तरूपिणीम् ॥८१
ब्राह्मणक्षत्रियविशा शूद्राणा स्त्रीजनेश्वर ।
यथाक्रमेण पूज्यैना गन्धपुष्पजलाक्षतै ॥८२
कु कुमालक्तकैर्दीपैर्माषान्नवटकै शुभै ।
कुसुमैर्वत्सक चापि मन्त्रेणानेन पाडव ॥८३
"ॐ माता रुद्राणा दुहिता वसूना
स्वसादित्यनाममृतस्यनाभि ।
प्रनुवोच चिकितुषे जनाय मा
गामनागामदिति वधिष्ट" नमो नम स्वामा ॥८४

युधिष्ठिर ने कहा—हे जनार्दन ! वह विधान किस प्रकार का है उसे ही मुझे बतलाइए। हे यदुकुलोद्भव ! शुष्नि के वचन से रुचि ने जिसको किया था ॥७६॥ भगवान् श्रीकृष्ण ने कहा—हे कुरूत्तम ! कार्तिक मास म सम्प्राप्त होने पर शुक्ल पक्ष म द्वादशी तिथि मे किसी परम पुण्यमय जलाशय म स्नान करके सकल्प करना चाहिए। नर हो

अथवा नारी हो एक वक्त भोजन करे ॥८०॥ इसके अनन्तर मध्याह्न समय मे वत्स के सहित धेनु का दर्शन करे। वह धेनु अति सुशीला-वत्सला-श्वेत वर्ण वाली-कपिला या रक्त रूप वाली होनी चाहिए।॥८१॥ हे स्त्री जनेश्वर ! ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्य और शूद्रों की यथाक्रम से गन्ध पुष्प-जल और अक्षतो के द्वारा इसका पूजन कर ॥८२॥ हे पाण्डव ! पूजन मे कुकुम-अलक्तक-दीप-माषान्नवटक (उर्द के वटक) और परम शुभ कुसुमो से वत्सक का भी इस मन्त्र से अर्चन करना चाहिए ॥८३॥ मन्त्र यह है-अर्थात् ओं रुद्रो की माता-वसुगण की दुहिता-आदित्यो की स्वसा-अमृत की नाभि-करने की इच्छा वाले सेवक मुझको बोल दे। गौ अनाग अदिति का वधन कर। आपको बारम्बार नमस्कार है तुम्हारे लिये समर्पित है ॥८४॥

इत्थ सपूज्य गा पृष्ट्वा पश्चात्ता च क्षमापयेत् ।
ॐ सर्वदेवमये देवि लोकाना शुभनन्दिनि ।
मातर्ममाभिलषित सफल कुरु नन्दिनि ॥८५

एवमभ्यर्चयेदेका गामेतद्धि गवाह्निकम् ।
पर्युक्ष्य वारिणा भक्त्या प्रणम्य सुरभी तत ॥८६

तद्दिने तापिकापक्व स्थालीपाक च वर्जयेत् ।
भूमौ स्वय ब्रह्मचारी शयीत फलमाप्नुयात् ॥८७

यावति गात्रे रोमाणि गवा कौरवनदन ।
तावत्काल स वसति गोलोके नात्र सशय ॥८८

मेरो पुयष्टक रम्यमिद्राग्नियमरक्षसाम् ।
वरुणा निलयक्षाणा रुद्रस्य च युधिष्ठिर ।
तासामुपरि गोलोकस्तत्र याति स गोव्रती ॥८९

ऊर्जे सिते द्विदशतेऽहनि गा सवत्सा
या पूजयति कुसुमैवटकैश्च हृद्यै ।
ता सर्वकामसुखभोगविभूतिभाजो
मर्त्ये वसति सुचिर बहुजीववत्सा ॥९०

इस प्रकार से भली भाँति पूजन करके गौ की पूछ कर पीछे उससे क्षमापन करना चाहिए। ओ सर्व देवों से परिपूर्ण देवि! आप लोकों के परम शुभ नन्दिनी हो। हे नन्दिनि! मेरे अभिलषित मनोरथ को सफल करिये ॥८५॥ इस तरह से एक गौ का अभ्यर्चन कर इस गवाह्निक को भक्ति की भावना से जन के द्वारा पर्युक्षण करके फिर सुरभी को प्रणाम करना चाहिए ॥८६॥ उस दिन में तापिका पाक और स्थाली पाक का वर्जन कर देवे। भूमि पर ब्रह्मचर्य व्रत के नियम से रहते हुए शयन करे तो फल की प्राप्ति कर लेता है ॥८७॥ हे कौरव नन्दन! गौओं के गात्र में जितने भी रोम होते हैं तब तक वह गोलोक में निवास किया करता है—इसमें तनिक भी संशय नहीं है ॥८८॥ मेरु के ऊपर इन्द्र–अग्नि–यम–राक्षसों का अष्टक पुर हैं। हे युधिष्ठिर! वरुण–यक्ष और रुद्रों के निलय हैं—इन सब के भी ऊपर गोलोक है वहीं पर वह गो व्रत करने वाला पुरुष जाया करता है ॥८९॥ ऊर्ज में सित पक्ष में द्वादशी के दिन में जो नारियाँ सवत्सा गौ का कुसुम और शुभ वटकों से पूजन किया करती हैं वे समस्त कामना–सुख भोग और और विभूतियों को प्राप्त कर मर्त्यलोक में बहुत से जीवद वत्स वाली चिरकाल पर्यन्त निवास किया करती हैं ॥९०॥

॥ भीष्मपञ्चक व्रत माहात्म्य ॥

यदेतदतुलं पुण्यं व्रतानामुत्तमं व्रतम् ।
कर्तव्यं कार्तिके मासि प्रयत्नाद्भीष्मपञ्चकम् ॥१
विधानं कीदृशं तस्य फलं च यदुसत्तम ।
कथयस्व प्रसादान्मे मुनीनां हितमिच्छताम् ॥२
प्रवक्ष्यामि व्रतं पुण्यं व्रतानामुत्तमं व्रतम् ।
यथाविधि च कर्तव्यं यत्फलं चास्य यथोदितम् ॥
मयापि भृगवे प्रोक्तं भृगुश्चोशनसे ददौ ।
उशनापि हि विप्रेभ्यः प्रह्लादाय च धीमते ॥४

तेजस्विनांयथा वह्निः पवनः शीघ्रगामिनाम् ।
विप्रो यथा च पूज्यानां दानानां काञ्चनं यथा ॥५
भूलोकः सर्वलोकानां तीर्थानां जाह्नवी यथा ।
यथाश्वमेधो यज्ञानां मथुरा मुक्तिकांक्षिणाम् ॥६

युधिष्ठिर ने कहा—जो यह अनुपम पुण्य पूर्ण समस्त अन्य व्रतों में उत्तम व्रत भीष्म पञ्चक व्रत होता है जोकि कार्त्तिक मास में प्रयत्न पूर्वक करना चाहिए ॥१॥ उस व्रत का किस तरह का विधान है? हे यदूत्तम ! उसका फल क्या हुआ करता है ? आप कृपाकर मुझे बतलाइये क्योंकि यह मुनियों का जो इच्छा रखते हैं परम हित प्रद है ॥२॥ श्रीकृष्ण ने कहा—यह वस्तुतः सब व्रतों में एक उत्तम व्रत है और पुण्य व्रत है इसको मैं बतलाता हूँ । जिस विधि से इस व्रत को करना चाहिए और जो इसका फल कहा गया है ॥३॥ मैंने भी इस व्रत को भृगु से कहा था और भृगु ने इसे उशना को दिया था । फिर उशना ने भी विप्रों को तथा धीमान् प्रह्लाद को दिया था ॥४॥ तेजस्वियों में जिस तरह अग्नि महा तेज से युक्त होता है—शीघ्र गामियों में वायु है—पूज्यवर्ग में विप्र—दानों में कञ्चन—समस्त लोकों में भूलोक—तीर्थों में गंगा—यज्ञों में अश्वमेध—मुक्ति की आकाङ्क्षा वालों के लिए मथुरा—शास्त्रों में वेद और सब देवों में जिस प्रकार से भगवान् अच्युत ही सर्वोत्तम देव हैं उसी भाँति अन्य समस्त व्रतों में सर्व श्रेष्ठ व्रत यह भीष्म पञ्चक व्रत होता है ॥५-६॥

वेदो यथैव शास्त्राणां देवानामच्युतो यथा ।
तथा सर्वव्रतानां तु वरोक्तं भीष्मपञ्चकम् ॥७
दुष्करं भीष्ममित्याहुर्न शक्यं तदिहोच्यते ।
यस्तत्करोति राजेन्द्र तेन सर्वं कृतं भवेत् ॥८
वसिष्ठभृगुगर्गाद्यैश्चीर्णं कृतयुगादिषु ।
नाभागाम्बरीषाद्यैश्चीर्णं त्रेतायुगादिषु ॥९
सीरभद्रादिभिर्वैश्यैः शूद्रैरन्यैः कलौ युगे ।
दिनानि पंच पूज्यानि चीर्णमेतन्महाव्रतम् ॥१०

ब्राह्मणैर्ब्रह्मचर्येण जपहोमक्रियादिभि ।
क्षत्रियैश्च तथा शक्त्या शौचव्रतपरायणै ॥११
पराधि परिहतव्यो ब्रह्मचर्येण निष्ठया ।
मद्य मास परित्यज्य मैथुन पापभाषणम् ॥१२
शाकाहारपरैश्चैव कृष्णार्चनपरैर्नरै ।
स्त्रीभिर्वा भर्तृवाक्येन कर्तव्य सुखवर्द्धनम् ॥ १३
विधवाभिश्च कतव्य पुत्रपौत्रादिवृद्धये ।
सर्वकामसमृद्ध्यर्थं मोक्षार्थमपि पाडव ॥१४

यह व्रत दुष्कर व्रत है इसी कारण से इसको भीष्म कहा जाता है। यहाँ पर यही कहा जाता है कि वह किया नही जा सकना है। हे राजेन्द्र ! जो भी कोई उसे कर लेता है उसने सभी कुछ कर लिया है ऐसा ही मान लेना चाहिए ॥८॥ कृतयुग आदि मे इस व्रत को वसिष्ठ भृगु और भर्ग आदि ने चीर्ण किया था। फिर त्रेता आदि युगो मे नाभाग—अ क और अम्बरीष आदि ने इस व्रत को किया था ॥९॥ सीरभद्र आदि वैश्यो ने तथा अय शूद्रो ने कलियुग मे इस व्रत को किया है। ये पाँच दिन पूज्य होते हैं जिनमें यह महाव्रत चीर्ण होता है ॥१०॥ ब्राह्मणो के द्वारा ब्रह्मचय के नियमो का पालन करते हुए जप होम और क्रियादि के द्वारा इस व्रत को करना चाहिए। क्षत्रियो को शक्ति पूवक शौच व्रत में परायण होते हुए इसको करना चाहिए ॥११॥ दूसरो की मन की व्यथा का हरण करना चाहिए—ब्रह्मचर्य के नियमो का पालन और पूण निष्ठा से करना चाहिए। मद्य मास मैथुन-पाप भाषण का परित्याग कर देवें ॥१२॥ केवल शाक का आहार कर और श्रीकृष्ण के अचन मे तत्पर रहें। इस प्रकार पुरुषो को यह करना चाहिए। स्त्रियो को अपने स्वामी के वाक्य से इस सुख के वर्द्धन करने वाले व्रत को करना चाहिए ॥१३॥ पुत्र—पौत्रादि की वृद्धि के लिये विधवा स्त्रियो को भी इसके करने का विधान है। हे पाण्डव ! समस्त कामनाओ की समृद्धि के लिए और मोक्ष का प्राप्ति के लिये भी इस महाव्रत को करे ॥१४॥

नित्य स्नानेन दानेन कार्तिकी यावदेव तु ।
प्रात स्नात्वा विधानेन मध्याह्ने च तथा व्रती ॥१५
नद्य निर्झरगर्ते वा समालभ्य च गोमयम् ।
यवव्रीहितिलै सम्यक्तर्पयेच्च प्रयत्नत ॥१६
देवानृषीन्पितृश्चैव ततोन्यान्कामचारिण ।
स्नान मौन नर कृत्वा धौतवासा दृढव्रत. ॥१७
ततोऽनुपूजयेद्देव सर्वपापहर हरिम् ।
स्नापयेच्चाच्युत भक्त्या मधुक्षीरघृतेन च ॥१७
तत्रैव पञ्चगव्येन गधचदनवारिणा ।
चन्दनेन सुगधेन कुकुमेनाथ केशवम् ॥१९
कर्पूरोशीरमिश्रेण लेपयेद्गरुडध्वजम् ।
अर्चयेद्रुचिरै पुष्पैगंधधूपसमन्वितै ॥२०
गुग्गुलु धृतसयुक्त दहेत्कृष्णाय भक्तित ।
दीपक च दिवा रात्रौ दद्यात्पचदिनानि तु ॥२१

जब तक कार्त्तिकी पूर्णिमा हो तब तक नित्य ही स्नान और दान करे। विधान पूर्वक प्रात काल में स्नान करे तथा व्रत ग्रहण करने वाले पुरुष को मध्याह्न में भी स्नान करना चाहिए ॥१५॥ नदिया हो या कोई निर्झरगर्त हो गोमय का समालभन करे तथा यव व्रीहि और तिलों से प्रयत्न पूर्वक भली भांति तर्पण करना चाहिये ॥१६॥ देवों का—ऋषियों का और पितृगण का तर्पण करे। स्नान करके मौन व्रत धारण करे—धुले हुए शुद्ध वस्त्रों को धारण करे और दृढ व्रत वाला रहे ॥१७॥ इसके उपरान्त फिर सम्पूर्ण पापों के हरण करने वाले देव भगवान् हरि का पूजन करना चाहिए। भक्ति की भावना से मधु-क्षीर और घृत से अच्युत का स्नपन कराना चाहिए ॥१८॥ वहीं पर पञ्चगव्य से-गन्ध एवं चन्दन से युक्त जल से चन्दन सुगन्ध और कुंकुम से केशव प्रभु का अर्चन करे ॥१९॥ कर्पूर और उशीर से मिश्रित चन्दन से गरुडध्वज प्रभु के अंगों में लेपन करना चाहिए। गन्ध धूप समन्वित पुष्पों के द्वारा जो कि अति रुचिर हों अर्चन करे ॥२०॥ घृत

से सयुक्त गूगल का भक्तिभाव पूर्वक भगवान् कृष्ण के लिए दान करना चाहिए। दिन में और रात्रि में पाँच दिन पर्यन्त दीपको का दान करे ॥२१॥

नैवेद्य देवदेवस्य परमान्न निवेदयेत् ।
ॐ नमो वासुदेवायेति जपेदष्टोत्तर शतम् ॥२२
जुहुयाच्च घृताक्ताश्चतिलव्रीहीस्ततो व्रती ।
षडक्षरेण मन्त्रेण स्वाहाकारान्वितेन च ॥२३
उपास्य पश्चिमा सध्या प्रणम्य गरुडध्वजम् ।
जपित्वा पूर्ववन्मन्त्र क्षितिशायी भवेन्नर ॥२४
सर्वमेतद्विधान च कार्यं पचदिनेषु हि ।
सावशेत्कबले चास्मिन्यदपूर्वं शृणुष्व मे ॥२५
प्रथमेऽह्नि हरे पादौ पूजयेत्कमलैर्नर ।
द्वितीये बिल्वपत्रेण जानुदेश समर्चयेत् ॥२६
पूजयेच्च तृतीयेऽह्नि नाभि भृ गरसेन च ।
मध्ये बिल्वजयाभिश्च तत सधौ प्रपूजयेत् ॥२७
ततोऽनुपूजयेच्छीर्षं मालत्या कुसुमैर्नवै ।
कार्त्तिक्या देवदेवस्य भक्त्या तद्गतमानस ॥२८

परमान्न नैवेद्य देवो के देव प्रभु की सेवा मे समर्पित करे। फिर "ॐ नमो वासुदेवाय'—इस मन्त्र का अष्टोत्तर शत जाप करे ॥२२॥ व्रतधारी पुरुष को फिर घृत मे अक्त तिल और व्रीहियों का 'स्वाहा' अन्त मे लगा कर 'ओं नमो वासुदेवाय'—इस छैं अक्षरो वाले मन्त्र से हवन करना चाहिए ॥२३॥ पश्चिम सन्ध्या की उपासना करके गरुड-ध्वज प्रभु को प्रणाम करे और पूर्व की भाँति मन्त्र का जाप करके व्रती मनुष्य को भूमि पर ही शयन करने वाला होना चाहिए ॥२४॥ यह सम्पूर्ण विधान पाँच दिनो म ही करना चाहिए। इसमे कम्बल पर बैठे। इसमे जो अपूर्व है उसका अब श्रवण करो ॥२५॥ मनुष्यो को प्रथम दिन मे कमलो के द्वारा हरि के चरणो का पूजन करना चाहिए। दूसरे दिन मे बिल्व पत्रो के द्वारा भगवान् के जानु भागो का अर्चन

करना चाहिए ।।२६।। तीसरे दिन मे भगवान् के नाभि देश मे भृंग रस से पूजन करना चाहिए। मध्य मे बिल्व जया से करे और फिर सन्धि मे पूजन करना चाहिए ।।२७।। इसके अनन्तर मालती लता के नवीन कुसुमो से भगवान् के शीर्ष का पूजन करे। कार्त्तिकी मे देव देव का पूजन भक्तिभाव मे तद्गत मन वाला होकर ही करे ।।२८।।

अर्चयित्वा हृषीकेशमेकदश्या समाहित ।
सप्राश्य गोमय सम्यड् मन्त्रवत्समुपावसेत् ।।२९
गोमूत्र मन्त्रवत्कृत्वा द्वादश्या प्राशयेद्व्रती ।
क्षीर तत्र त्रयोदश्या चतुर्दश्या तथा दधि ।।३०
सप्राश्य कायशुद्धयर्थं लघयेत चतुर्दिनम् ।
पचमे तु दिने स्नात्वा विधिवत्पूज्य केशवम् ।।३१
भोजयेद्ब्राह्मणान्भक्त्या तेभ्यो दद्याच्च दक्षिणाम् ।
तथोपदेष्टारमपि पूजयेद्वस्त्रभूषणै ।।३२
ततो नक्त समश्नीयात्पञ्चगव्यपुर सरम् ।
एव समापयेत्सम्यग्यथोक्त व्रतमुत्तमम् ।।३३
सर्वपापहर पुण्य प्रख्यात भीष्मपञ्चकम् ।
मद्यपो यस्त्यजेन्मद्य जन्मनो मरणान्तिकम् ।।३४
तद्भीष्म पञ्चकत्यक्त्वा प्राप्नोत्यभ्यधिकफलम् ।
ब्रह्मचर्यं नरश्चीर्त्वा सुघोर नैष्ठिक व्रतम् ।।३५

एकादशी तिथि मे पूर्णतया समाहित होकर हृषीकेश भगवान् का अर्चन करे और गोमय का सम्प्राशन करके मन्त्रवत् करके अच्छी तरह से उपवास करे ।।२९।। फिर ब्रह्मचारी पुरुष को द्वादशी तिथि मे गोमूत्र को मन्त्र वाला करके उसका ही प्राशन करना चाहिए। इसी भाँति त्रयोदशी मे क्षीर को अभिमन्त्रित करे और चतुर्दशी मे दधि का अभिमन्त्रण करके अशन करना चाहिए ।।३०।। अपने शरीर की शुद्धि के लिय उक्त रूप से सम्प्राशन करके चार दिन पर्यन्त लघन करे। पाचवें दिन मे स्नान करके विधि पूर्वक केशव भगवान् का पूजन करना चाहिए ।।३१।। ब्राह्मणो को भक्तिभाव से भोजन करावे और उनको दक्षिणा

देनी चाहिए। तथा जो इसका उपदेश देने वाला हो उसका भी वस्त्र-भूषणों से पूजन करे ॥३२॥ इसके अनन्तर रात्रि मे पचगव्य पूर्वक अशन करना चाहिए। इस प्रकार से यथोक्त इस अत्युत्तम व्रत को भली-भाँति समाप्त करना चाहिए ॥३३॥ यह भीष्म पचक सम्पूर्ण पापो के हरण करने वाला और परम पुण्यमय विख्यात है। जो मद्यपान करने वाला हो उसे जन्म से मरण तक मद्य का त्याग कर देना चाहिए ॥३४॥ उसका त्याग करके इस भीष्मपचक से अधिक फल की प्राप्ति होती है। मनुष्य ब्रह्मचर्य का चीर्ण करके इस सुघोर नैष्ठिक व्रत को करना चाहिए ॥३५॥

यत्प्राप्नोति महत्पुण्य तत्कृत्वा भीष्मपचकम् ।
गात्राभ्यग शिरोऽभ्यग मधु मास च मैथुनम् ॥३६
ब्रह्मलोकमवाप्नोति त्यक्त्वैक भीष्मपञ्चकम् ।
सवत्सरेण यत्पुण्य कार्त्तिकेन च यद्भवेत् ॥३७
यत्फल कार्त्तिकेनोक्त भवेत्तद्भीष्मपञ्चके ।
व्रतमेतत्सुरै सिद्धै किन्नरैर्नागगुह्यकै ॥३८
फल समीहित प्राप्य कृत्वाभ्यर्च्य जनार्दनम् ।
पापस्य प्रतिमा कार्या रौद्रवक्रातिभीषणा ॥३९
खङ्गहस्तातिविकृता सर्वलोकमयी नृप ।
तिलप्रस्थोपरि स्थाप्या कृष्णवस्त्राभिवेष्टिता ॥४०
करवीरकुसुमापीडा चलत्काञ्चनकु डला ।
ब्राह्मणाय प्रदातव्या कृष्णो मे प्रीयतामिति ॥४१
अन्येषामपि दातव्य यत्कृत्वा वसु वाछितम् ।
कृतकृत्य स्थिरो भूत्वा विरक्त सयतो भवेत् ॥४२

गात्रो का अभ्यग—शिर का अभ्यग—मधु—मास और मैथुन का त्याग करके जो महान् पुण्य प्राप्त होता है वही इस भीष्म पचक व्रत के करने से होता है ॥३६॥ एक भीष्म पचक का त्याग करके ब्रह्म लोक को प्राप्त होता है। सम्वत्सर मे जो पुण्य होता है और कार्त्तिक मास मे जो पुण्य होता है जो फल कार्त्तिक मे बताया गया है वह भीष्म पचक

मे होता है। सुरो के द्वारा–सिद्धो के द्वारा–किन्नर और नाग एव गुह्यकों के द्वारा किया हुआ यह व्रत है। समीहित फल को प्राप्त करके जनार्दन का अभ्यर्चन करे। एक पाप की प्रतिमा बनवानी चाहिए जो अत्यन्त रौद्र–वक्र तथा अत्य त भीषण हो ॥३७-३९॥ हे नृप ! उस प्रतिमा के हाथ मे खग होवे और अत्यन्त विकृत तथा सर्व लोकमयी होनी चाहिए। उसको एक प्रस्थ तिलो के ऊपर स्थापन करे और कृष्ण वस्त्र से वेष्ठित होनी चाहिए ॥४०॥ उसका आपीड करवीर के पुष्पो का होवे। चलायमान काञ्चन के कुण्डल धारण करने वाली होवे। उस प्रतिमा को किसी ब्राह्मण को दान कर देनी चाहिए! और दान के समय मे भगवान् कृष्ण मुझ पर प्रसन्न होवें–यह कहना चाहिए ॥४१॥ अन्य लोगो को भी दान देना चाहिए जिसको जो भी धन या पदार्थ वाञ्छित हो फिर कृत-कृत्य होकर स्थिर होवे तथा विरक्त एव समन होना चाहिए ॥४२॥

शकु कर्ण और महान् ध्वनि से युक्त–जटाधारी–दो जिह्वाओं वाला–तामस्य–मृगराज सिंह के चर्म से अर्थात् बाघम्बर से शरीर का छादन करने वाला ।।४४।। ऐसे महादेव का चिन्तन करना चाहिए जिनका कि कोई भी रूप नहीं होता है। यह पितामह भीष्म ने मुझ से कहा था जिस समय में वे शरों की शय्या पर संस्थित थे।।४५।। वह ही यह दुष्कर भीष्म पचक व्रत मैंने तुमको बतला दिया है। हे राजाओं में शार्दूल के तुल्य! यह व्रत भीष्म पचक प्रवर व्रत होता है ।।४६।। जो कोई पुरुष उसमें भक्ति की भावना से भगवान् अच्युत को परम तुष्ट कर लेता है उसको वे निश्चय मुक्ति का प्रदान कर दिया करते हैं। चाहे कोई ब्रह्मचारी हो—गृहस्थ हो—वानप्रस्थाश्रमी हो या यति हो ।।४७।। भीष्म पचक को भली-भाँति कर करके फिर वह वैष्णव स्थान की प्राप्ति किया करता है। ब्रह्म हत्यारा—मद्यपान करने वाला—चोरी करने वाला–गुरुतल्प गामी और सदाकृती पापों से मुक्त हो जाया करता है ।।४८।।

।। अनन्तचर्तुदशी व्रत माहात्म्य ।।

अनतव्रतमस्त्यन्यत्सर्वपापहर शिवम् ।
सर्वकामप्रद नृणा स्त्रीणा चैव युधिष्ठिर ।।१
शुक्लपक्षे चतुदश्या मासि भाद्रपदे शुभे ।
तस्यानुष्ठानमात्रेण सर्वपापै प्रमुच्यते ।।२
कृष्ण कोऽय त्वयाख्यातो ह्यनन्त इति विश्रुत ।
किं शेषनाग आहोस्विदनतस्तक्षक स्मृत ।।३
परमात्माथ वानत उताहो ब्रह्म उच्यते ।
क एषोऽनतसज्ञो वै तथ्य ब्रूहि केशव ।।४
अनत इत्यह पार्थ मम नाम निबोधय ।
आदित्यादिषु वारेषु य काल उपपद्यते ।।५
कलाकाष्ठामुहूर्तादिदिनरात्रिशरीरवान् ।
पक्षमासर्तुवर्षादियुगकल्पव्यवस्थया ।।६

हे धर्म धारियो म श्रेष्ठ ! जो यह काल मैंने आपको बतलाया है वह मैं काल यहाँ पर भूमि के भार के उतारने के लिये ही अवतीर्ण हुआ हूँ ॥७॥ युधिष्ठिर बोले—हे हरे ! इस प्रकार से इस सम्पूर्ण अनन्त के व्रत को विस्तार के साथ मुझे बतलाइये । श्रीकृष्ण ने कहा—पहिले कृत-युग म सुमन्त नाम वाला एक द्विज था ॥८॥ वह वसिष्ठ गोत्र मे समुत्पन्न हुआ था और यह बहुत ही सुन्दर रूप वाला था । इसने भृगु की दीक्षा नाम वाली पुत्री के साथ अपना विवाह किया था जो कि वेदोक्त विधि से ही किया गया था ॥९॥ समय उपस्थित होने पर उसके एक अनन्त लक्षणो से सम्पन्न कन्या पैदा हुई थी । उसका नाम तो शीला था किन्तु यह थी भी बहुत सुशील और वह पिता के घर म वृद्धि को प्राप्त होने लगी थी ॥१०॥ उसकी माता हरदाह काल से पीडित होकर एक नदी के तीर म विनाश को प्राप्त हो गई थी और मृत होकर वह स्वर्ग को चली गयी थी ॥११॥ सुमन्त ने भी फिर एक अन्य धर्म प्रमान् की पुत्री के साथ विवाह विधान से ही कर लिया था । उसका नाम भी ककशा थी और वैसे भी पूर्ण कर्कशा ही थी ॥१२॥

दु शीला ककशा चडी नित्य कलहकारिणीम् ।
सापि शीला पितुर्गेह गृहार्चनरता विभो ॥१३
कुड्यस्तमतुलाधारदेहलीतोरणादिषु ।
चातुर्वर्णकर वैश्यनीलपीतसितासितै ॥१४
स्वस्तिकं शखपद्मैश्च अर्चयन्ती पुन पुन ।
पित्रा दृष्टा सुमन्तेन स्त्रीचिह्ना यौवने स्थिता ॥१५
कस्मै देयामया शीला विचार्यैवमदु खित ।
पिता ददौ मुनी द्राय कौडिन्याय शुभे दिने ॥१६
स्मृत्युक्तशास्त्रविधिना विवाहमकरोत्तदा ।
निवर्त्यो द्वाहिक सर्वं प्रोक्तवा ककशा द्विज ॥१७

आदि में वैश्य नीलासित और असित वर्णों से चातुर्वर्ण कर तथा स्वस्तिक और शख पद्यों से बारम्बार अर्चना किया करती थी। पिता सुमन्त ने उसको एक बार देखा था कि उसके पूर्ण यौवन में स्थित स्त्री के समस्त चिह्न विद्यमान हो गये हैं ॥१४-१५॥ यह शीला कन्या अब मैं किसको दूं—ऐसा विचार करके चरम दुःखित हो गया था। फिर पिता ने किसी शुभ दिन में मुनीन्द्र कौण्डिन्य के लिये उसका दान कर दिया था ॥१६॥ उस समय में स्मृतियों में बताये हुए शास्त्र की विधि-विधान से उसका विवाह कर दिया था। उद्वाहिक सब कृत्य से निवृत्त होकर फिर द्विज ने उस अपनी पत्नी कर्कशा से कहा था ॥१७॥

किञ्चिदायादिक देय जामातुः पारितोपिकम् ।
तच्छ्रुत्वा कर्कशा क्रुद्धा प्रोद्धृत्य गृहमण्डपम् ॥१८
कपाटे सुस्थिरं कृत्वा गम्यतामित्युवाच ह ।
भोज्यावशिष्टचूर्णेन पाथेयं च चकार सा ॥१९
कौंडिन्योपि विवह्य तां पथि गच्छञ्छनैःशनैः ।
शीला सुशीलामादाय नवोढां गोरथेन हि ॥२०
मध्याह्ने भोज्यवेलायां समुत्तीर्य सरित्तटे ।
ददर्श शीला सा स्त्रीणां समूहं रक्तवाससाम् ॥२१
चतुर्दश्यामर्चयन्तं भक्त्या देवं पृथक्पृथक् ।
उपगम्य शनैः शीला पप्रच्छ स्त्रीकदंबकम् ॥२२
नार्यः किमेतन्मे ब्रूत किंनाम व्रतमीदृशम् ।
ता ऊचुर्योषितः सर्वा अनन्तो नाम विश्रुतः ॥२३
साब्रवीदहमप्येवं करिष्ये व्रतमुत्तमम् ।
विधान कीदृशं तत्र किंनदानं कस्य पूजनम् ॥२४

इस जमाई के लिये कुछ आयादिक पारितोपिक देना चाहिए। यह सुन कर वह कर्कशा अत्यन्त क्रुद्ध हो गई और उसने गृह-मण्डप को प्रोद्धृत करके किवाड़ों को सुस्थिर कर लिया था और कहा था—जाइये। भोज्य से अवशिष्ट जो चून था उसका उसने पाथेय (मार्ग का भोजन) कर दिया था ॥१८-१९॥ कौण्डिन्य भी इसके साथ विवाह करके मार्ग

आदि से अनन्तानन्त भगवान् का अभ्यर्चन करना चाहिए ।।२५-२६।। धूप-पुष्प-नैवेद्य और उनके आगे पीतालक्त चतुशत से दृढ कुंकुमाक्त सदोरक सूत्र करे ।।२७।। चौदह ग्रन्थियों से युक्त वाम भाग मे स्त्री और दक्षिण भाग मे पुरुष हे राजेन्द्र ! इस मन्त्र से वर्ष जब तक समाप्त होता है रक्खे ।।२८।। हे वासुदेव ! इस अनन्त ससार रूपी महा सागर म मग्न होते हुए हमारा उद्धार करो । अनन्त रूप म विनियोजित आत्मा वाले अनन्त रूप आपके लिये बारम्बार नमस्कार है ।।२९।। यही मन्त्र है इससे हरेक को बद्ध करके स्वस्थ मन वालो को अनन्त विश्व रूपी नारायण देव का ध्यान कर भोजन करना चाहिए ।।३०।। भोजन करके अन्त मे घर में चले जावें—यही व्रत है जो तुमको बतला दिया गया है । उसने भी इसका श्रवण करके शीला ने सुदोरक को बद्ध करके इस व्रत को सविधि किया था ।।३१।।

भर्ता तस्या समागत्य ता ददर्श महाधनम् ।
पाथेयशेष विप्राय दत्त्वा भुक्त्वा तथैव च ।।३२

पुनर्जगाम सा हृष्टा गोरथेन स्वमाश्रमम् ।
भर्त्रा सहैव शवर्क प्रत्यक्ष तत्क्षणादभूत् ।
तेनानतप्रभावेण शुभगोधनसकुल ।।३३

गृहाश्रम श्रिया युक्तो धनधान्यसमायुत ।
आकुलो व्याकुलो रम्य सवत्रातिथिपूजन ।।३४
सापि माणिक्यवकाञ्चीभिर्मुक्ताहारविभूषिता ।
दिव्यागवस्त्रसछन्ना सावित्रीप्रतिमाभवत् ।।३५
कदाचिदुपविष्टेन दृष्ट बद्ध सुदोरकम् ।
शीलाया हस्तमूले तु साक्षेप त्रोटित रुषा ।।३६
तेन य मविपाकेन तस्य सा श्री क्षय गता ।
गोधन तस्करैर्नीत गृह चाग्निविदाहितम् ।।३७
यद्यदेवागत गृहे तत्तन्नश्य य नश्यति ।
स्वजनै कलहो मित्रैस्तन न जनैस्तथा ।।३८

उसके स्वामी ने आकर उस महान् धन वाली को देखा था। जो पाथेय का शेप भाग था उसको विप्र के लिए देकर तथा स्वय भोजन किया था ॥३२॥ फिर वह उसी गोरथ के द्वारा परम प्रसन्न होती हुई अपने आश्रम को चली गयी थी। वह भर्त्ता के साथ प्रत्यक्ष उसी क्षण शावकों के साथ ही हो गयी थी। उस अनन्त भगवान् के प्रभाव से वह शुभ गोधन से सकुल हो गया था ॥३३॥ वह उसका गृहाश्रम श्री से युक्त तथा धन-धान्य से समायुत-आकुल-व्याकुल-सवत्र अतिथियो के पूजन वाला अतीव रम्य बन गया था ॥३४॥ वह शीला भी माणक्य की कान्तियों से युक्त-मोतियो के हार से विभूषित और परम दिव्य अ ग वस्त्रो से सच्छन्न सावित्री की प्रतिमा क तुल्य हो गई थी ॥३५॥ किसी समय म उपविष्ट ने वह सुदोरक बधा हुआ देखा था जो शीला के हस्त के मूल म बद्ध था। शप से आक्षप के सहित उसको तोड दिया था ॥३६॥ उस कर्म विपाक से उसकी वह श्री क्षय को प्राप्त होगई थी। गोधन को तस्करो न ले लिया था। घर अग्नि स दग्ध हो गया था। ३७॥ जो जो भी घर मे आया था वह वही पर विनष्ट होगया था। स्वजनो के साथ कलह होने लगा था और मित्रजनो के साथ उस प्रकार का प्रेमपूर्ण बात चीत का व्यवहार नही रहा था ॥३८॥

अनताक्षपदोपेण दारिद्य पतित गहे ।
न कश्चिद्वदते लोकस्तेन सार्द्धं युधिष्ठिर ॥३६
ततो जगाम कौंडि यो निर्वेदाद्वनगह्वरम् ।
मनसा ध्यायतेनत कदा द्रक्ष्यामि केशवम् ॥४०
व्रत निरशन गहय ब्रह्मचर्य जप हरिम् ।
विह्वल प्रययौ पाथ अरण्य जनवर्जितम् ॥४१
तत्रापश्य महावृक्ष फलित पुष्पित तथा ।
तमपृच्छदनयानत कच्चिद्दृष्टो महाद्रुम ।
तदब्रूहि सोप्युवाचेद नानत वेद्म्यह द्विज ॥४२
एव निराक्षितस्तत्र गा सवत्सकम् ।
तृणमध्ये प्रधावन्तीमितश्च तश्च पाडव ॥४३

सोऽब्रवीद्धेनुके ब्रूहि यद्यनतस्त्वयेक्षित ।
गौरुवाचाथ कौडिन्य नानत वेद्म्यह विभो ।।४४
ततो जगामाथ वने गोवृष शाद्वले स्थितम् ।
दृष्ट्वा पप्रच्छ गोस्वामिन्ननतो लक्षितस्त्वया ।।४५

भगवान् अनन्त के ऊपर आक्षेप करने के प्रभाव से घर मे दरिद्रता आगयी थी । हे युधिष्ठिर ! ऐसी उस की दशा होगई थी कि उससे कोई भी बात नही करता था ।।३६।। इसके अनन्तर वह कौण्डिल्य निर्वेद होने के कारण किसी गह्वर वन मे चला गया था । मन से अनन्त प्रभु का ध्यान करते हुए कि केशव का मैं कब दशन करूँगा ।।४०।। बिना अशन वाला व्रत ग्रहण करके ब्रह्मचर्य धारण किया था और हरि का जाप करता था । हे पार्थ ! परम विह्वल होकर जनहीन अरण्य मे वह चला गया था ।।४१।। वहा पर उसने एक महान् वृक्ष को देखा था जो फलित और पुष्पित था । उससे उसने पूछा था—हे महाद्रुम ! क्या आपने भगवान् अनन्त को देखा है ? यही मुझे बतला दो । वह भी बोला—हे द्विज ! मैं अनन्त को नही जानता हूँ ।।४२।। इस प्रकार से वत्स के सहित एक गौ को उसने देखा । हे पाण्डव ! जो कि तृण के मध्य मे इधर से उधर दौड लगा रही थी ।।४३।। उसने कहा—हे धेनुके ! यह बतलाओ कि क्या आपने अनन्त प्रभु को देखा है ? उस गौ ने कौण्डिन्य स कहा—हे विभो ! मैं अनन्त को नही जानती हू ।।४४।। इसके अनन्तर वह और आगे वन म गया तो उसने शाद्वल पर स्थित गो वृष का दशन किया था और उसे देख कर पूछा था—हे गोस्वामिन् क्या आपने अनन्त को देखा है ? ।।४५।।

गोवृषस्तमुवाचाथ नानन्तो वीक्षितो मया ।
ततो व्रजन्ददर्शाग्रे रम्य पुष्करिणीद्वयम् ।।४६
अन्योन्यजलकल्लोलवीचिभि परिशोभितम् ।
छन्न कुमुदकह्लारै कुमुदोत्पलमडितम् ।।४७
सेवित भ्रमरैर्हंसैश्चक्रै कारडवैर्बकै ।
ते अपृच्छद्द्विजोनन्तो भवद्भ्या नोपलक्षित ।।४८

ऊचतु पुष्करिण्यो त नानन्त विद्वहे द्विज ।
ततो ब्रह्मन्ददर्शाग्रे गर्दभं कुञ्जर तथा ॥४८
तावप्युक्तौ सुमतेन तस्यापि विनिवेदितम् ।
नावाभ्या वीक्षितोऽनतस्तच्छ्रुत्वा निपसाद ह ॥५०
तस्मिन्क्षणे मुनिवरे कौडिन्ये ब्राह्मणोत्तमे ।
कृपयानतदेवोपि प्रत्यक्ष समजायत ॥५१

गावृप ने उससे कहा—मैंने अनन्त को नहीं देखा है। इसके आगे जात हुए उसने परम रम्य दो पुष्करिणियों को देखा था ॥४६॥ वे दोनों परस्पर म जल की तरगो से जो अत्यन्त चचल थी परम शोभा से युक्त हो रही थी। कुमुद और कह्लार के पुष्पों से एकदम छन्न थी तथा कुमुदोत्पलों से मण्डित थीं ॥४७॥ भ्रमर और हसो के द्वारा चक्रवाक कारण्डव और बकों के द्वारा सेवित थी। द्विज ने उनसे पूछा था—क्या आपने अनन्त प्रभु को नहीं देखा है? ॥४८॥ दोनों पुष्करिणियों ने कहा—हे द्विज! हम उस अनन्त को नहीं जानती हैं। इसके उपरान्त फिर ब्राह्मण ने आगे एक गर्दभ और कुन्जर को देखा था ॥४६॥ सुमत ने उन दोनों से भी कहा था और उनने भी उसको यह निवेदन किया था कि हम दोनों ने अनन्त को नहीं देखा है। यह श्रवण करके वह बैठ गया था ॥५०॥ उसी क्षण मे ब्राह्मणों मे उत्तम मुनिवर कौण्डिन्य पर कृपा करके अनन्त देव स्वय ही प्रत्यक्ष हो गये थे ॥५१॥

विभूतिभेदेश्चानन्तमनन्त परमेश्वरम् ।
त दृष्ट्वा तु द्विजोऽनन्तमुवाच परया मुदा ॥५२
अद्य मे सफल जन्म जीवित च सुजीवितम् ।
चूतवृक्षो वृष कस्तु का गौ पुष्करिणीद्वयम् ।
गर्दभ कुञ्जर चैव देव मे ब्रूहि तत्त्वत ॥५३
चूतवृक्षा हि विप्रोसौ विद्वान्यो वेदगर्वित ।
विद्यादान नोपकुर्वञ्छिष्यम्यस्तरुता गत ॥५४

विभूतियो के भेद से अनन्त एव उस परम ऐश्वर्य वाले परमेश्वर का दर्शन कर परम प्रसन्नता से वह द्विज अनन्त से बोला ॥५२॥

हे प्रभो ! आज मेरा यह जीवन सफल हो गया है और मेरा यह जीवित भी सुन्दर जीवित बन गया है। आम का वृक्ष-वृप-कौन है ? गौ तथा ये दोनों पुष्करिणियाँ कौन हैं ? गर्दभ और कुञ्जर कौन हैं ? हे देव ! यह मुझे आप तत्व पूर्वक बतला दीजिए ॥५३॥ अनन्त भगवान् ने कहा—यह आम्र का वृक्ष वह विप्र है जो परम विद्वान था और वेदों का इसको बहुत गर्व था। यह विद्या का दान करते हुए ही रहा था। अतएव वृक्ष योनि को प्राप्त हुआ है ॥५४॥

सा गौर्वसुन्धरा दृष्टा निष्फला या त्वयेक्षिता ।
स हर्षो वृषभो दृष्टो लाभार्थं यस्त्वया वृतः ॥५५
धर्माधर्मव्यवस्थानं तच्च पुष्करिणीद्वयम् ।
खरः क्रोधस्त्वया दृष्टः कुंजरो धर्मदूषकः ।
ब्राह्मणोसावनतोहं गुहाससारगह्वरे ॥५६
इत्युक्तं ते मया सर्वं विप्र गच्छ पुनर्गृहम् ॥५७
चरानंतव्रतं तत्त्वं नव वर्षाणि पंच च ।
ततस्तुष्टः प्रदास्यामि नक्षत्रस्थानमुत्तमम् ॥५८
भुक्त्वा च विपुलान्भोगान्सर्वान्कामान्यथेप्सितान् ।
पुत्रपौत्रैः परिवृतस्ततो मोक्षमवाप्स्यसि ॥५९
इति दत्त्वा वरं देवस्तत्रैवांतर्हितोऽभवत् ।
कौडिन्योप्यागतो गेहं चचारानंतसद्व्रतम् ॥६०

वह गौ वसुन्धरा देखी थी जो निष्फला आपके द्वारा देखी गयी थी। वह हर्ष वृषभ देखा गया था जो नाम के लिए आपने वरण किया था ॥५५॥ धर्म और अधर्म की व्यवस्था ही वे दोनों पुष्करिणियां थीं। खर क्रोध था और कुञ्जर धर्म का दूष कथा जो तुमने देखे थे। यह ब्राह्मण मैं ही अनत हूं जो गुहा ससार गह्वर में है ॥५६॥ हे विप्र ! मैंने यह सब तुमको बतला दिया है। अब पुनः तुम अपने घर को जाओ ॥५७॥ अनन्त के व्रत को चौदह वर्ष तक निरन्तर आप करो। इसके पश्चात् मैं प्रसन्न होकर उत्तम नक्षत्रों का स्थान तुम को दे दूँगा ॥५८॥ वहां पर विपुल भोगों का सुखोपभोग करके समस्त यथेप्सित कामनाओं

की प्राप्ति करता है। पुत्र पौत्रों से परिवृत्त होकर फिर अन्त मे मोक्ष की प्राप्ति करोगे ॥५९॥ इस प्रकार से यह वरदान प्रदान करके वही पर अन्तर्धान होगये थे। कौण्डिन्य भी गृह मे आगया था और उसने अनन्त के व्रत का समाचरण किया था ॥६०॥

॥ ग्रन्थ परिचय और समाप्ति ॥

व्यासानुगमन पूर्वं ब्रह्माडस्य समुद्भव ।
माया च वैष्णवी यस्मात्ससारे दोपकीर्तनम् ॥१
पापभेदस्ततस्तस्माच्छुभाशुभविनिर्णयः ।
शकटव्रतमाहात्म्य तिलकव्रतकीर्तनम् ॥२
अशोककरवीराख्य व्रत तस्माच्च कोकिलम् ।
बृहत्तपोव्रत नाम रुद्रोपोषणमेव च ॥३
द्वितीयाव्रतमाहात्म्यमशून्य शयन तथा ।
कामाख्या तु तृतीया च मेघपालीव्रत तथा ॥४
पचाग्निसाधना रम्या तृतीयाव्रतमुत्तमम् ।
त्रिरात्र गोष्पद नाम हरकाली व्रत तथा ॥५
ललिताख्या तृतीया च योगाख्या च पथापरा ।
उमामहेश्वर नाम तथा रम्भातृतीयकम् ॥६
सौभाग्याख्या तृतीया च आर्द्रानदनकरी तथा ।
चैत्रे भाद्रपदे माघे तृतीयाव्रतमुच्यते ॥७

इस अध्याय मे ग्रन्थ की समाप्ति का वर्णन किया जाता है। जो वृत्तान्त इसमे आये हैं उनका विवरण दिया जाता है। सबसे प्रथम व्यास का अनुगमन है। ब्रह्माण्ड का समुद्भव का वर्णन है। फिर यह बताया गया है कि इसी ब्रह्माण्ड से वैष्णवी माया होती है। इसके पश्चात् ससार मे जो दोष हैं उनका कीर्तन किया गया है ॥१॥ इसके अनन्तर पापो मे बहुत से भेद तथा प्रभेदो का वर्णन किया जाता है। इसके पश्चात् शुभ और अशुभ का विशेष निर्णय बताया गया है। शकट व्रत

हे प्रभो ! आज मेरा यह जीवन सफल हो गया है और मेरा यह जीवित भी सुन्दर जीवित बन गया है। आम का वृक्ष-वृप-कौन हैं ? गौ तथा ये दोनों पुष्करिणियाँ कौन हैं ? गर्दभ और कुञ्जर कौन हैं ? हे देव ! यह मुझे आप तत्व पूर्वक बतला दीजिए ॥५३॥ अनन्त भगवान ने कहा—यह आम्र का वृक्ष वह विप्र है जो परम विद्वान था और वेदो का इसको बहुत गर्व था। यह विद्या का दान करते हुए ही रहा था। अतएव वृक्ष योनि को प्राप्त हुआ है ॥५४॥

सा गौर्वसुन्धरा दृष्टा निष्फला या त्वयेक्षिता ।
स हर्षो वृषभो दृष्टो लाभार्थं यस्त्वया वृतः ॥५५
धर्माधर्मव्यवस्थानं तच्च पुष्करिणीद्वयम् ।
खरः क्रोधस्त्वया दृष्टः कुंजरो धर्मदूषकः ।
ब्राह्मणोसावनंतोहं गुहासंसारगह्वरे ॥५६
इत्युक्तं ते मया सर्वं विप्र गच्छ पुनर्गृहम् ॥५७
चरानंतव्रतं तत्त्वं नव वर्षाणि पंच च ।
ततस्तुष्टः प्रदास्यामि नक्षत्रस्थानमुत्तमम् ॥५८
भुक्त्वा च विपुलान्भोगान्सर्वान्कामान्यथेप्सितान् ।
पुत्रपौत्रैः परिवृतस्ततो मोक्षमवाप्स्यसि ॥५९
इति दत्त्वा वरं देवस्तत्रैवांतर्हितोऽभवत् ।
कौडिन्योप्यागतो गेहं चचारानंतसद्व्रतम् ॥६०

वह गौ वसुन्धरा देखी थी जो निष्फला आपके द्वारा देखी गयी थी। वह हर्ष वृषभ देखा गया था जो नाम के लिए आपने वरण किया था ॥५५॥ धर्म और अधर्म की व्यवस्था ही वे दोनों पुष्करिणिया थीं। खर क्रोध था और कुञ्जर धर्म का दूष कथा जो तुमने देखे थे। यह ब्राह्मण मैं ही अनत हूँ जो गुहा ससार गह्वर मे है ॥५६॥ हे विप्र ! मैंने यह सब तुमको वतला दिया है। अब पुनः तुम अपने घर को जाओ ॥५७॥ अनन्त के व्रत को चौदह वर्ष तक निरन्तर आप करो। इसके पश्चात् मैं प्रसन्न होकर उत्तम नक्षत्रों का स्थान तुम को दे दूँगा ॥५८॥ यहां पर विपुल भोगों का सुखोपभोग करके समस्त यथेप्सित कामनाओं

की प्राप्ति करता है। पुत्र पौत्रा से परिवृत्त होकर फिर अन्त मे मोक्ष की प्राप्ति करोगे ॥५६॥ इस प्रकार से यह वरदान प्रदान करके वही पर अन्तर्धान होगये थे। कौण्डिन्य भी गृह मे आगया था और उसने अनन्त के व्रत का समाचरण किया था ॥६०॥

॥ ग्रन्थ परिचय और समाप्ति ॥

व्यासानुगमन पूर्वं ब्रह्माडस्य समुद्भव ।
माया च वैष्णवी यस्मात्ससारे दोपकीर्तनम् ॥१
पापभेदस्ततस्तस्माच्छुभाशुभविनिर्णय ।
शकटव्रतमाहात्म्य तिलकव्रतकीतनम् ॥२
अशोककरवीराख्य व्रत तस्माच्च कोकिलम् ।
वृहत्तपोव्रत नाम रुद्रोपोषणमेव च ॥३
द्वितीयाव्रतमाहात्म्यमशून्य शयन तथा ।
कामाख्या तु तृतीया च मेघपालीव्रत तथा ॥४
पचाग्निसाधना रम्या तृतीयाव्रतमुत्तमम् ।
त्रिरात्र गोष्पद नाम हरकाली व्रत तथा ॥५
ललिताख्या तृतीया च योगाख्या च पथापरा ।
उमामहेश्वर नाम तथा रमातृतीयकम् ॥६
सौभाग्याख्या तृतीया च आर्द्रानदनकरी तथा ।
चैत्रे भाद्रपदे माघे तृतीयाव्रतमुच्यत ॥७

इम अध्याय म ग्रन्थ की समाप्ति का वर्णन किया जाता है। जो वृत्तान्त इसम आए हैं उनका विवरण दिया जाता है। सबसे प्रथम व्यास का अनुगमन है। ब्रह्माण्ड का समुद्भव का वर्णन है। फिर यह बताया गया है कि इसी ब्रह्माण्ड से वैष्णवी माया होती है। इसके पश्चात् ससार म जो दोष हैं उनका कीर्तन किया गया है ॥१॥ इसके अनन्तर पापो म बहुत से भेद तथा प्रभेदो का वर्णन किया जाता है। इसके पश्चात् शुभ और अशुभ का विशेष निर्णय बताया गया है। शकट व्रत

के माहात्म्य का वर्णन किया गया है। इसके अनन्तर तिलक व्रत के विषय मे उसका विधान तथा फल आदि का कीर्त्तन आता है ॥२॥ अनन्तर अशोक व्रत का विधान है और उसके पश्चात् करवीर नामक व्रत का वर्णन किया गया है,इसके अनन्तर कोकिल व्रत के विषय मे कहा गया है। इसके बाद मे वृहत् तपोव्रत का विधान बताया गया है। फिर रुद्रोपोषण नामक व्रत का वर्णन इस ग्रन्थ मे बताया गया है ॥३॥ फिर द्वितीया के व्रत का माहात्म्य वर्णित किया गया है। तथा अशून्य शयन बताया गया है। कामाख्या और तृतीया तथा मेघपाली व्रत का वर्णन इस ग्रन्थ मे किया गया है ॥४॥ इसके अनन्तर रम्य पञ्चाग्नि साधना के विषय मे वर्णन है और उत्तम तृतीया के व्रत का माहात्म्य कहा गया है। इसके पश्चात् तीन रात्रि का गोष्पद नाम व्रत एव हर काली व्रत का वर्णन किया गया है ॥५॥ ललिताख्या तृतीया तथा दूसरी योगाख्या का वर्णन किया गया है इसके अनन्तर उमा महेश्वर नाम वाला तथा रम्भा तृतीयक व्रत का वर्णन इस ग्रन्थ म किया है इसके पश्चात् इस ग्रन्थ म सौभाग्या नाम वाली तृतीया तथा आर्द्रानन्द करी क व्रत का वर्णन किया गया है। तृतीया का व्रत चैत्र–भाद्रपद और माघ मास म कहा जाता है ॥६ ७॥

अनतरी तृतीया च गणशातिव्रत तथा।
सारस्वतव्रत नाम पचमीव्रत मुच्यते ॥८

तथा श्रीपचमी नाम पष्ठी शोकप्रणाशिनी।
फलपष्ठी च मदारपष्ठीव्रतमथोच्यत ॥९

ललिताव्रतपष्ठी च पष्ठी कार्तिकसज्ञिता।
महत्तप सप्तमी च विभूपा सप्तमी तथा ॥१०

आदित्यमडलविधिस्त्वयोदशोर्त सप्तमी।
शुभ यारुप्नवदृा च तथैवाभयसप्तमी ॥११

कल्याणसप्तमी नाम शर्करासप्तमीव्रतम्।
सप्तमी कमलाख्या च तथान्या शुभसप्तमी ॥१२

स्नपनव्रतसप्तम्यौ तथैवाचल सप्तमी ।
बुधाष्टमीव्रत नाम तथा जन्माष्टमीव्रतम् ।।१३
दूर्वाकृष्णाष्टमी प्रोक्ता अनयाव्रतमष्टमी ।
अष्टम्यर्काष्टमी चाथ श्रीवृक्षनवमीव्रतम् ।।१४

इसके पश्चात् अनन्तरी तृतीया का व्रत तथा गण शान्ति व्रत का वर्णन किया गया है। फिर सारस्वत व्रत और फिर पञ्चमी व्रत कहा जाता है। फिर श्री पञ्चमी नामक व्रत का वर्णन है तथा शोक प्रणाशिनी षष्ठी–फलषष्ठी और मन्दार षष्ठी के व्रतो का सविधान इस ग्रन्थ मे वर्णन किया गया है ।।८ ९।। फिर ललिता व्रत षष्ठी तथा कार्तिक संज्ञिता षष्ठी क विषय मे बताया गया है। इसके उपरान्त महत्तप–सप्तमी तथा विभूषा सप्तमी का वर्णन हुआ है। इसके पश्चात् आदित्य मण्डप की विधि त्रयोदशी का वर्णन है। फिर ससमी कुक्कुटाकुल्लवगा और अभय सप्तमी का वर्णन किया गया है ।।१०-११।। कल्याण सप्तमी और शर्करा सप्तमी के व्रतो का वर्णन दिया गया है। इसके उपरान्त कमला नाम वाली सप्तमी के व्रतों के विषय में विधि–विधान सहित पूर्ण विवेचन बताया गया है ।।१२।। स्नपन सप्तमी व्रत सप्तमी-और अचल सप्तमी क व्रत का सांगोपांग वर्णन दिया गया है। सप्तमी व्रतो के अनन्तर फिर इस ग्रन्थ म बुधाष्टमी व्रत का वर्णन दिया है। जन्माष्टमी और दूर्वा कृष्णाष्टमी के व्रत के विषय मे वर्णन किया है। जनमाष्टमी व्रत और अर्काष्टमी व्रत का वर्णन दिया गया है। अष्टमी व्रतों के पश्चात् इस विशाल ग्रन्थ मे नवमी के व्रत का वर्णन किया गया है ।।१३-१४।।

ध्वजाख्या नवमी चैव उल्काख्या नवमी तथा ।
दशावतारव्रतक तथाशादशमीव्रतम् ।।१५
रोहिणीद्वहरिशभुब्रह्मसूर्यावियोगकम् ।
गोयत्मद्वादशी नाम व्रतमुक्त तन परम् ।।१६
नीराजनद्वादशी च भीष्मपचकमेव च ।
मल्लिकाख्या द्वादशी च भीमा द्वादशीवोत्तमा ।।१७

श्रवणद्वादशी नाम सम्प्राप्तिद्वादशीव्रतम् ।
गोविन्दद्वादशी नाम व्रतमुक्त तत परम् ॥१८
अखडद्वादशी नाम तिलद्वादश्यत परम् ।
सुकृतद्वादशी नाम धरणीव्रतमेव च ॥१९
विशोकद्वादशी नाम विभूतिद्वादशीव्रतम् ।
पुष्यर्क्षद्वादशी चैव द्वादशी श्रवणर्क्षगा ॥२०
अनगद्वादशी चैव अङ्कपादव्रत तथा ।
निम्बार्ककरवीराथ यमा दर्शत्रयोदशी ।
अनगद्वादशी चापिपालिरम्भाव्रते तथा ॥२१

ध्वजा नाम वाली नवमी–उल्का नाम से कही जाने वाली नवमी के व्रतो का सविवरण वर्णन दिया गया है । इसके अनन्तर दशावतारक व्रत का वर्णन किया है तथा आशा दशमी व्रत का उल्लेख किया गया है । इसके पश्चात् रोहिणीन्द्र–हरि–शम्भु–ब्रह्मा–सूर्य वियोगक का वर्णन है । इसके अनन्तर गोवत्स द्वादशी व्रत का कथन किया गया है ॥१५-१६॥ नीराजन द्वादशी भीष्म-पाचक मल्लिका नाम वाली द्वादशी-भीमा द्वादशी उत्तमा द्वादशी-श्रवण द्वादशी और सम्प्राप्ति द्वादशी व्रतो का वर्णन है । गोविन्द द्वादशी नाम वाले व्रत का वर्णन इन सब के पश्चात् दिखाया गया है ॥१७-१८॥ अखण्ड द्वादशी–तिल द्वादशी-सुकृत द्वादशी के व्रत तथा धारणी व्रत का उल्लेख किया गया ॥१९॥ फिर विशोक द्वादशी विभूति द्वादशी–पुष्यर्क द्वादशी और श्रवणर्क्षगा द्वादशी के व्रतो का उल्लेख इस ग्रन्थ में किया गया ॥२०॥ इसके अनन्तर अनग द्वादशी अगपाद व्रत-निम्बार्क करवीरा-यमा और दर्शत्रयोदशी के व्रतों का वर्णन किया गया है । अनगद्वादशी भी पालि-रम्भा व्रत में बताई गई है ॥२१॥

चतुर्दशीव्रत प्रोक्त ततोऽनन्तचतुर्दशी ।
श्रावणीव्रतनक्त च चतुर्दश्यष्टमीदिने ॥२२
व्रत शिवचतुर्दश्या फल्गुत्यागचतुर्दशी ।
वैशाखी कार्तिकी माघीव्रतमनन्तरम् ॥२३

कार्तिक्यां कृतिकायोगे कृत्तिकाव्रतमीरितम् ।
फाल्गुने पूर्णिमाया तु व्रत पूर्णमनोरथम् ॥२४
अशोकपूर्णिमा नाम अनतव्रतमेव च ।
व्रत हि साभरायिण्य नक्षत्रपुरुषव्रतम् ॥२५
शिवनक्षत्रपुरुष संपूर्ण येन मुच्यते ।
कामदानव्रत नाम वृन्ताकविधिरेव च ॥२६
आदित्यस्य दिने नक्त सक्रात्युद्यापने फलम् ।
भद्राव्रतमगस्त्यार्घो नवचन्द्रार्कमेव च ॥२७
अर्घः शुक्रवृहस्पत्योः पचाशीति व्रतानि च ।
माघस्नान नित्यस्नान रुद्रस्नानविधिस्तथा ॥२८

इसके पश्चात् चतुर्दशी व्रतो का वर्णन किया गया है। अनन्त चतुर्दशी व्रत—श्रावणी व्रत नक्त और चतुर्दशी अष्टमी दिन मे व्रत—शिव चतुर्दशी व्रत—फल त्याग चतुर्दशी—वैशाखी—कार्तिकी और माघी व्रत का वर्णन दिया गया है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा मे जो व्रत होता है वह पूर्ण मनोरथ वाला व्रत होता है। कार्तिकी मे कृत्तिका नक्षत्र के योग मे कृत्तिका व्रत कहा गया है ॥२२-२४॥ अशोक पूर्णिमा नाम वाला व्रत तथा अनन्त व्रत—साभरा यिण्य व्रत—नक्षत्र पुरुष व्रत—शिव नक्षत्र पुरुष व्रत सम्पूर्ण बताये गये हैं जिनसे मानव मुक्त हो जाता है। काम-दान नामक व्रत तथा वृन्ताक विधि वाला व्रत का वर्णन दिया गया है ॥२५-२६॥ आदित्य के दिन मे रात्रि मे सक्रान्ति के उद्यापन मे फल होता है। भद्रा व्रत—अगस्त्यार्घ—नव चन्द्रार्क—शुक्र और वृहस्पति का अर्घ इस प्रकार से पिचासी व्रतो का वर्णन माघ मास के स्नान—नित्य स्नान और रुद्र स्नान की विधि का वर्णन किया है ॥२७-२८॥

चन्द्रार्कग्रहणे स्नान विधिश्चान्नप्राशने तथा ।
वापीकूपतडागानामुत्सर्गो वृक्षयाजनम् ॥२९
देवपूजादीपदानवृषोत्सर्गविधिस्तथा ।
फाल्गुन्युत्सवक नाम तथान्यः मदनोत्सवः ॥३०

भूतमाता च श्रावण्या रक्षा बधविधिस्तथा ।
विधिस्तथा नवम्यास्तु तथा चन्द्रमहोत्सव ॥३१
दीपमालिकाया तु होमो लक्षहोमविधिस्तथा ।
कोटिहोमो महाशीतिगणनाथस्य शांतिका ॥३२
तथा नक्षत्रहोमोथ गोदानविधिरेव च ।
गुडधेनुघृतधेनु तिलधेनुव्रत तथा ॥३३
जलधेनुविधि प्रोक्तो लवणस्य तथा परा ।
धेनु कार्या सम ज्ञात्वा नवनीतस्य चापरा ।
सुवर्णधेनुश्च तथा देवकार्यं चिकीर्षुभि ॥३४

चन्द्र ग्रहण और सूर्य ग्रहण म स्नान तथा अन्न के अशन की विधि का वणन किया गया है । बावडी—कूआ—तालाब इनका उत्सर्ग और वृक्षो का याजन भी इस ग्रन्थ में वर्णित किया गया है ॥२९॥ देवताओ का पूजन—दीपो का दान—वृषो का उत्सर्ग—इन सब की जो कि परम पुण्य के कार्य हैं, विधि विधान का वणन इस ग्रन्थ म किया गया है जिनके करने से महापापा का क्षय होता है । फाल्गुनी का उत्सव तथा अन्य मदनोत्सव—श्रावणी म भूत माता तथा रक्षा सूत्र के बन्धन की विधि—नवमी की विधि एव चन्द्र महोत्सव का पूर्ण विवरण के सहित इस महाग्रन्थ म वर्णन किया गया है ॥३० ३१॥ दीप मालिका म होम तथा लक्ष होम की विधि—कोटि होम—महाशीति—गण नाथ की शान्ति का वर्णन पूर्णतया किया गया है ॥३२॥ नक्षत्र होम का वर्णन तथा गोदान की विधि का वर्णन किया गया है । गुड धेनु—घृत धेनु—तिल धेनु व्रता का वर्णन भी इस ग्रन्थ म नर कल्याणार्थ दिया गया है जिनके करने से बहुत स पापों का क्षय होजाता है ॥३३ ३४॥

— ✿ —